RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 5
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जेम्स पैटिनसन ने अंतरराष्ट्रीय मैचों से लिया संन्यास
स्पोर्ट्स-10

# योगी राज में माफी मांगते फिर रहे माफिया: मोदी

- कहा, समाजवाद से परिवारवाद के रास्ते पर आ गई है सपा
- प्रधानमंत्री ने कुशीनगर अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डे, राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं 12 अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुशीनगर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुशीनगर में सिलसिलेवार तीन कार्यक्रमों के जरिए अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते हुए समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया और कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की नीति माफिया को खुली छूट और खुली लूट की थी, लेकिन आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यहां माफिया माफी मांगता फिर रहा है। समाजवादी पार्टी पर तंज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे राम मनोहर लोहिया की समाजवाद की विचार धारा से काफी दूर हो गए हैं और परिवारवाद के रास्ते पर आ गए हैं। मोदी ने बुधवार को यहां 260 करोड़ रुपए की लागत से बने अंतराष्ट्रीय विमानतल का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध की निर्वाण स्थली कुशीनगर में अभिधम्म दिवस पर आयोजित कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया और फिर बरवा फार्म में राजकीय मेडिकल कॉलेज कुशीनगर एवं 12 अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने बरवा फार्म की जनसभा में भोजपुरी बोली में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए स्थानीय जनता का अभिवादन किया। मोदी ने कहा, डॉक्टर राममनोहर लोहिया कहा करते थे कि कर्म को करुणा से जोड़ो, लेकिन जो पहले की सरकार (पूर्ववर्ती सपा सरकार) चला रहे थे उनको गरीब के दर्द की परवाह नहीं थी, पहले की सरकार ने अपने को घोटालों और माफियाओं (शेष पेज 9)




कुशीनगर हवाईअड्डे के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट करते उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया। साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## हवाईअड्डे से बौद्ध सर्किट पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**कुशीनगर।** सरकार की बौद्ध सर्किट पर्यटन पहल को मजबूती प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया और कहा कि उनकी सरकार ने विमानन क्षेत्र में नई ऊर्जा भरने के लिए कई कदम उठाए हैं। पीएम ने कहा कि हवाई अड्डे की वजह से संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा इससे क्षेत्र के आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में मदद मिलेगी और साथ ही रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन होगा। पीएम ने कहा कि भारत ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अंगीकार किया है और बुद्ध आज भी भारत के संविधान की प्रेरणा हैं। सुबह लगभग नौ बजे श्रीलंकाई एयरलाइंस की एक उड़ान श्रीलंका से दर्जनों बौद्ध भिक्षुओं और कई हस्तियों को लेकर इस हवाई अड्डे पर उतरी।

बौद्ध भिक्षु गौतम बुद्ध से संबंधित निशानियां भी लेकर आए और विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। कुशीनगर गौतमबुद्ध का महापरिनिर्वाण स्थल और बौद्ध समुदाय के लोगों का एक अहम तीर्थ स्थल है। करीब 260 करोड़ की लागत से यहां बने हवाई अड्डे का निर्माण बौद्ध धर्मस्थल को दुनिया भर से जोड़ने के मकसद से किया गया है। हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि कुशीनगर का विकास उत्तर प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के लिए उच्च प्राथमिकताओं में से एक है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाला कुशीनगर शहर गोरखपुर से लगभग 50 किमी. और वाराणसी से लगभग 225 किमी. की दूरी पर है। इस शहर में अनेक बौद्ध मंदिर हैं जिससे यह विश्व भर से बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

## प्रदेश में खड़ी हो रही है मेडिकल कॉलेजों की श्रृंखला : मुख्यमंत्री

**कुशीनगर।** समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में कुशीनगर के दशकों पुराने सपनों को एक नई उड़ान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई सोच भी नहीं सकता था कि कुशीनगर में भी मेडिकल कॉलेज बनेगा। 2014 तक जब सोचते थे तब कुशीनगर की बात तो दूर अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी स्वास्थ्य सेवा जर्जर थी।

योगी ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की लंबी श्रृंखला खड़ी हो रही है। प्रधानमंत्री की अनुकंपा से उत्तर प्रदेश 30 मेडिकल कॉलेजों का कार्य प्रारंभ कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर के लोगों ने बड़ी संख्या में ईंसेफ लाइटिस से मासूमों को मरते देखा है। यह ईंसेफ लाइटिस से सबसे प्रभावित इलाकों में रहा। बस्ती में मेडिकल कॉलेज दो वर्ष से संचालित है। देवरिया और सिद्धार्थनगर में भी मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है। 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के हाथों इसका लोकार्पण होगा। गोंडा, बहराइच, गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली में भी मेडिकल कॉलेज की सुविधा हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुशीनगर में 281.45 करोड़ रुपये की लागत से जिस राजकीय मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया। उसमें 500 बेड का सभी सुविधाओं से युक्त अस्पताल भी होगा। इस मेडिकल कॉलेज में 460 की क्षमता का छात्रावास भी बनेगा। मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूर्ण होते ही जनपद, आसपास और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले करीब 40 लाख लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्र के लोगों को अत्याधुनिक इलाज के लिए बड़े शहरों की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

## प्रदेश में रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू समाप्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने यूपी में जारी नाइट कर्फ्यू को भी खत्म करने का फैसला लिया है। कन्टेन्मेंट जोन के बाहर प्रदेश के समस्त जनपदों में कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन की शर्त के अधीन वर्तमान में रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक लागू रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू को समाप्त कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा समस्त मण्डलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज, पुलिस आयुक्त, लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी व सभी जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को रात्रि कालीन कोरोना कर्फ्यू समाप्त किए किए जाने का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 11 अगस्त को यूपी सरकार ने शनिवार की साप्ताहिक बंदी को भी समाप्त कर दिया था। इसके बाद प्रदेश में केवल सोमवार से लेकर शनिवार तक सुबह छह बजे से रात्रि 10 बजे तक गतिविधियों की अनुमति दी गई थी। रक्षाबंधन से सीएम योगी ने रविवार की साप्ताहिक बंदी को भी समाप्त करने का आदेश दिया था। इसके बाद से प्रदेश पूरी तरह से अनलॉक हो गया था। यूपी में केवल रात्रि 11 बजे से सुबह छह बजे तक रात्रि कर्फ्यू जारी था। बुधवार को इसे भी खत्म (शेष पेज 9)

## विशेष अदालत का आर्यन खान को जमानत देने से इनकार

- बंबई उच्च न्यायालय पहुंचे शाहरुख के पुत्र

**भाषा।** मुंबई

**महानगर** स्थित एक विशेष अदालत ने अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और दो अन्य को जमानत देने से इनकार कर दिया। इन्हें मुंबई अपतटीय क्षेत्र में एक क्रूज पोत से मादक पदार्थ बरामद होने के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। विशेष न्यायाधीश वी वी पाटिल ने आर्यन और उनके दो मित्रों- अरबाज मर्चेंट तथा फैशन मॉडल मुनमुन धमेचा की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। मामला आज जब आदेश के लिए आया तो विशेष न्यायाधीश ने कहा, खारिज।

एनसीबी ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि आर्यन कई साल से मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं और वह नशीली वस्तुओं की खरीद के लिए ऐसे कई व्यक्तियों के संपर्क में थे जो अंतरराष्ट्रीय मादक



पदार्थ नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत होते हैं। एजेंसी ने आर्यन की व्हाट्सऐप चैट का हवाला दिया है और दावा किया कि इससे बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की खरीद का संकेत मिलता है। इस मामले में अब तक 20 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। दूसरी ओर आर्यन ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर जमानत का अनुरोध किया। जमानत याचिका खारिज होने के बाद आर्यन के वकीलों ने तुरंत उच्च न्यायालय में अपील दायर कर निचली अदालत के आदेश को (शेष पेज 9)

## थाने से 25 लाख चुराने के आरोपी की हिरासत में मौत

- प्रशासन ने पीड़ित परिजनों को 10 लाख का मुआवजा और परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी देने की घोषणा की

**भाषा।** आगरा

**शहर** के जगदीशपुरा थाने से 25 लाख रुपए चुराने के आरोपी व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी की सेहत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई। वहीं आगरा के जिलाधिकारी पी. एन. सिंह ने बताया कि प्रशासन की अनुशंसा पर पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को सफाईकर्मी की नौकरी देने का फैसला लिया गया है। दूसरी ओर आगरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी. ने बताया कि चोरी के पैसे बरामद करने के लिए मंगलवार की रात आरोपी के आवास की तलाशी ली गई और इस दौरान अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। उन्होंने बताया कि आरोपी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत लाया गया घोषित कर दिया। उन्होंने बताया, पूछताछ के दौरान अरुण ने चोरी करना स्वीकार किया और बताया (शेष पेज 9)

## हिरासत में ली गईं प्रियंका, बाद में मिली आगरा जाने की अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगरा** में बीते मंगलवार को पुलिस हिरासत में हुई सफाई कर्मचारी की मौत के बाद उसके परिवार से मिलने जा रहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के काफिले को पुलिस ने लखनऊ में रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प भी हुई जिसके बाद पुलिस ने प्रियंका गांधी को हिरासत में ले लिया और पुलिस लाइन ले जाया गया।

प्रियंका को हिरासत में लिए जाने के बाद लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया और धरने पर बैठ गए। कुछ समय तक हिरासत में रखे जाने के बाद प्रियंका वाड्रा को आगरा जाने की अनुमति दे दी



गई। अनुमति मिलने के बाद वह प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, आचार्य प्रमोद कृष्णम और एमएलसी दीपक सिंह के साथ आगरा के लिए रवाना हो गईं। इससे पहले लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के इंट्री पॉइंट पर काफिले को रोकने पर प्रियंका गांधी ने कहा कि वो कहते हैं कि मैं आगरा नहीं जा सकती। मैं जहां भी जाती हूं वो मुझे रोकते हैं। शायद प्रशासन चाहता है कि मैं (शेष पेज 9)

## मुठभेड़ में चार आतंकी ढेर, एक जवान शहीद

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के उन दो कमांडरों सहित चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया जो प्रवासी मजदूरों की हत्या में शामिल थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शोपियां के दरगड़ में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए जबकि दो आतंकवादी कुलगाम जिले में मुठभेड़ में मारे गए। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह में अब तक 15 आतंकवादी मारे गए हैं। इस बीच शोपियां अभियान में एक सैनिक शहीद हो गए जबकि दो अन्य घायल हो गए। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने एक ट्वीट में कहा कि पुलिस और सेना ने कुलगाम में लश्कर के जिला कमांडर (गुलजार अहमद रेशी) और एक अन्य को मार गिराया जो 17 अक्टूबर को बिहार के दो गरीब मजदूरों की हत्या में शामिल थे। एक रक्षा प्रवक्ता के अनुसार, कुलगाम जिले में अशमुजी-देवसर सड़क पर दो आतंकवादियों की आवाजाही की सूचना मिलने (शेष पेज 9)

## उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू



उत्तराखंड के टनकपुर में बाढ़ में फंसे लोगों को निकालते एनडीआरएफ के जवान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तराखंड** में भारी बारिश और बाढ़ से 50 से अधिक लोगों की मौत और सैकड़ों करोड़ की संपत्ति का नुकसान हुआ है। बारिश थमने के बाद बुधवार को एक बार फिर से चार धाम यात्रा शुरू हो गई है। पहाड़ी राज्य में भारी वर्षा और बाढ़ की स्थिति के कारण 17 से 19 अक्टूबर तक चार धाम तीर्थयात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित कर दी गई थी। उत्तर-पश्चिम भारत से मानसून देरी से लौटने के बाद भी दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के कुछ हिस्सों में सक्रिय रहता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, (शेष पेज 9)

## पीलीभीत, लखीमपुर में बाढ़ से बिगड़े हालात

**लखीमपुर खीरी, पीलीभीत( भाषा)।** लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों में दो दिनों की मूसलाधार बारिश और बांधों से छोड़े गए पानी ने तबाही मचा दी है। भयावह स्थिति के कारण बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए प्रशासन को सेना की मदद लेनी पड़ी। लखीमपुर खीरी के जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया ने बताया कि जिले के मिर्जापुर गांव में बाढ़ के पानी में डूब कर सुंदरलाल (65) की मौत हो गई। बरेली से बुलाई गई सेना के जवानों ने बाढ़ के पानी में फंसे 15 लोगों को विमान से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, इसके अलावा राहत एवं बचाव टीम ने धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के समर्दा बादल गांव में भी बाढ़ में फंसे 29 लोगों को सुरक्षित (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,259 | 456 |
| निफ्टी | 18,266 | 152 |
| सोना | 46,580 | /10g |
| चांदी | 62,328 | /kg |

### क्विक न्यूज

**सीबीएसई परीक्षा केंद्र, शहर बदलने की अनुमति देगा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10 वीं और 12 वीं कक्षाओं के उन छात्रों को अगले महीने से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के टर्म-1 के लिए शहर के परीक्षा केंद्र में बदलाव के लिए अनुरोध करने की अनुमति होगी, जो उन शहरों में नहीं है जहां उन्होंने दाखिला लिया था। सीबीएसई ने बुधवार को यह घोषणा की। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, बोर्ड के यह संज्ञान में आया है कि कुछ छात्र अब भी उस शहर में नहीं है, जहां उन्होंने दाखिला लिया था। वे छात्र कहीं और रह रहे हैं। इस आलोक में उपयुक्त समय पर सीबीएसई छात्रों को सूचित करेगा कि वे परीक्षा केंद्र के शहर में बदलाव के लिए अपने संबद्ध स्कूलों से अनुरोध करें। भारद्वाज ने कहा, स्कूल अनुरोध को ऑनलाइन माध्यम से बोर्ड तक पहुंचाने के सीबीएसई के निर्देशों का पालन करेंगे।

## थल सेना ने चीन सीमा पर विमान रोधी तोपें तैनात की

**भाषा।** तवांग

**गोले** बरसाने की अपनी क्षमता को बढ़ाते हुए भारतीय थल सेना ने अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ऊंचे पर्वतों पर अच्छी खासी संख्या में उन्नत एल-70 विमान रोधी तोपें तैनात की हैं। वहां सेना की एम-777 होवित्जर और स्वीडिश बोफोर्स तोपें पहले से तैनात हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

दुर्गम क्षेत्र में 3.5 किमी की रेंज वाली विमान रोधी तोपों की तैनाती उन उपायों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसे थल सेना ने पूर्वी लद्दाख में 17 महीनों के गतिरोध के आलोक में पूर्वी क्षेत्र में 1300 किमी से अधिक लंबे एलएसी पर अभियानगत तैयारियों का मजबूत करने के लिए किया है। सेना ने वहां अच्छी खासी संख्या में एम-777 होवित्जर तोपें तैनात कर रखी हैं, जिन्हें तीन साल पहले हासिल किया गया था। किसी भी अकस्मात स्थिति से निपटने की तैयारियों के तहत, थल सेना की ईकाइयां प्रतिदिन आधार पर सैन्य अभ्यास कर रही है। इसमें समन्वित रक्षा स्थानिकता भी शामिल है, जो कि पैदल सेना, वायु रक्षा और तोपखाना सहित सेना की विभिन्न शाखाएं शामिल हैं।

सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उन्नत एल 70 तोप समूचे एलएसी पर अन्य कई प्रमुख संवेदनशील मोर्चे के अतिरिक्त अरुणाचल प्रदेश में कई प्रमुख स्थानों पर करीब दो-तीन महीने पहले तैनात की गई थी और उनकी तैनाती से सेना के गोले बरसाने की क्षमता काफ बढ़ी है। आर्मी एयर डिफेंस की कैप्टन एस अब्बासी ने कहा, ये तोपें सभी मानवरहित वायु यान, मानवरहित लड़ाकू यान, हमलावर हलीकॉप्टर और आधुनिक विमान को गिरा सकती हैं।

## लखीमपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने जांच तेज करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

- अब 26 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच एक अंतहीन कहानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही, एक बार फिर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायालय को ऐसा लग रहा है कि राज्य पुलिस धीमी गति से काम कर रही है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि उप्र सरकार को अपनी इस छवि को बदलने की आवश्यकता है। न्यायालय ने राज्य सरकार को मजिस्ट्रेट के समक्ष गवाहों के बयान दर्ज कराने और गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा, हमें लगता है कि आप बहुत धीमी गति से काम कर रहे हैं, कृपया अपनी इस छवि को बदलिए। उसने कहा कि जांच अंतहीन कहानी नहीं बननी चाहिए। उसने अभियोजन पक्ष के 44 में से करीब 40 गवाहों के बयान आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज नहीं कराए जाने के मामले पर चिंता जताई। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा, कृपया उनसे धारा 164 के तहत बयान दर्ज करने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहिए। पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। सीआरपीसी की धारा 164 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज किए जाते हैं और उन्हें साक्ष्य माना जाता है। न्यायालय तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी में किसानों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों के मारे जाने के मामले में सुनवाई कर रही। न्यायालय को राज्य सरकार ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 44 में से चार गवाहों के बयान दर्ज किए हैं।



इस मामले में अब तक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीठ ने सुनवाई के दिन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का मामला उठाया और प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमने स्थिति रिपोर्ट के लिए कल रात एक बजे तक इंतजार किया, लेकिन हमें कुछ नहीं मिला।

राज्य सरकार की ओर से वकील गरिमा प्रसाद के साथ पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि स्थिति रिपोर्ट बुधवार को सीलबंद लिफाफे में दाखिल की गई है, क्योंकि ऐसा लगा था कि इसे केवल न्यायालय देख सकता है। पीठ ने कहा, नहीं, इसकी आवश्यकता नहीं थी और हमें यह अभी मिली है... हमने सीलबंद लिफाफे के संबंध में कभी कुछ नहीं कहा था। उसने मामले की शुक्रवार को सुनवाई करने का अनुरोध अस्वीकार कर दिया और अगली सुनवाई के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की। पीठ ने कहा, साल्वे जी, आपने कहा कि आपने (पुलिस ने) 44 गवाहों से पूछताछ की है और उनमें से चार गवाहों के बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत (न्यायिक मजिस्ट्रेट) के समक्ष दर्ज किए गए हैं। आपने अन्य गवाहों के बयान 164 के तहत दर्ज क्यों नहीं कराए। इसके बाद साल्वे ने पीठ से कहा कि इस संबंध में प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पहले इस बात को लेकर चिंता थी कि ऐसा प्रतीत हो रहा था कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ थोड़ी नरमी बरत रही है और अब उन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अब वे जेल में हैं। साल्वे ने कहा कि इस मामले में दो अपराध हुए हैं। पहला अपराध यह है कि आरोपियों ने किसानों को वाहन से कुचल दिया और दूसरी प्राथमिकी यह है कि किसानों को वाहन से कुचलने वाले आरोपियों में से तीन की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि दूसरी प्राथमिकी के संबंध में जांच थोड़ी मुश्किल है क्योंकि किसानों की भारी भीड़ के कारण यह पता लगाना मुश्किल है कि किसने क्या किया। पीठ ने कहा कि वह पहली प्राथमिकी के बारे में पूछ रही है और उसने आरोपियों की संख्या और जांच की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी थी। न्यायालय ने सवाल किया, आज, उनमें से कितने आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं और उनमें से कितने पुलिस हिरासत में हैं...क्योंकि उनसे पूछताछ किए बिना आपको कोई जानकारी नहीं मिल सकती। इसके जवाब में साल्वे ने कहा, कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनमें से चार पुलिस हिरासत में हैं और शेष छह को न्यायिक हिरासत में (शेष पेज 9)

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू

## योजना 21 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2021 तक चलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना 21 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2021 तक लागू रहेगी। उपभोक्ता इस अवधि में योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। 30 नवम्बर तक उपभोक्ताओं को अपना बकाया जमा करना होगा।

श्रीकांत शर्मा ने बताया कि इस योजना में छोटे उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है और उन्हें सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। योजना के तहत घरेलू विद्युत पंखा (एलएमवी-1) एवं वाणिज्यिक उपभोक्ता (एलएमवी-2)



के दो किलोवाट भार तक के छोटे उपभोक्ताओं तथा निजी नलकूप (एलएमवी-5) (समस्त विद्युत भार) वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। साथ ही दो किलोवाट तक के घरेलू विद्युत पंखा (एलएमवी-1) के छोटे उपभोक्ताओं को बकाया राशि में अधिकतम 6 किश्तों में जमा करने का भी विकल्प है। इसके अतिरिक्त घरेलू बत्ती पंखा (एलएमवी-1) के दो किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक (एलएमवी-2),के दो किलो से अधिक 5 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं का भी ध्यान रखते हुये उन्हें सरचार्ज राशि में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि छोटे एवं मध्यम घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं तथा किसानों के लिये अत्यन्त लाभकारी एवं सुविधा जनक योजना है। इस योजना के अन्तर्गत स्थाई रूप से विच्छेदित बकायेदारों के प्रकरण भी समाधान के लिए लिए जाएंगे साथ ही विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मामले भी समाधान भी हो सकेगा। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने सभ डिस्कामों को निर्देशित किया है कि योजना का लाभ उपरोक्त श्रेणी के प्रत्येक बिजली बकायेदार को मिले इसके लिये व्यापक अभियान चलाया जाए। सभी कार्मिक प्रतिदिन योजना की समीक्षा करें साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नियमित रूप से कैम्पों का आयोजन भी किया जाए।

## परिवहन निगम की आय बढ़ाने के लिए हर तौर-तरीके अपनाए जाएं: कटारिया

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण परिवहन निगम की आय में कमी आयी है। महामारी अब नियंत्रण में है। निगम की आय को बढ़ाने के लिए जितने तौर तरीके हैं उनको अपनाया जाय। उन्होंने कहा कि घाटे में चल रहे डिपो की 15 दिन में समीक्षा होनी चाहिए। यात्रियों का रोडवेज बसों के प्रति आकर्षण बढ़ेए इसलिए बसों एवं बस स्टैण्ड की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाय। दूसरे राज्यों को जाने वाली बसें अच्छी स्थिति में होनी चाहिएए जिससे कि यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो और इससे विभाग की छवि भी बदलेगी। परिवहन मंत्री आज परिवहन निगम के कार्यालय में निगम के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी क्षेत्रीय प्रबन्धक-सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक-सेवा प्रबन्धक को यह निर्देश दिये हैं कि कम से कम 50 प्रतिशत से अधिक लोडफैक्टर पर ही बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाय। बसों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी चालक को दी जाय और इसके लिए चालकों को अलग से इंसेंटिव देने का भी प्राविधान किया जाय। उन्होंने पायलेट प्रोजेक्ट के तौर यह कार्यक्रम तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अन्य राज्यों को जाने वाली बसों की समय समय पर चेकिंग दल द्वारा चेकिंग की जाय। साथ ही निगम के वर्कशाप की लगातार मॉनीटरिंग की जाय और यह सुनिश्चित किया जाय कि जो बसें वर्कशाप कार्यशाला में आ रही हैं, उन्हें समय से ठीक किया जाय। मंत्री ने कहा कि कम आय देने वाले क्षेत्रीय प्रबन्धकों-सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को तत्काल हटाया जाय तथा लाभ देने वाले क्षेत्रीय प्रबन्धक-सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परिवहन निगम की बसें प्रत्येक दशा में बस अड्डे से ही होकर जायें। ऐसा न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय।

# किसानों व मिलों के बीच संतुलन के लिए चीनी मिलों को सह उत्पाद पर देना होगा जोर

● बगास से बनी बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी की उठी मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**यूपी** में गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर चीनी मिलों की टकराहट को कम करने के लिए अब मिलों को चीनी के साथ-साथ सहवर्ती उत्पादों पर जोर देना होगा ताकि चीनी के भुगतान का लेकर संकट खड़ा न हो। साथ ही गन्ने की खोई से बनने वाले बिजली के दाम पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए क्योंकि यूपी में 2.80 रुपए प्रति यूनिट सरकार मिलों से बिजली खरीद रही है जबकि बिहार जैसे पड़ोसी राज्य बगास से बनी बिजली का दाम 6 रूपए से भी अधिक दे रहा है।

यह मुद्दे बुधवार को यूपी शुगर मिल कोजन एसोसिएशन की एजीएम में उठे। इस बैठक में उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, उप्र राज्य विद्युत पारेषण निगम लिमिटेड, उप्र स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर, यूपी शुगर फेडरेशन के एमडी रमाकांत, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद मोहन समेत कोजन से बिजली का निर्माण करने वाली निजी और सरकार चीनी मिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में कोजन से बनी बिजली की दर का मुद्दा प्रमुख रहा जिस पर सभी ने चिंता जताई। सरकार चीनी मिलों से 2.80 रूपए प्रति यूनिट के अनुसार बिजली क्रय कर रही है जबकि पहले यूपी में बगास से बनी बिजली के दाम 5.80 रूपए प्रति यूनिट थे जो बाद में कम कर दिए गए हैं। इसके अलावा मिलों ने बिजली उत्पादन के बाद उसके पारेषण को लेकर आ रही दिक्कतों को भी सामने रखा जिमसें पावर कारपोरेशन और उत्पादन निगम द्वारा कोई सिंगल विंडों सिस्टम न होने से मिलों को आ रही व्यावहारिक भी साझा की गई। इस पर यूपीएसएलडीसी के अधिकारियों ने कहा कि पावर कारपोरेशन द्वारा एक नोडल अधिकारी और एक टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है जिस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। शुगर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सीबी पटौदिया ने कहा कि बगास से बनने वाली बिजली के दाम अन्य राज्यों की तुलना में यूपी में काफी कम हैं। उप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग में प्रस्ताव दिया गया था कि कम से कम बगास के जो दाम हैं उसी के अनुसार कोजन इनर्जी के दाम निर्धारित किए जाएं ताकि किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान में कठिनाई न हो सके। प्रदेश सरकार से इस बारे में वार्ता चल रही है, हो सकता है कि कोई सकारात्मक हल निकल सके। बैठक को एमडी यूपी शुगर फेडरेशन रामाकांत, मुख्य अभियंता उप्र राज्य विद्युत पारेषण निगम अमलेंदू, यूपीएसएलडीसी के एचडी दुबे, शुगर एसोसिएशन के दीपक गुप्तारा, पंकज रस्तोगी सीईओ डालमिया समूह, समेत अन्य मिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## यूपी में एक साल के भीतर ट्रेट्रा पैक में मिलेगा गन्ने का रस

**लखनऊ।** बैठक में आए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने कहा कि बाजार मिलने वाले तमाम फ्रूट जूस उतने लाभप्रद्र नहीं होते जितने वह दर्शाते हैं। कोविड महामारी के बाद प्राकृतिक चिकित्सा की मांग बढ़ी है और हम इस बात पर शोध कर रहे है कि गन्ने का रस भी लोगों को बाजार में पैक किया हुआ मिले जो ताजा और स्वास्थ्य वर्धक हो, क्योंकि बाजारों में खुले में बिकने वाला गन्ने का पीना हर कोई चाहता है लेकिन साफ-सफाई के आभाव में लोग नहीं पीते हैं। उन्होंने जिस पर बाजार में कोल्ड ड्रिक की मार्केट है उसी प्रकार अगर मिलें गन्ने का रस भी बेचेंगी तो बाजार में अच्छा बिजनेस मिलेगा। इसके लिए संस्थान ने कई स्तर के शोध पूरे कर लिए हैं और उम्मीद है कि अगले एक साल के भीतर हम इसे बाजार में उतार सकेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में गन्ने मूल्य भूगतान को लेकर चीनी मिलों के पास संकट रहता है इसलिए अगर मिले इस प्रकार के सहवर्ती उत्पाद बनाएगी तो उन्हें भुगतान में कठिनाई नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि मिलों को एग्रो बिजनेस काम्पलेक्स के रूप में काम करना होगा। जिसमें एक्सपोर्ट, बैजरेज, मेडिसिन, कन्फ्रेक्शनरी सेक्टर में जरूरत के अनुसार चीनी का उत्पादन किया जा सके। मिलो को इको फ्रेंडली प्रोडक्ट का भी निर्माण करना होगा। इसमें बगास से बनने वाली डिस्पोजल क्राकरी, बगास से बनने वाली प्लाई, कैमिकल, खाद्य पदार्थो में उपयोग किए जाने वाला वनीला जैसे उत्पादों का निर्माण किया जाना आवश्यक है।

## प्रदेश में अब रक्षक ही भक्षक बन गए हैं: अनिल दुबे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने आगरा पुलिस की अभिरक्षा में वाल्मीकि जयंती के दिन वाल्मीकि समाज के युवक अरूण वाल्मीकि की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये कहा है कि इस घटना से यह साबित हो गया है कि प्रदेश में अब रक्षक ही भक्षक बन गये हैं। दुबे ने आगरा घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि जब खाकी के वेश में अपराध होंगे तो आम आदमी का खाकी से भरोसा उठ जायेगा। आखिर आगरा पुलिस क्या छुपाने की कोशिश कर रही है जिसकी वजह से एक निर्दोष की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी गयी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करते हुये पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ साथ मृतक के परिजनों को एक करोड़ रूपये की अर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की भी मांग की है।

# प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर तत्काल खोले जाएं गो-आश्रय स्थल: लक्ष्मी नारायण चौधरी

● पशुधन बीमा तथा किसान क्रेडिट कार्ड के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित किया जाय: पशुधन मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पशुधन** मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि पशुधन विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए समय से निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जाय। साथ ही कार्यक्रमों के लिए आवंटित बजट का शत प्रतिशत उपयोग भी सुनिश्चित करते हुए जनपदों को उपलब्ध कराई जा रही धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराया जाय। मण्डलीय अपर निदेशक विभागीय योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण करें अन्यथा योजनाओं की प्रगति में कमी होने पर वह भी उत्तरदायी होंगे। पशुधन मंत्री ने कहा कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक-एक गो-आश्रय स्थल खोले जाने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करायी जाय ताकि अधिक से अधिक संख्या में गोवंश का संरक्षण किया जा सके। पशुधन मंत्री बुधवार को पशुपालन निदेशालय में पशुधन विभाग की योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सहभागिता योजना एवं कुपोषित परिवार को उपलब्ध कराये गये गोवंश का समुचित अभिलेखीकरण कराया जाय और पशुधन बीमा के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित किया जाय। इसके अतिरिक्त महत्वाकांक्षी जनपदों में कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, किसान क्रेडिट कार्ड से पशुपालकों को लाभान्वित किया जाय।

## ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने के लिए गन्ना किसानों को मिला अन्तिम अवसर

**लखनऊ।** प्रदेश के गन्ना किसानों की सुविधा तथा किसानों की संख्या एवं सुझावों के दृष्टिगत ईआरपी की वेबसाइट पर ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की अन्तिम तिथि को 15 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2021 करते हुए एक और अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गयी थी, परन्तु अन्तिम तिथियों में रामनवमी एवं दशहरा आदि के अवकाश होने के कारण कुछ कृषक घोषणा पत्र भरने से वंचित रह गये। इन कृषकों की सुविधा एवं विभाग के टोल फ्री नम्बर पर गन्ना किसानों द्वारा किये जा रहे अनुरोध के दृष्टिगत गन्ना किसानों को घोषणा पत्र भरने के लिए अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए अन्तिम तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। प्रोजेक्ट के अन्तर्गत आसन्न पेराई सत्र 2021-22 हेतु गन्ना किसानों द्वारा सुविधा पूर्वक अपने घोषणा पत्र ऑनलाइन भरे जा रहे हैं।

# वाल्मीकि समाज का राष्ट्रीय विकास में योगदान प्रशंसनीय: अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यालय के डॉ लोहिया सभागार तथा लालबाग, लखनऊ स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तथा नमन कर सादगी के साथ वाल्मीकि जयंती मनाई।

अखिलेश यादव ने महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि वैदिक काल के महान ऋषियों में थे। वे संस्कृत भाषा के आदिकवि तथा महान काव्य रामायण के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा वाल्मीकि समाज का राष्ट्रीय विकास में योगदान प्रशंसनीय है। हमें संकल्प लेना होगा कि इस समाज का सम्मान बढ़ाना है। उन्हें राजनीति की मुख्यधारा में स्थान दिलाना है। श्री यादव ने आश्वस्त किया कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर वाल्मीकि समाज के साथ हो रहा अन्याय समाप्त होगा और उसे सभी वैधानिक अधिकार प्राप्त होंगे। श्री यादव ने भाजपा सरकार द्वारा वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश को रद्द किये जाने की भी आलोचना की। भाजपा को जनहित में कोई काम ही नहीं करना है। अब भाजपा सरकार को भी छुट्टी पर भेजना है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, ब्रह्माशंकर त्रिपाठी एवं अभिषेक मिश्र, डॉ राजपाल कश्यप तथा प्रदेश सचिव जुगल किशोर वाल्मीकि, विपिन मनोठिया बाल्मीकि, प्रदीप कुमार प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा तथा युवा नेता अतुल प्रधान, अनिल तिवारी, नंद किशोर वाल्मीकि, कुणाल वाल्मीकि, पुष्पा वाल्मीकि, राजू चौधरी, मनोज कुमार, विजय वाल्मीकि आदि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## भाजपा से जनतांत्रिक मूल्यों को भी खतरा: सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा चालाकी से भरी ऐसी पार्टी है जो साजिशें रचकर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाती है। संवैधानिक संस्थाओं को अपनी राजनीति के स्वार्थ में कमजोर करती है। इससे सावधान रहना है। इससे जनतांत्रिक मूल्यों को भी खतरा है। अब सन 2022 में जो चुनाव होने जा रहे हैं उसमें जनता के मौलिक अधिकारों को बचाने के लिए मजबूती से लड़ाई लड़नी होगी। अखिलेश यादव बुधवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ-फरेब के अलावा कोई सिद्धांत नहीं जानती है। अपने स्वार्थ के लिए राजनीति को प्रदूषित करने में उसे तनिक भी संकोच नहीं। अखिलेश ने कहा कि कुशीनगर के एयरपोर्ट के उद्घाटन भी एक और तमाशा है। कुशीनगर एयरपोर्ट समाजवादी सरकार की देन है, भाजपा श्रेय लेने का चुनावी खेल, खेल रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने केन्द्र को प्रस्ताव भेजा, सन 2016 में 207 करोड़ का बजट जारी किया। वोट हथियाने के मकसद से बनने के एक साल बाद यह उद्घाटन हो रहा है। भाजपा नाम बदलने, रंग बदलने और झूठे दावे करने में सबको पीछे छोड़ गई है। जबकि शिलान्यास की एक ईंट तक भी इन्होंने नहीं लगाई, तब भी फीता काटने और अपने नाम की पट्टी लगाने पहुंच गए। चित्रकूट, मेरठ, आजमगढ़, सैफई, कुशीनगर और मुरादाबाद आदि में हवाई अड्डा बनाने और उनके विस्तार का काम समाजवादी सरकार में ही हुआ था। उनके काम को नकारने का कुप्रयास वे कर रहे हैं। प्रदेश के विकास में जिनका एक धेले का योगदान नहीं है। वास्तव में, भाजपा कितना भी झूठ बोले, अब जनता पर उसका कोई असर होने वाला नहीं है।

## रीता बहुगुणा जोशी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए कांग्रेस को धोखा दिया: आजमानी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी की ओर से बीते मंगलवार को दिए गए बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतीश आजमानी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा है कि केन्द्र में मंत्री बनना है तो आरएसएस का प्रचार कीजिए, जिसका कि आप जिन्दगी भर विरोध करती रहीं, गांधी परिवार या कांग्रेस का झूठा प्रचार करके नहीं।

कांग्रेस ने आपको क्या नहीं दिया, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, उत्तर प्रदेश कांग्रेस का दो बार प्रदेश अध्यक्ष बनाया, विधायक बनाया, लोकसभा का टिकट दिया, आपके भाई विजय बहुगुणा को उत्तराखण्ड का मुख्यमंत्री बनाया। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा यूपी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी महिलाओं को टिकट दिए जाने की घोषणा के बाद भाजपा सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी का बयान आया था कि प्रियंका गांधी महिलाओं को क्या मजबूत करेंगी वह पहले अपने को मजबूत करें।

**कार्यालय – नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर**

पत्रांक–2455 / न0पा0 दिनांक–18.10.2021

**अल्पकालिक ई–टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को 15वां वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक–08.11.2021 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 08.11.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**खलीलाबाद, संतकबीरनगर**

**कार्यालय – नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर**

पत्रांक–2456 / न0पा0 दिनांक–18.10.2021

**अल्पकालिक ई–टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को 15वां वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से आपूर्ति / स्थापना कार्य हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक–02.11.2021 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 02.11.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा जेम पोर्टल की वेबसाइट htt://Gem.gov.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**खलीलाबाद, संतकबीरनगर।**

**कार्यालय : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अम्बेडकरनगर**

पत्रांक :–एस0एस0ए0 / निविदा / 1835 / 2021–22 दिनांक– 18–10–2021

**अति अल्प कालिक निविदा सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र० लखनऊ आदेश पत्रांक : सामु०सह0 / विशेष प्रशिक्षण निर्देश / 3431 / 2021–22 लखनऊ दिनांक 04 अक्टूबर 2021 एवं जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर की अनुमति दिनांक 13.10.2021 के क्रम में शैक्षिक सत्र 2021–22 में आउट आफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य प्रशिक्षणों में जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर अध्यापकों / प्रतिभागियों के लिए जलपान / भोजन आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 21.10.2021 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अम्बेडकरनगर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है, निविदा दिनांक 27.10.2021 को 2.00 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अम्बेडकरनगर में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा खोलते समय फर्मदाता स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है।

**(बी0पी0 सिंह)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**अम्बेडकरनगर।**

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपना नाम पवन अग्रवाल से बदलकर पवन कुमार अग्रवाल रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पवन कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 ब्रिज किशोर अग्रवाल निवासी–118 / 185–ए, कौशलपुरी, कानपुर।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है, प्रधानाचार्य–1, लेक्चरर–3, पद की बी.बी.ए. कोर्स के लिए सम्पर्क करें ऑरस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बाराबंकी–225003, वेतन व योग्यता Dr. R.M.L.A.U. अयोध्या के अनुसार। अपना C.V. ईमेल करें aurousinfo@gmail.com पर।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस बनकर तैयार, अब लोकार्पण का इंतजार

● पीएमओ से डेट मिलते ही होगा भव्य उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे अब पूरी तरह बनकर तैयार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय मिलते ही नवंबर में एक भव्य कार्यक्रम के साथ इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। हालांकि लखनऊ से लेकर गाजीपुर के बीच की अभी जनता ने इस एक्सप्रेस-वे पर आवागमन शुरू कर दिया है। सुल्तानपुर से रोड से शुरू हुए इस एक्सप्रेस वे पर आपको चहल-कदमी दिखाई पड़ जाएगी। क्षेत्रीय गांव और कस्बों के लोग अपने साधनों से इस एक्सप्रेस-वे पर फर्राटा भरते दिखाई पड़ जाएंगे।

यूपीडा के मीडिया सलाहकार दुर्गेश उपाध्याय ने बताया कि जन सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है जो कि नवंबर में पूरा कर लिया जाएगा। इसमें पेट्रोल पंप से लेकर ढाबे और रेस्टोरेंट भी हैं। साथ ही एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जा रही है ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके। दरअसल सरकार ने इस ग्रीन फील्ड परियोजना का निर्माण पूर्वांचल के विकास के लिये सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, अमेठी और अयोध्या के अतिरिक्त आर्थिक रूप से कम विकसित जनपदों आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर को लखनऊ से जोड़ने के लिये किया गया है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सुल्तानपुर रोड पर स्थित ग्राम चांदसराय से शुरू होता है। अब अगर आप सुल्तानपुर रोड की तरफ निकलते हैं तो चांद सराय से बने ब्रिज के जरिए आप एक्सप्रेस-वे पर चढ़ सकते हैं। गोसाईगंज और आस-पास के गांव के लोग सुल्तानपरु, हैदरगढ़ जाने के लिए इस एक्सप्रेस-वे का मजा ले रहे हैं। सड़क के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट भी विकसित की जा रही है। यह एक्सप्रेस-वे यूपी बिहार सीमा से 18 किमी पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर स्थित ग्राम हैदरिया पर समाप्त होगा एक्सप्रेसवे की लम्बाई 340.824 किमी है। एक्सप्रेसवे पर आपातकालीन स्थिति में भारतीय वायुसेना के लडाकू विमानों के लैण्डिग और टेक ऑफभी हो सकेगा। सुल्तानपुर में इसके लिए हवाई पटटी का निर्माण किया गया है। इस एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर इंडस्ट्रीयल हब बनाने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना होने की स्थिति में घायलों को त्वरित उपचार एवं नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाने के लिए प्रत्येक पैकेजों में 2-2 कुल 16 एम्बुलेन्स की सुविधा मिलेगी । एक्सप्रेसवे से प्रदेश का पूर्वी क्षेत्र प्रदेश की राजधानी एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे व यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से देश की राजधानी से त्वरित एवं सुगम यातायात के कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे के प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन खपत में महत्वपूर्ण बचत एवं प्रदूषण नियंत्रण भी संभव हो सकेगा। एक्सप्रेसवे हैण्डलूम उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों, भण्डारण गृह मण्डी तथा दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# प्राइमरी स्कूलों में बीपीएड डिग्री के आधार पर सहायक शिक्षक की नियुक्ति गलत

## हाईकोर्ट ने एक बीपीएड डिग्री धारक सहायक शिक्षक की सेवा समाप्त करने को सही ठहराया

विधि सवांददाता। लखनऊ



**इंटरमीडिएट** कालेजों से संबद्ध प्राइमरी स्कूलों में बीपीएड डिग्री के आधार पर सहायक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकती। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने संबधित प्रावधानों का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया है कि ऐसे स्कूलों में स्नातक के साथ बीटीसी, एटीसी या सीटी की डिग्री आवश्यक होगी। यदि ऐसे डिग्री धारक अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं, तो उसकी जगह बीएड डिग्री धारक अभ्यर्थी को रखा जाएगा।

पीठ ने यह कहते हुए गोंडा के विवेकानंद इंटर कालेज से संबद्ध प्राइमरी स्कूल में बीपीएड डिग्री के आधार पर तैनात एक सहायक शिक्षक की सेवा समाप्त करने के आदेश पर अपनी मुहर भी लगा दी है। पीठ का कहना है कि किसी प्रावधान में यह व्यवस्था नहीं है कि बीटीसी, एचटीसी या सीटी धारक अभ्यर्थी की उपलब्धता नहीं होने पर बीपीएड डिग्री धारक की नियुक्ति कर दी जाए। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए दिया है।

20 अक्टूबर 2014 को याचिकाकर्ता को कालेज प्रबंधन ने यह कहते हुए कि हटा दिया था कि उसने नौकरी के लिए बीपीएड की डिग्री दाखिल की थी। जबकि नियमानुसार यह डिग्री सहायक शिक्षक के पद पर चयन के लिए मान्य नहीं थी। 27 दिसंबर 2016 को इस आदेश पर गोंडा के जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी अपनी मुहर लगा दी। वर्ष 2017 में याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में इन दोनों आदेश को चुनौती दी थी।

## न्यायिक कार्यों से पूर्णतया विरत रहे राजधानी के अधिवक्ता

- शाहजहांपुर में वकील की हुई हत्या के विरोध में उठाया कदम

विधि सवांददाता। लखनऊ

**शाहजहांपुर** कचहरी में वकील भूपेंद्र सिंह की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में बुधवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ समेत राजधानी के समस्त अधीनस्थ अदालतों के वकील न्यायिक कार्यो से पूर्णतया विरत रहे। लिहाजा अदालतों मे कोई न्यायिक कार्य नहीं हो सका। बीते सोमवार को उप्र बार काउंसिल ने इस हत्या के विरोध में प्रदेश की सभी बार एसोसिएशनों से न्यायिक कार्यो से विरत रहकर विरोध जताने का आह्वान किया था। उप्र बार काउंसिल की ओर से मृत वकील के परिवार को तत्काल 50 लाख की आर्थिक मदद व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग राज्य सरकार से की है। साथ ही वकीलों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट भी लागू करने की मांग की है। उप्र बार काउंसिल ने इसके साथ ही कचहरी परिसर में असलहा लेकर जाने पर सख्ती से रोक लगाने की मांग भी की है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो और वकील भयमुक्त वातावरण में न्यायिक कार्य कर सकें।

# राम लीला मंचन में शरारती तत्वों ने की हवाई फायरिंग

- कमेटी के पदाधिकारियों ने साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की साजिश का लगाया आरोप
- चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, एक हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जानकीपुरम** थाना क्षेत्र के मडियांव गांव में चल रही श्रीराम लीला के मंचन के दौरान बाइक सवार कुछ शरारती तत्वों ने हवाई फायरिंग करके साम्प्रदायिक तनाव फैलाने के साजिश की। फायरिंग से रामलीला देख रहे श्रद्धालु दहशत में आ गए। फायरिंग से एक घर के छज्जे को भी छति पहुंची है। वही फायरिंग कर रहे युवकों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई। मेला कमेटी ने गांव के एक युवक को नामजद करते हुए अन्य चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। जानकीपुरम पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मड़ियांव गांव में श्रीराम लीला कमेटी द्वारा श्रीराम लीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का इस बार 131 वां मंचन है। कमेटी के उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा के मुताबिक मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे श्रीराम लीला में रावण व मारीच के बीच वार्तालाप के प्रसंग का मंचन चल रहा था। इसी बीच में गांव के रूस्तम व चार अन्य लड़के दो बाइक से उधर से निकले। इस दौरान रुस्तम ने हवा में दो बार फायर किया। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते, दोनों बाइक सवार फिर वापस लौटे और फिर हवा में एक फायर कर दिया। इससे मंच और श्रीराम लीला देख रहे लोग दहशत में आ गए। फायरिंग की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। कमेटी के सदस्यों के मुताबिक फायरिंग करने वाला युवक आपराधिक प्रकृति का है और उसके खिलाफ थाने में मुकदमा भी दर्ज है। कमेटी ने जानकीपुरम थाने में रुस्तम और अन्य चार के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकीपुरम पुलिस ने बुधवार देर शाम एक आरोपी को हिरासत में ले लिय है। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसे में दारोगा समेत महिला की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के विभूतिखंड में तैनात दरोगा की कन्नौज के पास सड़क हादसे में मौत हो गयी। वहीं गोमतीनगर में बुधवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गयी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से लखीमपुर खीरी निवासी 40 वर्षीय राम पति राठौर अपने परिवार के साथ रहती थी, वो अम्बेडकर पार्क में महिला गार्ड की नौकरी करती थी, बताया जा रहा है बुधवार देर शाम करीब 8.30 बजे राम पति ड्यूटी से वापस अपने घर की ओर जा रही थी, इसी बीच अम्बेडकर पार्क से ताज होटल की तरफसड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला, हादसे के बाद घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी।

### बृजेश सिंह इंस्पेक्टर बाजारखाला बनाए गए

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने थाना इंचार्जो में फेर बदल करते हुए बंथरा में तैनात जेपी सिंह को हटाकर उनके स्थान पर बाजारखाला में तैनात धनंजय सिंह को तैनात किया है वही अपराध शाखा में तैनात बृजेश सिंह को इंस्पेक्टर बाजारखाला पोस्ट किया है।

### अज्ञात वाहन ने टेम्पो में मारी टक्कर, युवक की मौत

**बीकेटी।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से टैम्पो के पलटने से उसमे सवार एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया हैं। घटना थाना क्षेत्र के सीतापुर हाईवे पर सरैया बाजार के पास हुई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने लखनऊ से इटौजा जा रही टेम्पो में टक्कर मार दी जिससे टेम्पो पलट गयी। उसमे बैठी करीब दर्जन भर सवारियां घायल हो गई। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घायलो को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक जिसमें मोहम्मद यासीन निवासी उसरना 45 की मौत हो गई। वहीं अन्य सवारियो को इलाज के लिये नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया। उप निरिक्षक सन्तोष सिंह ने बताया मृतक के शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक यासीन कपड़े के व्यापारी थे जोकि लखनऊ से इटौजा कपड़े लेकर अपने घर आ रहे थे।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफचिनहट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया है पुलिस का कहना है की आरोपियों की तलाश की जा रही है। मूल रूप से बाराबंकी निवासी अकिल अहमद ने बताया कि वह रोजगार के सिलसिले में सउदी अरब जाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने कई लोगों को बोल रखा था। इस दौरान अकिल की मुलाकात चिनहट निवासी रईस अहमद व उसके भांजे अतहर से हुई। रईस ने अकिल को बताया कि उसने कई लोगों को पहले भी सउदी भेजा है और वो लोग वहां पर अच्छी नौकरी कर पैसे कमा रहे है। झांसे में लेकर जालसाजों ने सउदी जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा का एक लाख रुपए का खर्च बताया। कुछ दिन बाद अकिल ने किसी तरह रईस और अतहर को एक लाख रुपए दे दिए। इसके अलावा मेडिकल और फीस के रूप में कुल 6500 रुपए दिए। करीब एक महीने बाद रईस ने उन्हें सउदी अरब का पासपोर्टए वीजा व हवाई जहाज का टिकट लाकर दिया। अगले दिन जब सारे कागजात लेकर अकिल एयरपोर्ट पहुंचा तो वहां ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी पासपोर्ट और वीजा को फर्जी बताने लगे। इसके बाद अकिल ने रईस और भांजे अतहर को फोन किया, जिन्होंने दोबारा कागजात बनाने की बात कही। काफी दिन बीत जाने के बाद अकिल ने दोनों लोगों से अपने पैसे वापस मांगे। इसपर रईस ने उन्हें एक चेक दिया। आरोप है कि जब वह चेक लगाने बैंक गए तो वो भी फर्जी निकला। इसके साथ ही आरोपी भी फोन बंद कर घर से कहीं फरार हो गए। काफी परेशान होने के बाद पीड़ित ने चिनहट थाने जाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### अधीक्षिका के व्यवहार से नाखुश कर्मियों ने काम काज किया ठप

**लखनऊ।** बीएमसी रेडक्रास की अधीक्षिका के व्यवहार से तंग आकर बुधवार को संविदा कर्मचारियों ने काम काज ठप कर दिया। कर्मचारी बर्खास्त कर्मचारी को पुनः ड्यूटी पर लाने के साथ ही अधीक्षिका को हटाने की मांग कर रहे थे। इस बाबत कर्मियों की तरफसे सीएमओ को पत्र भी लिखा गया है। रेडक्रॉस बीएमसी के कर्मचारियों और अधिकारियों का आरोप है कि अधीक्षिका डॉ वंदना सिंह का कर्मचारियों के प्रति व्यवहार अच्छा नही है। आरोप है कि अधीक्षिका ने डाटा ऑपरेटर इरशाद आलम के साथ अभद्र व्यवहार किया। उसकी संविदा समाप्त करने की धमकी देते हुए कैसरबाग कोतवाली में एफआईआर तक करा दी। कुछ दिन पहले अधीक्षिका बीएमसी की सिस्टर इंचार्ज के साथ भी अभद्र व्यवहार किया था। सभी कर्मचारियों ने सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल को अपनी ओर से शिकायती पत्र दिया है। इसमें मांग की है कि अधीक्षिका को तुरंत हटाया जाए। बीएमएस के दूसरे कर्मचारी इरशाद की कार्रवाई से नाराज हैं। सभी ने एफआईआर वापस लेने लेकर उसे नौकरी पर वापस लिया जाए अन्यथा कर्मचारी और अधिकारी काम नहीं करेंगे।

## डिग्री शिक्षकों को प्रोफेसर पदनाम देने को लेकर कट ऑफ डेट निर्धारित करने की उठायी मांग

**लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों को प्रोफेसर पदनाम देने की घोषणा के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ ने उप मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर पदनाम देने के डेट आफ कट ऑफ निर्धारित करने की मांग की है। अभी तक महाविद्यालय के शिक्षक एसोसिएट प्रोफेसर तक ही सेवानिवृत्त हो जाते रहे हैं। लुआक्टा अध्यक्ष डॉ मनोज पाण्डेयन के मुताबिक प्रदेश सरकार से प्रोफेसर पद एव प्रोफेसर पद के प्रोन्नति के सम्बंध में विसंगतियों के निवारण के लिए जिस प्रकार छठे वेतनमान की में कट ऑफ डेट 30 जून 2010 के स्थान पर शासनादेश जारी किये जाने की तिथि 28 मई 2015 की गई थी। ठीक उसी प्रकार प्रदेश के महाविद्यालयो में प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति हेतु यूजीसी 2018 के प्रविधान शासनादेश लागू किये जाने की तिथि से एव शासनादेश की तिथि तक प्रोन्नत एसोसियेट प्रोफेसर को तीन वर्ष की सेवा पूरी हो जाने के बाद स्वत: प्रोफेसर पद दिये जाने की मांग उप मुख्यमंत्री से की गई है।

## लोहिया संस्थान में पहला एबीओ इनकंपैटिबल रेनल ट्रांसप्लांट सफल

**लखनऊ।** डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के यूरोलॉजी व नेफ्रोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों ने पहला एबीओ इनकंपैटिबल रेनल ट्रांसप्लांट करने में सफलता हासिल की है। ट्रांसप्लांट के बाद मरीज स्वस्थ है और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। लखीमपुर निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति को किडनी की गंभीर बीमारी एक वर्ष से थी। उसका ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव था। किडनी की बीमारी को देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट की आवश्यकता बताई। जिसके बाद बेटे को किडनी डोनेट करने पर 48 वर्षीय मां ने अपनी सहमति दी। लेकिन माँ का ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव था। ऐसे में डॉक्टरों ने एबीओ इनकंपैटिबल रेनल ट्रांसप्लांट करने की योजना तैयार की। इसके बाद नेफ्रोलॉजी के डॉ अभिलाष चंद्रा ने ट्रांसप्लांट के लिए पांच बार प्लाज्माफेरेसिस कराया। इसके बाद मरीज के ट्रांसप्लांट के लिए ट्रांसप्लांट सर्जरी में डॉ आलोक श्रीवास्तव, डॉ संजीत कुमार सिंह, डॉ ईश्वरध्याल ने लेप्रोस्कोपिक विधि से डोनर से किडनी लेकर ट्रांसप्लांट किया। इस दौरान एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ दीपक मालवीय, डॉ सुजीत और डॉ मनोज गिरी देख रहे थे। सर्जरी के बाद मरीज के स्वस्थ होने के बाद अक्टूबर के पहले सप्ताह में उसे डिस्चार्ज कर दिया। डॉ अभिलाष चंद्रा ने बताया कि एबीओ इनकंपैटिबल के जरिये किडनी ट्रांसप्लांट की राह में आ रही दिक्कतों को हल किया जा सकता है। संस्थान की तरफसे आने वाले दिनों में तीन और एबीओ इनकंपैटिबल ट्रांसप्लांट करने की योजना बनाई गई है। डॉ नम्रता ने बताया कि 2017 से संस्थान 100 ट्रांसप्लांट कर चुका है।

## एलयू पीजी के सात कोर्सेज में एडमिशन के लिए शुरू हुई च्वाइस फिलिंग

**लखनऊ।** लविवि के पीजी कोर्सेज में एडमिशन के अंतर्गत 12 विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर है। जिन कोर्सेज की ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग चल रही है, उनमें बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, रीन्यूएबल एनर्जी, केमिस्ट्री, फार्मासिटिकल केमिस्ट्री, सोशियोलॉजी, कॉमर्स, एमवीए-एमएफएए, एमजेएमसी शामिल हैं। काउन्सलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी कैंडीडेंट्स को करनी हैं जिनका नाम और रैंक ओवरआल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में शामिल है। च्वाइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को 200 रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे।

# संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव

- पीड़ित परिवार ने गांव के ही चार लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता। सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक बुजुर्ग किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतक के परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है। लेकिन पुलिस ने उनके आरोपों को अनसुना करते हुए हत्या कि धाराओं में रिपोर्ट नहीं दर्ज की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सरोजनीनगर के पिपरसंड स्थित हुल्लीखेड़ा गांव निवासी किसान खेमई गौतम (60) के परिजनों की मानें तो गांव के ही कुछ लोग मंगलवार रात खेमई को घर से बुला कर ले गए थे। देर रात तक खेमई वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। बुधवार सुबह गांव के कुछ लोगों से पता चला कि खेमई का शव उसी की बाग में आम के पेड़ से लटक रहा है। जानकारी पाकर पहुंचे परिजनों ने देखा तो खेमई आम के पेड़ से रबड़ की रस्सी के सहारे मृत अवस्था में जमीन पर बैठा था। उसकी कमर के नीचे का पूरा हिस्सा जमीन पर था। शव की स्थिति को देखकर अंदाजा ही नहीं लगाया जा रहा, बल्कि ग्रामीणों में भी चर्चा थी कि खेमई की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है।

# केजीएमयू में खुला स्टेट रिसोर्स सेंटर, मिलेगी ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के बाल रोग विभाग द्वारा बुधवार को राज्य संसाधन केंद्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के साथ ही बीमार नवजात देखभाल इकाइयों में तैनात डॉक्टरों और स्टाफनर्सों के 2 सप्ताह के एफबीएनसी ऑब्जर्वेशन ट्रेनिंग शुरू की गई।

सत्र की शुरुआत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैली अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की नवजात मृत्यु दर 32 प्रति हजार जीवित जन्म है। जो भारत के 23 प्रति हजार जीवित जन्म की तुलना में काफी अधिक है। 2030 तक 12 प्रति हजार जीवित जन्म के एसडीजी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अस्पताल स्तर पर बीमार नवजात शिशु की देखभाल बहुत जरूरी है। नोडल अधिकारी, राज्य संसाधन केंद्र प्रो माला कुमार ने एसएनसीयू में तैनात डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों द्वारा कौशल आधारित देखभाल की गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, कलावती सरन और यूनिसेफ के सहयोग से भारत सरकार ने एक व्यापक सुविधा



आधारित नवजात देखभाल कार्यक्रम प्रशिक्षण पैकेज विकसित किया है, जिसमें मेडिकल कॉलेज में तृतीयक देखभाल इकाई में 4 दिनों के क्लास रूम प्रशिक्षण के बाद 14 दिनों के पर्यवेक्षक प्रशिक्षण शामिल हैं।

बाल स्वास्थ्य महाप्रबंधक डॉ वेद प्रकाश ने बताया कि राज्य के 69 जिलों में 86 कार्यात्मक एसएनसीयू हैं। 4 दिवसीय एफबीएनसी प्रशिक्षण पूर्व में वीएबी अस्पताल लखनऊ और आईएमएसए बीएचयू लखनऊ में आयोजित किया गया था।

## संक्रामक रोग विभाग लिंब सेंटर में शिफ्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का संक्रामक रोग विभाग लिंब सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया है। अभी तक यह विभाग न्यूरोलॉजी विभाग के सामने बिल्डिंग में संचालित हो रहा था। हालांकि लिंब सेंटर भी अभी तक कोविड हॉस्पिटल के रूप में ही कार्य कर रहा है। संक्रामक रोग विभाग के न्यूरोलॉजी विभाग के सामने संचालित होने से संक्रमण फैलने का डर लगातार बना हुआ था। इसके पास सर्जरी से लेकर बच्चों के कई विभाग थे। इसके चलते इसे लम्बे समय से लिंब सेंटर में शिफ्ट करने की कवायद चल रही थी। चिकित्सा अधीक्षक व संक्रामक रोग के इंचार्ज डॉ डी हिमांशू ने बताया कि जिस बिल्डिंग में रीहैबिलिटेशन विभाग संचालित किया जाता था, उसी में संक्रामक विभाग को शिफ्ट किया गया है। अभी रेबीज समेत अन्य वैक्सीन लगाने का काम वहीं चल रहा है। इसके बाद डायरिया व अन्य मरीजों को भी भर्ती भी होगी।

## बेसिक शिक्षा विभाग के ओपन एजुकेशनल पोर्टल से जुड़ेंगे अभिभावक

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग एवं एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किये गए ओपन एजुकेशनल पोर्टल विकल्प पर अब अभिभावकों का भी रजिस्ट्रेशन होगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा निदेशक की तरफ से सभी जिलों के बीएसए को पत्र लिखा गया है। पत्र में पोर्टल के प्रचार प्रसार हेतु शिक्षकों, छात्रों के साथ अभिभावकों के रजिस्ट्रेशन पर जोर दिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से तैयार किये गए विकल्प पोर्टल को शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस पोर्टल पर तीन तरह की सामग्री उपलब्ध है। जिनमें वीडियो लिंक, मूल्यांकन पत्र व कोश्चंस बैंक शामिल हैं। इसमें शिक्षकों को कोश्चंस बैंक की सहायता से क्विज निर्माण करने की सुविधा दी गई है। इसके अलावा यदि शिक्षक चाहें तो खुद कंटेंट बनाकर अपलोड कर सकते हैं। अपर शिक्षा निदेशक ललिता प्रदीप के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि पोर्टल की राज्यव्यापी पहुंच बनने के लिए जरूरी है कि इससे अभिभावकों को जोड़ा जाय।

# महापौर ने किया जनता की शिकायतों का निस्तारण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आलमबाग** में आयोजित लोकमंगल दिवस पर महापौर से क्षेत्रीय लोगों ने सफाई, सीवर की गडबड होने की शिकायत की। महापौर ने अधिकारियों को सीवर और सफाई कराने का निर्देश दिए। लोकमंगल में कुल 45 शिकायतें पंजीकृत की गई ।

नगर निगम द्वारा सितंबर माह के तीसरे मंगलवार को अवकाश होने के कारण बुधवार को लोकमंगल दिवस का आयोजन किया गया। टिकैतगंज निवासी संदीप ने महापौर संयुक्ता भाटिया को बताया कि उनके घर के सामने सफाई कार्य नहीं कराए जा रहे जिस पर महापौर को जोनल अधिकारी को निर्देशित कर सफाई कराई। मुसलबाग निवासी रिजवान अहमद ने महापौर को बताया कि इंदिरा कुआं के पास सीवर जाम है जो कि सड़कों पर बह रहा है जिसपर महापौर ने महाप्रबंधक जलकल को सफाई करा समस्या निस्तारण के लिए निर्देशित किया। अलीनगर सुनहरा निवासी कमला दयाल ने महापौर को बताया कि उनके घर के सामने सड़क बहुत खराब है जिससे आये दिन लोग चोटिल हो रहे है, जिसपर महापौर ने नगर अभियंता को समस्या निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुल 45 शिकायतें पंजीकृत की गई जिनमे अभियंत्रण की 9, कर विभाग की 12, स्वास्थ्य की 4, मार्गप्रकाश की 6, जलकल की 8 अतिक्रमण की 4 एवं उद्यान की 2 शिकायतें थीं।

# राजधानी में मिले डेंगू के 28 नए मरीज

## मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर कुल 35 घरों को नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डेंगू प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। बुधवार को डेंगू के 28 नए मरीज सामने आए है। यह मरीज आलमबाग, रेडक्रास, अलीगंज, इन्दिरानगर, एनके रोड, टूडियागंज, सिल्वर जुबली आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। डेंगू-मलेरिया पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने आज कुल 2651 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 35 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। इन घरों में कूलर, खाली बर्तन, गमले आदि में डेंगू मच्छर के लार्वा मिले हैं। इन्हें नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर आज नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा अम्बेडकर नगर, इन्दिरानगर, शारदानगर, खरिका, राजाजीपुरम, हुसैनाबाद, फैजुल्लागंज, त्रिवेणीनगर वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, कुछ समय अन्तराल पर कूलर को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सुखाने एवं साफकरने के बाद ही पुन: प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने।

## कोरोना का डर कम होते ही सुस्त पड़ी टीकाकरण की रफ्तार

**लखनऊ।** कोरोना को तीसरी लहर का खौफअब लोगों के दिलोदिमाग से उतरता जा रहा है। शायद यही वजह है कि इस माह टीकाकरण की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। इसमें त्यौहारी सीजन को भी एक वजह विशेषज्ञ मान रहे हैं। स्थिति यह है कि अक्टूबर में 19 दिनों में 1.37 करोड़ टीके ही लगाए गए हैं। जबकि कोरोना से बचाव के लिए सितंबर में 3.44 करोड़ वैक्सीन लगाई गई है। हालांकि अभी तक प्रदेश में कुल 12.07 करोड़ टीके लगाए जा चुके हैं। जो कि देश में सर्वाधिक हैं। कोरोना से बचाव के लिए इस वर्ष जनवरी से कोरोना वायरस टीकाकरण अभियान शुरू हुआ। मार्च व अप्रैल में कोरोना की दूसरी लहर के चलते संक्रमण काफी अधिक था। ऐसे में लोग इसे लेकर काफी भयभीत थे। संक्रमण से उबरने और जून से 18 से 44 वर्ष के युवाओं को वैक्सीन लगाए जाने की भी शुरुआत हुई। जून में 1.27 करोड़ टीके लगाकर नया रिकार्ड बनाया गया। फिर जुलाई में 1.67 करोड़, अगस्त में 2.46 करोड़ टीके लगाए गए। यानी हर महीने रफ्तार बढ़ी है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा अजय घई के मुताबिक वैक्सीन की कोई कमी नहीं है।

## इंजीनियरिंग, फार्मेसी समेत अन्य कोर्सों में दाखिले को लेकर दूसरे चरण की काउंसिलिंग आज से

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की तरफ से इंजीनियरिंग, फार्मेसी समेत अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित यूपीसीईटी की काउंसिलिंग के दूसरे चरण का कार्यक्रम बुधवार को जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए विकल्प चुनकर फीस भरने का अन्तिम अवसर बुधवार तक का समय स्टूडेंट्स को दिया गया। गुरुवार यानी 21 अक्तूबर से दूसरे चरण की काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी आशीष मिश्र के मुताबिक गुरुवार से दूसरे चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यह संभावित कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अधीन है। बता दें कि एकेटीयू के करीब 750 कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग चल रही है।

# देश में 55 फीसद लोगों को ही है आयोडाइज्ड नमक की जानकारी

## विश्व आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस पर विशेष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विश्व** आयोडीन अल्पता विकार दिवस हर साल 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बारे में जागरूक करना है कि आयोडीन मानसिक विकास, थाइरॉयड का सही तरीके से काम करने और शरीर के सम्पूर्ण विकास के लिए बहुत जरूरी है। इंडिया आयोडिन सर्वे 2018-19 के अनुसार देश में 55 फीसद लोगों ने आयोडाइज्ड नमक के बारे में सुना है। इसमें से 61.4 फीसद लोगों ने बताया कि आयोडीन का उपयोग प्राथमिक तौर पर घेंघा रोग में लाभप्रद होता है।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की वरिष्ठ डायटीशियन डा. सुनीता सक्सेना बताती हैं कि आयोडीन सूक्ष्म पोषक तत्व होता है। शरीर में थाइरॉयड हार्मोन का सही से उत्पादन करने के लिए इसकी आवश्यकता पड़ती है। साथ ही गर्भाशय विकास के लिए आवश्यक है। जिन महिलाओं में आयोडीन की कमी होती है उन महिलाओं में थायरॉयड की कार्य प्रणाली बाधित होती है, जिसका असर उनके प्रजनन स्वास्थ्य पर पड़ता है। आयोडीन की कमी गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क के विकास को अवरुद्ध कर देती है। आयोडीन की कमी से हाइपोथायरायडिज्म सबसे आम समस्याओं में से एक है। आयोडीन की कमी से बच्चों का मानसिक विकास कमजोर होता है, ऊर्जा में कमी आती है, जल्द थकान आती है। आयोडीन की कमी से गूंगा-बहरा, घेंघा रोग होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। डा. सुनीता के अनुसार आयोडीन का सबसे सामान्य स्रोत नमक है। इसके अलावा शकरकंद, प्याज, पालक, मछली, बीन्स और समुद्री मछली आदि खाद्य पदार्थों में आयोडीन होता है। इनका सेवन शरीर में आयोडीन की कमी को दूर करता है। बता दें कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 1962 में 100 फीसद केन्द्रीय सहायता प्राप्त राष्ट्रीय घेंघा नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया गया था। अगस्त 2020 में इसका नाम बदलकर राष्ट्रीय आयोडीन की कमी विकार नियंत्रण कार्यक्रम(एनआईडीडीसीपी) कर दिया गया। जिसमें आयोडीन की कमी से होने वाले सभी विकारों को शामिल किया गया। यह कार्यक्रम सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में लागू है।

**आयोडीन की कमी से बच्चों में कई तरह की बीमारी बढ़ने की संभावना:** डा. सुनीता बताती हैं कि आयोडीन की कमी से बच्चों में कई तरह की बीमारियों के होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इन बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है कि 11 माह तक के बच्चे को प्रतिदिन 50 माइक्रो ग्राम, पांच साल तक की उम्र के बच्चे को प्रतिदन 90 माइक्रो ग्राम, 6-12 साल तक के बच्चे के लिए 120 माइक्रो ग्राम और 12 साल से अधिक की आयु के लिए 150 माइक्रो ग्राम आयोडीन का सेवन करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन 220 माइक्रोग्राम और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को प्रतिदिन 290 माइक्रोग्राम आयोडीन का सेवन करना चाहिए। आयोडीन से शरीर स्वस्थ और दिमाग चुस्त बनता है, कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होती है।

## सीएम की घोषणा को लेकर एकेटीयू ने बढ़ाए कदम

**लखनऊ।** प्रदेश के इंजीनियरिंग मैनेजमेंट, फार्मेसी कॉलेजों में एक परिवार से एक साथ पढ़ने वाली दो बेटियों में से एक बेटी को फ्री शिक्षा पाने का मौका मिल सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा को देखते हुए इस दिशा में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। विश्वविद्यालय ने अपने सभी राजकीय और निजी इंजीनियरिंग समेत अन्य पाठ्यक्रमों के कॉलेजों से इस बाबत जरूरी सूचनाएं मांगी है। पिछले दिनों 2 अक्टूबर को लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि यदि शासन द्वारा निर्धारित आय सीमा के नीचे जीवन यापन करने वाले किसी परिवार की अधिक से अधिक बच्चियां किसी विद्यालय, महाविद्यालय अथवा संस्थान में अध्ययन कर रही हैं, तो दूसरी बच्ची की ट्यूशन फीस या तो संस्था को प्रोत्साहित करते हुए माफ कराई जाएगी या उसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है।

## कार्यालय नगर पंचायत मऊ, जनपद–चित्रकूट

पत्र संख्या – 148/न0पं0मऊ/ई–निविदा/2021–22, दिनांक 20 अक्टूबर, 2021

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना


ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत नगर पंचायत मऊ जनपद चित्रकूट में 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत शासन द्वारा प्राप्त धनराशि से नगर में विकास कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डर निविदा दिनांक 21.10.2021 से 11.11.2021 तक समय दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 11.11.2021 को समय अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगी। इस सम्बन्ध में निविदा के प्रपत्रों में निविदा शुल्क व जमानत धनराशि को जमा करने के लिए टाउन फण्ड खाता संख्या– 40050347025 आई.एफ.एस.सी. कोड नं० SBIN0011205 में जमा की जा सकती है। निविदा डाले जाने सम्बन्धी सूचना http://etender.up.nic.in देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

(राम आशीष वर्मा)
अधिशाषी अधिकारी,
नगर पंचायत मऊ
जनपद चित्रकूट।

(नवदीप शुक्ला)
प्रशासक/उप जिलाधिकारी
नगर पंचायत मऊ
जनपद चित्रकूट।

# पांच साल माफिया और गुंडों के पायलट बने रहे अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



● सपा प्रमुख से योगी सरकार के दौरान चलाई जा रही विकास परियोजनाएं देखी नही जा रही

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान का मखौल उड़ाते हुए कहा है कि अपनी सरकार में माफिया और आतंकवादियों के पायलट बने रहे और अब योगी सरकार के विकास को देख कर आंखे फटी रह गई हैं। भाजपा अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि अपने कार्यकाल में सिर्फ अपराध का रनवे तैयार करने के लिए कुख्यात सपा अध्यक्ष को समझ नहीं आ रहा है कि कुशीनगर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन पर अपनी खिसियाहट कैसे मिटाएं। जाहिर है उनको उलजलूल और मिथ्या प्रचार का सहारा लेना पड़ रहा है।

अपना विवेक और याददाश्त दोनों को चुके अखिलेश यादव को यह भी याद दिलाना जरूरी है कि प्रदेश में 2010 में उनकी सरकार थी ही नहीं जब कुशीनगर एयरपोर्ट के प्रोजेक्ट की प्रक्रिया शुरू हुई थी। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सपा के मुंगेरी लाल कह रहे हैं कि बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली के रूप में प्रतिष्ठित कुशीनगर के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परियोजना की शुरुआत उनके कार्यकाल में हुई थी। कुशीनगर में 101 एकड़ भूमि पर 1644 गुणा 23 मीटर रनवे के साथ कसया राजकीय हवाई पट्टी वर्ष 2010 में नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि बौद्ध पर्यटन के अन्तर्राष्ट्रीय महत्व एवं अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों की बढ़ती अभिरूचि का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने अप्रैल 2011 तक लगभग 488 एकड़ भूमि का क्रय, अधिग्रहण करके कसया राजकीय हवाई पट्टी की 101 एकड़ भूमि को सम्मिलित करते हुए कुल 589 एकड़ भूमि पर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण की परिकल्पना की थी। अब बताने की आवश्यकता नहीं है कि 2011 में प्रदेश में सपा की सरकार नहीं थी। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि 2019 में योगी सरकार ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ अनुबंध किया था जिसके बाद ही इसे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा मिलने की प्रक्रिया शुरू हो सकी थी। अब अखिलेश को यह भी बताना पड़ेगा कि यह उस समय भी यहां उनकी सरकार नहीं थी। उस समय यहां हवाई पट्टी ही थी लेकिन इतने अल्प समय में प्रदेश की भाजपा सरकार ने विश्व स्तर का एयरपोर्ट बना कर दिखा दिया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा से किसी अच्छे कार्य की तारीफ की उम्मीद तो नहीं की जा सकती है लेकिन दूसरी सरकार का श्रेय लेना तो ऐसे व्यक्ति पर शोभा नहीं देता है जो स्वयं मुख्यमंत्री रह चुका हो। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा अखिलेश के मुख्यमंत्रित्व काल में आतंकवादी हवाई जहाज से ले जाए जाते थे। शायद तभी उनको पायलट और रनवे की याद आ गई। उन्होंने कहा खैर एक बार जनता सपा का इतना बुरा हश्र कर चुकी है कि वह भी समझ रहे हैं कि 2022 विधान सभा चुनाव में तो 22 सीटों के भी लाले पड़े हैं।

## सिसेण्डी में रोड जाम करने वालों पर एफआईआर

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सिसेण्डी** में शव रखकर ढ़ाई घण्टे तक मौरावां रोड जाम करने वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। रोड जाम की फोटो और वीडियो के जरिए पुलिस तकरीबन डेढ़ दर्जन लोगों को चिन्हित कर चुकी है। जबकि अन्य अज्ञात लोगों को चिन्हित करने की कार्रवाई चल रही है।

मोहनलालगंज के सिसेण्डी निवासी इंसार अली की सोमवार शाम धनुवासांड़ के निकट पिकप की टक्कर से मौत हो गई थी। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव वापस गांव लाया गया तो एफआईआर और मुआवजे की मांग लेकर ग्रामीणों ने सिसेण्डी बाईपास पर शव रखकर मौरावां रोड जाम कर दी। अधिकारियों के समझाने पर ढ़ाई घण्टे बाद रोड जाम समाप्त कराया जा सका। उपनिरीक्षक राजवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने 17 नामजद और 50–60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध रोड जाम और महामारी अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया पुलिस को मिले फोटो और वीडियो से रोड जाम करने वाले 17 लोगों की शिनाख्त हो चुकी है। जबकि अन्य की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

## नेशनल प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र ने जीता गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के कक्षा-4 के मेधावी छात्र मोहम्मद हादी ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन 'ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2021' में गोल्ड मैडल अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के करीब 1000 से अधिक विद्यालयों से 2800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसमें सीएमएस चौक कैम्पस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर 50वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधत्व का परचम लहराया है।

## त्योहारों को लेकर व्यापारियों ने डीसीपी के साथ की बैठक



**लखनऊ।** उप्र आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जिसमें ख्याति गर्ग डीसीपी सेंट्रल लखनऊ कमिश्नरेट उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि कोविड महामारी में पुलिस का एक रूप जनता को देखने को मिला कि किस प्रकार पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों की सेवा की, ख्याति गर्ग ने व्यापारियों से अपनी दुकान के बाहर उच्च गुणवत्ता के क्लोज सर्किट कैमरे लगाने को कहा। उन्होंने कोविड के बाद व्यापार को पटरी पर लाने के लिए पुलिस द्वारा हर संभव सहायता व्यापारियों को देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में लखनऊ जिला प्रभारी खुर्शीद आलम, अजय रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार, सचिव वेद राजवंशी, प्रवक्ता पवन शुक्ला, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत दुबे, मीडिया प्रभारी हर्ष बंसल, ट्रांस गोमती अध्यक्ष शिव प्रकाश तिवारी, शीलू जयसवाल सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

## शतचंडी यज्ञ व भण्डारा सम्पन्न

**निगोहां।** निगोहां के बरवलिया गांव में सात दिवसीय विराट शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमे पूर्ण आहुति के बाद बुधवार को भण्डारे का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यज्ञ कार्यक्रम में ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। क्षेत्र के बरवलिया गांव में डॉ. श्री राम शुक्ल द्वारा सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ कराया गया जिसमे दूर दूर से आये वक्ताओं और सन्तों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को अनेक प्रसंग सुनाये, साथ ही सदैव सत्य बोलने अपने माता पिता व गुरु की आज्ञा का पालन करने की बात कही। हवन पूजन यज्ञ कार्य के पश्चात बुधवार को भण्डारे का आयोजन किया गया।

## पैट्रोलियम डिपो में बम थ्रेट ड्रिल का हुआ आयोजन

**सरोजनीनगर।** हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सरोजनीनगर स्थित डिपो में बुधवार को बम के खतरे से निपटने की कवायद (बॉम्ब थ्रेट डिल) का आयोजन हुआ। किया गया। इस कवायद में एटीएस, एसडीआरएफ व स्थानीय फायर स्टेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान बम फटने से एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस एसडीआरएफकी टीम ने उपचार के लिए अस्पताल भेजा। इस ड्रिल के दौरान यूपी एटीएस ने डिपो में लगाए गए बम को सुरक्षित डिपो के बाहर निकाला। जब यह कार्यवाही हो रही थी तभी एक दूसरा बम फट गया जिससे दो लोग जख्मी हुए। जख्मी लोगों को एसडीआरएफके दल ने बड़ी मुस्तैदी से प्राथमिक उपचार दिया और आगे की कार्यवाही के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा।

## 77वां हवाई यातायात नियंत्रक दिवस समारोह आयोजित

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 77वें हवाई यातायात नियंत्रक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अदाणी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चीफ़आपरेटिंग आफिसर एससी होता ने हवाई यातायात से जुड़े कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री होता ने कहा कि दुनिया भर में एटीसी का प्राथमिक उद्देश्य टकराव को रोकने, वायु यातायात के प्रवाह को व्यवस्थित एवं तेज़ करने तथा पायलटों के लिए जानकारी और अन्य सहायता प्रदान करना है। हवाई यातायात को सुचारू रूप से चलाने में हवाई यातायात कंट्रोल का अहम योगदान है। हवाई यातायात कंट्रोल लखनऊ से सेवानिवृत्त जीडी जोशी. डीसी मिश्रा, आरडी वाजपेयी एवं बीबी श्रीवास्तव ने जहां अपने अनुभव साझा किया।

## पार्षद ने नगर अभियंता पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर प्रथम वार्ड के पार्षद राम नरेश रावत ने नगर निगम जोन-पांच के नगर अभियंता पर बिना पार्षद की संस्तुति के ही लाखों रुपए के विकास कार्य में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस को लेकर महापौर और नगर आयुक्त से शिकायत की है। पार्षद राम नरेश रावत का कहना है कि सरोजनीनगर प्रथम वार्ड में कई सड़कें जर्जर और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हैं। इसको लेकर महापौर द्वारा नगर निगम बैठक में कहा गया था कि पार्षदों से संस्तुति पत्र लेकर ही पैच वर्क की फाइल तैयार की जाएगी। लेकिन पार्षद रामनरेश का आरोप है कि जोन-5 के नगर अभियंता पीके श्रीवास्तव ने बिना उनकी जानकारी और बिना सूचना दिए ही 9.55 लाख रुपये की फाइल बनाकर टेंडर के लिए भेज दिया।

## वरदानी हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन

**लखनऊ।** पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के हरदोई रोड दुबग्गा पर प्रसिद्ध वरदानी हनुमान मंदिर में वाल्मीकि जयंती पर बुधवार की सुबह से शाम तक भजन कीर्तन का आयोजन हुआ जिससे पुरोहितों एवं पुजारियों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं। भजन कीर्तन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजनी मिश्रा, धर्म वीर शास्त्री एवं नैमिष तिवारी आदि लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## जरूरतमन्दों को बांटे चश्मे

**लखनऊ।** राजधानी की पश्चिम विधानसभा के जरूरतमंद लोगों को ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजू मिश्रा के नेतृत्व में चश्मा वितरण किया गया। सोमवार को एकता नगर चौराहे और दुबग्गा चौराहे पर कैम्प लगाया गया और ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, मण्डल उपाध्यक्ष मोहित द्विवेदी, उदय चौरसिया, विकास श्रीवास्तव, विक्की लाला , संतोष सिंह मंडल मीडिया प्रभारी ,आशीष कश्यप, अन्नू तिवारी, पवन वर्मा एवं दर्जनों कार्यकर्ताओं ने लोगों को बचाव सामग्री एवं चश्मे का वितरण किया।

## बदमाशों ने जिला सूचना के कम्प्यूटर आपरेटर की पत्नी को लूटा

**सरोजनीनगर।** मूलरूप से रायबरेली जनपद के बछरावां में रहने वाले मंयक तिवारी जिला सूचना कार्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर पद पर तैनात है। मंयक की पत्नी प्रतीक्षा तिवारी सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्टनगर में स्थित एक मोटर कम्पनी में काम करती है। प्रतीक्षा तिवारी के मुताबिक बुधवार की शाम आफिस से छुट्टी होने के बाद वह अपनी स्कूटी से तेलीबाग स्थित पंचमखेड़ा घर जा रही थी। इसी दौरान शहीदपथ पर निर्माणाधीन एयरपोर्ट ओवरब्रिज के नीचे एक बाइक पर सवार दो युवको ने उन्हें रुकने का इशारा किया। उसके रुकते ही एक बदमाश स्कूटी के आगे रखा बैग उठाने लगा। प्रतीक्षा ने इसका विरोध किया तो बदमाश ने उनको धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। प्रतीक्षा के चिल्लाने की आवाज सुनते ही राहगीर दौड़ पड़े। इसी बीच बदमाश प्रतीक्षा का बैग लेकर फरार हो गये। प्रतीक्षा की सूचना पर पहुंचे मंयक ने इसकी जानकारी सरोजनीनगर पुलिस को दी।

## शौच गई महिला से दुष्कर्म

**माल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला ने गांव के ही युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला ने थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे वह शौच के लिए गई थी। तभी गांव का ही रहने वाला एक युवक मुंह दबाकर उसे झाड़ियों में खींच ले गया और उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर पिटाई भी की है।

## कार्यालय जिला पंचायत, सोनभद्र।

### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

पत्रांक : 636/जि0पं0/नि0अनु0–ईटेण्डर/2021–22 दिनांक : 18 अक्टूबर, 2021

उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावली 2020 के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक उ0प्र0 शासन के आदेश सं0–4634/33–सेल/2021 दिनांक 05.10.2021 के अनुपालन में डी0पी0आर0सी0 मद अनुदान से प्राप्त ब्याज के सापेक्ष निम्नांकित कार्य कराये जाने हेतु जिला पंचायत सोनभद्र द्वारा दिनांक–29.10.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ई–टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित को जाती हैं। ई–निविदा आनलाइन दिनांक–22.10.2021 के पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक–29.10.2021 के पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ई–टेंडरिंग पोर्टल वेबसाइट etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी, जो आनलाईन etender.up.nic.in पर ही अपलोड/डाउनलोड/सबमिट किया जा सकेगा। आमंत्रित निविदाओं की तकनीकी बिड दिनाक–29.10.2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। वित्तीय बिड की सूचना पृथक से आनलाइन सूचित की जायेगी। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोधर धनराशि पृथक–पृथक राष्ट्रीय कृत बैंको की एफडीआर/डाकघर की एनएससी जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र के नाम से बन्धक होगा, तथा निविदा मूल्य का ड्राफ्ट राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा अपर मुख्य अधिकारी के पक्ष में पृथक–पृथक देय होगा, जिसकी स्कैन प्रतियाँ निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।

निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्टस/पे आर्डर्स की स्कैन प्रति अथवा प्रतिभूति प्रमाण पत्र विभाग के पक्ष में बन्धक कराने पर प्राप्त ट्रांजेक्शन नम्बर को निविदा के समय अपलोड किया जायेगा तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से जिला पंचायत कार्यालय को प्रस्तुत किये जायेंगे। निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्टस/पे आर्डर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत नहीं किये जाने पर निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी। रू0–100.00 स्टैम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र आनलाईन स्कैन करते हुए निविदा के साथ संलग्न करना होगा। बिना धरोहर धनराशि व निविदा मूल्य तथा अद्यतन चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र के निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा कार्यो की सूची etender.up.nic.in एवं sonbhadra.nic.in पर अपलोड है, जिसे निविदा डालने हेतु प्राप्त किया जा सकता है। किसी/सभी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। निविदा से सम्बंधित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत सोनभद्र से प्राप्त की जा सकती है।

(एस0पी0 पाण्डेय)
अभियन्ता
जिला पंचायत सोनभद्र।

(प्रदीप कुमार सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत सोनभद्र।

(राधिका पटेल)
अध्यक्ष
जिला पंचायत सोनभद्र।

# बैलेट बाक्स की प्राथमिक जांच जल्द पूरी कराने की हिदायत

● डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**ईवीएम** वेयर हाऊस का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम अभिषेक प्रकाश ने बैलेट बाक्स की प्रथम स्तरीय जांच को हर सूरत में अक्टूबर माह में पूरी करने की हिदायत दी। डीएम ने प्रतिदिन हो रही जांच को नाकाफी बताकर तकरीबन डेढ़ हजार बैलेट बाक्स की जांच कराने के निर्देश दिए। वेयर हाऊस परिसर में उगी घास–फूस और सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाकर डीएम ने मातहतों से नाराजगी जताकर व्यापक सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम वेयर हाऊस की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिए। डीएम ने एफएलसी का टारगेट पूरा करने के लिए एडीएम भू.आध्यासि धर्मेन्द्र सिंह और डीपीआरओ शाश्वत आनन्द सिंह को सहप्रभारी बनाकर नियमित मानीटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम शुभी सिंह को तहसील समेत अन्य विभागों का स्टाफभी जुटाने को कहा। इस मौके पर तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा और एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लि0, उन्नाव अल्पकालिक ई–निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यो को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से ई–निविदायें दो भागों में अलग–अलग निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी/निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते ई–टेण्डरिंग की पोर्टल etender.up.nic.in वेबसाइट पर अवलोकित की जा सकती है। निविदा सूचना www.mvvnl.in पर भी अवलोकित की जा सकती है। सभी निविदाओं को अपलोड करने की अंतिम तिथि 02.11.2021 समय 17:00 बजे तक तथा प्रथम भाग खुलने की तिथि 03.11.2021 समय 14:00 बजे नियत है। निविदा में संशोधन, तिथि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन आदि की सूचना भी उक्त पोर्टल पर एवं वेबसाईट पर उपलब्ध करायी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बतायें एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न कार्यो के मध्य विभक्त करने/संशोधन /मात्रा को ±10% घटाने/बढाने करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **1. निविदा सं०–122/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 1800.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) नवसृजित प्रवर्तन दल, उन्नाव के कार्यालय में विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु 01 अदद कम्प्यूटर आपरेटर को उपलब्ध कराने का कार्य (1 वर्ष हेतु) **2. निविदा सं०–123/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 1800.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) एण्टी पावर थेफ्ट थाने के कार्यालय हेतु 01 अदद कम्प्यूटर आपरेटर को उपलब्ध कराने का कार्य (1 वर्ष हेतु) **3. निविदा सं०–124/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 2700.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) सहायक अभियन्ता (आई0टी0), विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव के विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु एक नग हल्के डीजल चालित वाणिज्यिक वाहन मय चालक उपलब्ध कराने का कार्य। (1 वर्ष हेतु) **4. निविदा सं०–125/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 2700.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, उन्नाव के उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड–प्रथम, उन्नाव हेतु 01 नग डीजल चालित वाणिज्यिक वाहन मय चालक उपलब्ध कराने का कार्य। (1 वर्ष हेतु) **5. निविदा सं०–126/वि0वि0मं0/उ0 /2021– 22** धरोहर धनराशि – रू0 1600.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180= 1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड– प्रथम, उन्नाव के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के परिसर के समीप स्थापित वितरण परिवर्तक के शिफ्टिंग का कार्य। (पूर्ण जमा योजना मद में) **6. निविदा सं०–127/वि0वि0मं0/उ0/ 2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 3700.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–पंचम, हसनगंज, उन्नाव के उपखण्ड हसनगंज के अन्तर्गत. भिन्न–भिन्न स्थानों पर 33 के0वी0, 11 के0वी० व एल0टी0 लाइनों के मरम्मत का आकस्मिक कार्य। (01 वर्ष हेतु) **7. निविदा सं०–128/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 3500.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–पंचम, हसनगंज, उन्नाव के उपखण्ड अजगैन के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न स्थानों पर 33 के0वी0, 11 के0वी0 व एल00टी0 लाइनों के मरम्मत का आकस्मिक कार्य। (01 वर्ष हेतु) **8. निविदा सं०–129/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 2800.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–पंचम, हसनगंज, उन्नाव के उपखण्ड मियागंज के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न स्थानों पर 33 के0वी0,11 के0०वी0 व एल0टी0 लाइनों के मरम्मत का आकस्मिक कार्य। (01 वर्ष हेतु) **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव।** पत्रांक–5446 दिनांक–20.10.2021 ''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें'' बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगाएं।

## स्वच्छ भारत के साथ मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाएं अधिकारीः सीडीओ

**सरोजनीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छ भारत मिषन के स्वच्छता अभियान के साथ–साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करने में योगदान दे। अधिकारी अपने अभियान में 18 वर्ष के युवाओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने, मतदाताओं की संख्या बढ़े और मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक मतदान कराये। श्री पाण्डेय बुधवार को विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय स्वच्छ भारत अभियान समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेहरू युवा केंद्रों के माध्यम से देश के 744 जनपदों में 1–31 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत अभियान के तहत राजधानी में 15 हजार किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित कर उसे डिस्पोज किये जाने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान सीडीओ श्री पाडेण्य ने समीक्षा बाद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान पूरी निष्ठा के साथ संचालित किया जाय।

# जयंती पर याद किये गए एपी सेन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रसिद्ध** बंगाली संगीतकार, गीतकार, गायक, बुद्धिजीवी, वकील एवं लखनऊ शहर के उप महापौर रहे स्व अतुल प्रसाद सेन की 150 जयंती बुधवार को एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स महाविद्यालय में मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में बंगाली विरासत का भारतीय समाजशास्त्र में योगदान विषय पर व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं समाजशास्त्र विभाग में प्रोफेसर संजय सिंह ने लखनऊ विश्विद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की स्थापना में प्रो राधा कमल मुखर्जी, प्रो.डीपी मुखर्जी एवं प्रो. डी एन मजूमदार के योगदान को याद किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह तीनों विभूतियां एपी सेन के सीनियर थे। एपी सेन ने लिटरेसी सभा बुलाई थी जिसकी अध्यक्षता गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर ने की थी और प्रो राधा कमल मुखर्जी ने भी सभा में सहभागिता दी थी। प्रो राधा कमल मुखर्जी और प्रो. बीरबल साहनी को लखनऊ विश्विद्यालय के पहले प्रोफेसर होने का भी गौरव प्राप्त है। जेएनपीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विषय में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रितु घोष ने अपने उद्बोधन में एपी सेन को याद करते हुए बताया कि लाल बहादुर शास्त्री नेशनल प्रशिक्षण संस्था, शिमला का कुल गीत अतुल प्रसाद सेन की ही रचना पर आधारित है।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा।

पत्रांक : मु0चि0अ0/जन्म–मृत्यु/अनुभाग/विज्ञा0/2021/6292 दिनांक 11 अक्टूबर, 2021

| जन्म पंजीकरण के लाभ | | | मृत्यु पंजीकरण के लाभ |
|---|---|---|---|
| 1. स्कूल में प्रवेश हेतु<br>2. राशन कार्ड में शिशु का नाम बढ़ाने हेतु<br>3. बीमा पालिसी हेतु<br>4. ड्राईविंग लाईसेंस हेतु | 5. पासपोर्ट बनवाने हेतु<br>6. सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं में प्रवेश हेतु<br>7. मतदान का अधिकार एवं चुनाव उम्मीदवारी हेतु<br>8. स्वयं विवाह का अधिकार प्राप्त करने हेतु | 9. बाल विवाह एवं बच्चों अनैतिक व्यापार के विवादों के निपटाने हेतु<br>10. अन्य उद्देश्य जहां आयु प्रमाण की आवश्यकता है। | 1. मृत्यु तिथि का प्रमाण<br>2. उत्तराधिकार सिद्ध करने हेतु<br>3. सम्पत्ति, बीमा तथा सामाजिक सुरक्षा के लाभों पर दावा प्रमाणित करने हेतु |

- **जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है।**
- **जन्म–मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।**
- **जन्म–मृत्यु का पंजीकरण उसके घटित होने के स्थान पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) से करायें।**
- **जन्म का पंजीकरण बच्चों का अधिकार है।**

➢ **जन्म अथवा मृत्यु के 21 दिनों के अन्दर सूचना देने पर :–**
सूचना दाता द्वारा सूचना उपलब्ध कराये जाने पर रजिस्ट्रार द्वारा रजिस्ट्रीकरण के तत्काल बाद निःशुल्क जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

➢ **21 दिन के पश्चात परन्तु 30 दिनों के अन्दर सूचना देने पर :–**
सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रू0 2.00 (रुपया दो मात्र) विलम्ब शुल्क लेकर रजिस्ट्रीकरण किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र निर्गत किया जएगा।

➢ **31 दिन से 1 वर्ष के अन्दर सूचना देने पर :–**
सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा 5.00 (रु0 पांच मात्र) विलम्ब शुल्क तथा नोटरी (हलफनामा) के साथ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (शहरी) तथा जिला पंचायत राज अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र) की अनुमति से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्ट्रीकरण किया जाएगा।

➢ **1 वर्ष के बाद सूचना देने पर :–**
सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रु0 10.00 (रु0 दस मात्र) विलम्ब शुल्क तथा उपजिलाधिकारी (ए0डी0एस0) के लिखित आदेश पर जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

(डा0 करीम अख्तर कुरेशी)
उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मथुरा

(डा0 रचना गुप्ता)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मथुरा

(नितिन गौड)
आई.ए.एस.
मथुरा

(नवनीत सिंह चहल)
आई.ए.एस
मथुरा

सौजन्य से जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद–मथुरा।

# व्यायामशाला में युवती से गैंगरेप

## सुबह गली में खून से लथपथ मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भेलूपुर** थाना क्षेत्र के खोजवां इलाके में स्थित कोलुआवीर व्यायामशाला के भीतर मंगलवार की रात में आधा दर्जन की संख्या में युवकों ने 35 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म कर दिया। लहूलुहान युवती किसी तरह व्यायाम शाला से निकलकर भागी। कुछ दूर पर एक घर के समीप जाकर युवती छिप गई। सुबह लोगों के सोकर उठने के बाद युवती को बिना वस्त्र और खून से लथपथ देख पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए युवती को वस्त्र पहनाया। व्यायामशाला के भीतर कई जगहों पर खून बिखरा पड़ा था। मौके पर एडीसीपी राजेश पांडेय एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार थाना प्रभारी रमाकांत दुबे के साथ पहुंचे। युवती को जिला अस्पताल भेजवाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खून को धुलवा दिया। एडीसीपी राजेश पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुष्कर्म का मामला लगता है। महिला बाहर की रहने वाली लग रही है। मन्दिर और व्यायाम शाला की देखरेख करने वाले विश्वनाथ ने बताया कि रात में 10 बजे दुकान बंद होने के बाद व्यायामशाला से लोग निकल जाते हैं। बताया कि छोटा गेट खुला रहता है, संभव है कि अंदर जाने के लिए उसी रास्ते का प्रयोग किया गया होगा। स्थानीय लोगों का कहना था कि सूचना देने के बाद भी क्षेत्रीय पार्षद तक मौके पर नहीं पहुंचे। घटना स्थल के अगल-बगल में रहने वाले लोगों की मानें तो देर रात एक मोटरसाइकिल से युवक - युवती गली में घुसते दिखे थे। घटनास्थल के अगल- बगल बस्ती होने के कारण किसी को आवाज सुनाई नहीं पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस के अनुसार खून रिसाव की वजहों की पड़ताल चिकित्सक कर रहे हैं। युवती बंगला भाषा बोल रही थी। घटना रात्रि एक बजे के बाद का बताया जा रहा है। वहीं अगल बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे से पुलिस को कुछ नहीं मिला।

### फोरेंसिक टीम को बिना बुलवाए पुलिस ने खून धुलवाया

वाराणसी। सरायनन्द खोजवां स्थित कोलुआवीर मन्दिर में युवती के साथ दुष्कर्म के बाद बिखरे खून को पुलिस ने बिना फोरेंसिक टीम से जांच कराए धुलवा दिया। बिना फोरेंसिक टीम से मौका मुआयना कराए खून धुलवाने को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। पुलिस ने निरमा पावडर डालकर फैले खून को धुलवा दिया। स्थानीय लोगों का कहना था कि शाम से लेकर देर रात तक व्यायाम शाला के भीतर शराबियों, गंजेड़ियों का जमावड़ा रहता है।

**सौ करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य पूरा होने पर तिरंगामय होंगे वृन्दावन के दो मंदिरः** मथुरा। देश में सौ करोड़ लोगों के कोविड-रोधी टीककरण का लक्ष्य पूरा होने पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा कोरोना योद्धाओं के सम्मान में बृहस्पतिवार को वृन्दावन के दो प्राचीन मंदिरों ठा. गोविंद देव मंदिर एवं ठा. मदनमोहन मंदिर को भी तिरंगामय रोशनी में जगमगाने की तैयारी कर ली गई है।गौरतलब है कि उक्त दोनों मंदिर एएसआई की संरक्षित स्मारकों संबंधी केंद्रीय सूची में सम्मिलित हैं तथा वृन्दावन के पांच सदी पुराने सप्त देवालयों में शामिल हैं।भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, आगरा मण्डल के अधीक्षण पुरातत्वविद आर के पटेल ने पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया कि भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार देश में सौ करोड़ निवासियों को टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण होने के अवसर पर कोरोना योद्धाओं के सम्मान के रूप में प्राचीन धरोहरों को राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों में सजाने का निर्णय लिया गया है।

# बांदा में जोरों पर चल रहा है धर्म परिवर्तन का खेल

## हिंदू लड़के को मुसलमान बना करा दी शादी

**संवाददाता।** बांदा

**बांदा** में धर्म परिवर्तन का कार्य जोरों से चल रहा है बांदा सिटी में एक हिंदू परिवार के लड़के को मुसलमान धर्म स्वीकार करा कर मुस्लिम लड़की से शादी करने का मामला सामने आया है पुलिस अधीक्षक बांदा के पास पप्पू सैनी नाम के व्यक्ति ने एक प्रार्थना पत्र दिया है उसने बताया है कि मेरे पुत्र विवेक सैनी को किस तरह से बहला.फुसला कर मुस्लिम धर्म स्वीकार करा कर शादी करा ली है और उसका नाम मोह मद राजू रख दिया है यहां पर इस कार्य को एक वकील द्वारा किया जाता है वही सारे कागजात तैयार करता है शादी का कार्ड छप आता है और काजी का भी इंतजाम करता है रजिस्ट्रेशन का नंबर भी देता है इसका रजिस्ट्रेशन नंबर 89 आप लेकिन 91 हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सनी जलालपुर में भी लगभग एक दर्जन परिवार के लोगों को मुस्लिम धर्म स्वीकार करा दिया है क्योंकि यह हथौरा मदरसे के ठीक बगल में है वहां भी ऐसी जानकारी आई है कि एक व्यक्ति है जिसे मुस्लिम धर्म स्वीकार कराने हेतु दबाव बनाया जा रहा है और उसके उसी गांव में कई साथी मुस्लिम धर्म स्वीकार कर चुके हैं अपना नाम बदल चुके हैं धर्म परिवर्तन कर चुके हैं। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष श्री बेदी जी ने लालपुर छनेरा पहुंचकर जिस व्यक्ति को जबरदस्ती मुस्लिम बनाने का दबाव बना रहे मौलवी को थाना देहात कोतवाली ने आज गिर तार कर लिया इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद की टीम दल बल के साथ और प्रशासन के साथ उस गांव में पहुंची एक हिंदू परिवार को 10 वर्ष पहले मुस्लिम धर्म स्वीकार कराया गया था और भी कई दर्जन लोग मुस्लिम धर्म स्वीकार कर चुके हैं पलानी तहसील मे निषाद परिवार के डॉक्टर मोतीलाल ने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया है।

# पीलीभीत में भारी बारिश से बाढ़ का कहर, सेना मोर्चे पर

**भाषा।** पीलीभीत

**जिले** में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और बांधों से छोड़े गए पानी ने भारी तबाही मचाई है। जिले में शारदा और देवहा नदियों के उफान के कारण कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ की भयावह स्थिति में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए प्रशासन को सेना की मदद लेनी पड़ी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के क्षेत्रीय सांसद वरुण गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बाढ़ के कारण फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को देने की मांग की है। पीलीभीत के जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बुधवार को बताया कि पिछले दो दिन में हुई बेमौसम बारिश के कारण शारदा और देवहा नदियों ने रौद्र रूप ले लिया है और इनके किनारे बसे कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने के लिए सेना की मदद ली जा रही है और उसने अब तक बाढ़ में जगह-जगह फंसे 26 लोगों को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। जिले के शारदा पुनहाना, गुनहा, गोरख डिब्बी और पलिया में करीब 500 ग्रामीणों के बाढ़ में फंसे होने की सूचना है।

## बाढ़ में बह गए दो युवक

**रेउसा** सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र में बसंतपुर गांव के पास सड़क पर बह रहे पानी के तेज बहाव में साइकिल से जा रहे दो युवकों में से एक युवक तेज बहाव में बह गया। वही साथी युवक ने तैर कर अपनी जान बचा ली। पहाड़ों पर हुई बारिश के चलते बैराजों से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से रेउसा क्षेत्र के गोलोक कोंडर में में बाढ़ आ गई है। सड़कों पर तेज पानी बह रहा है वही बसंतपुर रेउसा मार्ग पर भगत सिकडोहर गांव के पास पुलिया पर अपने मामा के साथ जा रहा एक युवक अचानक तेज बहाव में बह गया। ग्रामीणों के द्वारा शव की तलाश की जा रही है मौके पर पीएसी के गोताखोर भी आए हैं। और वह लोग तलाश कर रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी बिसवां सुशील कुमार एडिशनल एसपी डॉ राजीव दीक्षित, उपजिलाधिकारी विसवां व थाना रेउसा की पुलिस मौके पर मौजूद।

## नदी के बहाव में डूबीं दो नावें, ग्रामीण की मौत



**संवाददाता।** खमरिया-खीरी

**ईसानगर क्षेत्र** में नदी पार धान की फसलें देखने जा रही ग्रामीणों से भरी दो नावें ईसानगर इलाके में डूबकर लापता हो गई। दोनों नावों पर सोलह ग्रामीण सवार थे। जिसमें एक ग्रामीण की डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएम अरविंद चौरसिया, एसपी विजय ढुल समेत प्रशासनिक अमला मौके पर जा पहुँचा। हालांकि घाघरा के तेज बहाव से असफल हुई एनडीआरएफकी टीम के बाद जिला प्रशासन ने नदी के बीच धार में फंसे ग्रामीणों को हेलिकॉप्टर की मदद से निकाल लिया है। भारी बरसात के बाद नदियों में डिस्चार्ज किए गए पौने पांच लाख क्यूसिक पानी के जारी अलर्ट से बेखबर ईसानगर इलाके के गांव मिर्जापुर निवासी सुंदर, त्रमोहन, अशोक ढोढे , दीपू , सुरेंद्र , राजेन्द्र, कृपा दयाल, मुरारी, रामप्रसाद, रंगेश, श्रीकिशन, कौशल, विक्रम, ब्रजेश व राजू बुधवार की सुबह करीब दस बजे गांव के समीप अलग अलग दो नावों में एक मे 9 लोग व दूसरी नाव में सात लोग बैठकर नदी पार अपनी धान की फसलों को देखने जा रहे थे।तभी कुछ देर बाद गांव में अचानक कोहराम मच गया। गांव में किसी ग्रामीण ने आकर सूचना दी कि नाव पर सवार होकर नदी पार गए ग्रामीणों की नाव तेज धार में पलट गई है। ग्रामीणों ने आनन फानन में इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस समेत तहसील प्रशासन को दी।जिसपर डीएम अरविंद चौरसिया, एसपी विजय ढुल, एसडीएम धौरहरा रेनू समेत ईसानगर इंस्पेक्टर राजकरन शर्मा व तहसील प्रशासन मौके पर पहुंच गया।

## पानी की धारा में बहा रपटा पुल

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**भीरा पलिया** शारदा नदी का रेलवे और यात्री पुल के बीच बांध टूट गया। शारदा नदी का पानी पलिया की तरफ जा रहा है। लगातार तीन दिनों से हो रही बरसात और बनबसा बैराज से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से पीलीभीत के ट्रांस शारदा क्षेत्र सहित लखीमपुर खीरी के संपूर्ण नगर पलिया भीरा में शारदा तथा सुहेली व मुहाना नदियों की पलिया शहर की चीनी मिल में लगभग 5 फुट से ऊपर पानी लबालब भर गया वही ढाखिन इंदिरा नगर सुभाषचन्द्र नगर कॉलोनी की सडको पर दो से तीन फिट पानी बह रहा है। इससे शहर के निचले इलाके तथा पलिया सहित देहात में बाढ़ के पानी ने पूरी तरह तबाही मचा रखी है। प्रशासन की सुविधाएं होने के बावजूद भी अनबोले पशु व जनता पूरी तरह से बाढ़ के पानी से पीड़ित है। वहीं दूसरी तरफभीरा पलिया के मध्य कचनारा दौलतपुर के पास रेल लाइन से टकराकर पानी बह रहा है जिससे रेल लाइन को भी खतरा हो सकता है।

# जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी करने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य और 50 हजार के इनामी अपराधी रामू साहू को प्रयागराज जिले के कीडगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।एसटीएफ को सूचना मिली कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य व थाना कीडगंज, जनपद प्रयागराज में दर्ज मुकदमे का वांछित और 50000 का पुरस्कार घोषित अपराधी रामू साहू रामबाग बस स्टैण्ड के बाहर मौजूद है। जो कहीं भागने की फिराक में किसी सवारी गाड़ी का इन्जतार कर रहा है । इस सूचना पर एसटीएफकी टीम ने वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त रामू साहू द्वारा बताया गया कि वह पहले अपने साथी अलीम अंसारी निवासी फूलपुर जनपद प्रयागराज , योगेन्द्र प्रताप व राहुल उर्फ निशीद , निवासीगण जनपद लखनऊ के साथ मिलकर चेक क्लोनिंग का काम करता था, जिसमें वर्ष 2014 में थाना गोमतीनगर जनपद लखनऊ में गिरफ्तार हुआ तथा प्रयागराज के थाना झूंसी में भी धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत होने के कारण लखनऊ कारागार से केन्द्रीय कारागार नैनी आ गया। जहां उसकी मुलाकात दीपक मण्डल निवासी जैयनपुर थाना वैष्णवनगर जनपद मालदा पश्चिम बंगाल से हुई। जो जाली नोटों का बड़ा कारोबारी है। जो प्रयागराज के थाना शिवकुटी से जाली नोटों के साथ गिरफ्तार होकर पहले ही जेल में निरुद्ध था। दीपक मण्डल से रामू साहू की जेल में प्रगाढ़ मित्रता हो गयी। जिससे रामू साहू मण्डल से भारतीय जाली मुद्रा प्राप्त करने लगा तथा उसे लाकर स्थानीय बाजारों में धीरे धीरे उसकी खपत करता रहा । वर्ष 2018 में श्रवण केशरवानी पुत्र कल्लू निवासी कौडिहार बाजार थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को भी दीपक ने हजार रुपये देकर भेजा था। जहां से वह 50 हजार रुपये की भारतीय जाली मुद्रा प्राप्त कर लाया । वर्ष 2021 में रूपेश कुमार पुत्र राम सिंह निवासी मनकापुर थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज को 45 हजार रुपये देकर दीपक मण्डल से 1 लाख रुपये की भारतीय जाली मुद्रा प्राप्त कर मंगाया था। जिसे एसटीएफ द्वारा एक2021 को गिरफ्तार कर लिया गया । मण्डल के पास उक्त के अतिरिक्त रामू साहू द्वारा अपने मुखिया राजेश कुमार केशरवानी ए निवासी कदम कुंआ ए पटना ए बिहार के पास लोगों को ले जाकर असली नोट का दोगुना नकली नोट दिलाने का झांसा देकर लोगों के रुपये हड़प लेता था। रामू साहू व राजेश कुमार केशरवानी उक्त लोगों से अब तक लगभग 20 लाख रुपये हड़प चुके हैं ।

# पीएम के वाराणसी आगमन की तैयारियों की हुई समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**नगर** विकास एवं जनपद के प्रभारी मंत्री आशुतोष टंडन 'गोपाल' बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जनपद आगमन की तैयारियों की अधिकारियों से बिंदुवार विस्तार से जानकारी ली और कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री के आगमन से प्रस्थान तक के हर पहलुओं पर की गई व्यवस्था के बारे में विस्तार से मंत्री को अवगत कराया। बैठक में पुलिस कमिश्नर ए.सतीश गणेश, आईजी एस के भगत, एसपी ग्रामीण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, विद्युत, आपूर्ति, पंचायत, फायर व नगर निगम आदि विभागों ने अपने कार्यों की जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री की रुट व कार्यक्रम स्थल सहित पूरे समय कई लीक प्रूफ घेरो में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। रूट सहित कार्यक्रम स्थल पर फायर टेंडर, एंबुलेंस, रिजर्व हॉस्पिटल जन सुविधा हेतु शौचालय, पेयजल व्यवस्था, बेहतर सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति व जनसभा स्थल पर सादे ड्रेस में फोर्स की समुचित व्यवस्था रहेगी। बेहतर यातायात हेतु विशेष फोकस किया गया है। रूट सहित कार्यक्रम स्थल पर सेक्टर वाइज मजिस्ट्रेट, जिला स्तरीय अधिकारी लगाए गए हैं। श्री टंडन ने पूरे जनपद में बेहतर साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, अच्छी यातायात व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। जनसभा में आने वाले लोगों को यथा संभव सहूलियत रहे।



## मोदी की लम्बी उम्र के लिए किया गंगा में दुग्धाभिषेक

**वाराणसी।** वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर विश्वनाथ जोशी ब्राह्मण समिति के द्वारा मां गंगा का भव्य पूजन अभिषेक और अनुष्ठान किया गया। करोना कॉल के बाद विश्व शांति के लिए मां गंगा में किया गया दुग्ध अभिषेक 51 लीटर दूध से किया गया दुग्धाभिषेक। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' मौजूद रहे। मां गंगा से पीएम मोदी की लंबी उम्र की कामना करते हुए दुग्धाभिषेक किया गया। पीएम मोदी के 25 अक्टूबर के आगमन के सवाल पर कहा कि हमलोग पीएम मोदी की रैली को लेकर विशेष तैयारी कर रहे हैं, हर मुहल्ले से लोग रैली में शामिल होंगे।

# मथुरा में डेंगू से विदेशी मूल की महिला समेत तीन की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में रूसी मूल की महिला सहित डेंगू पीड़ति तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इनके अलावा बीते 24 घंटो में डेंगू के 17 नए मरीज भी सामने आए हैं। स्थानीय अभिसूचना इकाई के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि वृन्दावन में सुनरख रोड स्थित मधुवन कॉलोनी निवासी रूसी मूल की भारतीय नागरिकता प्राप्त काशीनोवा एन्ना (42) कुछ दिन से बुखार से पीड़ति थी। उनके पति जगमोहन चंद स्थानीय स्तर पर ही एन्ना का इलाज करा रहे थे।शर्मा ने बताया कि मंगलवार को तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर एन्ना को के डी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के पश्चात डेंगू की पुष्टि हुई। दोपहर बाद इलाज के दौरान ही एन्ना की मृत्यु हो गई। संचारी रोग प्रभारी डॉ. भूदेव सिंह ने बताया कि नौहझील ब्लॉक क्षेत्र के भिदौनी गांव की नत्थो देवी (46) व वृन्दावन के जैंत गांव निवासी महेंद्र के छह वर्षीय पुत्र मनोज की भी डेंगू से मौत होने की जानकारी मिली है। सिंह ने बताया कि बीते 24 घंटों में डेंगू के 17 नए मामले सामने आए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नमूने एकत्र किए जा रहे हैं व साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

# महिला लांसनायक आत्महत्या प्रकरण में साथी सैनिक पर केस

**मथुरा।** जनपद के गोवर्धन कस्बा निवासी महिला लांसनायक के आत्महत्या मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर उनके साथ काम करने वाले एक सैनिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लांसनायक जम्मू में तैनात थीं। जानकारी के मुताबिक, इस मामले में सेना भी अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। सेना के अधिकारियों ने मंगलवार को मृतका के घर पहुंचकर माता-पिता व अन्य परिजनों से घटना एवं मृतका के बारे में जानकारी हासिल की। सोमवार को देर शाम लांसनायक का अंतिम संस्कार किया गया था। गोवर्धन थाना प्रभारी निरीक्षक राजकमल सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर उसके पुरुष सहकर्मी प्रवीण कुमार सिंह के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि दूसरी ओर सेना भी जानकारी मिलने पर अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। सिंह ने बताया कि जम्मू में सेना पुलिस में तैनात लांसनायक को 28 अक्टूबर को वापस ड्यूटी पर लौटना था, जिसके लिए वह ट्रेन की टिकट भी करा चुकी थी लेकिन सहकर्मी द्वारा उसकी कुछ निजी तस्वीरें वायरल कर देने की धमकी मिलने पर लासंनायक ने रविवार रात घर में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। सिंह ने कहा कि मृतका के पिता ने बताया है कि उनकी बेटी ने फांसी लगाने से पूर्व रात में ही उन्हें कुछ मैसेज भेजे थे जिनमें खुदकुशी करने का कारण व अन्य बातों का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मोबाइल की भी जांच की जाएगी और पता लगाया जाएगा कि मृतका व आरोपी के बीच संबंध कैसे थे? पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चंद्र ने बताया कि महिला लांसनायक की मौत के मामले में परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# अराजक तत्वों ने मंदिर से झंडा उतारा-तोड़फोड़ की, तनाव

**फर्रुखाबाद।** फुर्खाबाद जिले में बुधवार को संकिसा बौद्ध तीर्थ क्षेत्र में स्थित विवादित स्थल पर बौद्ध धर्मावलंबियों की भीड़ में शामिल कुछ अराजक तत्वों द्वारा भगवा झंडा उतार कर पंचशील ध्वज फहराए जाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पथराव होने से क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज दोपहर धम्म यात्रा के दौरान बौद्ध अनुयायियों में शामिल कुछ अराजक तत्व संकिसा बौद्ध तीर्थ क्षेत्र में विवादित टीले पर स्थित बिसारी देवी मंदिर पर चढ़े और वहां लगा भगवा झंडा नीचे फेंककर उस पर पंचशील ध्वज लगा दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सनातन धर्मियों और बौद्ध धर्मियों के बीच पथराव हुआ जिसमें कई लोग घायल हो गए, जिसके बाद सनातन धर्मियों ने मुख्य मार्ग जाम कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित सनातन धर्मियों को शांत करवा कर सड़क खुलवाया। उन्होंने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधकारी (सदर) अनिल कुमार ने लिखित आश्वासन दिया कि बिसारी देवी मंदिर में हुई तोड़फोड़ को सही करा कर उसे पुरानी स्थिति में लौटाया जाएगा। संकिसा स्थित धार्मिक स्थल के संबंध में बौद्ध अनुयायियों का दावा है कि यह बौद्ध स्तूप है और यहीं भगवान बुद्ध का स्वर्गावतरण हुआ था। वहीं, सनातनधर्मियों का दावा है कि धार्मिक स्थल पर मां बिसारी देवी का प्राचीन मंदिर है। यहां भगवान हनुमान की प्रतिमा स्थापित है। लिहाजा यह सनातनधर्मियों की जगह है। इस धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर करीब 40 साल से बौद्ध और सनातन धर्मावलम्बियों के बीच अदालत में मुकदमा चल रहा है।

# भूमिहीन महिला को मिल रहा 'किसान सम्मान निधि' का लाभ

**संवाददाता।** बस्ती

**एक दिन पहले** 'पायनियर' में कुदरहा ब्लॉक के ग्राम कड़सरी मिश्र में गिरजा देवी पत्नी श्रवण कुमार नामक महिला के द्वारा 'जवानी में ही ले रही बुढ़ापे का पेंशन' शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई। दूसरे दिन फिर उसी महिला के द्वारा फर्जी खतौनी लगाकर किसान सम्मान निधि का लाभ लेने का मामला सामने आया। शपथ-पत्र और साक्ष्य के साथ की गई शिकायत में चंद्रेश चौधरी ने कहा कि मूलत: महिला ग्राम कड़सरी मिश्र की रहने वाली है, मगर उसने किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए अपने आपको ग्राम चिलवनिया का निवासी बताया और फर्जी खतौनी भी लगाया, जबकि इस महिला के नाम एक इंच भी जमीन नहीं है। चोरी न पकड़ी जाए इस लिए आधार कार्ड के स्थान पर राशन कार्ड लगा दिया। शपथ-पत्र में महिला और उनके पति के खिलाफ विधिक कार्रवाई के साथ धन की वसूली की मांग की गई है। वैसे देखा जाए तो जिले में हजारों अपात्र किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं, सत्यापन में लगभग दस हजार से अधिक अपात्रों का नाम भारत सरकार की वेबसाइड से खारिज हो चुका है। अपात्रों को किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के पीछे सत्यापन करने वाली टीम को जिम्मेदार माना जा रहा है, सवाल उठ रहे हैं, कि जिस व्यक्ति या महिला के नाम एक भी इंच जमीन नहीं हैं, आखिर ऐसे लोगों को कैसे किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है, और सबसे बड़ा सवाल जब यह नियम है, कि पहचान के रुप में आधार कार्ड लगाना अनिवार्य है, तो कैसे राशन कार्ड लगाकर लाभ लिया जा रहा है।

# करोड़पति कारोबारी को मिला पीएम योजना में आवास

## शानदार कोठी, दो ट्रक, दो कार और बिल्डिगं मैटेरियल के मालिक की पत्नी को मिला आवास

**संवाददाता।** भानपुर/बस्ती

**प्रधानमंत्री आवास** योजना शहरी को बर्बाद करने में डूडा के अधिकारी से लेकर जेई लगे हुए है। चार जेई के खिलाफएफआईआर दर्ज होने के बावजूद भी न तो जेई सुधर रहे हैं, और डूडा के अधिकारी को ही होश आ रहा है। करोड़ों का कारोबार करने और शानदार कोठी, टक, कार और बिल्डिगं मैटेरिएल के मालिक की पत्नी को आवास की स्वीकृति देने से पहले डूडा के पीओ, जेई, डीसी और सीएलटीसी ने यह नहीं सोचा कि जिसे वह आवास का लाभ दे रहे हैं, वह महिला उसके लिए पात्र हैं, कि नहीं है। कमीशन के लालच में कोठी वालों तक को आवास दे दिया। इतना ही नहीं आवास आवंटित तो कोपा में किया गया, और बनाया भानपुर के स्टेट बैंक के बगल में। पहली किश्त के रुप में 50 हजार की धनराशि जारी भी कर दी गई, दूसरी किश्त के लिए जीओ टैग भी कर दिया। इस खेल में भानपुर तहसील के तहसीलदार की भूमिका भी सामने आ रही है, क्यों कि आवास आंवटन में उनका भी हस्ताक्षर होता है।वहीं डूडा के प्रभारी पीओ उपजिलाधिकारी आशाराम वर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में हैं, और उन्होंने इसकी जांच के लिए जेई को नामित किया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी, बताया एसडीएम भानपुर को भी तहसीलदार को लेकर लिखा जाएगा। नगर पंचायत भानपुर के कोपा निवासिनी सीमा सिंह पत्नी सुजीत सिंह के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास आंवटित हुआ। पहली बात कोपा में इनकी एक शानदार कोठी हैं, और कोठी के बाहर शानदार चार पहिया वाहन खड़ी रहती है। इतना ही नहीं इनके पति के नाम उखड़ा में एक बिल्डिगं मैटेरियल की बड़ी सी दुकान है। टक भी है।






दूसरी खास बात आवास एलाट तो कोपा के लिए हुआ, मगर न जाने कैसे निर्माण भानपुर में हो रहा है, इतना ही नहीं दूसरी किश्त के लिए भानपुर में निर्मित्त आवास का जीओ टैग भी जेई के द्वारा कर दिया गया। शिकायतकर्त्ता की माने तो भानपुर नगर पंचायत में कुल लगभग 750 आवास के लाभार्थियों का चयन हुआ, जिसमें लगभग 600 को पहली किश्त जारी कर दी गई, इनमें आधे से अधिक अपात्रों को पचास हजार तक लेकर आवास दिए गएं है। इस मामले में डीएम सौम्या अग्रवाल पहले ही दो जेई के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा चुकी है। हालत यह है कि कमीशन को लेकर कार्यालय में हुए मारपीट के मामले में चार जेई के खिलाफ एक दूसरे पक्ष की ओर से मुकदमा भी दर्ज करा चुके है।


पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 अक्टूबर, 2021



## राहत की बात

### कोविड से सुरक्षित बच्चे

**बिना** टीका लगे बहुसंख्य बच्चों में कोविड-19 के खिलाफ एंटीबाडी बनना उम्मीद की किरण है। हरियाणा में हुए तीसरे सीरो सर्वे के परिणाम राहत देने वाले हैं। इनमें राज्य की जनसंख्या के 76.3 प्रतिशत बच्चों में सार्सकोव-2 के खिलाफ एंटीबाडी पाई गईं। पिछले अगस्त में 8 प्रतिशत तथा अक्टूबर में 14.8 प्रतिशत की तुलना में यह बहुत तेज वृद्धि है। टीकाकृत लोगों में 81.6 प्रतिशत तथा गैर-टीकाकृत लोगों में 75.5 प्रतिशत सीरो-पाजिटिविटी पाई गई। शहरी हरियाणा में 78.1 प्रतिशत लोगों में एंटीबाडी पाई गई, जबकि ये 75.1 प्रतिशत ग्रामीणों में मौजूद थीं। हालांकि, सबसे अच्छी खबर बच्चों के बारे में है। सर्वेक्षण में 6-9 साल के बच्चों में सीरो पाजिटिविटी 69.8 प्रतिशत तथा 10-17 आयुवर्ग वाले बच्चों में 73.2 प्रतिशत थी। पहली बार बच्चों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया है। यह भी पहली बार स्थापित हुआ है कि 70 प्रतिशत से अधिक बच्चों में कोविड-19 एंटीबाडी हैं। यह खबर ऐसे समय राहत की बात है जब बच्चे जनसंख्या का वह हिस्सा हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है, जबकि देश लगभग 100 करोड़ टीके लगाने की स्थिति में पहुंच गया है। बच्चों के लिए टीके के अभी मानव परीक्षण चल रहे हैं। ऐसे में एक साल से अधिक समय बाद स्कूल खोलने का निर्णय महत्वपूर्ण है तथा अनेक राज्यों ने हिचक के साथ चरणों में स्कूल खोलने पर सहमति जताई है। अब भी माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने से हिचक रहे हैं। कुछ अन्य राज्य नवंबर में कक्षायें शुरू करने की योजना बना रहे हैं। स्कूल



प्रबंधन यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शिक्षक व गैर-शिक्षण कर्मचारी पूर्णत: टीकाकृत हों तथा संक्रमण के जोखिम से बचने के लिए सुरक्षा प्रोटोकालों का पूर्णत: पालन हो।

विदेशों में हुए हालिया सर्वेक्षणों ने बच्चों में संक्रमण का भय उचित ठहराया है। एमआईटी व हार्वर्ड में अस्पतालों की टीमों द्वारा किए अध्ययनों से पूरी तरह पुष्टि हुई है कि नवजात, बच्चे तथा किशोर समान रूप से कोविड-19 वायरस के प्रसार में सक्षम हैं। कोविड-19 संक्रमित बच्चों के अध्ययन में उन्होंने पाया कि लक्षणों व बिना लक्षणों वाले रोगियों में शुरुआत में संक्रमण का स्तर अधिक था। कुल मिला कर वाइरल लोड से छोटे बच्चों में बीमारी की गंभीरता का पता नहीं चलता है, हालांकि वे दूसरे लोगों को संक्रमित कर सकते हैं। लेकिन अनेक अध्ययनों में पाया गया है कि बहुत कम बच्चों में लक्षण थे और उनमें बीमारी होने की संभावना बहुत कम थी। इस संदर्भ में हरियाणा में बच्चों का सीरो सर्वेक्षण आश्वासन देने वाला है। हरियाणा सर्वेक्षण परिणामों के आधार पर सुरक्षित रूप से अनुमान लगाया जा सकता है कि स्वस्थ बच्चों के टीकाकरण की गति धीमी रख कर जोखिम वाली जनसंख्या के पूर्ण टीकाकरण पर ध्यान देना चाहिए जिनमें वृद्ध तथा वयस्क व अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चे शामिल हैं। हालांकि, दो वैक्सीनों को आपातकालीन प्रयोग की अनुमति-ईयूए मिल चुकी है, पर अभी यह स्पष्ट नहीं है कि देश में 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के लिए वैक्सीन कब उपलब्ध होगी। राष्ट्रीय कोविड-19 टास्क फोर्स के प्रमुख वी.के. पाल ने कहा था कि बच्चों के टीकाकरण पर अंतिम निर्णय वैज्ञानिक आधार तथा उनके लिए समुचित खूराकों की उपलब्धता के आधार पर लिया जाएगा।

# सैन्य इतिहास में 1971 का स्थान

भारतीय सेना युद्ध डायरियों को पूरी तरह रिकार्ड नहीं करती है। इस कारण कुछ लोगों को तथ्यों से छेड़छाड़ कर उनको गलत ढंग से रखने का मौका मिल जाता है।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध के पचास साल बीतने पर बहुत शान और प्रसन्नता से इस महान भारतीय विजय की भू-रणनीति, टैक्टिक्स व नायकत्व की याद की जाती है। इसे 1000 साल के उन युद्धों में से एक बताया जाता है जिसमें युद्ध के मैदान में प्राप्त उपलब्धियों को वार्ता की मेज पर खो दिया गया। इस युद्ध ने पाकिस्तान की भौगोलिक विसंगति को ठीक कर दिया जो 1000 मील की दूरी पर दो अलग भागों में विभाजित था। स्वर्गीय राजनेता व लेखक जसवंत सिंह ने इस विजय को भूगोल द्वारा इतिहास से बदला लेना बताया था, जब शक्ति के प्रयोग से एक नया देश-बांग्लादेश बना था जो पहले पूर्वी पाकिस्तान था। यह बीसवीं शताब्दी का अंतिम निर्णायक युद्ध था, लेकिन यह भारत-पाकिस्तान दुश्मनी के मुख्य कारण का समाधान नहीं कर सका था जो जम्मू कश्मीर के बजाय पाकिस्तानी सेना का शत्रुतापूर्ण व्यवहार है।



पिछली शताब्दी में विश्व युद्धों को छोड़ कर निर्णायक अंतर-राज्य युद्ध का कोई स्पष्ट उदाहरण नहीं है। लेकिन राज्यों के भीतर हुए टकरावों ने भी नतीजे दिखाए हैं। भारत में खालिस्तान आंदोलन को समाप्त करना एक विरल सफलता थी। अफगानिस्तान पर तालिबान का पहली बार कब्जा भी इसी श्रेणी में आता है। चेकोस्लोवाकिया का शांतिपूर्ण ढंग से चेक गणराज्य व स्लोवाकिया में विभाजन एक खास घटना थी। इक्कीसवीं शताब्दी में भी अनेक आंतरिक टकरावों का समाधान बल प्रयोग से हुआ है। श्रीलंका में लिट्टे की पराजय तथा हाल ही में अफगानिस्तान में तालिबान की पुन: विजय इनके उदाहरण हैं। सैनिक सफलताओं का एक और प्रकार रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जे, चीन द्वारा दक्षिण चीन सागर में टापुओं पर कब्जे तथा पूर्वी लद्दाख में चीन द्वारा घुसपैठ के लिए सैन्य बल का प्रयोग है। युद्ध तथा शांति की अनुपस्थिति के बीच स्पेस रक्षा करने वालों के लिए दुविधा पैदा करता है। वर्तमान समय में साइबर युद्ध तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से युद्ध के बारे में विचारकों तथा सैनिकों को टकराव के बारे में व्यापक रूप से विचार करना होगा। इससे एक ओर तो युद्ध की प्रकृति तथा चरित्र बदला है, वहीं युद्ध के सिद्धान्त भी काफी सीमा तक बदल गए हैं तथा इनके नतीजे प्रदर्शित करने के मामले में तकनीक का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है।

अतीत के युद्धों तथा आंतरिक टकरावों को दुहराया नहीं जा सकता है। इस दृष्टिकोण से बांग्लादेश के लिए युद्ध को देखा जा सकता है। तैयारी के लिए दस महीने का समय, हवाई क्षेत्र में वर्चस्व तथा मुक्ति वाहिनी की सहायता कुछ ऐसे तत्व हैं जिनको पुन: दुहराया नहीं जा सकता है। यही स्थिति सोवियत संघ द्वारा प्रदान राजनीतिक संरक्षण की है जिसने दो बार वीटो प्रयोग कर यह सुनिश्चित किया कि भारत को युद्ध जीतने तथा पाकिस्तानी शत्रुता को कुचलने का अवसर मिले। इसका परिणाम पाकिस्तान का पूर्णत: भारतीय शर्तों पर पूर्ण आत्मसमर्पण था। युद्ध में चर्चा का विषय यह है कि क्या ढाका ही युद्ध का अंतिम लक्ष्य था। विभिन्न ऐतिहासिक विवरणों की जांच से स्पष्ट है कि शुरुआत में ढाका अंतिम लक्ष्य नहीं था, बल्कि पूर्वी सेना के लिए कम महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया था। दोनों पक्षों द्वारा सशक्तीकरण व खोजी तरीकों ने युद्ध में बड़ी भूमिका निभाई। जीओसी 16 पाकिस्तानी तोपखाना डिवीजन के मेजर जनरल नजीर हुसेन शाह अमेरिका में फोर्ट लीविनवर्थ के छात्र रह चुके थे। वे एक बटालियन को दो भागों में बांट देते थे और इसी प्रकार भारतीय सैन्य बलों ने व्यापक मोर्चे पर काम किया। मैं चाहता हूं कि समारोही आयोजनों में पैदल सेना की उल्लेखनीय लड़ाइयों पर ज्यादा ध्यान दिया जाए जो पीरगंज, हिल्ली, सिल्हट व अखौरा, आदि स्थानों पर हुई थीं। उदाहरण के लिए, पीरगंज में 2-5 गोरखा राइफल्स द्वारा रास्ता बंद करने पर पाकिस्तान की 16 पैदल सेना डिवीजन को विभाजित होकर काराटोया नदी पार कर हिल्ली में अपनी रक्षा मजबूत करनी पड़ी थी।

यह युद्ध का पहला बड़ा मोड़ था जो बोगरा और ढाका की ओर बढ़ रहा था तथा उसने पाकिस्तान के 16वें पैदल सेना डिवीजन को तोड़ दिया था। इसी प्रकार 4-5 गोरखा राइफल्स ने भारत की पहली हेलीबार्न कार्रवाई की थी तथा आधी बटालियन ने 15 दिसंबर को ढाका में आत्मसमर्पण के एक दिन पहले दो पाकिस्तानी ब्रिगेडों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया था। इसके पहले उन्होंने पहली बार अटग्राम में खामोश 'खुखरी' हमला किया था। हालांकि, ब्रिटिश गोरखाओं ने पहली बार इंडोनेशिया में इसका सम्मानजनक प्रयोग किया था। इन संक्षिप्त व तेज लड़ाइयों ने युद्ध जल्दी समाप्त करने में योगदान के साथ पैदल सेना को युद्ध नायक के रूप में स्थापित किया।

1971 युद्ध के बाद वाली पीढ़ियों को प्रतिरोध के मामलों पर उपदेश देने के लिए बुलाने के बजाय इन कार्रवाइयों में भाग ले चुके अधिकारियों को आमंत्रित करना ज्यादा लाभदायक होगा।

भारत को 1971 में पाकिस्तान पर विजय का उत्सव जरूर मनाना चाहिए, पर इसके साथ ही उसे छोटी इकाइयों के युद्ध पर अवश्य ध्यान देना चाहिए जिनका भावी युद्धों में बेहतर उपयोग हो सकता है। कारगिल का सीमित युद्ध भी पैदल सेना के शास्त्रीय प्रदर्शन का उदाहरण है जिसमें छोटी इकाइयों ने युद्ध कर पाकिस्तानी घुसपैठियों को बाहर निकाला जो एलओसी के इस पार आ गए थे। दु:ख की बात है कि 1962 के युद्ध तथा श्रीलंका में भारतीय शांति सेना-आईपीकेएफ के युद्ध की घटनाओं को श्रृंखलाबद्ध किया गया है, पर राजनीतिक कारणों से इनको जारी नहीं किया गया है। भारतीय सेना की यह बुरी आदत है कि वह युद्ध डायरियों को पूरी तरह व ईमानदारी से दर्ज नहीं करती है।

इससे युद्ध में भाग लेने वाले लोगों को व्यक्तिगत रूप से तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने तथा ऐसी घटनाओं को गढ़ने का मौका मिल जाता है जिससे उनका व्यक्तिगत नायकत्व सिद्ध हो सके। सामान्य रूप से मीडिया तथा खासकर सोशल मीडिया ने तथ्यों की पुष्टि किए बिना इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है।

जीवनियां तथा आत्मकथायें, खासकर इस दृष्टिकोण से विवादास्पद हो सकती हैं क्योंकि वे रेजीमेंट के इतिहास से आगे जाकर इकाइयों व व्यक्तियों की भूमिका दर्ज करती हैं। हालांकि, कोई रेजीमेंटल इतिहास न होने पर भी कुछ लेखक अपना कद बढ़ाने का यथासंभव प्रयास अवश्य करते हैं। ऐसे में अतीत के सभी युद्धों के बारे में लेखों को रक्षा मंत्रालय के इतिहास विभाग द्वारा जांचा जाना चाहिए तथा लेखकों को एक प्रमाणपत्र लेना चाहिए कि उन्होंने आधिकारिक रिकार्डों में दर्ज सामग्री का उपयोग नहीं किया है। हालांकि, पूर्वी लद्दाख में पीएलए की घुसपैठ तथा एलएसी में परिवर्तन के बारे में घटनाक्रम स्पष्ट नहीं है, पर इसके बावजूद सरकार को 1971 में युद्ध के मैदान में भारत की बड़ी सफलता को एक परिवर्तनकारी महान विजय के रूप में याद रखना चाहिए।

# भले काम के लिए बुरे बैंकों का गठन




**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)

भारत का पहली बार सरकार द्वारा प्रायोजित 'बैड बैंक' अब वास्तविकता के करीब है। इस साल की शुरुआत में केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री की घोषणा के बाद, विभिन्न चरणों में विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की पूरी तरह से प्रावधानित तनावग्रस्त संपत्तियों का अधिग्रहण करने के लिए एक राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एनएआरसीएल) की स्थापना की गई है।

इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कम्पनी लिमिटेड (आईडीआरसीएल) नामक एक अन्य संस्था तब बैंकों को वापस भुगतान करने के लिए इन तनावग्रस्त संपत्तियों को बाजार में बेच देगी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पास दोनों (क्रमश: 51 और 49 प्रतिशत) के कुल शेयरों का लगभग आधा हिस्सा होगा, जिसमें निजी क्षेत्र भी हितधारक होंगे। शुरुआती निवेश करीब 6,000 करोड़ रुपये का होगा।

एनएआरसीएल 15 प्रतिशत नकद देकर संकटग्रस्त संपत्तियों को बैंकों से छूट पर खरीदेगा; शेष 85 प्रतिशत के लिए, वे बैंकों को सुरक्षा रसीदें जैसे डिबेंचर, बांड आदि जारी करेंगे। पिछले महीने सरकार ने एनएआरसीएल को 30,600 करोड़ रुपये देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी, यदि बिक्री के परिणामस्वरूप इसे कवर करने के लिए नुकसान होता है, तो सुरक्षा रसीदों को लागू करने के लिए गारंटी के रूप में, लेकिन गारंटी पांच साल से अधिक वैध नहीं होगी। समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कुछ प्रोत्साहन में निर्माण; एनएआरसीएल द्वारा भुगतान किया जाने वाला गारंटी शुल्क भी धीरे-धीरे बढ़ेगा। चूंकि गारंटी सरकार के लिए आकस्मिक देयता है, इसलिए केंद्र के लिए कोई तत्काल वित्तीय प्रभाव या नकद व्यय नहीं होगा।

अतीत से विरासत के रूप में विरासत में मिली, आंशिक रूप से 2008 के आर्थिक मंदी के परिणाम के रूप में और आंशिक रूप से क्रोनी कैपिटलिज्म के कारण जिसने कई पीएसबी को प्रासंगिक परियोजना प्रस्तावों की लाभप्रदता के उचित मूल्यांकन के बिना ऋण देने के लिए मजबूर किया, जिसके कारण इनमें से कई परियोजनाएं या तो कर सकती थीं ऋणों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न करने में असमर्थ या सक्षम नहीं थे, एनपीए बढ़ने लगे। 2016 के बाद से, जब आरबीआई ने बैंकों पर नियंत्रण कड़ा कर दिया और उन्हें अपनी बैलेंस शीट साफ करने के लिए मजबूर




किया, एनपीए को उनकी बैलेंस शीट में लिखा या पहचाना जाना था। इससे उनका पूंजी आधार समाप्त हो गया और वे नए सिरे से उधार देने में असमर्थ हो गए और उनकी लाभप्रदता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। लगभग 4,541 कॉरपोरेट्स को अब तक कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (ष्टढ्ढक्क) में शामिल किया गया है, केवल 1,745 ष्टढ्ढक्क ने प्रक्रिया पूरी की है, या तो समाधान योजनाएँ प्रस्तुत कर रहे हैं या परिसमापन के साथ समाप्त हो रहे हैं। आईबीसी, जो अब पांच साल पुराना है और जिसे कोविद संकट के दौरान निलंबित कर दिया गया था, एक ओवरहाल के कारण है, जिसमें एमएसएमई के लिए प्री-पैक भी शामिल है, जिसे बाद में अन्य कंपनियों तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे आईबीसी के बाहर ऋण समाधान तंत्र की अनुमति मिलती है। मौजूदा प्रक्रियाओं को अन्य तंत्रों से अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता है, और यहीं पर बैंड बैंक फिट बैठता है।

बैड बैंक कोई नया विचार नहीं है - वे 1980 के दशक से अस्तित्व में हैं, लेकिन पूर्वी एशियाई मुद्रा संकट और 2008 के सबप्राइम संकट ने अमेरिका, स्वीडन, फिनलैंड, बेल्जियम, मलेशिया, दक्षिण सहित कई देशों को खराब बैंक स्थापित करने के लिए मजबूर किया। कोरिया, चीन या इंडोनेशिया, लेकिन भारत में सरकार द्वारा प्रायोजित बैड बैंक के विचार को पहले कभी नहीं आजमाया गया, हालांकि कई निजी संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियां हैं जो उप-इष्टतम रूप से काम कर रही हैं।

यह एक और बड़ा संस्थागत सुधार है और इसका श्रेय सरकार को दिया जाना चाहिए। यह काम करेगा या नहीं, यह तो समय ही बता सकता है। जबकि इसे कई देशों में सफलता मिली है, चीन में वे संघर्ष कर रहे हैं, और एवरग्रांडे के पतन से स्थिति और खराब होने की संभावना है। किसी भी मामले में, एआरसी एक स्थायी तंत्र नहीं हो सकता है, वास्तव में इसका एक सूर्यास्त खंड है जो इसे पांच से आठ वर्षों के भीतर समाप्त करने की अनुमति देता है।

बैंकिंग सुधार सरकार का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है जो 4-आर रणनीति - मान्यता, संकल्प, पुनर्पूंजीकरण और सुधार के साथ आया था। मान्यता के बाद, एनपीए की मात्रा का निर्धारण योजनाबद्ध तरीके से शुरू हुआ और बैंकों ने धीरे-धीरे अपने बकाया की वसूली शुरू कर दी। 2018 में, सार्वजनिक क्षेत्र के 21 में से सिर्फ दो बैंक ही मुनाफे में थे। लेकिन 2021 में केवल दो बैंकों (पंजाब एंड सिंध बैंक और सेंट्रल बैंक) ने घाटे की सूचना दी। सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार ने कई छोटे पीएसबी को बड़े लोगों के साथ विलय कर दिया है, और अब उनकी कुल संख्या 12 हो गई है। बैंकों की दबावग्रस्त आस्तियों से संभावित खरीदार खोजने के अलावा कई समस्याएं हैं। संपत्ति का मूल्यांकन एक है, जो नुकसान का निर्धारण करेगा। वास्तव में, कुछ आलोचना की गई है कि सरकार वास्तव में निजी उद्यमों के नुकसान की गारंटी दे रही है और पीएसबी, एनएआरसीएल और आईडीआरसीएल दोनों के शेयरधारक होने के नाते, वास्तव में अपनी स्वयं की तनावग्रस्त संपत्ति खरीद रहे होंगे। अब तक, भारतीय अनुभव ने निजी एआरसी पर आईबीसी के माध्यम से समाधान को प्राथमिकता दी है, जिनकी कम पूंजी आवश्यकता केवल 100 करोड़ रुपये है।

एआरसी के लिए नियामक वातावरण जो 2000 के दशक में उभरने के बाद से व्यावहारिक रूप से स्थिर रहा है, उसे भी ओवरहाल की आवश्यकता है। स्ट्रेस्ड एसेट्स जल्द ही गायब नहीं होंगे, और हमें ऐसे संस्थानों को स्ट्रेस्ड एसेट्स को अवशोषित करने में मदद करने में सक्षम बनाने की जरूरत है। ऋण की पर्याप्त आपूर्ति और सभी के लिए समान अवसर पैदा किए बिना अर्थव्यवस्था का विकास नहीं हो सकता है।

## आप की बात

### सेना का साहसी राहत कार्य

**इस** साल देश के विभिन्न राज्यों में अच्छी बारिश हुई है। लेकिन कुछ राज्यों में अधिक बारिश हुई। इससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ और साथ ही कृषि को भी नुकसान हुआ। ऐसी स्थिति में कई बेघर हुए। देश के कई राज्यों में मानसून खत्म हो गया है। लेकिन उत्तराखंड और केरल यह दो राज्य अपवाद हैं। इन राज्यों में अक्टूबर में भी मूसलाधार बारिश हो रही है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। उत्तराखंड राज्य पहाड़ों से घिरा हुआ है। यहां सबसे ज्यादा भूस्खलन होता है। इससे बचाव कार्य में भी बाधा आती है। नतीजतन, दूरदराज के इलाकों में लोगों को मदद करने के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उत्तराखंड, केरल में बाढ़ में फंसे कई लोगों को भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के जवानों ने सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय सेना के जवान भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। उनका राहत कार्य आज भी जारी है। भारतीय वायुसेना उन जगहों पर पहुच रही है जहां पैदल मदद करना संभव नहीं है। आतंकवादी संकट हो या प्राकृतिक आपदा, भारत की तीनों सेनाएं लोगों की मदद के लिए तैयार हैं। उनका बचाव कार्य कितना तेज और सटीक है। यह मीडिया के माध्यम से देश को पता चल रहा है।

- **जयेश राणे**, मुंबई

### आयातित तेल बनाम वैकल्पिक ऊर्जा

**तेल** की बढ़ती कीमतों से आम जनता परेशान है। क्योंकि वैश्विक बाजार में तेल की कीमत वर्ष 2016 की तुलना में तीन गुना हो गई है। बढ़ती महंगाई को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आयातित तेल पर निर्भरता कम करके इसे 50 प्रतिशत पर लाने की बात की थी। वैकल्पिक ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों का उपयोग करके कम ऊर्जा से उत्तम जीवन जी सकते हैं। कम ऊर्जा से हम बाइक, फ्रिज,और सोलर पैनल से पानी गर्म कर सकते हैं। ऊर्जा की खपत बढ़ाने के स्थान पर कम ऊर्जा में उच्च जीवन स्तर प्राप्त करने के उपाय खोजना चाहिये। इससे ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में मदद मिलेगी। जिसके कारण सूखा, बाढ़ ,तूफान आदि समस्याये पैदा हो रही है। जिससे सारी दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। हमारे देश में कोरोना महामारी के कारण लोगो की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। बढ़ती पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों से आमजनता परेशान और सरकार को कोस रही है। सरकार को जनता के हित मे रसोई गैस और डीजल की कीमतों को नियन्त्रित करना चाहिये। क्योंकि आमजनता इन्ही दो चीजों का प्रयोग सबसे ज्यादा करती है। वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोतों का उपयोग कर आयातित तेल की निर्भरता से बचा जा सकता है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### घाटी में कत्लेआम

**घाटी** में एक बार पुन: नब्बे के दशक जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। जब आतंकियों का निशाना बने कश्मीरी पंडितों को दहशत में अपना घर छोड़ना पड़ा था। धारा 370 हटने के बाद एक बार फिर सरकार द्वारा इनके पुनर्वास की योजना बनाने, तथा सेना द्वारा आतंकियों पर निरंतर प्रहार से आतंकी संगठन तिलमिला गए हैं। भारतीय सेना के आगे लाचार दहशतगर्द अब छुप कर निर्दोष लोगों की हत्यायें कर दहशत का माहौल बनाना चाहते हैं। बीते दिनों एक स्कूल के अध्यापकों की धर्म पूछ कर हत्या की गई। आज कश्मीरी हिंदुओं सिक्खों एवं प्रवासी मजदूरों का इनके द्वारा कत्ल किया जा रहा है। पूरे जम्मू कश्मीर में पांच लाख से अधिक प्रवासी मजदूर काम करते हैं। लेकिन आतंकियों के इस कुकृत्य से उन्हें जम्मू कश्मीर से पलायन करना पड़ रहा है। यदि परिस्थिति यथावत बनी रही तो जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। लेकिन दुर्भाग्य की बात ये है कि कश्मीर की स्थिति पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली महबूबा और तमाम अलगाववादी नेताओं की आंखों में मोतियाबिंद छा गया है।

- **शिवेंद्र यादव**, कुशीनगर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**तेजस्वी** यादव ने गठबंधन समझौते का उल्लंघन किया। उन्होंने हमारे गढ़ कुशेश्वर अस्थान की एक सीट की हमारी मांग को खारिज कर दिया।

- **भक्त चरण दास**
बिहार कांग्रेस प्रभारी



**अमेरिका** जॉर्जिया को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में महत्व देता है और जॉर्जिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए हमारा समर्थन अटूट है।

- **लॉयड ऑस्टिन**
अमेरिकी रक्षा मंत्री




**भारत** और बांग्लादेश की दोस्ती बहुत पुरानी है। कट्टरपंथियों या किसी अन्य ताकत को इन संबंधों को नष्ट करने नहीं देना चाहिए।

- **विप्लब कुमार देब**
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री

# सीबीआई निदेशक की नियुक्ति पर सभी को प्रभावित करने वाला आदेश जारी नहीं किया जा सकता :न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को केंद्र से एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की इस दलील पर जवाब देने को कहा कि सीबीआई निदेशक पद के लिए अस्थाई व्यवस्था नहीं होनी चाहिए और मौजूदा निदेशक को उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद एक उत्तराधिकारी की नियुक्ति होने तक बने रहने देने की अनुमति दी जाए। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई ने अटार्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल को एनजीओ कॉमन काउज की दलील पर अदालत को जवाब देने कहा।

शीर्ष न्यायालय एनजीओ की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मौजूदा प्रमुख की नियुक्ति से पहले नियमित सीबीआई निदेशक की नियुक्ति से जुड़ी याचिका दायर की थी। सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा कि यह विषय अब अनावश्यक हो गया है क्योंकि नियुक्ति हो चुकी है। वेणुगोपाल ने पीठ को बताया कि सीबीआई निदेशक पद पर नियुक्ति 25 मई 2021 को एक समिति द्वारा की गई थी, जिसमें प्रधान न्यायाधीश भी शामिल थे। एनजीओ की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि यह एक नियमित चीज है जो शीर्ष न्यायालय के आदेशों के बावजूद बार-बार हो रही है।

भूषण ने कहा कि याचिका में उनका पहला अनुरोध सीबीआई निदेशक की नियुक्ति का है, जो हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दूसरा अनुरोध केंद्र को पद के लिए रिक्ति आने की तारीख से कम से कम दो महीने पहले समय रहते सीबीआई निदेशक का चयन करने की पहल करने और प्रक्रिया पूरी करने के लिए निर्देश देना है। उन्होंने कहा कि प्रकाश सिंह मामले (राज्यों के पुलिस महानिदेशक से जुड़े) में शीर्ष न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद , हमें इस मुद्दे पर बार-बार आगे आना होगा। भूषण ने कहा, केंद्र को पता था कि सीबीआई निदेशक फरवरी में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उस वक्त कोविड नहीं था और वे नए निदेशक के चयन की प्रक्रिया आसानी से शुरू कर सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। यह बार-बार हो रहा है और वे इस अदालत के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं। हालांकि, शीर्ष न्यायालय ने ऐसा फिर से होने पर भूषण से एक अन्य रिट याचिका दायर करने को कहा। पीठ ने कहा, हम सभी को प्रभावित करने वाला आदेश जारी नहीं कर सकते।

## वरिष्ठ अधिवक्ताओं के समूह ने उच्च न्यायालय में भौतिक सुनवाई का किया विरोध

**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण ने बुधवार को कहा कि वह वकीलों के एक समूह के अनुरोध पर अन्य न्यायाधीशों के साथ चर्चा करेंगे कि उच्चतम न्यायालय में केवल बुधवार और बृहस्पतिवार को भौतिक तरीके से मामलों की प्रस्तावित सुनवाई दिवाली की छुट्टी तक स्थगित कर दी जाए। वहीं न्यायालय ने बुधवार को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पत्रकारों को अदालत कक्ष में भौतिक तरीके से होने वाली कार्वाई को देखने की अनुमति देने का भी फैसला किया। कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, एएम सिंघवी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित वरिष्ठ वकीलों के एक समूह ने पीठ के समक्ष इस मुद्दे का उल्लेख किया और कहा कि संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में बुधवार और बृहस्पतिवार को अनिवार्य भौतिक सुनवाई होने से बहुत सारी कठिनाइयां पैदा होंगी, इसलिए हाइब्रिड मोड , जिसमें भौतिक और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दोनों विकल्प हैं, की अनुमति दी जाए। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और हिमा कोहली भी शामिल थे।

## स्कूल खुलने से पहले केरल के स्टार्ट-अप ने बनाया वायरस रोधी मास्क

भाषा। कोच्चि

**सरकार** द्वारा संचालित केरल स्टार्ट-अप मिशन (केएसयूएम) के तहत वीएसटी आईओटी सोल्यूशंस ने एक विशेष मास्क बनाया है जो अपनी सतह के संपर्क में आने के पांच सेकेंड के अंदर वायरस को खत्म कर देगा। महामारी के कारण करीब डेढ़ साल के अंतराल के बाद जब स्कूलों को फिर से खोलने की तैयारी की जा रही है ऐसे समय में इस मास्क प्रासंगिकता बढ़ गई है। एक बयान में यहां कहा गया कि बीटीएस लैब मुंबई में परीक्षण की गई एक अनूठी नैनो-कोटिंग तकनीक का उपयोग करके तैयार किया गया यह मास्क प्रभावी साबित हुआ है और इससे प्राथमिक स्तर के छात्रों के लिए अतिरिक्त मदद होगी, जिनके कोविड-19 के दौर में अपेक्षित सामाजिक आचरण में लापरवाह होने की संभावना ज्यादा रहती है।

# तेदेपा नेताओं को एहतियाती तौर पर हिरासत में लिया गया

आंध्र प्रदेश बंद

भाषा। अमरावती

**आंध्र** प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के कुछ कार्यालयों पर हुए कथित हमलों के विरोध में बुलाए गए बंद को जनता ने कुछ खास महत्व नहीं दिया और बंद का मामूली असर देखने को मिला।

तेदेपा के सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने बंद में भाग लेने के उनके प्रयासों को विफल करने के लिए तेदेपा के कई नेताओं को एहतियाती तौर पर हिरासत में ले लिया गया और कई वरिष्ठ नेताओं को नजरबंद कर दिया गया। आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बंद के दौरान बस सेवाएं सामान्य रहीं। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के राष्ट्रीय सचिव बीएस रामबाबू ने बताया कि बंद के दौरान राज्य में बैंकिंग सेवाओं में कोई व्यवधान नहीं आया है और सभी समाशोधन गृह सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मंगलागिरी में तेदेपा के मुख्यालय, विशाखापत्तनम के कार्यालयों और अन्य स्थानों पर कथित रूप से तोड़फोड़ की थी और आरोप लगाया था कि विपक्षी दल के प्रवक्ता के पट्टाभि राम ने एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। तेदेपा प्रवक्ता के पट्टाभि राम ने पूर्व मंत्री नक्का आनंद बाबू को पुलिस नोटिस भेजे जाने पर आपत्ति जताते हुए कथित तौर पर मुख्यमंत्री के खिलाफ कुछ टिप्पणी की थी। तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने पार्टी कार्यालयों पर हुए इन कथित हमलों के खिलाफ ही राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है।

हालांकि राज्य की गृह मंत्री एम सुचरिता ने हमलों में अपनी पार्टी की संलिप्तता से इनकार किया है। तेदेपा सूत्रों ने कहा कि नायडू इन हिंसक घटनाओं से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अवगत कराने के लिए उनसे मिलने का समय मांग रहे हैं।

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों ने जगन के खिलाफ पट्टाभि राम की टिप्पणी पर आपत्ति जताई है।

# अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी

कोविड-19

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए बुधवार को संशोधित दिशानिर्देश जारी किए। इन संशोधित दिशा निर्देशों के अनुसार जिन यात्रियों को टीके की सभी खुराक लगी हुई हैं और एक ऐसे देश से आने वाले यात्रियों को हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी जिसके साथ भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुमोदित कोविड-19 टीकों की पारस्परिक स्वीकृति के लिए परस्पर व्यवस्था की है और ऐसे यात्रियों को 25 अक्टूबर से पृथक-वास में रहने और जांच की जरूरत नहीं होगी। हालांकि उन्हें एक नकारात्मक कोविड-19 आरटी-पीसीआर रिपोर्ट पेश करनी होगी। यदि टीकाकरण नहीं किया गया है, तो यात्रियों को ऐसे उपाय करने होंगे जिनमें आगमन के बाद कोविड-19 जांच के लिए नमूना देना शामिल है, जिसके बाद उन्हें हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी, और उन्हें सात दिनों के लिए पृथक-वास में रहना होगा। दिशा निर्देशों के अनुसार भारत में पहुंचने के आठवें दिन उनकी फिर से जांच होगी और यदि रिपोर्ट नकारात्मक आती है तो उन्हें अगले सात दिनों तक अपने स्वास्थ्य की खुद से निगरानी करनी होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आगमन के लिए 17 फरवरी, 2021 को और उसके बाद इस विषय पर दिशानिर्देश जारी किए गए थे लेकिन अब संशोधित दिशानिर्देश मान्य होंगे। मंत्रालय ने कहा कि दुनियाभर में टीकाकरण का बढ़ता दायरा और महामारी की बदलती प्रवृत्ति को देखते हुए, भारत में अंतरराष्ट्रीय आगमन के मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि यह मानक संचालन प्रक्रिया 25 अक्टूबर से अगले आदेश तक वैध रहेगी। उसने कहा कि जोखिम आकलन के आधार पर दिशानिर्देशों की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, भारत ने 11 देशों ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नेपाल, बेलारूस, लेबनान, आर्मेनिया, यूक्रेन, बेल्जियम, हंगरी और सर्बिया के साथ राष्ट्रीय स्तर पर कोविड-19 टीकों की पारस्परिक मान्यता के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

## द्रमुक के खिलाफ कर्रवाई के लिए राज्यपाल को याचिका दी

**चेन्नई।** विपक्षी अन्नाद्रमुक ने बुधवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि के समक्ष याचिका दायर कर राज्य के नौ जिलों में हाल में हुए निकाय चुनावों में कथित अनियमितताओं के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

अन्नाद्रमुक के सह-समन्वयक और पूर्व मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने यहां राजभवन में राज्यपाल को याचिका सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता की करीबी वी के शशिकला पर अन्नाद्रमुक के महासचिव होने का दावा करने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

याचिका दायर करने के बाद पत्रकारों से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पलानीस्वामी ने राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक पर स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान अनियमितताओं में लिप्त होने का आरोप लगाया।

## राकांपा युवा इकाई ने किरीट सोमैया के विरोध में प्रदर्शन किया

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की युवा इकाई ने बुधवार दोपहर को दक्षिण मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय के बाहर उस वक्त विरोध प्रदर्शन किया जब भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया वहां पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने सोमैया पर आरोप लगाया कि जब गैर भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायतें दाखिल करने की बात आती है तो वह चुनिंदा रवैया अपनाते हैं। राकांपा युवा इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज चव्हाण ने कहा कि उन्होंने सोमैया से सवाल पूछने के उद्देश्य से प्रदर्शन किया।



रामपुर के बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत सामग्री वितरित करते केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी

# भारत-पाक सीमा के समीप हथियारों का जखीरा और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब** पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने तरन तारन जिले के खेमकरण इलाके में भारत-पाकिस्तान सीमा से पास से हथियारों का जखीरा बरामद किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक संयुक्त अभियान में पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने हथियारों का जखीरा बरामद किया। इन हथियारों में 22 पिस्तौल, 44 मैगजीन और 100 गेला बारूद शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि हथियारों के साथ एक किलोग्राम हेरोइन भी बरामद हुई। अधिकारी ने बताया कि धान के एक खेत में काले रंग के एक बैग में सामान रखे थे। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इकबाल प्रीत सिंह सहोता ने बताया कि पुलिस को हथियारों और हेरोइन की एक बड़ी खेप छुपाकर रखे होने की गुप्त जानकारी मिली थी। इसके बाद अमृतसर में काउंटर इंटेलिजेंस विंग को घटनास्थल पर भेजा गया और बीएसएफ अधिकारियों के साथ एक तलाश अभियान की योजना बनाई गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्राथमिक जांच के दौरान यह प्रकाश में आया कि पाकिस्तानी तस्करों का यह छुपा और स्पष्ट प्रचलित तरीका है। इस खेप को उनके द्वारा भारतीय क्षेत्र में बाड़े के पार रखा गया, जिसे उनके भारतीय सहयोगी हासिल करनेवाले थे। डीजीपी ने बताया कि अमृतसर में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), स्वापक एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, आर्म्स अधिनियम और वित्तीय अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की खेप को सीमापार से विभिन्न माध्यमों के जरिए यहां भेजा गया है।

## गोवा फॉरवर्ड पार्टी ने चुनाव के लिए सभी विकल्प खुले रखेः सरदेसाई

भाषा। पणजी

**गोवा** फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) ने 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी विकल्प खुले रखे हैं। पार्टी अध्यक्ष विजय सरदेसाई से बुधवार को जब पूछा गया कि क्या उनकी पार्टी गोवा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन करेगी, तब उन्होंने यह जवाब दिया।

सरदेसाई ने तृणमूल के साथ गठबंधन की संभावना से न तो इनकार किया और न ही इसकी पुष्टि की। तृणमूल ने हाल में यह घोषणा की थी कि वह गोवा विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक लुईजिन्हो फालेयरो और अन्य नेता हाल में तृणमूल में शामिल हुए हैं।

स्वतंत्र विधायक प्रसाद गांवकर ने भी तृणमूल को अपना समर्थन दिया है। जीएफपी के अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस गोवा में नई पार्टी है। लोग इसे भाजपा के विकल्प के तौर पर देख रहे हैं।

# पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाएः हरीश रावत

भाषा। नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव हरीश रावत ने बुधवार को पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि उन्हें पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि वह अपने गृह प्रदेश उत्तराखंड में बाढ़ प्रभावित लोगों की सेवा करने और कुछ महीने बाद होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ बुधवार को सुबह हुई मुलाकात के दौरान रावत ने अपनी इच्छा से उन्हें अवगत कराया। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेतृत्व से यह आग्रह उस समय किया है जब उनका अपना गृह राज्य मूसलाधार बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर उत्तराखंड में 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। रावत के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को ऊधमसिंह नगर और नैनीताल का दौरा कर बाढ़ पीडि़त लोगों से मुलाकात करेंगे।

राहुल गांधी से मुलाकात के बाद रावत ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि मैं आज एक बड़ी ऊहापोह से उबर पाया हूं। एक तरफ जन्मभूमि के लिए मेरा कर्तव्य है और दूसरी तरफ कर्मभूमि पंजाब के लिए मेरी सेवाएं है। स्थितियां जटिल होती जा रही हैं, क्योंकि ज्यों-जयों चुनाव नजदीक आएंगे, दोनों जगह व्यक्ति को पूर्ण समय देना पड़ेगा।

उनके मुताबिक कल उत्तराखंड में बेमौसम बारिश ने जो कहर ढाया है, वह हृदयविदारक है। मैं कुछ स्थानों पर ही जा पाया, लेकिन पीड़ितों के आंसू पोंछने के लिए मैं सब जगह जाना चाहता था। मगर कर्तव्य पुकार, मुझसे कुछ और अपेक्षाएं लेकर खड़ी हुई। मैं जन्मभूमि के साथ न्याय क-रूं तभी कर्मभूमि के साथ भी न्याय कर पाऊंगा। मैं, पंजाब कांग्रेस और पंजाब के लोगों का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे निरंतर आशीर्वाद और नैतिक समर्थन दिया। संतों, गुरुओं की भूमि, नानक देव जी और गुरु गोविंद सिंह की भूमि से मेरा गहरा भावनात्मक लगाव है।

उन्होंने कहा कि मैंने निश्चय किया है कि नेतृत्व से प्रार्थना करूं कि अगले कुछ महीने मैं उत्तराखंड को पूर्ण रूप से सर्पित रह सकूं।

# गुजरात के नट समुदायों के 24 गांवों में शराबियों को पिंजड़े में बंद करने और जुर्माने का प्रावधान

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात** के 24 गांवों के नट समुदाय ने शराब की लत का मुकाबला करने के लिए एक अनोखा प्रयोग किया है जिसमें नशे की हालत में मिलने वाले लोगों को पिंजड़े में बंद कर दिया जाता है और जुर्माना वसूला जाता है। नट समुदाय ने दावा किया है कि उनका यह प्रयोग शराब छुड़ाने में कारगर साबित हो रहा है और इससे समुदाय के लोग शराब से दूरी बना रहे हैं। सरपंच बाबू नायक ने बताया कि अहमदाबाद जिले के मोतीपुर गांव के नट समुदाय में वर्ष 2019 में रात को शराब के नशे में मिलने पर व्यक्ति को पिंजड़े में बंद करने और 1200 रुपए जुर्माना लगाने का विचार आया। उन्होंने कहा कि गुजरात मद्यनिषेध राज्य है और कानूनी तौर पर शराब पीने पर रोक है, इसके बावजूद समुदाय में शराब पीने वालों की संख्या अधिक थी। इसलिए, यह प्रयोग उन 24 गांवों में दोहराया गया जहां पर नट समुदाय की अच्छी खासी आबादी थी। नायक ने कहा कि वर्ष 2017 में हमने शराब पीने वालों पर 1200 रुपए का जुर्माना लगाने का फैसला किया, लेकिन समुदाय के सदस्यों को बाद में महसूस हुआ कि यह काफी नहीं है, ऐसे में रात को नशे में मिलने वालों को पिंजड़े में बंद करने का नियम बनाया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद गांववालों ने अस्थाई पिंजड़ा बनाया जिसमें शराब पीने वाले को रात बितानी होती हैं। शराब पीने वाले को पिंजड़े में केवल पीने का पानी की बोतल और शौच के लिए कंटेनर दिया जाता है। नायक ने कहा कि यह प्रयोग प्रभावी साबित हो रहा है क्योंकि साल दर साल पिंजड़े में बंद होने वाली संख्या कम हो रही है। उन्होंने बताया कि इससे शराब की लत छूटने के साथ-साथ घरेलू हिंसा की घटनाएं कम हुई और व्यक्तियों ने कई और बुरी आदतें भी छोड़ दी।

## पटना उच्च न्यायालय के सात नए न्यायाधीशों ने शपथ ली

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय के सात नवनियुक्त न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश संजय करोल ने बुधवार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। पटना उच्च न्यायालय के शताब्दी भवन की लॉबी में बुधवार को आयोजित सादे समारोह में जिन न्यायाधीशों को शपथ दिलाई गई उनमें पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति राजन गुप्ता, केरल उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति अनंत मनोहर बदर और कर्नाटक उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति पीबी बजंतरी शामिल हैं।

इसके अलावा पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत चार वकीलों न्यायमूर्ति संदीप कुमार, न्यायमूर्ति पुरणेंदु सिंह, न्यायमूर्ति सत्यव्रत वर्मा व न्यायमूर्ति राजेश कुमार वर्मा को भी शपथ दिलाई गई। राजेश कुमार वर्मा पटना उच्च न्यायालय में केंद्र सरकार के सहायक सॉलिसिटर जनरल थे।

# भारतीय पनडुब्बी को जल क्षेत्र में प्रवेश से रोकने का पाक नौसेना का दावा विश्वसनीय नहीं

भाषा। नई दिल्ली

**पाकिस्तान** द्वारा भारतीय पनडुब्बी को पिछले सप्ताह अपने जल क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने का मंगलवार को किया गया दावा विश्वसनीय नहीं है और इस बारे में सामने आए ब्यौरे के अनुसार यह पनडुब्बी पड़ोसी देश के जल क्षेत्र की सीमा से काफी दूर थी। नौवहन अभियानों से परिचित अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के जल क्षेत्र की सीमा उसके तट से 12 समुद्री मील की दूरी तक है। नौवहन अभियान से परिचित अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में सामने आए ब्यौरे के मुताबिक पनडुब्बी की स्थिति कराची बंदरगाह से 150 समुद्री मील दूर थी जो पाकिस्तानी जल क्षेत्र की सीमा से काफी दूर है। हालांकि पाकिस्तान के इस दावे पर भारतीय नौसेना की प्रतिक्रिया अभी नहीं आई है। पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया था कि उसने पिछले सप्ताह भारत की एक पनडुब्बी को पाकिस्तानी जलक्षेत्र में घुसने से रोक दिया। इस संबंध में पाकिस्तानी सेना एक बयान में कहा कि घटना 16 अक्टूबर को हुई, जब पाकिस्तानी नौसेना के एक गश्ती विमान ने भारतीय पनडुब्बी की मौजूदगी का पता लगाया।

बयान में कहा गया कि उसकी नौसेना ने 16 अक्टूबर को भारतीय पनडुब्बी का पता लगाया और उसे पाकिस्तानी जलक्षेत्र में घुसने से रोक दिया गया। बयान में कहा गया कि यह इस तरह की तीसरी घटना है, जब भारतीय पनडुब्बी का समय से पहले ही पता लगा लिया गया और उसे रोक दिया गया। पाकिस्तानी सेना ने इस कथित घटना की एक छोटी वीडियो फुटेज भी जारी की।

## केरल विधानसभा ने बाढ़ पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को कहा कि राज्य के दक्षिणी-मध्य जिलों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ से 39 लोगों की मौत हो गई और 217 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बताया कि राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश के बाद कम से कम छह लोगों का अब तक पता नहीं चल पाया है और 304 पुनर्वास शिविर खोले गए हैं। बाढ़ पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के संकल्प के बाद विधानसभा अध्यक्ष एम बी राजेश ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। विधानसभा का सत्र अगले दो दिनों के लिए रद्द कर दिया गया, क्योंकि विधायकों को अपने संबंधित क्षेत्रों में बाढ़ राहत कार्यक्रमों की निगरानी करनी है। अब सदन की कार्यवाही 25 अक्टूबर को शुरू होगी। बारिश से हुई क्षति पर दुख प्रकट करते हुए विजयन ने कहा कि यह दुख न केवल पीड़ित परिवारों के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए असहनीय है।


कोलकाता में दुर्गा पूजा त्यौहार को देखते हुए सड़कों पर सैनेटाइज करते नगर निगम कर्मी

## पत्थरबाजी व झड़प की घटनाओं में नौ लोग पकड़े गए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के धार, जबलपुर और बड़वानी जिलों में पत्थरबाजी एवं झड़प की घटनाओं के एक दिन बाद प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है और 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ नामजद मामले दर्ज किए गए हैं।

धार, जबलपुर और बड़वानी जिलों में मंगलवार को हुई हिंसक घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने पत्रकारों से कहा, मध्य प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## उप्र चुनाव में 40 प्रतिशत महिला प्रत्याशी उतारने के कांग्रेस के फैसले का टीएमसी ने मजाक उड़ाया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी के उस निर्णय का मजाक उड़ाया जिसमें पार्टी ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत महिला प्रत्याशी खड़ा करने का निर्णय लिया है। तृणमूल ने उम्मीद जताई कि उसकी नीति की नकल कर कांग्रेस ने केवल दिखावा नहीं किया होगा।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देगी।

टीएमटी की ओर से ट्वीट किया गया, ममता बनर्जी के नेतृत्व में, तृणमूल कांग्रेस ने वह रास्ता दिखाया जिसने देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया है। हम पहली पार्टी थे जिसने लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 40 प्रतिशत सीटें दीं।

# उत्तरी बंगाल में भारी बारिशः भूस्खलन और निचले इलाकों में बाढ़

**भाषा।** गंगटोक/ कोलकाता

**हिमालई** राज्य सिक्किम और उत्तरी बंगाल के चाय उत्पादन क्षेत्र में भारी बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 सहित कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ जिससे गंगटोक का देश के अन्य हिस्सों से सड़क संपर्क टूट गया है। उत्तरी बंगाल में भारी बारिश से बुधवार को आम जनजीवन प्रभावित रहा। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और जलपाईगुड़ी जिलों में बारिश की वजह से भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं जिससे सड़क और पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं और कई स्थानों पर वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान पहाड़ी इलाकों में गए सैकड़ों पर्यटक अपने अगले गंतव्यों पर जाने या घर लौटने के लिए रेलवे स्टेशन या बागडोगरा हवाई अड्डे तक पहुंचने में भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से मुश्किल का सामना कर रहे हैं।



बीरभूम में बाढ़ का एक दृश्य

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश की वजह से सेना और गैर सैनिकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पर भी भूस्खलन हुआ है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल में राजमार्ग के 29वें मील पत्थर के पास भूस्खलन हुआ है जो हिमालई राज्य की रंगपो सीमा से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उन्होंने बताया कि भूस्खलन की दूसरी घटना यहां पनी हाउस के पास हुई जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। सड़क पर मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है ताकि आंशिक रूप से सड़क खोली जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिन से तीस्ता नदी का बहाव तेज है और इसकी वजह से सिक्किम के प्रवेश द्वार रंगपो स्थित इस्पात के पुल का एक खंभा क्षतिग्रस्त हो गया है, कई स्थानों पर नदी, तटबंध बहाकर ले गई है। स्थानीय पुलिस इसके मद्देनजर पुल से वाहनों की आवाजाही को रोक रही है। राज्य में लगातार जारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है और प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री भेजी जा रही है। पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले के महानदी इलाके में भूस्खलन की एक और घटना हुई है जिससे अहम कुरसियांग को सुकना से जोड़ने वाली सड़क बाधित हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार जारी बारिश की वजह से बंगाल के गजोलडोबा तीस्ता बैराज से 3,800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिससे जलपाईगुड़ी के कई निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई है और सिलिगुड़ी को सिक्किम की राजधानी गंगटोक से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10, तीस्ता बाजार इलाके में जलमग्न हो गया है जिसकी वजह से यातायात में समस्या आ रही है। मौसम विभाग ने दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और अलीपुरदुआर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए बृहस्पतिवार की सुबह तक तीनों जिलों में एक दो स्थानों पर मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक, जलपाईगुड़ी और कूच बिहार में भी मूसलाधार बारिश की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि कलिम्पोंग जिले में भूस्खलन की वजह से सड़क संपर्क टूट गया है और कलिम्पोंग कस्बे से पेडोंग, लावा और अलगारा सहित कई बस्तियों को जोड़ने वाली सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग जिले में सिलिगुड़ी शहर के बाहरी इलाके के मैत्रीगारा में बालसोन नदी पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है।



मथुरा में नये चुने गये ग्राम प्रधानों को एक कार्यक्रम के दौरान संबोधित करतीं भाजपा सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी

# पुंजापुरा इलाके में 60 साल तक विकास न करने के लिए भाजपा को मंच से माफी मांगनी चाहिएः कमलनाथ

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि खंडवा लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले पुंजापुरा इलाके में पिछले 60 वर्षों से भाजपा जीतती आई है, लेकिन आज भी यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से उपेक्षित है। भाजपा एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विकास के मामले में क्षेत्र की जनता को धोखा देने के लिए यहां मंच से माफी मांगनी चाहिए। कमलनाथ ने खंडवा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजनारायण सिंह पूरनी के समर्थन में पुंजापुरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। खंडवा लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए 30 अक्टूबर को मतदान होना है।

आज इस इलाके (बागली विधानसभा के तहत आने वाले पुंजापुरा) में नर्मदा किनारे होने के बावजूद यहां पानी का संकट है। ना उद्योग, ना विकास, ना रोजगार। रोजगार के अभाव में लोगों का पलायन जारी है। आज भी यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से उपेक्षित है। कमलनाथ ने कहा, मुझे तो ताज्जुब होता है कि जिन शिवराज जी को विकास के मामले में आपको धोखा देने के लिए यहां आपसे मंच से मा2398ी मांगनी चाहिए, वो किस मुंह से यहां आकर फिर झूठी घोषणाएं करने व झूठे नारियल फोड़ने की हिम्मत कर लेते हैं?



शिवराज जी आप पुंजापुरा के 60 साल का हिसाब दो। शर्म आनी चाहिए आपको कि आप फिर झूठ परोस रहे हैं। फिर झूठे सपने दिखा रहे हैं।

## राहुल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने से बचे कर्नाटक भाजपा प्रमुखः एदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने बुधवार को अपनी पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने से बचने के लिए कहा। विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करने पहुंचे एदियुरप्पा ने सिंदगी में संवाददाताओं से कहा, किसी को भी ऐसा नहीं बोलना चाहिए। मैं उनसे बात करूंगा और पूछूंगा कि इस तरह के बयान के पीछे क्या पृष्ठभूमि थी। इस तरह से बोलने की कोई जरूरत नहीं थी उन्होंने कहा कि किसी को भी राहुल गांधी जैसे नेता के खिलाफ अपमानजनक बात नहीं बोलनी चाहिए। उनकी पार्टी के कार्यकर्ता उनका सम्मान करते हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख डी के शिवकुमार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए एक ट्वीट किया गया था, जिसके बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है।

# हर क्षेत्र में देश के साथ धोखा किया भाजपा नेः पायलट

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र में देश के साथ धोखा किया है। पायलट जयपुर के पास चाकसू में डॉ भीमराव आंबेडकर की अष्टधातु की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इलाके के अनेक विधायक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। केंद्र सरकार पर बरसते हुए पायलट ने कहा, भाजपा की सरकार केंद्र में है। सात साल का इतिहास उठाकर देख लें,हर क्षेत्र में इन्होंने देश के साथ धोखा किया है। अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया। महामारी में हजारों लाखों लोग मर गए चिंता करने, जिम्मेदारी लेने वाला कोई सामने नहीं आया।

पायलट ने कहा कि बेरोजगारी ऐतिहासिक चरम पर पहुंच गई, पेट्रोल-डीजल सौ रुपए का व गैस सिलेंडर नौ सौ रुपए का हो गया। इस



सरकार ने जले पर नमक छिड़कने का काम कृषि कानूनों से किया। पूरे देश में साल भर से उनका विरोध हो रहा है। पायलट ने कहा कि जो लोग आंबेडकर व पायलट का नाम नहीं लेते थे वे वोटों व सत्ता के लिए उन्हें पूजने तक लगे हैं। पायलट ने कहा, आज अंबेडकर साहब को जो मान सम्मान मिल रहा है तो वह आप लोगों की बदौलत मिल रहा है। जो लोग आंबेडकर साहब को देखते तक नहीं थे जो सरदार पटेल को देखते तक नहीं थे आज उनकी पूजा कर रहे हैं तो आपके दबाव में कर रहे हैं। इस बात को भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, ए लोग पाखंड में माहिर हैं इनको आंबेडकर साहब से कोई लगाव नहीं है लेकिन जब वोट लेना होता है, राज की बात आती है, सिंहासन की बात आती है तो ए तो बड़े बहरूपिए हैं जो किसी की भी पूजा कर सकते हैं।

कांग्रेस को सबसे अधिक समर्थन अनुसूचित जाति व जनजाति समाज से मिला है और पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि गरीबों, दलितों, आदिवासियों के साथ जहां भी अन्याय होगा हम उसका साथ देने को तैयार हैं। पायलट ने 21वीं सदी में भी दलितों के साथ असमानता व अन्याय की घटनाओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि दलितों का अत्याचार , शोषण बंद करना होगा और यह सर्व समाज की जिम्मेदारी है। हमारे दलित भाई बहनों का न केवल मान सम्मान बल्कि हर जगह उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हमारी है। आज हम लोगों की सरकार है मुझे पूरा विश्वास है कि जहां-जहां संभव होगा वहां हम हमारे दलित, आदिवासी भाई बहनों को मौका देंगे।

## क्विक न्यूज

### उपचुनाव में भाजपा ने महिला को 50 प्रतिशत टिकट दिए हैं: चौहान

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देने के कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के वादे पर कटाक्ष करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में 30 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव में 50 फीसदी महिला उम्मीदवार उतारे है। चौहान ने अलीराजपुर जिले के जोबट में मंगलवार की रात पत्रकारों से यह बात कही। वह जोबट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुलोचना रावत के पक्ष में चुनाव प्रचार करने आए थे। मध्य प्रदेश में तीन विधानसभा सीटों - जोबट (अलीराजपुर जिला), रैगांव (सतना जिला), पृथ्वीपुर (निवाड़ी जिला) और खंडवा लोकसभा सीट पर 30 अक्टूबर को उपचुनाव होने है। प्रियंका गांधी की घोषणा पर चौहान ने कहा, मुझे नही पता कि उन्होंने (प्रियंका) क्या कहा, लेकिन मध्य प्रदेश उपचुनाव में हमने चार में से दो सीटों पर (50 फीसदी) महिला उम्मीदवार उतारे हैं। हमारी बहनें जोबट में सुलोचना रावत और रैगांव में प्रतिमा बागरी (दोनो विधानसभा सीटें) चुनाव लड़ रही हैं। उन्होने कहा कि जनता हमारे साथ है और हमें पूर्ण विश्वास है कि इस उपचुनाव में सभी चार सीटों पर हमारी जीत होगी।

### पुलिस ने घरेलू सहायिका को पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** कोलकाता में इंजीनियरिंग कंपनी में काम करने वाले सुबीर चाकी समेत दोहरे हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस ने बुधवार को एक महिला को हिरासत में लिया जो उस घर में काम करती थी जहां ए हत्याएं हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि चाकी (61) और उसके वाहन चालक रबिन मंडल (65) के गले, पैर और पीठ पर चाकू से वार करने के कई निशान पाए गए थे। रविवार रात को दक्षिण कोलकाता के गरियाघाट इलाके में स्थित चाकी के पुश्तैनी घर में दोनो के शव बरामद हुए थे। अधिकारी ने कहा कि महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियो ने शहर के मोमिनपुर इलाके में मंडल के घर जाकर भी पड़ोसियों से पूछताछ की। अधिकारी ने कहा, मंडल ने दक्षिण कोलकाता के उपनगर में भी घर बनवाया था और लेकिन वह मोमिनपुर में रहता था। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे है कि वह वहां क्यो रहता था। हम उसके दोनो बेटों से बातचीत करेंगे। पुलिस को इलाके से कुछ सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुए है जिनकी जांच की जा रही है।

### हत्या के लिए नए तरीके अपना रहे आतंकवादीः आजाद

**श्रीनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने ग्रेनेड और बारूदी सुरंगों के बजाय पिस्तौल का इस्तेमाल कर नजदीक से अपने लक्ष्यों को निशाना बनाने का नया तरीका अपनाया है। इस महीने मे अब तक कश्मीर के अलग-अलग हिस्सो मे आतंकियो ने जम्मू-कश्मीर के गैर-निवासियो समेत 11 नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आतंकवादियों की रणनीति मे बदलाव प्रतीत होता है पहले वे हथगोले और बारूदी सुरंगों का इस्तेमाल करते थे। फिर वे कारो मे सवार होकर अपने लक्ष्यो को खत्म करने लगे ... अब वे असैन्य नागरिकों के करीब से गुजरते है और उन्हें मार डालते हैं। आजाद ने यहां अपने आवास पर कश्मीर के विभिन्न हिस्सों के कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद कहा कि घाटी के लोग निर्दोष नागरिकों की हत्या के खिलाफ है। उन्होंने कहा, कश्मीर के लोग देश मे कहीं और लोगों की तुलना मे इन हत्याओं के 10 गुना अधिक खिलाफ है। आजाद ने कहा कि उनकी बातचीत का उद्देश्य जमीनी स्थिति का पता लगाना था। उन्होंने कहा, मै अपने निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ताओ से यह पता लगाना चाहता था कि उग्रवाद बढ़ा है या घटा है और लोग राज्य का दर्जा चाहते है या नही। इसके अलावा कई अन्य मुद्दो पर भी बात हुई। अगस्त 2019 मे, केंद्र ने तत्कालीन जम्मू और कश्मीर राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशो जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख मे विभाजित कर दिया था।

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बचाव एवं उपचार के लिए पूरी व्यवस्था करें : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जिला प्रशासन, चिकित्सा विभाग एवं स्थानीय निकाय आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए बेहतर उपचार, स्वच्छता एवं जागरूकता बढ़ाकर मौसमी बीमारियों पर प्रभावी रूप से नियंत्रण करें और किसी स्तर पर कोई लापरवाही नही होनी चाहिए। गहलोत बुधवार को मौसमी बीमारियों एवं कोविड टीकाकरण अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के चिकित्सा प्रबंधन के समक्ष बड़ी चुनौती पेश की है और तीसरी लहर की आशंका अभी बनी हुई है। ऐसे मे कोई मौसमी बीमारी महामारी का रूप ना ले, इसके लिए जन सहयोग से पूरी तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से लेकर गांव-ढाणी तक डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू जैसी बीमारियों के उपचार एवं बचाव के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिया कि चिकित्सा विभाग डेंगू के दुष्प्रभावो को लेकर लोगों को जागरूक करे। उन्होंने स्थानीय निकायों को नियमित रूप से फॉगिंग करने व जिला प्रशासन को मौसमी बीमारियो की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए।



तेजपुर में विहिप और बजरंग दल के सदस्य बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते हुए

# विवि की प्रतिष्ठा से ज्यादा पाठ्यक्रमों को तरजीह दे रहे 52 प्रतिशत विद्यार्थी

**नई दिल्ली।** विदेश में पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाले कम से कम 52 प्रतिशत विद्यार्थी विवि की प्रतिष्ठा के मुकाबले विशिष्ट पाठ्यक्रमों को तरजीह दे रहे हैं। वैश्विक वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी वेस्टर्न यूनियन द्वारा नीलसन आईक्यू द्वारा कराए गए अध्ययन के नतीजों के मुताबिक अब 64 प्रतिशत विद्यार्थी उन देशों और विश्वविद्यालयों को पढ़ाई के लिए प्राथमिकता दे रहे हैं जहां पर प्रवेश परीक्षा या अंग्रेजी में पारंगत होने की अनिवार्यता नहीं है। विदेश में पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों में आश्चर्य करने वाली परिपाटी देखने को मिल रही है, अधिकतर (52 प्रतिशत) विद्यार्थी चुनाव के लिए विशिष्ट पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दे रहे हैं, बजाय के विश्वविद्यालयों की प्रतिष्ठा को। विद्यार्थी उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश चाहते हैं जो हटकर हैं लेकिन धीरे-धीरे महत्व प्राप्त कर रहे हैं और इसके लिए वे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के समूहों से परे देख रहे हैं जो इस तरह के पाठ्यक्रमों की पेशकश नहीं करते। अध्ययन में कहा गया, इसका संबंध बाधा से भी है, परीक्षा उत्तीर्ण करना विद्यार्थियों (64 प्रतिशत के लिए) की सबसे बड़ी बाधा है, जिससे वे उन देशों और विश्वविद्यालयों को चुन रहे हैं जहां पर प्रवेश परीक्षा नहीं होती और अंग्रेजी में पारंगत होना अनिवार्य नहीं है। धन संबंधी चिंता खासतौर पर वित्त और वित्तीय योजना अहम बाधा है जो विद्यार्थियों और अभिभावकों दोनों ने व्यक्त की और बताया कि पूरी प्रक्रिया को तय करने में यह अहम भूमिका निभाती है। एजुकेशन ओवरसीज- ऐन इवोलविंग जर्नी शीर्षक से किए गए अध्ययन में करीब आधे (45 प्रतिशत) विद्यार्थियों ने बताया कि उनकी प्राथमिकता आत्म निर्भरता और अपनी शर्तों पर जीने का अवसर विदेश में पढ़ाई की प्रेरणा देते हैं। अब प्रत्एक पांच विद्यार्थी में से एक (22 प्रतिशत) अध्ययन के लिए आयरलैंड, तुर्की और स्पेन जैसे गैर पारंपरिक स्थानों को प्राथमिकता दे रहा है।

## असम सरकार की होर्डिंग पर काली स्याही पोतने के आरोप में दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम की बांग्ला भाषी बहुल बराक घाटी के सिलचर कस्बे में राज्य सरकार द्वारा असमी भाषा में लगाई गई होर्डिंग पर काली स्याही पोतने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी। कछार की पुलिस अधीक्षक रमणदीप कौर ने बताया कि असमी भाषा के स्थान पर बंगाली भाषा में पोस्टर लगाने की मांग को लेकर जल जीवन मिशन से जुड़ी होर्डिंग को विकृत करने के मामले में राजू देब और समर दास की पहचान की गई थी और उन्हें रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों को मंगलवार की शाम को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और मामले की जांच चल रही है। राजू देब ऑल बंगाली स्टुडेंट्स यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एबीएसवाईओ) का कछार जिला अध्यक्ष है जबकि समर दास संगठन का सक्रिय सदस्य है।

# नौका में टक्कर के बाद लापता भारतीय मछुआरे का शव मिला

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने बुधवार को बताया कि उन्हें नौका हादसे के बाद से लापता भारतीय मछुआरे का शव मिला है। दो अन्य व्यक्तियों के साथ गए भारतीय मछुआरे की नौका को उत्तरी तट पर श्रीलंकाई नौसेना के जहाज ने टक्कर मार दी थी और घटना के बाद से वह लापता था। घटना सोमवार देर रात नेदुनथीवू के पास हुई। श्रीलंकाई नौसैना का जहाज भारतीय मछुआरों की नाव से जा टकराया, जिससे उसमें सवार तीन लोग समुद्र में जा गिरे। उनमें से दो को श्रीलंका के कर्मियों ने तुरंत बचा लिया और तीसरे मछुआरे की तलाश शुरू की गई। यह मछुआरा तमिलनाडु के पुथुकोट्टई जिले के कोट्टईपट्टिनम का रहने वाला था। श्रीलंकाई नौसेना ने बुधवार को बताया कि लापता भारतीय मछुआरे का शव मिल गया है। तत्काल आगे की कोई विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। दोनों देशों के मछुआरे अनजाने में एक दूसरे के जल क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में अक्सर गिरफ्तार किए जाते हैं। श्रीलंकाई मत्स्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि वे भारतीय पक्ष के साथ नए सिरे से बातचीत करने की योजना बना रहे हैं जिससे उन्हें उम्मीद है कि इसका स्थाई समाधान निकल पाएगा। मंत्रालय के सचिव इंदु रत्नायके ने बताया कि मछली पकड़ने वाली आठ भारतीय नौकाएं हैं जिन्हें अवैध शिकार के आरोप में श्रीलंका ने कब्जे में रखा है। जनवरी में इसी तरह की एक घटना में चार भारतीय मछुआरे मारे गए थे।

# मुस्लिम निकाह एक अनुबंध है और यह हिन्दू विवाह की तरह संस्कार नही हैः कर्नाटक उच्च न्यायालय

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक उच्च न्यायालय** ने कहा है कि मुस्लिम निकाह एक अनुबंध है, जिसके कई अर्थ हैं, यह हिंदू विवाह की तरह कोई संस्कार नहीं और इसके विघटन से उत्पन्न कुछ अधिकारों एवं दायित्वों से पीछे नहीं हटा जा सकता। यह मामला बेंगलुरु के भुवनेश्वरी नगर में एजाजुर रहमान (52) की एक याचिका से संबंधित है, जिसमें 12 अगस्त, 2011 को बेंगलुरु में एक पारिवारिक अदालत के प्रथम अतिरिक्त प्रिंसिपल न्यायाधीश का आदेश रद्द करने का अनुरोध किया गया था। रहमान ने अपनी पत्नी सायरा बानो को पांच हजार रुपए के मेहर के साथ विवाह करने के कुछ महीने बाद ही तलाक शब्द कहकर 25 नवंबर, 1991 को तलाक दे दिया था।

इस तलाक के बाद रहमान ने दूसरी शादी की, जिससे वह एक बच्चे का पिता बन गया। बानो ने इसके बाद गुजारा भत्ता लेने के लिए 24 अगस्त, 2002 में एक दीवानी मुकदमा दाखिल किया था। पारिवारिक अदालत ने आदेश दिया था कि वादी वाद की तारीख से अपनी मृत्यु तक या अपना पुनर्विवाह होने तक या प्रतिवादी की मृत्यु तक 3,000 रुपए की दर से मासिक गुजारा भत्ते की हकदार है।

न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित ने 25,000 रुपए के जुर्माने के साथ याचिका खारिज करते हुए सात अक्टूबर को अपने आदेश में कहा, निकाह एक अनुबंध है जिसके कई अर्थ हैं, यह हिंदू विवाह की तरह एक संस्कार नहीं है। यह बात सत्य है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने विस्तार से कहा कि मुस्लिम निकाह कोई संस्कार नहीं है और यह इसके समाप्त होने के बाद पैदा हुए कुछ दायित्वों एवं अधिकारों से भाग नहीं सकता। पीठ ने कहा, तलाक के जरिए विवाह बंधन टूट जाने के बाद भी दरअसल पक्षकारों के सभी दायित्वों एवं कर्तव्य पूरी तरह समाप्त नहीं होते हैं। उसने कहा कि मुसलमानों में एक अनुबंध के साथ निकाह होता है और यह अंततः वह स्थिति प्राप्त कर लेता है, जो आमतौर पर अन्य समुदायों में होती है। अदालत ने कहा, यही स्थिति कुछ न्यायोचित दायित्वों को जन्म देती है। वे अनुबंध से पैदा हुए दायित्व हैं। अदालत ने कहा कि कानून के तहत नए दायित्व भी उत्पन्न हो सकते हैं।

उनमें से एक दायित्व व्यक्ति का अपनी पूर्व पत्नी को गुजारा भत्ता देने का परिस्थितिजन्य कर्तव्य है जो तलाक के कारण अपना भरण-पोषण करने में अक्षम हो गई है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कुरान में सूरह अल बकराह की आयतों का हवाला देते हुए कहा कि अपनी बेसहारा पूर्व पत्नी को गुजारा-भत्ता देना एक सच्चे मुसलमान का नैतिक और धार्मिक कर्तव्य है। अदालत ने कहा कि एक मुस्लिम पूर्व पत्नी को कुछ शर्तें पूरी करने की स्थिति में गुजारा भत्ता लेने का अधिकार है और यह निर्विवाद है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि मेहर अपर्याप्त रूप से तय किया गया है और वधु पक्ष के पास सौदेबाजी की समान शक्ति नहीं होती।



कोलकाता में अभिनेत्री इंद्राणी दत्ता अपनी पुत्री राजनंदिनी दत्ता के साथ लक्ष्मी पूजन करती हुई

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट मुनाफावसूली से सेंसेक्स 456 अंक लुढ़का

**भाषा।** मुंबई

**शेयर बाजारों** में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। उच्च मूल्य स्तर पर पहुंचे शेयरों में निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 456 अंक टूटकर बंद हुआ। निफ्टी भी 18,300 के स्तर से नीचे बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार मझोली और छोटी कंपनियों (मिडकैप और स्मॉलकैप) के शेयरों में भी उच्च कीमत की वजह से भारी बिकवाली दबाव रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 456.09 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,259.96 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 152.15 अंक यानी 0.83 प्रतिशत टूटकर 18,266.60 अंक पर बंद हुआ।







सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन 2.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा एचयूएल, एनटीपीसी, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल ने 4.03 प्रतिशत की सर्वाधिक तेजी के साथ लाभ में रहने वाले शेयरों की अगुवाई की। एसबीआई, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक में भी तेजी रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, जिन शेयरों में गिरावट आई है, वह युक्तिसंगत है। क्योंकि मूल्य काफी चढ़ गया था। उन्होंने कहा कि लगभग सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहें। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में तेजी रही। निवेशक इस खंड में निवेश करते दिखें। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में जो गिरावट है, वह कोई बड़ी प्रतिक्रिया का नतीजा नहीं है। उच्च मूल्यांकन के कारण अल्प अवधि में यह स्थिति बनी रह सकती है। भविष्य में भारतीय कंपनियों को सुधारों से लाभ हो सकता है...। उन्होंने कहा, इसके अलावा अर्थव्यवस्था में गतिविधियां फिर से शुरू होने, निम्न ब्याज दर और सरकार तथा निजी स्तर पर खर्च से अर्थव्यवस्था और बाजार की दीर्घकालीन प्रवृत्ति अक्षुण्ण बनी हुई है। बाजार में यह सुधार खरीद का मौका देगा। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की लाभ में रहे, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.38 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 47 पैसे मजबूत होकर 74.88 पर पहुंच गई।

## यस बैंक ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई, स्थिर होने में दो और साल लगेंगे : रजनीश कुमार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय स्टेट** बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा कि संकटग्रस्त यस बैंक ने पिछले साल एसबीआई के नेतृत्व में निवेशकों के समूह द्वारा उसके प्रबंधन को संभालने के बाद उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है और इसे स्थिर होने में दो साल और लग सकते हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, जिस स्थिति में यस बैंक था, आपको उसे स्थिर करने के लिए कम से कम तीन साल का समय देना होगा।

द कस्टोडियन ऑफ ट्रस्ट नामक अपनी पुस्तक में, कुमार ने कहा कि एसबीआई यस बैंक के लिए अंतिम सहारा बनने के लिए अनिच्छुक था, लेकिन परिस्थितियों ने इसे देश के चौथे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक को बचाने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा, शुरुआत में मुझे लगा था कि छह बैंकों के विलय के बाद एसबीआई एक और बैंक को बचाने की जिम्मेदारी लेने से बचेगा। एसबीआई द्वारा आखिरी बेलआउट (1995 में) उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में काम करने वाला काशी नाथ सेठ बैंक था, जो एक परिवार के स्वामित्व वाला बैंक था। उन्होंने पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) द्वारा प्रकाशित पुस्तक में उल्लेख किया है कि आरबीआई का उनपर 13 मार्च, 2020 तक बैंक के लिए अन्य निवेशकों को खोजने का दबाव था। पांच मार्च, 2020 को भारतीय रिज़र्व बैंक ने संकटग्रस्त यस बैंक पर रोक लगाते हुए निकासी की सीमा 50,000 रुपए तय कर दी। इसके बाद 13 मार्च को सरकार द्वारा अधिसूचित पुनर्गठन योजना के कारण 18 मार्च, 2020 को इस रोक को हटा लिया गया। पुनर्गठन योजना के अनुसार, एसबीआई तीन साल की अवधि के लिए बैंक में अपनी हिस्सेदारी को 26 प्रतिशत से कम नहीं कर सकता है, जबकि अन्य निवेशकों और मौजूदा शेयरधारकों के पास यस बैंक में उनके 75 प्रतिशत के निवेश के लिए तीन साल की लॉक-इन अवधि होगी। हालांकि, 100 से कम शेयरों वाले शेयरधारकों पर लॉक-इन अवधि लागू नहीं होगी।

## भारत में लौटेगा ऊंचे वेतन का दौर, 2022 में कर्मचारियों को मिलेगी 9.3 प्रतिशत की वेतनवृद्धि : रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत में ऊंचे वेतन का दौर अगले साल से फिर लौटने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में भारत में कर्मचारियों के वेतन में औसतन 9.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। 2021 में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है। वैश्विक सलाहकार, ब्रोकिंग और समाधान कंपनी विलिस टावर्स वॉटसन की वेतन बजट योजना रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनियों के सामने कर्मचारियों को आकर्षित करने और उन्हें अपने साथ जोड़े रखने की चुनौती है। ऐसे में 2022 में कंपनियां कर्मचारियों को अधिक वेतनवृद्धि देंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया-प्रशांत में अगले साल सबसे अधिक वेतनवृद्धि भारत में होगी। अगले 12 माह के दौरान कारोबारी परिदृश्य में सुधार की उम्मीद है। यह रिपोर्ट छमाही सर्वे है। यह सर्वे मई और जून, 2021 के दौरान एशिया-प्रशांत की विभिन्न उद्योग क्षेत्रों की 1,405 कंपनियों के बीच किया गया। इनमें से 435 कंपनियां भारत की हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 52 प्रतिशत भारतीय कंपनियों का मानना है कि अगले 12 माह के दौरान उनका राजस्व परिदृश्य सकारात्मक रहेगा। 2020 की चौथी तिमाही में ऐसा मानने वाली कंपनियों की संख्या 37 प्रतिशत थी। कारोबारी परिदृश्य में सुधार से नौकरियों की स्थिति भी सुधरेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले एक साल के दौरान नई नियुक्तियों की तैयारी कर रही हैं। यह 2020 की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कामकाज मसलन इंजीनियरिंग (57.5 प्रतिशत), सूचना प्रौद्योगिकी (53.3 प्रतिशत), तकनीकी कौशल (34.2 प्रतिशत) बिक्री (37 प्रतिशत) और वित्त (11.6 प्रतिशत) में सबसे अधिक भर्तियां देखने को मिलेंगी।

# भारत ने किया आगाह, तेल की ऊंची कीमतों का वैश्विक पुनरुद्धार पर होगा प्रतिकूल असर

**भाषा।** नई दिल्ली

**दुनिया के** तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देश भारत ने बुधवार को आगाह करते हुए कहा कि तेल की ऊंची कीमतें शुरुआती और नाजुक वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार पर प्रतिकूल असर डालेंगी। भारत ने सऊदी अरब और ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) के अन्य सदस्य देशों से सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति की दिशा में काम करने को कहा। साथ ही भारत ने दीर्घकालीन आपूर्ति अनुबंधों का विचार रखा। इससे भरोसेमंद और स्थिर कीमत व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सेरा वीक के इंडिया एनर्जी फोरम में कहा कि तेल की मांग और ओपेक और उससे जुड़े सहयोगी देशों (ओपेक




प्लस) जैसे उत्पादकों की तरफ से होने वाली आपूर्ति में अंतर है। ऐसे में उत्पादन बढ़ाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, दुनिया को कोविड-पूर्व स्तर पर आने के लिए भरोसेमंद, स्थिर और सस्ती कीमत की जरूरत है। पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर ने कहा कि भारत जैसे आयातक देश फिलहाल सऊदी अरब और इराक जैसे ओपेक देशों से तेल खरीदने को लेकर अनुबंध करते हैं। इन अनुबंधों से केवल मात्रा को लेकर निश्चितता रहती है। जबकि कीमत डिलिवरी के समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रचलित मूल्य के आधार पर तय होती है। उन्होंने कहा, गैस के मामले में अनुबंध 25 साल तक की अवधि के लिए होता है और कीमत का निर्धारण तय मानकों पर होता है। तेल के लिए भी दीर्घकालीन अनुबंध के साथ कीमत को लेकर मानक होने चाहिए। यह मानक कोयला या फिर गैस जैसे वैकल्पिक ईंधन की कीमतों के आधार पर हो सकता है। सचिव ने कहा कि ओपेक और सहयोगी देशों को इस मौके पर आगे आना चाहिए और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाना चाहिए। इस साल मई से कीमतों में वृद्धि के साथ देशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। पुरी ने कहा, अगर ऊर्जा की कीमतें ऊंची बनी रहीं, तो वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव से न केवल भारत बल्कि औद्योगिक देश भी प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा, यह सबके हित में है कि हम वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को बनाए रखें। इसीलिए स्थिर और सस्ती ऊर्जा उत्पादक और आयातक देशों दोनों के हित में है। मंत्री ने कहा कि ऊर्जा विनाशकारी महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिए महत्वपूर्ण है। तेल की ऊंची कीमतें आर्थिक पुनरुद्धार की गति को धीमा करेंगी। मुझे भरोसा है कि ओपेक और सहयोगी देश उपभोक्ता देशों की भावना का ध्यान रखेंगे।

## एनबीसीसी को हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान में 375 करोड़ रुपए की परियोजनाएं मिलीं

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी (इंडिया) लि. को हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में करीब 375 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी को ए ऑर्डर परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में मिले हैं। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसे हरियाणा के सोनीपत के खानपुर कलां में बीपीएस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के चरण तीन के निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार का कार्य मिला है। इस परियोजना की लागत करीब 285 करोड़ रुपए की है। एक अन्य सूचना में कंपनी ने कहा कि उसे जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के परिचालन, प्रबंधन और विकास के लिए स्वतंत्र इंजीनियर का कार्य मिला है। एनबीसीसी इस परियोजना के लिए स्वतंत्र इंजीनियरिंग सेवा प्रदान करेगी। यह परियोजना 12.40 रुपए (जीएसटी को छोड़कर सभी करों सहित) की है।

## रुपया 47 पैसे तेजी के साथ 74.88 प्रति डॉलर पर, दो सप्ताह का उच्चस्तर

**मुंबई।** कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट तथा बाजार में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने के साथ अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 47 पैसे के उछाल के साथ 74.88 प्रति डॉलर के लगभग दो सप्ताह के उच्चस्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के कारण रुपए पर कुछ दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मजबूती का रुख लिए 75.10 रुपए पर खुला तथा कारोबार के दौरान यह 74.88 रुपए तक सुधर गया, जो सात अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है। कारोबार के दौरान रुपया 74.83 से 75.13 रुपए के दायरे में रहा और अंत में पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव के मुकाबले 47 पैसे का उछाल दर्शाता 74.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मंगलवार को मिलाद-उन-नबी की वजह से मुद्रा बाजार बंद था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, कच्चे तेल की कम कीमतों और डॉलर मांग के




कारण भारतीय रुपए को उभरते बाजार की मुद्राओं में सबसे ज्यादा फायदा हुआ, जबकि बाजार को आने वाले हफ्तों में अनुसूचित क्यूआईपी और आईपीओ से विदेशी पूंजी के निवेश की उम्मीद है। उन्होंने कहा, डॉलर के मुकाबले चीनी युआन में तेजी, जो चार महीने के उच्च स्तर के करीब है, ने भी क्षेत्रीय मुद्राओं को समर्थन दिया। चीनी सरकार द्वारा कोयले की ऊंची कीमतों पर लगाम लगाने और आपूर्ति में सुधार की योजना बनाने की खबरों के बाद तेल की कीमतें 0.83 प्रतिशत घटकर 84.37 डॉलर प्रति बैरल रह गईं।

## बीएसएनएल को इनमारसैट की ग्लोबल एक्सप्रेस सैटेलाइट संचार सेवाओं के परिचालन का लाइसेंस मिला

**भाषा।** नई दिल्ली

**वैश्विक** मोबाइल सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख कंपनी इनमारसैट ने बुधवार को कहा कि उसकी रणनीतिक भागीदार बीएसएनएल ने भारत में ग्लोबल एक्सप्रेस (जीएक्स) मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवाएं देने के लिए जरूरी लाइसेंस हासिल किया है। इससे भारतीय घरेलू एयरलाइंस और अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियां देश के ऊपर से उड़ान के दौरान उच्च गति की संपर्क सुविधा प्रदान कर सकेंगी। इनमारसैट ने एक बयान में कहा कि दूरसंचार विभाग से भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) को उड़ान और समुद्री संपर्क (आईएफएमसी) के दौरान के लिए दिए गए लाइसेंस से ग्लोबल एक्सप्रेस की सुविधा सरकार, विमानन और समुद्री क्षेत्र में भारतीय ग्राहकों को उपलब्ध होगी। यह घोषणा महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसका मतलब है कि भारतीय विमानन कंपनियां देश और विदेश में उड़ान के दौरान संपर्क सुविधा के लिए जीएक्स का उपयोग कर सकेंगी। साथ ही इससे भारतीय समुद्र क्षेत्र में काम करने वाली देश की वाणिज्यिक कंपनियां जहाजों के बेहतर संचालन और चालक दल से जुड़ी कल्याण सेवाओं के लिए अपने जहाजों में डिजिटलीकरण को बढ़ाने में सक्षम होंगी। बयान के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल को मिले लाइसेंस से जीएक्स सेवाओं की पेशकश सरकार और अन्य उपयोगकर्ताओं को की जा सकेगी। ग्राहकों और अन्य भागीदारों के लिए सेवाओं की शुरुआत चरणबद्ध तरीके से होगी। स्पाइसजेट लि. के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह के हवाले से बयान में कहा गया है, हम इस बात से खुश हैं कि उड़ान के दौरान यात्रियों को संपर्क सेवा देने वाली ग्लोबल एक्सप्रेस की सुविधाएं अब भारत में आ रही हैं।

जीएक्स, के बैंड में काम करता है। यह उच्च गति का ब्रॉडबैंड नेटवर्क है। इसे दुनिया में कहीं भी आवाजाही के दौरान बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करने के मकसद से तैयार किया गया है। यह सेवा उच्च बैंडविड्थ, विश्वसनीयता और सुरक्षा प्रदान करती है। यह आवाजाही के दौरान वाणिज्यिक और सरकारी स्तर के ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती है। इनमारसैट के सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) राजीव सूरी ने कहा, आज का दिन इनमारसैट और भारत के साथ हमारी मूल्यवान और दीर्घकालिक भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण है।

## क्विक न्यूज

### भारत 2030 तक 4,50,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल होने योग्य : केरी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति के जलवायु मामलों के विशेष दूत जॉन केरी ने बुधवार को कहा कि भारत का 2030 तक 4,50,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता हासिल करने का लक्ष्य हासिल होने योग्य है, क्योंकि वह पहले ही 1,00,000 मेगावॉट की क्षमता हासिल कर चुका है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) आमसभा के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, भारत को आईएसए का नेतृत्व करते हुए देखकर काफी अच्छा लग रहा है। भारत (हमारा) एक करीबी सहयोगी है और अमेरिका 2030 तक 4,50,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता हासिल करने के भारत के लक्ष्य का पुरजोर समर्थन करता है। केरी ने कहा, हमारा मानना है कि यह बिल्कुल संभव है और हासिल कर लिया जाएगा। भारत ने पहले ही 1,00,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता हासिल कर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साथ ही कहा, भारत ने अपनी कम लागत वाली सौर नीलामियों के साथ जो प्रदर्शन किया है और पारेषण ग्रिड एवं बड़े पैमाने पर सौर कलपुर्जों के कार्यक्रम और दूसरे नवाचार नीति उपकरणों से जो हासिल किया है, उसे पूरी दुनिया में दोहराया जा सकता है। यह ध्यान में रखते हुए कि सौर ऊर्जा जलवायु को लेकर तत्काल जरूरी कार्वाई का सबसे अहम हिस्सा है, उन्होंने देशों से तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर सीमित करने और शताब्दी के मध्य तक शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों को पहुंच के भीतर रखने के लिए जोरदार कार्वाई करने का आग्रह किया।

### आईएमएफ की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ नौकरी छोड़ेंगी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी लौटेंगी

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार उसकी मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ अगले साल जनवरी में अपनी नौकरी छोड़ देंगी और प्रतिष्ठित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में लौट जाएंगी। 49 वर्षीय प्रमुख भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री जनवरी 2019 में मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में आईएमएफ में शामिल हुई थी। मैसूर में जन्मी गोपीनाथ वैश्विक वित्तीय संस्थान की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री है। आईएमएफ में शामिल होने से पहले वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन और अर्थशास्त्र की प्रोफेसर थी। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने मंगलवार को घोषणा की कि गोपीनाथ के उत्तराधिकारी की तलाश जल्द ही शुरू होगी। जॉर्जीवा ने कहा, आईएमएफ और हमारी सदस्यता में गीता का योगदान काफी उल्लेखनीय रहा, सीधे शब्दों में कहे तो आईएमएफ के काम पर उनका प्रभाव जबरदस्त रहा है।

### वर्चुअल इंटर्नशिप के लिए आवेदन पर ध्यान नहीं दिया जाएगा: सेबी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि सरकार द्वारा कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद वह अपने कानूनी विभाग में वर्चुअल इंटर्नशिप के लिए किसी आवेदन पर विचार नही करेगा। सेबी ने एक नोटिस में कहा, पूर्णआंशिक लॉकडाउन से जुड़े सरकारी परामर्श में छूट और कोविड-19 की वजह से लगी यात्रा संबंधी रोक हटाने जाने के साथ इंटर्नशिप कार्यक्रम चार मार्च, 2020 के विज्ञापन में प्रदान किए गए पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों के अनुरूप होगा। नोटिस में कहा गया, वर्चुअल इंटर्नशिप के लिए किसी भी आवेदन पर विचार नही किया जाएगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने चार मार्च, 2020 को अपने कानूनी विभाग में इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे।

### जियो ने अगस्त में 6.49 लाख, एयरटेल ने 1.38 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने अगस्त में 6.49 नए लाख मोबाइल ग्राहक जोड़े। इसके बाद भारती एयरटेल का स्थान रहा, जिसने 1.38 लाख नए कनेक्शन जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके उलट वोडाफोन आइडिया ने अगस्त में 8.33 लाख ग्राहक गंवाए, हालांकि उसका नुकसान जुलाई की तुलना में कम रहा। जियो ने नए ग्राहक जोड़ने की रेस में प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ना जारी रखते हुए अगस्त में 6.49 लाख वायरलेस उपयोगकर्ता जोड़े। इसके साथ ही उसका मोबाइल ग्राहकों का आधार बढ़कर 44.38 करोड़ हो गया। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल ने महीने के दौरान 1.38 लाख ग्राहक जोड़े जिससे उसके कुल वायरलेस कनेक्शनों की संख्या 35.41 करोड़ हो गई। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वोडाफोन आइडिया ने अगस्त में 8.33 लाख मोबाइल कनेक्शन गंवाए और इसके साथ उसके वायरलेस ग्राहकों की संख्या घटकर 27.1 करोड़ रह गई।

### आने वाले महीनों में सोने का आयात और बढ़ने की उम्मीद: जीजेईपीसी

**नई दिल्ली।** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को कहा कि त्योहारों और शादियों के सीजन की मांग के कारण आने वाले महीनों में देश के सोने के आयात में और वृद्धि होने की उम्मीद है। सोने का आयात अप्रैल-सितंबर 2021 के दौरान लगभग 24 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसका चालू खाता घाटे (कैड) पर असर पड़ता है। जीजेईपीसी ने कहा कि पिछले छह महीनों के दौरान आयात में उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति देखी गई है और यह कोविड के पहले के वर्षों के आंकड़ों के बराबर आ गया है। जीजेईपीसी ने कहा कि मई (12.98 टन) और जून (17.57 टन)-2021 में सोने का आयात दूसरी विनाशकारी कोविड लहर से बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसके चलते राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लग गया। इससे रत्न और आभूषण सहित कई उद्योग प्रभावित हुए। जीजेईपीसी ने कहा कि आयात अगस्त में बढ़ा। माह के दौरान आयात का आंकड़ा 118.08 टन रहा। यह सोने के आयात का दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा है। जीजेईपीसी के चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा कि जुलाई, अगस्त और सितंबर 2021 के दौरान आयात में वृद्धि लॉकडाउन के हटने, घरेलू और निर्यात मांग में सुधार और त्योहारी सीजन की शुरुआत के कारण हुई है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादों की मांग में तेज वृद्धि हुई है।

### एनपीसीआई ने सुरक्षा उपाय के रूप में रुपे कार्ड के लिए टोकन प्रणाली शुरू की

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को रुपे कार्ड के लिए टोकन प्रणाली शुरूकरने की घोषणा की। एनसीपीआई ने कहा कि एनपीसीआई टोकनीकरण प्रणाली (एनटीएस) दुकानदारों के पास कार्ड का ब्योरा स्टोर करने के विकल्प में रूप में होगी। इससे ग्राहकों के कार्ड की सुरक्षा बढ़ेगी और उन्हें खरीदारी का एक सहज अनुभव मिलेगा। एनपीसीआई ने कहा कि ग्राहकों की संवेदनशील जानकारी को भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार सुरक्षित लेनदेन में मदद के लिए कूट टोकन के रूप में रखा जाएगा। उसने कहा कि ए टोकन ग्राहक की जानकारी का खुलासा किए बिना भुगतान करने की अनुमति देंगे। एनपीसीआई के उत्पाद प्रमुख कुणाल कलावतिया ने कहा, कार्ड टोकन को लेकर आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देश देश में डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए है।

# पेज एक का शेष

## योगी राज

से जोड़ा। उन्होंने कहा, यूपी के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि उनकी (सपा नेताओं) पहचान समाजवादियों की नहीं, परिवारवादियों की बन गई। मोदी ने अन्य किसी विपक्षी दल का नाम नहीं लिया लेकिन पूर्ववर्ती सरकार (सपा) पर ही ज्यादा हमलावर दिखे। प्रधानमंत्री ने कहा, साढ़े चार वर्ष के शासन में उप्र में कानून का राज स्थापित हुआ है। पूर्ववर्ती सरकार की नीति माफिया को खुली छूट और खुली लूट की थी लेकिन आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यहां माफिया माफी मांगता फिर रहा है। योगी (मुख्यमंत्री) के कदमों का सबसे ज्यादा दुख माफियावादियों को हो रहा है। यह सरकार भूमाफिया की संपत्ति को ध्वस्त कर रही है जो गरीबों की संपत्ति पर बुरी नजर रखते थे। मोदी ने आगामी चुनाव के लिए खुलकर कोई अपील नहीं की लेकिन पूर्ववर्ती सपा सरकार पर हमला कर मौजूदा सरकार की सराहना करते हुए इशारों में अपनी मंशा साफ कर दी।

## प्रदेश में...

कर दिया गया है। जारी आदेश में अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा है कि प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा है, किन्तु यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए यह समय सतर्कता एवं सावधानी बरतने का है। अवस्थी ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ बनाए रखे जाने व कोविड नियमों के तहत सभी पर्व एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं।

## विशेष अदालत...

चुनौती दी। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने आर्यन खान, मर्चेंट और धमेचा को मादक पदार्थ रखने, इससे संबंधित साजिश, इसके सेवन, खरीद और तस्करी करने के आरोप में तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। तीनों इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। आर्यन और मर्चेंट मुंबई में ऑर्थर रोड जेल में बंद हैं तथा धमेचा यहां बायकुला महिला कारागार में बंद है। मामले में आरोपी आर्यन खान और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस कानून की धाराओं-8(सी), 20(बी), 27, 28, 29 और 35 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## थाने से...

कि चोरी के पैसे उसके घर में रखे हैं। अरुण की तबियत बिगड़ने और उसकी मौत होने से पहले पुलिस ने उसके घर की तलाशी में 15 लाख रुपए बरामद कर लिए थे। पुलिस ने बताया कि अरुण पर शनिवार की रात थाने के मालखाना (थाने में वह कमरा जहां जब्त की गई वस्तुएं रखी जाती हैं) से नकदी चुराने का आरोप है। वह थाने में सफाईकर्मी का काम करता था। आगरा परिक्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने इस मामले में थाना प्रभारी सहित छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान पुलिस ने कई संदिग्धों को पकड़ा। उनमें से अरुण भी एक था, क्योंकि वह मालखाना में जा सकता था।

## हिरासत में...

पूरे दिन गेस्ट हाउस में ही बैठी रहूं। मुझे सिर्फ कांग्रेस के दफ्तार जाने की इजाजत है। सिर्फ इसलिए कि यह उनके लिए राजनीतिक रूप से सुविधाजनक है। उन्होंने कहा कि भगवान जाने क्यों ये लोग तमाशा करना चाहते हैं, मैंने तो कहा है कि मैं जाऊंगी, इंतजार करने के लिए तैयार हूं। हर बार बोलते हैं 144 लागू है। कानून व्यवस्था का मसला है। मैं पीएम साहब की रैली में तो नहीं जा रही। वहां हजारों लोग बैठे हैं वहां 144 लागू नहीं है। उल्लेखनीय है कि आगरा के जगदीशपुरा थाना के मालखाने से 25 लाख रुपए चोरी के मामले में पुलिस ने सफाई कर्मी अरुण वाल्मीकि को हिरासत में लिया था। पुलिस का कहना है कि उसने चोरी की बात कबूल की थी और उससे 15 लाख रुपए भी रिकवर किए गए थे लेकिन रिकवरी के दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मुठभेड़ में...

के बाद बुधवार शाम को संयुक्त अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई और बार-बार आत्मसमर्पण की अपील गयर जिसे आतंकवादियों ने ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं और सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहाकि इसके बाद हुई मुठभेड़ में, दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। एक एके राइफल और युद्ध जैसे अन्य सामान बरामद किए गए हैं। इससे पहले दिन में, आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने शोपियां जिले के दरगड़ इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को जवाबी कार्वाई करनी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि लश्कर ए तैयबा का मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। उन्होंने कहा, तीन सुरक्षाकर्मी इस अभियान में घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में यहां एक अस्पताल में मौत हो गई।

## उत्तराखंड में...

दक्षिण-पश्चिम मानसून 26 अक्टूबर के आसपास पूरे देश से पूरी तरह से चला जाएगा, जिसके बाद से पूर्वोत्तर मानसून सक्रिय होने का मार्ग प्रशस्त होगा। विभाग के अनुसार 20-24 अक्टूबर के दौरान केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तटीय और दक्षिण कर्नाटक के अंदरूनी भाग में वर्षा होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गढ़वाल और कुमाऊं के हवाई सर्वेक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक के बाद चार धाम यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया गया। जहां यमुनोत्री-गंगोत्री, केदारनाथ धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है, वहीं जोशीमठ के पास बद्रीनाथ हाईवे बंद होने के कारण बद्रीनाथ यात्रा फिलहाल शुरू नहीं हो सकी है। उत्तराखंड पुलिस ने ट्वीट किया कि बद्रीनाथ यात्रा भी जल्द सुचारू हो जाएगी। उत्तराखंड चार धाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड के अनुसार सोन प्रयाग और लिंचोली में फंसे एक हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को प्रशासन द्वारा यात्रा की अनुमति मिलने के बाद केदारनाथ मंदिर के लिए रवाना कर दिया गया है।

## पीलीभीत, लखीमपुर...

स्थानों पर पहुंचाया। उन्होंने बताया कि धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के अगहरा देवमनिया गांव में तलिया घाट के निकट 17 लोगों को ले जा रही एक नाव उफनाई घाघरा नदी में पलट गई। इस घटना में नाव पर सवार नौ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि आठ लापता लोगों की तलाश की जा रही है। बरेली से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक जिले में पिछले दो दिनों के दौरान मूसलाधार बारिश के कारण हादसों में एक दंपति समेत छह लोगों की मौत हो गई। पीलीभीत से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बुधवार को बताया कि जिले में पिछले दो दिनों के दौरान हुई बेमौसम बारिश के कारण शारदा और देवहा नदियों ने रौद्र रूप ले लिया है और इनके किनारे बसे कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। सेना के कुछ जवानों ने संवाददाताओं को बताया कि शारदा पार के गांव में लगभग 500 ग्रामीण बाढ़ में फंसे हुए हैं। सभी को सुरक्षित निकालने में समय लगेगा। उधर, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. पूरी रात माधो टांडा थाने की रामनगर चौकी पर मौजूद रहे। जिला अधिकारी पुलकित खरे और अपर आयुक्त (प्रशासन) अरुण कुमार भी देर रात तक वहां मौजूद रहे। इधर, नानक सागर और डियूनि बांध से पानी छोड़े जाने से देवहा नदी उफान पर है।

## लखीमपुर हिंसा...

जेल भेजा गया है। इसके बाद पीठ ने सवाल किया कि शेष छह आरोपियों का क्या हुआ और क्या आपने उनकी पुलिस हिरासत के लिए अनुरोध किया गया था या उन्हें सीधे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उसने कहा, वे पुलिस हिरासत में थे और चूंकि आपने उनकी पुलिस हिरासत का अनुरोध नहीं किया था , इसलिए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में क्या स्थिति है? हम सिर्फ चाहते हैं कि तथ्यों को स्पष्ट किया जाए। ऐसी स्थितियां होती हैं, जब पुलिस आरोपी की हिरासत का अनुरोध करती है, लेकिन न्यायालय इनकार कर देती है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज देती है और ऐसे भी मामले होते हैं, जिनमें पुलिस कहती है कि आरोपी को अब पुलिस हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार के वकील ने कहा कि आरोपियों को जेल भेजे जाने से पहले उनसे पुलिस हिरासत में तीन दिन पूछताछ की गई थी। साल्वे ने कहा, मैं बताना चाहता हूं कि बयान दर्ज कर लिए गए हैं, कई वीडियो प्राप्त किए गए हैं, उन सभी को फॉरेंसिक प्रयोगशाला में भेज दिया गया है।

# रोहित का अर्द्धशतक, भारत ने आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** दुबई



**रोहित** शर्मा के अर्द्धशतक से भारत ने बुधवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने दूसरे अभ्यास मैच में भी आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड को हराने वाले भारत ने आस्ट्रेलिया के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रिटायर्ड आउट होने से पहले रोहित शर्मा की 41 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन की पारी के अलावा लोकेश राहुल (39) के साथ उनकी पहले विकेट की 68 और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 38) के साथ दूसरे विकेट की 59 रन की साझेदारी की मदद से 17.5 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (57), मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 41) और ग्लेन मैक्सवेल (37) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 152 रन बनाए थे।

स्मिथ ने मैक्सवेल के साथ चौथे विकेट के लिए 61 और स्टोइनिस के साथ पांचवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 48 की पारी में सात चौके जड़े जबकि स्टोइनिस ने 25 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा। भारत अब टी20 विश्व कप के सुपर 12 के अपने पहले मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान से भिड़ेगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को राहुल और रोहित ने अच्छी शुरुआत दिलाई। राहुल ने मिशेल स्टार्क पर चौका जड़ने के बाद एश्टन एगर का स्वागत छक्के के साथ किया। रोहित ने भी पैट कमिंस के दो ओवर में तीन चौके मारे। भारत ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 42 रन बनाए। राहुल ने लेग स्पिनर एडम जंपा पर दो छक्कों के साथ सातवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। राहुल हालांकि एगर पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहरा गए और डेविड वार्नर ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। राहुल ने 31 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और दो चौके मारे। सूर्यकुमार यादव ने एगर पर चौके से खाता खोला और फिर मार्श की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। रोहित ने भी मार्श और ग्लेन मैक्सवेल पर छक्के जड़े जिससे भारत ने 13वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। रोहित ने स्टोइनिस पर चौके के साथ 36 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रोहित और सूर्यकुमार दोनों ने 15वें ओवर में कमिंस पर छक्के जड़े। भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 26 रन की दरकार थी। रोहित इसी समय रिटायर्ड आउट होकर वापस चले गए लेकिन सूर्यकुमार और हार्दिक पंड्या (नाबाद 14) ने आसानी से भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 11 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दूसरे ओवर में खराब फॉर्म में जूझ रहे डेविड वार्नर (01) और मिशेल मार्श (00) को लगातार गेंदों में पवेलियन भेजा। अश्विन ने वार्नर को पगबाधा करने के बाद मार्श को कप्तानी की भूमिका निभा रहे रोहित शर्मा के हाथों पहली स्लिप में कैच कराया। कप्तान आरोन फिंच (08) ने भुवनेश्वर कुमार पर चौका जड़ा लेकिन रविंद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा कर दिया। स्मिथ और मैक्सवेल ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने पावरप्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 34 रन तक पहुंचाया। मैक्सवेल ने जडेजा पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि स्मिथ ने भी बाएं हाथ के इस स्पिनर के अलावा लेग स्पिनर राहुल चाहर पर भी बाउंड्री जड़ी। भारत के नियमित कप्तान विराट कोहली ने भी इस बीच दो ओवर गेंदबाजी की। आस्ट्रेलिया के रनों का अर्धशतक 10वें ओवर में पूरा हुआ। चाहर ने मैक्सवेल को बोल्ड करके स्मिथ के साथ उनकी 61 रन की साझेदारी का अंत किया। स्टोइनिस ने कोहली और वरूण चक्रवर्ती पर चौके जड़े। आस्ट्रेलिया के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। स्मिथ ने 17वें ओवर में शार्दुल ठाकुर पर लगातार तीन चौके जड़े और फिर दो रन के साथ 41 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। स्टोइनिस ने मोर्चा संभालते हुए 19वें ओवर में चक्रवर्ती की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। अंतिम ओवर में भुवनेश्वर ने स्मिथ को रोहित के हाथों कैच कराया। स्मिथ और स्टोइनिस की पारियों की बदौलत आस्ट्रेलिया की टीम अंतिम चार ओवर में 50 रन जोड़ने में सफल रही। भारत की ओर अश्विन ने आठ रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि भुवनेश्वर, जडेजा और चाहर ने एक-एक विकेट हासिल किया।

# नीदरलैंड को हराकर नामीबिया सुपर 12 की दौड़ में बरकरार



**भाषा।** अबुधाबी

**नामीबिया** ने डेविस विसे के ताबड़तोड़ 66 रन और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (32) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 93 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप ए मैच में अपने से उंची रैंकिंग की नीदरलैंड को छह गेंद रहते छह विकेट से हरा दिया। पदार्पण कर रही नामीबिया की पहले दौर के मैच में यह पहली जीत थी। अनुभवी विसे दक्षिण अफ्रीका के लिए भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, उन्होंने 40 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और पांच छक्के जमाए। उनका यह पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक है, उनकी इस पारी ने कुछ ही मिनट में मैच का पासा ही पलट दिया। नामीबिया ने नौ ओवर में 52 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन 36 साल के विसे ने अकेले दम पर नीदरलैंड को 19 ओवर में हराने में मदद की। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान पीटर सीलार पर छक्का लगाकर महज 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने नीदरलैंड के स्पिनरों पर गगनदाई छक्के जमाए।

कप्तान इरास्मस (22 गेंद में चार चौके और एक छक्का) के अलावा अंत में जेजे स्मिट ने आठ गेंद में नाबाद 14 रन बनाए। स्मिट ने 19वें ओवर की अंतिम दो गेंद पर दो चौके लगाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से नामीबिया सुपर 12 चरण की दौड़ में बनी हुई है और पहले दौर के अंतिम मैच में उन्हें इसके लिए आयरलैंड को हराना होगा। शुरूआती मैच में नामीबिया को श्रीलंका ने हराया था। नीदरलैंड अब अपने दोनों मैच गंवा चुका है और उसके अगले चरण में पहुंचने की संभावना काफी कम है। इससे पहले सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडोड (70) के लगातार दूसरे अर्धशतक और कोलिन एकरमैन (35) के साथ 82 रन की साझेदारी से नीदरलैंड ने चार विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पिछले मैच में आयरलैंड के खिलाफ 51 रन की पारी खेलने वाले ओडोड ने गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन जुटाए। उनकी 57 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्का शामिल था। विकेट पर स्ट्रोक लगाना आसान नहीं था और उनके सलामी जोड़ीदार स्टीफन मेबर्ग (17) गेंद के अनुसार रन बनाकर खुश थे। जान फ्राइलिंक की गेंद को उंचा खेलने के प्रयास में मेबर्ग प्वांइट पर बार्ड को कैच देकर आउट हो गए। नीदरलैंड की टीम को रोल्फ वान डर मर्व (06) से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह तेज गेंदबाज डेविड विसे की गेंद पर सस्ते में आउट हो गए। हालांकि एकरमैन ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया। ओडोड ने अपना अर्धशतक स्पिनर बर्नार्ड स्कोल्ट्ज की गेंद पर कवर क्षेत्र में बाउंड्री लगाकर पूरा किया। इस शॉट से 14वें ओवर में टीम के 100 रन भी पूरे हुए। तेज गेंदबाज जेजे स्मिट ने स्लॉग ओवरों में अपनी सटीक गेंदों से प्रभावित किया जिससे नीदरलैंड के बल्लेबाज आसानी से रन नहीं जुटा पा रहे थे। विसे ने भी कसी गेंदबाजी जारी रखी।

## क्विक न्यूज

### प्रणवी उर्स ने एक शॉट की बढ़त बनाई

**पंचकूला।** युवा गोल्फर प्रणवी उर्स ने बुधवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 11वें चरण के पहले दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। इस तरह प्रणवी ने अमनदीप ड्राल पर एक शॉट की बढ़त बना ली। प्रणवी ने चार बर्डी और एक बोगी की जबकि पिछले हफ्ते की विजेता अमनदीप ने चार बर्डी की, पर पहले और 10वें होल में दो बोगी कर बैठी। सेहर अटवाल ने एक अंडर 71 का कार्ड खेला।

### आडवाणी ने लगातार पांचवीं जीत दर्ज की

**मुंबई।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने जीत का क्रम जारी रखते हुए जीएससी विश्व स्नूकर क्वालीफायर के राउंड रोबिन मैच मे लक्ष्मण रावत को 4-2 से हराकर लगातार पांचवी जीत दर्ज की। यह क्वालीफायर भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) का राष्ट्रीय चयन टूर्नामेंट है। विज्ञप्ति के अनुसार आडवाणी ने रावत को 61-67, 67-19, 84-23, 65-48, 43-75 और 68-31 से शिकस्त दी। चयन टूर्नामेंट मे यह आडवाणी की लगातार पांचवी जीत है और अब उन्हे राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य मेहता के खिलाफ खेलना है। इससे पहले आदित्य ने पांचवें दौर के मुकाबले में लक्ष्मण को 4-3 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। आदित्य को तीसरे दौर मे ध्वज हारिया के खिलाफ 2-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। महिला वाई कैंप वर्ग में तमिलनाडु की वर्षा संजीव और अनुपमा रामचंद्रन ने पांचवे दौर के मुकाबले में सीधे तीन फ्रेम मे जीत दर्ज की।

### राजस्थान यूनाईटेड ने मदन महाराज को 2-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया

**बेंगलुरू।** राजस्थान यूनाईटेड एफसी ने अंत में दो गोल करके बुधवार को यहां आई लीग क्वालीफायर के अंतिम राउंड में मदन महाराज एफसी को 2-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उसके लिए सुरग छेत्री ने 88वें मिनट में पहला गोल किया जबकि दूसरा गोल इंजुरी टाइम (90्5) में हरप्रीत ने दागा। अपने दोनों मैच जीतकर छह अंक से राजस्थान की टीम आई लीग स्थान हासिल करने के लिए शीर्ष स्थान पर है जबकि केंक्रे एफसी उससे पीछे है जिसके चार अंक है।

### अभय शर्मा भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच के पद के लिए आवेदन करने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** भारत ए, भारत अंडर-19 और राष्ट्रीय महिला टीम के साथ काम कर चुके पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा निवर्तमान कोच आर श्रीधर की जगह लेने के लिए सीनियर पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के पद के उम्मीदवार के रूप में उभरे है। श्रीधर का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है और 52 साल के अभय भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के पद के लिए आवेदन करने की तैयारी मे है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, वह जल्द ही इस पद के लिए आवदेन करेगा। आवेदन करने की समयसीमा तीन नवंबर को खत्म हो रही है। दिल्ली, रेलवे और राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए 89 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले अभय 2016 में जिंबाब्वे दौरे पर गई भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच थे। उसी साल वह भारतीय टीम के साथ अमेरिका और वेस्टइंडीज दौरे पर भी गए थे। ब्रिटेन दौरे के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित भारतीय महिला क्रिकेटरों ने अभय के काम की सराहना की थी लेकिन इसके बाद आस्ट्रेलिया दौरे के लिए उन्हे बदल दिया गया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 13 रन से हराया

**भाषा।** अबुधाबी



**जोस** बटलर के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्क वुड और आदिल राशिद की प्रभावी गेंदबाजी से इंग्लैंड ने बुधवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने दूसरे अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हरा दिया।

बटलर ने 51 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 73 रन बनाए जिससे इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 163 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। जॉनी बेयरस्टो (21 गेंद में 30 रन) और सैम बिलिंग्स (17 गेंद में नाबाद 27) ने भी उपयोगी पारियां खेली। न्यूजीलैंड की ओर से लेग स्पिनर ईश सोढ़ी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में मार्टिन गुप्टिल की 20 गेंद में 41 रन की पारी के बावजूद 19.2 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। इंग्लैंड की तरफ से वुड ने 23 रन देकर चार जबकि राशिद ने 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड की टीम एक समय नौवें ओवर में दो विकेट पर 81 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में लग रही थी लेकिन इसके बाद टीम ने 22 रन पर सात विकेट गंवा दिए और उसका स्कोर नौ विकेट पर 103 रन हो गया। सोढ़ी (नाबाद 25) और टोड एस्टल (16) ने अंतिम विकेट के लिए 47 रन जोड़कर न्यूजीलैंड के हार के अंतर को कम किया। क्रिस वोक्स (31 रन पर एक विकेट) ने एस्टल को बोल्ड करके इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड को पहले अभ्यास मैच में भारत के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था लेकिन दूसरे मैच में जीत के साथ उसने टी20 विश्व की तैयारी का अच्छा नजारा पेश किया। न्यूजीलैंड ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों के खिलाफ अपने अभ्यास मैच गंवाए।

## पैटिनसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**मेलबर्न (भाषा)।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया क्योंकि उन्हें लगता है कि फिटनेस से जुड़े मसलों के कारण वह एशेज श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। पैटिनसन अभी 31 वर्ष के हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया की तरफ से 21 टेस्ट और 15 वनडे खेले हैं। वह घरेलू क्रिकेट में विक्टोरिया की तरफ से खेलना जारी रखेंगे। पैटिनसन हाल में विक्टोरिया के ट्रायल मैच में चोटिल हो गए थे। उनके घुटने में चोट लगी है। क्रिकेट.काम.एयू के अनुसार पैटिनसन ने कहा, सत्र से पहले मैं वास्तव में एशेज के लिए दावा पेश करना चाहता था लेकिन आगामी सत्र के लिए मैं जैसी तैयारी चाहता था, मेरी तैयारियां वैसी नहीं रही। उन्होंने कहा, अगर मैं एशेज का हिस्सा होता तो मुझे स्वयं से और अपने साथियों के साथ न्याय करना पड़ता। मैं उस स्थिति में नहीं पड़ना चाहता हूं जहां मुझे अपने शरीर से जूझना पड़े। यह मेरे और मेरी टीम के लिए अच्छा नहीं होता। पैटिनसन ने कहा, यह जानते हुए कि मैं अब केवल तीन या चार साल क्रिकेट खेल सकता हूं, मुझे लगा कि उच्च स्तर पर खेलने के बजाय मुझे विक्टोरिया की तरफ से खेलने, इंग्लैंड में कुछ मैच खेलने और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने पर ध्यान देना चाहिए।



## लक्ष्य डेनमार्क ओपन के दूसरे दौर में, साइना, प्रणय और कश्यप हारे

**ओडन्से (भाषा)।** युवा लक्ष्य सेन ने हमवतन भारतीय सौरभ वर्मा को सीधे गेम में हराकर बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन साइना नेहवाल को हार का सामना करना पड़ा। पिछले रविवार को डच ओपन में उप विजेता रहे लक्ष्य ने एकतरफा मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन सौरभ को 26 मिनट में 21-9 21-7 से हराया। ट्रायल में एकमात्र मैच हारने के बाद सुदिरमन कप और थॉमस कप फाइनल की टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे अल्मोड़ा के 20 साल के लक्ष्य की भिड़ंत अगले दौर में दूसरे वरीय और ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से होने की उम्मीद है। ग्रोइन में चोट के कारण उबेर कप फाइनल मैच के बीच से हटने वाली लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहले दौर में जापान की दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने पहले दौर में 21-16 21-14 से हराया। शीर्ष 10 में शामिल रह चुके एचएस प्रणय भी छठे वरीय इंडोनेशिया के योनाथन क्रिस्टी के खिलाफ सीधे गेम में 18-21 19-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि 2014 राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन पारूपल्ली कश्यप को चीनी ताइपे के चौथे वरीय चाउ टिएन चेन के खिलाफ 0-3 से पिछड़ने के बाद मुकाबले के बीच से हट गए। भारत के युगल खिलाड़ियों ने भी निराश किया और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी तथा अश्विनी पोनप्पा के अलावा कोई विरोधी जोड़ियों को टक्कर नहीं दे पाया। सात्विक और अश्विनी को भी हालांकि कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद मिश्रित युगल में फेंग यान झी और ड्यू युइ की चीन की जोड़ी के खिलाफ 17-21 21-14 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। महिला युगल में मेघना जक्कमपुडी और पूर्विशा एस राम को निता वायोलिना मारवाह और पुत्री सेकाह की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 8-21 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी और एन सिक्की रेड्डी की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी को ली सोही और शिन स्युंगचान की कोरिया की दूसरी वरीय जोड़ी के हाथों 17-21 13-21 से हार मिली।

## वानिंदु हसारंगा और निसांका के अर्धशतक श्रीलंका 70 रन से जीतकर सुपर 12 में

**भाषा।** अबुधाबी



**श्रीलंका** ने वानिंदु हसारंगा डि सिल्वा (71) और पाथुम निसांका (61) के अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप ए मैच में आयरलैंड को 70 रन से हराकर दूसरी जीत दर्ज की और सुपर 12 के लिए क्वालीफाई किया।

श्रीलंका ने खराब शुरूआत से उबरते हुए वानिंदु हसारंगा और निसांका के बीच चौथे विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा कप्तान दासुन शनाका ने 11 गेंद में दो चौके और एक छक्के से नाबाद 21 रन का योगदान दिया। फिर अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से आयरलैंड को 18.3 ओवर में 101 रन पर समेट दिया जिसने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। आयरलैंड के लिए कप्तान एंडी बालबिर्नी (41) और कर्टिस कैम्फर (24) ही कुछ देर टिककर खेल पाए। उसके लिए साझेदारी के नाम पर इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए बनाए गए 53 रन शामिल रहे। कैम्फर के 13वें ओवर में आउट होने के बाद लगातार विकेट गिरते रहे। इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई के स्कोर तक नहीं पहुंच सका। आयरलैंड ने अंतिम छह विकेट 5.5 ओवर में 16 रन के अंदर गंवा दिए। श्रीलंका के लिए महीश थीक्षणा ने 17 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। चामिका करूणारत्ने और लाहिरू कुमारा ने दो दो विकेट चटकाए। दुष्मंता चामिरा और वानिंदु हसारंगा को एक एक विकेट मिला। आयरलैंड को अगर सुपर 12 में अपना स्थान पक्का करना है तो उसे नामीबिया के खिलाफ अपने तीसरे मुकाबले में जीत दर्ज करनी होगी। इससे पहले वानिंदु हसारंगा ने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान 47 गेंद का सामना किया जिसमें 10 चौके और एक छक्का जड़ा था। सलामी बल्लेबाज निसांका 19वें ओवर में आउट हुए, उन्होंने 47 गेंद में छह चौके और एक छक्का लगाया। आयरलैंड के जोश लिटिल सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट झटके जबकि मार्क एडेयर को दो और पॉल स्टरलिंग एक विकेट मिला।

# मेस्सी के दो गोल से पीएसजी ने लीपजिग को 3-2 से हराया



**एपी।** पेरिस

**लियोनेल** मेस्सी के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीपजिग को 3-2 से हराया। मेस्सी ने मंगलवार को खेले गए मैच में 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इससे पहले काइलन एमबापे ने पीएसजी की तरफ से नौवें मिनट में गोल किया था। आंद्रे सिल्वा ने हालांकि 28वें मिनट में लीपजिग को बराबरी दिला दी थी जबकि नोर्डी मुकीले ने 57वें मिनट में उसे आगे कर दिया था। यह 34वां अवसर है जबकि मेस्सी ने चैंपियन्स लीग में कम से कम दो गोल किए। वह इस टूर्नामेंट में अब तक 123 गोल कर चुके हैं और क्रिस्टियानो रोनाल्डो (137 गोल) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में अल्जीरिया के विंगर रियाद मेहरेज के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने क्लब ब्रगे को 5-। से करारी शिकस्त दी।

## सलाह के दो गोल से लिवरपूल ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड।** मोहम्मद सलाह के दो गोल की बदौलत लिवरपूल ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के एक रोमांचक मैच में मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-2 से हराया। मैच में एक समय लग रहा था कि एंटोनी ग्रीजमैन नायक बनकर उभरेंगे लेकिन उन्हें 52वें मिनट में लाल कार्ड देखना पड़ा जिसके कारण एटलेटिको को दूसरे हॉफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल ने इसका पूरा फायदा उठाकर जीत दर्ज की। सलाह ने आठवें मिनट में लिवरपूल को शुरुआती बढ़त दिलाई जबकि नेबी कीता ने 13वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। ग्रीजमैन ने इसके बाद 20वें और 34वें मिनट में गोल करके एटलेटिको को बराबरी दिला दी, लेकिन राबर्टो फर्मिनो के सिर पर उनका पांव लगने से उन्हें लाल कार्ड मिल गया। लिवरपूल ने इसका फायदा उठाया और उसे 78वें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे सलाह ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। इस जीत से लिवरपूल ग्रुप बी में तीन मैचों में नौ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। वह एटलेटिको से पांच अंक आगे है। पोर्टो और एटलेटिको के समान अंक हैं। पोर्टो ने एक अन्य मैच में एसी मिलान को।-0 से हराया।

## विनीसियस के दो गोल से रीयाल मैड्रिड ने शख्तार को 5-0 से शिकस्त दी

**कीव (यूक्रेन)।** विनीसियस जूनियर ने अकेले दम पर एक गोल करने के अलावा कुल दो गोल दागे जिससे रीयाल मैड्रिड ने शख्तार दोनेस्क को 5-0 से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना अभियान वापस पटरी पर लौटाया। पिछले मैच में शेरिफ से हारने वाली रीयाल की टीम ने शख्तार के कप्तान सर्गेई क्रिस्तोव के आत्मघाती गोल से 37वें मिनट में बढ़त बनाई। विनीसियस ने दूसरे हाफ में 51वें और 56वें मिनट में गोल किए जबकि ब्राजील के रोड्रिगो ने 64वें मिनट में चौथा गोल दागा। करीम बेंजेमा ने इंजुरी टाइम में मार्को एसेनसियो के क्रास को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 किया। इस जीत से 13 बार का यूरोपीय चैंपियन मैड्रिड ग्रुप डी में छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर बना हुआ है। शेरिफ के भी छह अंक हैं लेकिन वह दोनों टीमों के बीच मैच में जीत के कारण शीर्ष पर है। शेरिफ को एक अन्य मैच में इंटर मिलान ने 3-। से हराया। इंटर की यह पहली जीत है जिससे वह तीसरे स्थान पर है। इस बीच ग्रुप सी में अजॉक्स ने डोर्टमंड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं। डोर्टमंड छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। ग्रुप के एक अन्य मैच में स्पोर्टिंग लिस्बन ने बेसिकतास को 4-। से पराजित किया।

## भारत अंडर-23 फुटबॉल टीम एशियाई कप क्वालीफायर्स के लिए रवाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** अंडर-23 फुटबॉल टीम एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) अंडर-23 एशियाई कप में भाग लेने के लिए बुधवार को दुबई रवाना हो गई। भारत की 23 सदस्यीय टीम और सहयोगी स्टाफ बेंगलुरू से रवाना हुए जहां टीम पिछले दो दिनों से अभ्यास कर रही थी। भारत को ग्रुप ई में ओमान, यूएई और किर्गीज गणराज्य के साथ रखा गया है। उसका पहला मैच 24 अक्टूबर को ओमान से होगा।

भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा, हर देश में प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं जो पहले से ही अपने देशों के लिए सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं। हमारे पास भी ऐसे खिलाड़ी हैं। लेकिन हमें इस टीम में सही संतुलन तैयार करने की जरूरत है। वर्तमान टीम में शामिल सुरेश सिंह, लालंगमाविया राल्ते, रहीम अली और धीरज सिंह सैफ चैंपियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि आकाश मिश्रा, अमरजीत सिंह और नरेंद्र गहलोत अतीत में स्टिमक की देखरेख में राष्ट्रीय टीम से खेल चुके हैं। भारतीय टीम गुरुवार को पहले अभ्यास सत्र में भाग लेगी।

**टीम**

**गोलकीपर:** धीरज सिंह, प्रभुसुखान सिंह गिल, मोहम्मद नवाज।
**रक्षापंक्ति:** नरेंद्र गहलोत, एलेक्स साजी, होर्मिपम रुइवा, आशीष राय, सुमित राठी, आकाश मिश्रा।
**मध्यपंक्ति:** सुरेश सिंह, अमरजीत सिंह, लालेंगमाविया, जैकसन सिंह, दीपक टांगरी, राहुल केपी, कोमल थाटल, निखिल राज, ब्राइस मिरांडा, प्रिंसटन रेबेलो।
**अग्रिम पंक्ति:** विक्रम प्रताप सिंह, रहीम अली, रोहित दानू, अनिकेत जाधव।

# भारत-इजरायल के बीच संबंध और मजबूत होंगे: जयशंकर

भाषा। यरुशलम

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को इजरायली नेतृत्व के साथ सामरिक द्विपक्षीय गठबंधन की सम्पूर्ण क्षमता को हासिल करने के लिए गर्मजोशी से पूर्ण एवं विस्तृत चर्चा की तथा बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य एवं वैश्विक सामरिक मामलों पर विचारों का आदान प्रदान किया।

जयशंकर ने इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट से भेंट की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के बारे में चर्चा की। बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट किया, हमारी सामरिक गठबंधन की सम्पूर्ण क्षमता को हासिल करने के लिए गर्मजोशी से पूर्ण एवं विस्तृत चर्चा की। इसके बारे में प्रधानमंत्री बेनेट का उद्देश्यपूर्ण और केंद्रित रूख काफी उत्साहवर्द्धक था। जयशंकर ने कहा कि बेनेट का सामरिक दृष्टिकोण भी काफी मूल्यवान रहा। उन्होंने कहा, भारत और इजरायल अगले 30 वर्षों के लिए गठबंधन की दृष्टि को हासिल करने के लिए और करीबी से काम करेंगे। जयशंकर ने प्रधानमंत्री बेनेट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं पहुंचाई। इससे पहले, जयशंकर ने इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से भेंट की तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने सहित आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया। जयशंकर पांच दिवसीय यात्रा पर इजरायल में हैं। विदेश मंत्री के रूप में यह उनकी पहली इजरायल यात्रा है। वह इजरायल के विदेश मंत्री एर लेपिड के निमंत्रण पर यहां आए हैं। यह बैठक बेत हानासी में हुई, जो इजरायली राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास है। जयशंकर ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मिलकर प्रसन्न हूं। हमारी चर्चा में बदलते भू राजनीतिक परिदृश्य के आयाम शामिल रहे। उन्होंने कहा कि हम द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने की प्रतिबद्धता की काफी सराहना करते हैं। वहीं, राष्ट्रपति हर्जोग ने अपने ट्वीट में कहा, दो प्राचीन राष्ट्र, दो गौरवशाली लोकतंत्र। हमारे करीबी मित्र और सहयोगी भारत के विदेश मंत्री डा. जयशंकर के साथ सफल चर्चा रही।



यरुशलम में इजरायली पीएम नफ्ताली बेनेट से मुलाकात करते विदेश मंत्री एस.जयशंकर

प्रौद्योगिकी, कारोबार, ऊर्जा और अन्य क्षेत्र में इजरायल भारत गठजोड़ के लिए काफी संभावनाएं हैं। काफी कुछ ऐसा है जिसे हम अपनी संयुक्त रचनात्मकता से कर सकते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रपति हर्जोग ने इजरायल के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने एवं उसे मजबूती प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर एवं अन्य मंत्रियों की प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। राजनयिक कामकाजी बैठक के दौरान हर्जोग ने विविध क्षेत्रों में आगे बढ़ते इजरायल-भारत संबंधों की सराहना की। बयान के अनुसार, भारत और इजरायल के राजनयिक संबंध स्थापित होने के अगले वर्ष 30वीं वर्षगांठ से पहले राष्ट्रपति हर्जोग ने इस महत्वपूर्ण संबंध को प्रगाढ़ करने और मजबूती प्रदान करने में सहयोग करने के प्रति अपने व्यक्तिगत इरादे पर जोर दिया। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति हर्जोग और जयशंकर ने वैश्विक सामरिक मामलों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति हर्जोग से उनकी मुलाकात बड़े सम्मान की बात है। विदेश मंत्री जयशंकर ने बेत हानासी में आगंतुक पुस्तिका में लिखा, जब हम अपने संबंधों को उन्नत बनाने की 30वीं वर्षगांठ की ओर बढ़ रहे हैं, ऐसे में मैं भारत के लोगों और सरकार की शुभकामनाएं लाया हूं। मंगलवार को, विदेश मंत्री जयशंकर ने इजरायल की संसद नेसेट के स्पीकर मिकी लेवी से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, इजरायल के नेसेट के स्पीकर माइके लेवी से आज सुबह मुलाकात की।

उन्होंने कहा था, विदेश मामलों और रक्षा समिति के अध्यक्ष राम बेन बराक से व्यापक चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा कि वह भारत के साथ संबंधों को नेसेट में व्यापक समर्थन की सराहना करते हैं। वे आधुनिक पशुधन प्रबंधन प्रौद्योगिकी देखने किबुत्ज बेरोत यित्जाक भी गए। सोमवार को जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री एर लेपिड के साथ सार्थक चर्चा की थी और दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी जिसका मकसद अगले साल जून तक इस समझौते को पूरा करना है, जो काफी समय से लंबित है।

## डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने की भारत निर्मित टीकों को लेकर मांडविया से चर्चा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र जिनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) प्रमुख टेड्रोस अदनोम गेब्रेएसस ने भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के साथ फोन पर वार्ता के दौरान भारत बायोटैक के कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन को आपातकाल में इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध किए जाने और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा निर्मित एस्ट्राजेनेका टीके की कोवैक्स केंद्र में आपूर्ति बहाल किए जाने समेत कई विषयों पर चर्चा की।गेब्रेएसस ने मंगलवार को ट्वीट किया, भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के साथ फोन पर वार्ता के दौरान भारत में जारी कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम, वैश्विक महामारी समझौते की आवश्यकता, डिजिटल स्वास्थ्य एवं पारंपरिक चिकित्सा पर चर्चा की। हम लचीली और सतत वित्तीय सहायता करने समेत विभिन्न कदमों से डब्ल्यूएचओ को मजबूत बनाने में भारत के समर्थन का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्होंने मांडविया के साथ टीकों के वितरण की समानता के मामलों पर भी चर्चा की। उन्होंने कोवैक्स में एसआईआईएस्ट्राजेनेका टीके की आपूर्ति बहाल किए जाने, कोवैक्सीन को आपातकाल में इस्तेमाल किए जाने के लिए सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया और सी-टैप के जरिए प्रौद्योगिकी एवं लाइसेंस साझा करने पर चर्चा की। कोरोना वायरस रोधी टीकों की आपूर्ति बढ़ाकर कोविड-19 संबंधी स्वास्थ्य उत्पादों की समय पर, न्यायसंगत और किफायती पहुंच की सुविधा प्रदान करने के लिए कोविड-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल (सी-टैप) की पिछले साल मई में शुरुआत की गई थी।

मांडविया ने भी मंगलवार को बताया था कि उन्होंने डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक के साथ स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और गेब्रेएसस ने कोविड-19 के खिलाफ भारत सरकार द्वारा उठाए गए टीकाकरण के वृहद प्रयासों की सराहना की है। मांडविया ने ट्वीट किया था, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस के साथ स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई। इस दौरान डब्ल्यूएचओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कोविड-19 टीकाकरण में भारत सरकार के वृहद प्रयासों को डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने प्रशंसा की है।

भारत में मंगलवार तक कोविड-19 रोधी टीके की 99 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को कहा था कि वह भारत बायोटेक से उसके कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन के बारे में अतिरिक्त जानकारी की उम्मीद कर रहा है क्योंकि आपात उपयोग के लिए टीके की सिफारिश करने से पहले वह कोई जल्दबाजी नहीं कर सकता। वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने इस बात पर जोर दिया कि टीका सुरक्षित और प्रभावी है, यह सुनिश्चित करने के लिए उसका पूरी तरह से मूल्यांकन करना होगा। कोवैक्सीन विकसित करने वाले हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने अपने टीके की आपात उपयोग सूचीबद्धता के लिए 19 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन को अभिरुचि पत्र (ईओआई) प्रस्तुत किया था।डब्ल्यूएचओ ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, हम जानते हैं कि बहुत से लोग कोविड-19 आपातकालीन उपयोग सूची में कोवैक्सीन के शामिल होने के वास्ते डब्ल्यूएचओ की सिफारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में ऐसा नहीं कर सकते हैं। आपातकालीन उपयोग के लिए किसी उत्पाद की सिफारिश करने से पहले, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए इसका अच्छा तरह से मूल्यांकन करना होगा कि वह सुरक्षित और प्रभावी है। उसने यह भी कहा कि भारत बायोटेक नियमित आधार पर डब्ल्यूएचओ को आंकड़े प्रस्तुत कर रहा है और डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों ने इन आंकड़ों की समीक्षा की है। विश्व स्वास्थ्य निकाय ने कहा कि आपात उपयोग सूचीबद्धता की प्रक्रिया की समयसीमा इस बात पर निर्भर करती है कि टीका बनाने वाली कंपनी जरूरी आंकड़ा कितने जल्दी डब्ल्यूएचओ को देती है ताकि वह टीके की गुणवत्ता, सुरक्षा, प्रभाव तथा निम्न एवं मध्य आय वाले देशों के लिए उपयोगिता को परख सके।

## दमिश्क में सेना की बस में दो बम विस्फोट, 14 लोगों की मौत

- **पिछले कुछ सालों में दमिश्क में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है यह हमला**
- **अभी तक किसी भी संगठन ने नहीं ली है इन बम धमाकों की जिम्मेदारी**

एपी। दमिश्क

**सीरिया** की राजधानी दमिश्क में बुधवार की सुबह सैनिकों को ले जा रही बस में लगे दो बम में विस्फोट होने से 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सेना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।राजधानी दमिश्क में पिछले कुछ वर्षों में हुआ, यह सबसे घातक हमला है। सरकारी बलों के 2018 में उपनगरों पर नियंत्रण वापस लेने के बाद से दमिश्क में हाल के वर्षों में इस तरह के हमले कम हो गए हैं। पहले ए उपनगर विद्रोहियों के कब्जे में थे।सरकारी मीडिया ने पहले बम सड़क के किनारे लगे होने की जानकारी दी थी, लेकिन सीरियाई सेना के एक अधिकारी ने बताया कि बम पहले ही वाहन में लगा दिए गए थे। दो बम में विस्फोट हो गया, जबकि एक अन्य बस से गिर गया था।

हमले की अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन विद्रोही और जिहादी अब भी देश की सीमाओं के भीतर मौजूद हैं और राष्ट्रपति बशर असद को सत्ता से बाहर करने की लगातार मांग करते रहे हैं। इस बीच, एक अन्य घटना को लेकर राहत कर्मियों ने बताया कि देश के उत्तर-पश्चिम स्थित इदलिब प्रांत के अरिहा शहर में विद्रोहियों से कब्जा वापस लेने की कार्रवाई के दौरान सरकारी बलों द्वारा की गई बमबारी में चार बच्चों और एक महिला समेत 10 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र के उप क्षेत्रीय मानवीय समन्वय मार्क कट्स ने बमबारी की इस घटना को चौंकाने वाला करार दिया। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) ने एक बयान में कहा, आज की हिंसक घटना इस बात की दोबारा याद दिलाती है कि सीरिया में अभी युद्ध समाप्त नहीं हुआ है। बच्चों समेत आम नागरिक पिछले एक दशक से जारी हिंसा की आग में झुलस रहे हैं। सरकारी मीडिया ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बस में रखे बम में दूर से किसी यंत्र से विस्फोट किया गया या उसमें विस्फोट के लिए समय निर्धारित करने का यंत्र लगा था। विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से थोड़ी देर पहले हुआ। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि मृतक सभी यात्री हैं या कोई और भी विस्फोट में मारा गया है।विस्फोट एक पुल के नीचे मुख्य बस स्थानांतरण बिंदु पर हुआ, जहां वाहन एकत्रित होकर राजधानी के विभिन्न इलाकों के लिए निकलते हैं। सीरिया के सरकारी टीवी चैनल पर दिखाए जा रहे फुटेज में मध्य दमिश्क में विस्फोट में क्षतिग्रस्त हुई बस नजर आ रही है। खबर में बताया गया कि धमाका उस समय हुआ, जब लोग अपने काम पर और बच्चे स्कूल जा रहे थे। विस्फोट के करीब एक घंटे के बाद ही घटनास्थल को साफ कर दिया गया और क्षतिग्रस्त बस को भी वहां से हटा दिया गया।

दमिश्क पुलिस कमांडर मेजर जनरल हुसैन जुमा ने सरकारी टीवी चैनल से कहा कि पुलिस बल ने घटना के तुरंत बाद इलाके को घेराबंदी कर यह सुनिश्चित किया कि और कोई बम मौजूद नहीं हो। जुमा ने कहा कि धमाके में 14 लोगों की मौत हुई है। इस बीच, सीरिया में मानवाधिकार पर नजर रखने वाली संस्था ने बताया कि हामा शहर में स्थित आयुध डिपो में हुए धमाके में सरकारी बल के छह जवानों की मौत हो गई।

## बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए कानून की मांग की

भाषा। ढाका

**बांग्लादेश** सरकार से हर किसी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए एक नया कानून लागू करने मांग करते हुए देशभर में प्रदर्शनकारियों और विद्वानों ने हिंदू समुदाय पर भीड़ के हमलों और दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान मंदिरों व प्रतिमाओं को तोड़े जाने की निंदा की।

दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान सोशल मीडिया पर कथित तौर पर ईश निंदा करने वाले एक पोस्ट पाए जाने के बाद पिछले बुधवार से बांग्लादेश में हिंदुओं और उनके मंदिरों पर हमले बढ़ गए। रविवार देर रात भीड़ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के 66 मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कम से कम 20 मकानों को आग के हवाले कर दिया। ढाका ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक हिंदू समुदाय पर हमले की निंदा करते हुए प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को छठे दिन देशभर में प्रदर्शन किया।

खबर के मुताबिक, विभिन्न कार्यक्रमों में वक्ताओं ने हिंसा को अंजाम देने वालों को न्याय के दायरे में लाने तथा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए अन्य कदम उठाने की मांग की। ढाका यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने मंदिरों और दुर्गा पूजा आयोजन स्थलों पर हुए हमले में शामिल लोगों को अनुकरणीय सजा देने की मांग की। उसने हर किसी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए एक नया कानून लागू करने का भी सरकार से अनुरोध किया। ढाका विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के सैकड़ों शिक्षकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और एक मानव श्रृंखला बनाई। हिंसा की निंदा करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति एम अख्तरूज्जमान ने कहा, इस देश का दुर्गा पूजा समारोह पूरी दुनिया के लिए धर्मनिरपेक्षता का एक मॉडल है। यह उत्सव सभी धर्मों के लोगों के लिए खुला हुआ माना जाता है। हम सरकार से हिंसा को अंजाम देने वालों की फौरन पहचान करने और उन्हें न्याय के दायरे में लाने का अनुरोध करते हैं। जगन्नाथ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति मिजानुर रहमान ने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा को अंजाम देने वाले अक्सर बगैर सजा के रह जाते हैं और इसे रोके जाने की जरूरत है। प्रोग्रेसिव स्टूडेंट अलायंस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं तथा खुलना यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने भी हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की निंदा की। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने भी मंगलवार को शाहबाग में नेशनल म्यूजियम के सामने रैली निकाली।

## रूस में कोविड से होने वाली मौतों का पिछला रिकॉर्ड टूटा

**मास्को।** रूस में कोरोना वायरस जनित महामारी के कारण पिछले 24 घंटे में 1,028 मरीजों की मौत हो गई जो कोविड-19 से प्रतिदिन होने वाली मौतों की सर्वाधिक संख्या है। इसके साथ ही सरकार के मंत्रिमंडल ने सुझाव दिया है कि महामारी को फैलने से रोकने के लिए एक सप्ताह तक अवकाश घोषित किया जा सकता है। देश में अब तक कोविड-19 से कुल 2,26,353 मरीजों की मौत हो चुकी है जो कि अब तक यूरोप में सबसे ज्यादा है। उप प्रधानमंत्री तात्याना गोलिकोवा ने 30 अक्टूबर से शुरू कर एक सप्ताह का अवकाश घोषित करने का सुझाव दिया है क्योंकि 30 अक्टूबर के बाद सात दिन में से चार दिन सरकारी अवकाश है। इस प्रस्ताव को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मंजूरी मिलना बाकी है। प्रतिदिन सामने आने वाले संक्रमण के मामलों में भी वृद्धि होना जारी है।

## भारत में कोविड से हुई मौतों का ग्राफ गिरा

भाषा। संयुक्त राष्ट्रजिनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि भारत में 11 से 17 अक्टूबर के बीच कोविड-19 के दैनिक मामलों में 18 प्रतिशत और संक्रमण से होने वाली मौत के मामले में 13 प्रतिशत की कमी आई है। उसने इस बात पर भी जोर दिया कि यूरोपीय क्षेत्र के अलावा विश्व में हर जगह एक सप्ताह में सामने आए मामलों में कमी आई है। डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी किए गए कोविड-19 विकली एपिडेमियोलॉजिकल अपडेट में बताया गया कि 11 से 17 अक्टूबर के बीच कोविड-19 के 27 लाख से अधिक मामले सामने आए और 46000 से अधिक लोगों की इससे मौत हुई। नए मामलों और संक्रमण से मौत की वैश्विक संख्या पिछले सप्ताह के समान ही रही। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोपीय क्षेत्र के अलावा विश्व में हर जगह इस एक सप्ताह में सामने आए मामलों में कमी आई है। यूरोपीय क्षेत्र में पिछले सप्ताह की तुलना में नए मामलों में सात प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। नए मामलों में सबसे अधिक 18 प्रतिशत गिरावट अफ्रीकी क्षेत्र और फिर उसके बाद पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में 16 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। अफ्रीकी क्षेत्र में संक्रमण से मौत के मामलों में भी सबसे अधिक 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद, दक्षिण-पूर्व एशिया और पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में क्रमश: 19 प्रतिशत और आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इस सप्ताह में 114,244 मामले सामने आए, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 18 प्रतिशत कम है।



ब्रुकशायर के ह्यूस्टन एयरपोर्ट पर टेकऑफ के असफल प्रयास के बाद आग लगने से राख हुए विमान के अवशेष



अफगानिस्तान के काबुल में बम धमाके के बाद घटनास्थल पर तैनात तालिबान के लड़ाके

## अमेरिका ने बांग्लादेश में हिन्दू मंदिरों पर हमलों की निंदा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के दौरान हिन्दू मंदिरों तथा प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों की घटनाओं की निंदा की और अधिकारियों से इन मामलों की गहन जांच करने की अपील भी की है। अमेरिका ने कहा कि धर्म या आस्था चुनने की स्वतंत्रता, मानवाधिकार है। दुर्गा पूजा के अवसर पर सोशल मीडिया में कथित तौर पर ईश निंदा संबंधी एक पोस्ट सामने आया था, जिसके बाद हिन्दू मंदिरों पर पिछले बुधवार से हमले बढ़ गए हैं। भीड़ ने रविवार देर रात बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लोगों के 66 मकान क्षतिग्रस्त कर दिए थे और कम से कम 20 घरों में आग लगा दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को कहा, हम पूजा के अवसर पर हिन्दू मंदिरों और प्रतिष्ठानों पर हाल में हुए हिंसक हमलों की निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हिन्दू समुदाय के लोगों के साथ हैं और अधिकारियों से मामलों की जांच का अनुरोध करते हैं।

## उत्तर कोरिया ने मिसाइल के परीक्षण की पुष्टि की

एपी। सियोल

**उत्तर** कोरिया ने बुधवार को घोषणा की कि उसने एक ऐसी मिसाइल का परीक्षण किया है, जो पनडुब्बी से दागी जा सकती है। पिछले दो वर्षों में इस तरह के आधुनिक हथियार का यह पहला परीक्षण है और प्योंगयांग ने कहा कि वह अपनी सेना की पानी के भीतर अभियान क्षमता का विस्तार करना चाहता है। सितंबर के बाद से मंगलवार का यह परीक्षण मिसाइल प्रक्षेपण का पांचवां दौर था और यह उत्तर कोरिया की तरफ से सियोल और वाशिंगटन पर दबाव डालने की कोशिश है क्योंकि प्योंगयांग अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास और खुद पर लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को शत्रुतापूर्ण नीतियों के रूप में देखता है।

उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी-कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि ताजा परीक्षण देश की रक्षा प्रौद्योगिकी को उच्च स्तर पर रखने और नौसेना की पानी के भीतर अभियान क्षमता के विस्तार में बड़ा योगदान देगा। उत्तर कोरिया के पड़ोसियों ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उत्तर कोरिया की तरफ से परीक्षण का पता लगा और यह हथियार कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच जलक्षेत्र में गिरा। दक्षिण कोरिया की सेना ने मिसाइल को पनडुब्बी से कम दूरी से दागे जाने वाला हथियार बताया है। सियोल ने कहा कि यह मिसाइल सिनपो के पूर्वी बंदरगाह के समीप जल से दागी गई, जहां पनडुब्बियों का निर्माण करनेवाला उत्तर कोरिया का बड़ा शिपयार्ड है। उत्तर कोरिया की ओर से जारी तस्वीरों में समुद्र में से एक मिसाइल उठते हुए और फिर धुएं के गुबार से चिंगारी निकलते दिखाई दे रही है। वहीं एक तस्वीर में ऊपर का हिस्सा भी दिखा है, जो समुद्र की सतह पर पनडुब्बी जैसा प्रतीत होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता संभालने के बाद से उत्तर कोरिया द्वारा किया गया यह सबसे आधुनिक हथियार का प्रक्षेपण है।

## पाक पीएम पर उपहार बेचने का आरोप

**लाहौर।** पाकिस्तान के विपक्षी दलों ने बुधवार को प्रधानमंत्री इमरान खान पर 10 लाख डॉलर की महंगी घड़ी समेत अन्य देशों के प्रमुखों से मिले उपहारों को बेचने का आरोप लगाया। देश के दौरे के दौरान राष्ट्र प्रमुखों या संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारियों के बीच उपहारों का आदान-प्रदान नियमित रूप से होता है। गिफ्ट डिपॉजिटरी के नियमों के अनुसार, उपहार तब तक राज्य की संपत्ति रहते हैं जब तक कि उन्हें खुली नीलामी में बेचा नहीं जाता। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि नियम अधिकारियों को बिना कुछ भुगतान किए 10,000 रुपए से कम के बाजार मूल्य के उपहार रखने की अनुमति देते हैं।अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी तथा पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने उर्दू में ट्वीट किया,"इमरान खान ने दूसरे देशों से मिले उपहारों को बेच दिया है। खलीफा हजरत उमर अपनी कमीज और बागे के लिए जवाबदेह थे और दूसरी तरफ, खान ने तोशाखाना से विदेशी उपहार लूटे।

# शार्क का विज्ञान

इस महीने भयावह रूप से भयावह व खतरनाक रूप से अनुप्राणित पशु शिकायत कॉलम पर, **इलियट कॉनर** ने कहानियों से शार्क विज्ञान को पृथक किया।



**प्रिय एंथिया,**

जब शार्क किसी व्यक्ति को काटती है, तो इसे शातिर हमला कहा जाता है। जब कोई व्यक्ति शार्क को काटता है, तो उसे डिनर, फिन सूप या मछली और चिप्स कहते हैं। उस गलत ब्रांडिंग के लिए मैं किसे दोषी ठहरा सकता हूं? और ये फिन-स्वादिष्ट जीव कब सार्वजनिक दुश्मन नंबर एक बन गए? क्या नारियल अधिक लोगों को नहीं मारते? एलओएल- टूथी टिम मैकटूथफेस

**हैलो टूथी,**

क्या सवाल है! मेरे दोगुने दोस्त, आपके द्वारा मारा गया एक सच्चा दोहरा मापदंड। सबसे समझदार और सरल शब्दों में, मनुष्य शार्क को धमकाते हैं - एक ऐसी स्थिति जिसमें आप निस्संदेह आपके जैसे नाम के अभ्यस्त हैं। उस ने कहा, बैली शायद ही कभी पीड़ितों को चुनते हैं जो अपना सिर काट सकते हैं (मैं कल्पना नहीं कर सकता क्यों) इसलिए इसी कारण से, हमें अपने मूल अपराधी और उनके कारण को शार्क बुलियों की लाइन-अप से चुनने के लिए थोड़ा गहरा खोदना चाहिए समय के माध्यम से। यहां इस मामले पर मेरे दो सेंट, जूरी के लिए मेरे सबूत हैं ...

हम मनुष्य साधारण प्राणी हैं; हमने 99 प्रतिशत जानवरों के बारे में नहीं सुना है और स्पष्ट रूप से एक बंदर के गधे के बारे में नहीं बताते हैं। ये बदसूरत कृमि छिपकली और घिनौने उबाऊ स्पंज की पसंद हैं, शायद ही कभी हमारे लिए उन पर निर्णय पारित करने के लिए पर्याप्त ध्यान दिया गया हो। या वास्तव में उनका नामकरण करने में अधिक समय व्यतीत करें, जैसा कि आप बता सकते हैं।

एक प्रतिशत जीव जो बने रहते हैं, सुर्खियों में छा जाते हैं और तीन वर्गों में आते हैं - प्यारा, करिश्माई और डरावना। लगता है कि शार्क कहाँ उतरती है? नुकीले, नुकीले दांतों की अधिकता उन्हें क्यूटनेस स्कोर को फ्लॉप करते हुए देखती है, बल्कि दोहराए जाने वाले पानी के नीचे की दौड़ दौड़ने से करिश्माई दस्तक देती है, लेकिन बिना पलक झपकाए मृत-आंखों का घूरना डरावना पैमाने पर शीर्ष अंक हासिल करता है। खौफनाक और घातक एक अच्छा कॉम्बो नहीं है।

सांप, मकड़ी, बिच्छू, शार्क - सभी खौफनाक हैं, सभी घातक हैं, सभी इंसानों से नफरत करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई आदमी के विपरीत, जिसके जननांग को छह महीने में दो बार जहरीली मकड़ियों ने काट लिया था, यह कोई संयोग नहीं है। इसलिए जबकि फ्लावरपॉट, लॉनमूवर और नारियल प्रत्येक शार्क की तुलना में अधिक लोगों को मारते हैं, इन तीनों में से कोई भी डराने के लिए पर्याप्त (या पर्याप्त जीवित) नहीं है। और लॉनमूवर द्वारा मौत के अलावा, जो गन्दा हो सकता है, शार्क द्वारा खाया जाना जाने का एक कम आकर्षक तरीका है। यह सुर्खियां बटोरता है, जबकि फ्लावरपॉट से होने वाली मौतें नहीं होती हैं।

यह चीजों का दार्शनिक पक्ष है। अनजाने में, यह प्रेस और मानव स्वभाव के अलावा किसी भी स्पष्ट उम्मीदवार को दोष देने की पेशकश नहीं करता है। उनमें से एक की अपने सेंसर संपादकों की बदौलत अखबार के कॉलम में आलोचना करना काफी कठिन है। दूसरा व्यर्थ, संकीर्णतावादी, भावनात्मक रूप से असुरक्षित, बेवकूफ, बदसूरत पाठकों को अपमानित किए बिना आलोचना करना भी उतना ही कठिन है।







स्टीव स्पीलबर्ग, महाकाव्य जॉज़ के निर्माता के बारे में क्या, जिसने एक पीढ़ी को भयभीत किया और चार सीक्वल फिल्मों को थोड़ा अधिक बजट शार्क मॉडल के साथ शुरू किया? निश्चित रूप से वह दोष नाव पर जगह पाने का हकदार है? शायद। लेकिन स्पीलबर्ग ने जो कहानी बताई वह मटावन मैन-ईटर नामक एक शार्क की सच्ची थी, जो 30 मिनट के अंतराल में 3 अलग-अलग लोगों को मारने में कामयाब रही और 1916 में कई हफ्तों तक अमेरिकी पूर्वी तट को त्रस्त किया। महान निर्देशक ने केवल कहानी का नाटक किया पहली शार्क सेलिब्रिटी की और एक क्लासिक बनाया।

आप इयान फ्लेमिंग को भी दोष दे सकते हैं जिन्होंने जेम्स बॉन्ड को भूखे बैल शार्क से भरे पूल के साथ पागलों से लड़ते हुए अस्तित्व में लिखा था। या आधुनिक फिल्म निर्माताओं को ज़ॉम्बी शार्क का आविष्कार करने और विलुप्त हो चुकी विशाल शार्क प्रजातियों को उनके वास्तविक आकार से दस गुना तक पुनर्जीवित करने के लिए दोषी ठहराते हैं। उन भाले-मछुआरों को दोष दें जो बड़े-बड़े हापून के साथ प्राणियों का पीछा करते हैं और फिर शिकायत करते हैं जब उनका शिकार मेजों को मोड़ देता है। आलोचक क्रूज दोषी अपराधियों से भरा हुआ है - संक्षेप में, हमें एक बड़ी नाव की आवश्यकता है।


मैं खुद अंग्रेजी भाषा को दोष दे रहा हूं। क्योंकि जब तक हम यह नहीं जानते कि %शार्क% शब्द वास्तव में कहां से आया है, कोई भी विकल्प अच्छा नहीं है। यह डच शब्द स्कर्क से लिया गया है जिसका अर्थ है खलनायक, या आगे ग्रीक शब्द करचारोस से जिसका अर्थ है तेज दांत। यह सैक्सन शब्द सीयरन से आया हो सकता है जिसका अर्थ है टुकड़े टुकड़े करना। लेकिन किसी भी तरह से, अगर आप अपने पालतू कुत्ते को मीथूक या रिपर कहना शुरू करते हैं, तो क्या आप अभी भी आगंतुकों से उसके पेट को रगड़ने की उम्मीद करेंगे?

मानो या न मानो, शार्क के दांत स्लग से कम होते हैं। हालांकि, स्लग दांत कुछ छोटे होते हैं। और 420 मिलियन वर्ष के वंश के साथ, शार्क स्लग और बाकी सब कुछ लेकिन पेड़ों के बहुत पहले की भविष्यवाणी करती हैं। वास्तव में लंबे दांत वाले। यह शायद निशान के सबसे करीब है कि मनुष्य शार्क को क्यों धमकाते हैं - क्योंकि वे सबसे सफल शिकारी हैं जो विकास ने पैदा किए हैं, और हम उनसे खतरा महसूस करते हैं। यहां तक कि एक अवरुद्ध नाक और एक बुरी ठंड के साथ एक आंखों पर पट्टी वाला शार्क भी आपको सार्वजनिक पूल के दूर से शिकार कर सकता है। उस क्षमता ने उन्हें पूरे इतिहास में लोगों से एक डरपोक सम्मान अर्जित किया है।

पूरे इतिहास में, कई संस्कृतियों में, लोगों ने माना है कि जानवरों को खाने से आपको उनकी कुछ शक्ति और जीवन शक्ति मिलती है। एशियाई परंपरा इसे जारी रखती है, और विशेष रूप से चीनी व्यंजन। शार्क फिन सूप के लिए हर साल 100 मिलियन शार्क मारे जाते हैं क्योंकि अमीर इसे एक स्टेटस सिंबल के रूप में देखते हैं और कई अभी भी मानते हैं कि इसमें औषधीय गुण हैं। अंत में, चार बड़े पैमाने पर विलुप्त होने के बाद, 500-विषम शार्क प्रजातियों को परेशान करने के लिए सफलता वापस आ गई है। हम उनसे डरते हैं इसलिए हम उन्हें खाते हैं, और कभी-कभी वे वापस काट लेते हैं।

हाल ही में, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा है कि उसका मीडिया अब 'शार्क अटैक' शब्द का उपयोग नहीं करेगा। शार्क के साथ 'नकारात्मक मुठभेड़ों' की संख्या में वृद्धि जारी रहने के बावजूद ऐसी घटनाओं को अब से नकारात्मक मुठभेड़ों के रूप में संदर्भित किया जाएगा। समुद्र के तापमान में बदलाव और तेजी से बढ़ती तटीय आबादी शार्क और लोगों को अधिक बार संपर्क में ला रही है, जिससे इन तेज-दांतेदार क्रिटर्स की पहले से ही अस्थिर सार्वजनिक छवि पर दबाव पड़ रहा है। क्या यह नई शार्क-अनुकूल ब्रांडिंग पकड़ लेगी और फैल जाएगी? यह बताना जल्दबाजी होगी। लेकिन एक बात निश्चित है - मैं भविष्य में घातक फूलों के गमलों से कहीं अधिक सावधान रहने वाला हूँ।

**(लेखक एक वन्यजीव देखभालकर्ता, प्रकृतिवादी, शोधकर्ता, लेखक, वैज्ञानिक, एनिमलसेंस पॉडकास्ट के मेजबान और एक टेडएक्स स्पीकर हैं।)**



# एक असाधारण मनोरंजन

## पठान के लिए एक गाने की शूटिंग के लिए शाहरुख-दीपिका मलोर्का गए

**आदित्य चोपड़ा** और सिद्धार्थ आनंद ने वॉर में दर्शकों के लिए एक दृश्य दावत दी और ऐसा लग रहा है कि निर्माता-निर्देशक कॉम्बो अपनी अगली पेशकश पठान के साथ दृश्य असाधारण में एक नया बेंचमार्क बनाने जा रहे हैं। हम सुनते हैं कि पठान के सुपरस्टार शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के लिए मंच तैयार है - स्पेन में मलोरका के सबसे महंगे और उत्तम यात्रा स्थलों में से एक में सेट किए गए सबसे विद्युतीकरण गीतों में से एक को शूट करने के लिए।

''उद्देश्य पठान को एक दृश्य तमाशा बनाना है जिसे पहले किसी ने नहीं देखा है और सिड आनंद और वाईआरएफ इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पठान टीम स्पेन जा रही है, जहां वे कैडिज़, एक आश्चर्यजनक बंदरगाह शहर, और यूरोप के सबसे सुरम्य पहाड़ी शहरों में से एक, वेजेर डी ला फ्रोंटेरा जैसे भव्य गंतव्य में शूटिंग करेंगे। टीम के 10 से 31 अक्टूबर तक यूरोप में होने की सूचना है।''

चूंकि इन जगहों पर बॉलीवुड की किसी भी अन्य फिल्म की शूटिंग नहीं हुई है, इसलिए अधिकांश दर्शक, जो इन खूबसूरत जगहों पर नहीं गए हैं, उन्हें पहली बार देखेंगे। दृष्टिगत रूप से ये सेटिंग्स फिल्म में भव्यता और भव्यता को जोड़ देंगी।

''जब आपके पास देश के दो सबसे बड़े सुपरस्टार होते हैं, तो आपको पहले की तरह एक दृश्य असाधारण बनाना होता है और निर्माता पठान में उनकी जोड़ी के साथ न्याय करना चाहते हैं। यह एक सनसनीखेज शूट होगा, कम से कम कहने के लिए'', एक स्रोत ने बताया।


# उपयोगकर्ता के अनुकूल मॉडल का विकास

### अनुपम विजयवर्गीय चर्चा करते हैं कि कैसे छोटे व्यवसाय अपने डेटा को मोबाइल-प्रथम रूप में डिजीटलीकृत कर रहे हैं

जब मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण अपनाने वाली कंपनियों की बात आती है, तो वे अनिवार्य रूप से अपने व्यवसाय मॉडल को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए आकार दे रही हैं। और क्यों नहीं? भारत में स्मार्टफोन का प्रवेश अनुपात 2020 में 54 प्रतिशत था, और 2040 तक इसके 96 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। देश भर में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग से, वे लगभग हर चीज, खाना ऑर्डर करने से लेकर अपने व्यवसाय और व्यक्तिगत डेटा को प्रबंधित करने तक, के लिए जाना-माना उपकरण बन गए हैं।

मोबाइल फोन भविष्य हैं। छोटे व्यवसाय अपने डेटा प्रबंधन मॉडल को पहले मोबाइल में स्थानांतरित कर रहे हैं, और इसके कारण सरल हैं - सदैव उपलब्धता और कम खर्च।

मोबाइल-प्रथम डेटा प्रबंधन उपयोग के विभिन्न मामले इस प्रकार हैं :




#### ग्राहक प्रबंधन

अब यह स्वाभाविक बात है कि उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने से व्यवसायों को ग्राहक-जुड़ाव में सुधार करने में मदद मिलेगी। समझ का विश्लेषण करने के लिए, छोटे व्यवसाय के मालिकों को कुछ नाम रखने के लिए जनसांख्यिकी, लिंग, आयु और व्यवहार जैसे ग्राहक डेटा एकत्र करने की आवश्यकता होती है। वर्तमान में ग्राहक डेटा को प्रबंधित करने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण सीआरएम (ग्राहक संबंध प्रबंधन) पोर्टल है।

हालांकि, अधिकांश सीआरएम महंगे हैं और छोटे व्यवसाय इस अतिरिक्त खर्च से बचना चाहेंगे। इसके अलावा, वे डेस्कटॉप-अनुकूलित हैं। चूंकि बिक्री प्रतिनिधि हमेशा चलती रहती हैं, इसलिए इसे मैन्युअल रूप से लिखना और बाद में सीआरएम पर अपलोड करना एक कुशल विकल्प नहीं हो सकता है। ग्राहक विवरण जोड़ने, संपादित करने और पहुंच बनाने के लिए मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण बहुत आसान होगा।

इसके अलावा, व्यवसायों को अपने कर्मचारियों को सीआरएम का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षित करने में बहुत समय लगाना पड़ सकता है क्योंकि ऐसे पोर्टलों के लिए शिक्षण की अवस्था बहुत कठिन हो सकती है। इसलिए, कुछ सौ के कम ग्राहक-आधार वाले छोटे व्यवसायों के लिए सीआरएम व्यवहारिक नहीं हैं।

नवोन्मेष और तकनीकी प्रगति से, कंपनियां बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान कर रही हैं, अच्छा उपयोगकर्ता जुड़ाव बनाए रख रही हैं। उनमें से कई कंपनियों ने मोबाइल सीआरएम का रुख कर लिया है, जो स्प्रैडशीट्स पर काम करता है।

#### वित्त प्रबंधन

वित्तीय प्रबंधन सफल होने के मुख्य तरीकों में से एक है, खासकर यदि छोटे व्यवसायों की बात करें। वित्त का प्रभावी प्रबंधन व्यवसाय-मालिकों को बेहतर वित्तीय भविष्य बनाने में मदद करता है, और उन्हें बाजार में बनाए रखता है।

नकदी प्रवाह प्रबंधन से लेकर आय और व्यय तक, व्यवसायों को हर चीज की गणना करनी होती है। कई कंपनियां समझदारी के साथ उभरने के लिए ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) टूल का उपयोग करती हैं। हालांकि, ऐसे उत्पादों के लिए आमतौर पर सॉफ्टवेयर विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है और छोटे व्यवसायों के लिए इसकी रिकॉर्डिंग करना मुश्किल हो सकता है।

इन उपकरणों को चलते-फिरते संचालित नहीं किया जा सकता है, और केवल सीमित संख्या में उपयोगकर्ताओं को ही समायोजित किया जा सकता है। इसलिए, कई छोटी कंपनियों ने उपयोग में आसान स्प्रेडशीट टूल का उपयोग करना शुरू कर दिया। वे न केवल मोबाइल के अनुकूल हैं, बल्कि कई सहयोगी भी उन पर एक साथ काम कर सकते हैं। मोबाइल-आधारित टूल से, छोटे व्यवसाय बदलते डेटाबेस को जानने के लिए कुछ कर्मचारियों को कंप्यूटर के सामने रखने की आवश्यकता समाप्त कर सकते हैं। मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण व्यवसायों की चौबीसों घंटे उपलब्धता को सक्षम बनाता है।

#### कर्मचारी प्रबंधन

डिजिटल उपकरण जीवन को आसान बनाने के लिए बनाए गए हैं। और चूंकि आज हर किसी की जेब में स्मार्टफोन है, इसलिए कर्मचारी प्रबंधन सॉफ्टवेयर ऐसे मुख्य समाधान हैं जिनका उपयोग कंपनियां करती हैं।

उपस्थिति से लेकर कर्मचारी पर घंटों नजर रखने तक, कई प्रबंधकों के पास तत्काल निरीक्षण करने तक की पहुंच होनी चाहिए। और मोबाइल-फर्स्ट अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम बस यही करता है।

कई कंपनियां स्प्रैडशीट टूल का उपयोग कर रही हैं जो एक साथ कई हितधारकों के लिए सुलभ हो सकते हैं, इस प्रकार, कर्मचारी प्रबंधन से जुड़े समय, प्रयास और लागत को बड़े पैमाने पर कम कर सकती हैं।

#### सूची प्रबंधन

इन्वेंटरी को बड़े गोदामों में प्रबंधित किया जाता है जहां नियमित अपडेट करने के लिए कंप्यूटर तक पहुंचना मुश्किल होता है।

ये सिस्टम अप्रभावी हैं और आपके काम को बढ़ाते हैं। उनके साथ, कागज रहित रहना असंभव है, और श्रम पर निर्भरता भी बढ़ जाती है। इसके अलावा, इन्वेंट्री देखना और संपादित करना प्रतिबंधित होता है क्योंकि इसे चलते-फिरते एक्सेस करना संभव नहीं है।

मोबाइल-प्रथम इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली कर्मचारियों -नियोक्ताओं को एक केंद्रीकृत क्लाउड-आधारित प्रणाली में स्टॉक मूल्य जोड़ने, संपादित करने और प्रबंधित करने का अवसर देती है। कर्मचारी अपने हाथों में स्मार्टफोन लेकर गोदाम के चारों ओर घूमते हुए डेटा को सीधे स्प्रेडशीट-आधारित टूल में दर्ज कर सकते हैं।

#### निष्कर्ष

लागत में कटौती और उत्पादकता बढ़ाने से लेकर अधिक लाभ और प्रभावी कर्मचारी प्रबंधन तक, यह किसी भी कंपनी के टिके रहने और फलने-फूलने की मूल चेकलिस्ट है। हालांकि, यह सब करना और बड़ी कंपनियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना छोटी कंपनियों के लिए एक और कठिन काम है।मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण का उपयोग करके डेटा प्रबंधन को डिजिटल बनाना एक क्रांतिकारी प्रक्रिया है जो छोटे व्यवसायों को प्रतिस्पर्धा में बने रहने में सक्षम बनाएगी। आज के समय में, कंपनी को संभालने के लिए गतिशीलता को एक प्रमुख रणनीति माना जाना चाहिए - चाहे वह विभिन्न प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना हो या प्रभावी समय प्रबंधन करना हो। कुल मिलाकर, मोबाइल-फर्स्ट रणनीति अपनाने से छोटे व्यवसाय के मालिक अपने व्यवसाय को बदलने और इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल और अधिक कुशल बनाने में सक्षम होंगे।

**(लेखक मोबाइल एप्लीकेशन -लियो के सह-संस्थापक और सीईओ हैं)**

### आंतरिक और बाहरी फिटनेस के बीच अंतर बता रहे हैं डॉ. मोहित गर्ग



# फिट होने का मतलब हमेशा स्वस्थ होना नहीं है

फिटनेस आजकल चर्चा का विषय है और हम एक ऐसे युग में रहते हैं जहां हर कोई फिट रहना चाहता है। फिट रहने और स्वस्थ वजन बनाए रखने के अलावा, बहुत सारे भारतीय सुगठित मांसपेशियों व दुबले सिक्स-पैक हासिल करने के मकसद से जिम जा रहे हैं। इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध जानकारी होने से, लोग विभिन्न प्रकार के आहार भी अपना रहे हैं। उत्प्रेरक के बतौर कार्य करने के लिए, आपके फोन पर विभिन्न फिटनेस ऐप, फिटनेस बैंड, हेल्थ स्टार्ट-अप और अन्य प्रौद्योगिकियों का बाजार मौजूद है।



हालांकि, सिर्फ इसलिए कि कोई बाहर से फिट दिखता है, तो क्या इसका मतलब यह है कि वह व्यक्ति अंदर से भी स्वस्थ है? फिटनेस और स्वास्थ्य, हालांकि निकटता से जुड़े हुए हैं और अक्सर समानार्थी के बतौर उपयोग किए जाते हैं, मगर उन्हें समान मानने का भ्रम नहीं पालना चाहिए। अगर आप फिट हैं तो भी आप स्वस्थ नहीं हो सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक व सामाजिक कल्याण की स्थिति के रूप में परिभाषित करता है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति के रूप में।

पतला और मांसल शरीर दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ है। हालांकि, यदि व्यक्ति अपने शरीर को बनाए रखने के लिए एक अनुशासित व्यायाम व्यवस्था के साथ बहुत सारे अस्वास्थ्यकर भोजन और कैलोरी जला रहा है, या लगातार धूम्रपान करने वाला है या बहुत ज्यादा शराब का सेवन कर रहा है, तो यह अच्छे स्वास्थ्य का संकेतक नहीं है।

अत्यधिक व्यायाम भी शरीर के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि इससे संभावित कार्डियक लयताल बिगड़ने या अचानक कार्डियक अरेस्ट के अलावा चोट, थकावट, अवसाद और चिंता हो सकती है।

तो कितनी बार कसरत करनी चाहिए? अध्ययनों से पता चला है कि रोज 30 मिनट की मध्यम एरोबिक शारीरिक गतिविधि, सप्ताह में एक दिन के अवकाश के साथ हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट का मध्यम व्यायाम या हर हफ्ते कम से कम 75 मिनट का जोरदार व्यायाम आदर्श है। मध्यम एरोबिक व्यायाम में तेज चलना या तैराकी जैसी गतिविधियां शामिल हैं। जोरदार एरोबिक व्यायाम में दौड़ना और एरोबिक नृत्य जैसी गतिविधियां शामिल हैं। शक्ति प्रशिक्षण में वजन मशीनों का उपयोग करना, अपने शरीर का वजन उठाना, या रॉक क्लाइम्बिंग या ट्रेकिंग जैसी गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं।

यहां तक कि हृदय रोग के पुराने रोगियों के लिए भी नियमित व्यायाम अत्यंत महत्वपूर्ण है। हृदय -मांसपेशियों को मजबूत बनाने के अलावा, यह रोगियों को सीने में दर्द या अन्य लक्षणों के बिना अधिक सक्रिय होने में भी मदद कर सकता है। व्यायाम रक्तचाप को कम करने, रक्त में कोलेस्ट्रॉल- स्तर को घटाने, रक्त शर्करा नियंत्रित करने और वजन कम करने में मदद करता है, जिससे हृदय रोग से जुड़े अधिकांश प्रमुख जोखिम कारकों को नियंत्रित किया जा सकता है।

नियमित शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ स्वस्थ हृदय के लिए पोषण अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ भोजन विकल्प आपके हृदय रोग, दिल के दौरे और हृदयाघात का जोखिम कम कर सकते हैं, साथ ही भोजन से संबंधित जोखिम वाले कारक जैसे मोटापा, उच्च रक्तचाप और अनियंत्रित मधुमेह को भी। यदि कोई स्वस्थ आहार की योजना बना रहा है, तो उसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट और बीज खाने चाहिए जिनमें संतृप्त वसा और सोडियम कम होता है। इसके अलावा, अस्वास्थ्यकर भोजन में कटौती करना उन आवश्यक कार्यों में से एक है जिसे करने की आवश्यकता होगी क्योंकि वे कई प्रकार के परिरक्षकों, अतिरिक्त शर्करा से भरे होते हैं और उनमें नमक की मात्रा अधिक होती हैं। स्वस्थ आहार के साथ नियमित व्यायाम दिनचर्या हृदय रोग होने के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकती है।

**- (लेखक ग्लोबल हॉस्पिटल, मुंबई में दुर्घटना व आपातकालीन विभाग के सलाहकार और प्रमुख हैं।)**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 5
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com





जेम्स पैटिनसन ने अंतरराष्ट्रीय मैचों से लिया संन्यास
स्पोर्ट्स-11


# योगी राज में माफी मांगते फिर रहे माफिया: मोदी

- कहा, समाजवाद से परिवारवाद के रास्ते पर आ गई है सपा
- प्रधानमंत्री ने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं 12 अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुशीनगर




कुशीनगर हवाईअड्डे के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट करते उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया। साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुशीनगर में सिलसिलेवार तीन कार्यक्रमों के जरिए अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते हुए समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया और कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की नीति माफिया को खुली छूट और खुली लूट की थीं, लेकिन आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यहां माफिया माफी मांगता फिर रहा है। समाजवादी पार्टी पर तंज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे राम मनोहर लोहिया की समाजवाद की विचार धारा से काफी दूर हो गए हैं और परिवारवाद के रास्ते पर आ गए हैं। मोदी ने बुधवार को यहां 260 करोड़ रुपए की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय विमानतल का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध की निर्वाण स्थली कुशीनगर में अभिधम्म दिवस पर आयोजित कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया और फिर बरवा फार्म में राजकीय मेडिकल कॉलेज कुशीनगर एवं 12 अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने बरवा फार्म की जनसभा में भोजपुरी बोली में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए क्षेत्रीय जनता का अभिवादन किया। मोदी ने कहा, डॉक्टर राममनोहर लोहिया कहा करते थे कि कर्म को करुणा से जोड़ो, लेकिन जो पहले की सरकार (पूर्ववर्ती सपा सरकार) चला रहे थे उनको गरीब के दर्द की परवाह नहीं थी, पहले की सरकार ने अपने को घोटालों और माफियाओं से जोड़ा। उन्होंने कहा, यूपी के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि उनकी (सपा नेताओं) पहचान समाजवादियों की नहीं, परिवारवादियों की बन गई।

## हवाईअड्डे से बौद्ध सर्किट पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**कुशीनगर।** सरकार की बौद्ध सर्किट पर्यटन पहल को मजबूती प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया और कहा कि उनकी सरकार ने विमानन क्षेत्र में नई ऊर्जा भरने के लिए कई कदम उठाए हैं। पीएम ने कहा कि हवाई अड्डे की वजह से संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा इससे क्षेत्र के आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में मदद मिलेगी और साथ ही रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन होगा। पीएम ने कहा कि भारत ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अंगीकार किया है और बुद्ध आज भी भारत के संविधान की प्रेरणा हैं। सुबह लगभग नौ बजे श्रीलंकाई एअरलाइंस की एक उड़ान श्रीलंका से दर्जनों बौद्ध भिक्षुओं और कई हस्तियों को लेकर इस हवाई अड्डे पर उतरी। बौद्ध भिक्षु गौतम बुद्ध से संबंधित निशानियां भी लेकर आए और विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। कुशीनगर गौतमबुद्ध का महापरिनिर्वाण स्थल और बौद्ध समुदाय के लोगों का एक अहम तीर्थ स्थल है। करीब 260 करोड़ की लागत से यहां बने हवाई अड्डे का निर्माण बौद्ध धर्मस्थल को दुनिया भर से जोड़ने के मकसद से किया गया है। हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि कुशीनगर का विकास उत्तर प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के लिए उच्च प्राथमिकताओं में से एक है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाला कुशीनगर शहर गोरखपुर से लगभग 50 किमी. और वाराणसी से लगभग 225 किमी. की दूरी पर है। इस शहर में अनेक बौद्ध मंदिर हैं जिससे यह विश्व भर से बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

## प्रदेश में खड़ी हो रही है मेडिकल कॉलेजों की शृंखला : मुख्यमंत्री

**कुशीनगर।** समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में कुशीनगर के दशकों पुराने सपनों को एक नई उड़ान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई सोच भी नहीं सकता था कि कुशीनगर में भी मेडिकल कॉलेज बनेगा। 2014 तक जब सोचते थे तब कुशीनगर की बात तो दूर अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी स्वास्थ्य सेवा जर्जर थी।

योगी ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की लंबी शृंखला खड़ी हो रही है। प्रधानमंत्री की अनुकंपा से उत्तर प्रदेश 30 मेडिकल कॉलेजों का कार्य प्रारंभ कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर के लोगों ने बड़ी संख्या में इंसेफ लाइटिस से मासूमों को मरते देखा है। यह इंसेफ लाइटिस से सबसे प्रभावित इलाकों में रहा। बस्ती में मेडिकल कॉलेज दो वर्ष से संचालित है। देवरिया और सिद्धार्थनगर में भी मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है। 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के हाथों इसका लोकार्पण होगा। गोंडा, बहराइच, गाजीपुर, जौनपुरए चंदौली में भी मेडिकल कॉलेज की सुविधा हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुशीनगर में 281.45 करोड़ रुपये की लागत से जिस राजकीय मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया। उसमें 500 बेड का सभी सुविधाओं से युक्त अस्पताल भी होगा। इस मेडिकल कॉलेज में 460 की क्षमता का छात्रावास भी बनेगा। मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूर्ण होते ही जनपद, आसपास और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले करीब 40 लाख लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्र के लोगों को अत्याधुनिक इलाज के लिए बड़े शहरों की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

## प्रदेश में रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू समाप्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने यूपी में जारी नाइट कर्फ्यू को भी खत्म करने का फैसला लिया है। कन्टेन्मेंट जोन के बाहर प्रदेश के समस्त जनपदों में कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन की शर्त के अधीन वर्तमान में रात्रि 11 बजे से प्रात: 6 बजे तक लागू रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू को समाप्त कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा समस्त मण्डलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज, पुलिस आयुक्त, लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी व सभी जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को रात्रि कालीन कोरोना कर्फ्यू समाप्त किए किए जाने का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 11 अगस्त को यूपी सरकार ने शनिवार की साप्ताहिक बंदी को भी समाप्त कर दिया था। इसके बाद प्रदेश में केवल सोमवार से लेकर शनिवार तक सुबह छह बजे से रात्रि 10 बजे तक गतिविधियों की अनुमति दी गई थी। रक्षाबंधन से सीएम योगी ने रविवार की साप्ताहिक बंदी को भी समाप्त करने का आदेश दिया था। इसके बाद से प्रदेश पूरी तरह से अनलॉक हो गया था। यूपी में केवल रात्रि 11 बजे से सुबह छह बजे तक रात्रि कर्फ्यू जारी था। बुधवार को इसे भी खत्म कर दिया गया है।

# विशेष अदालत का आर्यन खान को जमानत देने से इनकार

- बंबई उच्च न्यायालय पहुंचे शाहरुख के पुत्र

**भाषा।** मुंबई



**महानगर** स्थित एक विशेष अदालत ने अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और दो अन्य को जमानत देने से इनकार कर दिया। इन्हें मुंबई अपतटीय क्षेत्र में एक क्रूज पोत से मादक पदार्थ बरामद होने के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। विशेष न्यायाधीश वी वी पाटिल ने आर्यन और उनके दो मित्रों- अरबाज मर्चेंट तथा फैशन मॉडल मुनमुन धमेचा की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। मामला आज जब आदेश के लिए आया तो विशेष न्यायाधीश ने कहा, खारिज। एनसीबी ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि आर्यन कई साल से मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं और वह नशीली वस्तुओं की खरीद के लिए ऐसे कई व्यक्तियों के संपर्क में थे जो अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत होते हैं। एजेंसी ने आर्यन की व्हाट्सऐप चैट का हवाला दिया है और दावा किया कि इससे बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की खरीद का संकेत मिलता है। इस मामले में अब तक 20 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। दूसरी ओर आर्यन ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर जमानत का अनुरोध किया। जमानत याचिका खारिज होने के बाद आर्यन के वकीलों ने तुरंत उच्च न्यायालय में अपील दायर कर निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी।

# थाने से 25 लाख चुराने के आरोपी की हिरासत में मौत

- प्रशासन ने पीड़ित परिजनों को 10 लाख का मुआवजा और परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी देने की घोषणा की

**भाषा।** आगरा

**शहर** के जगदीशपुरा थाने से 25 लाख रुपए चुराने के आरोपी व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी की सेहत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई। वहीं आगरा के जिलाधिकारी पी. एन. सिंह ने बताया कि प्रशासन की अनुशंसा पर पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को सफाईकर्मी की नौकरी देने का फैसला लिया गया है। दूसरी ओर आगरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी. ने बताया कि चोरी के पैसे बरामद करने के लिए मंगलवार की रात आरोपी के आवास की तलाशी ली गई और इस दौरान अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। उन्होंने बताया कि आरोपी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत लाया गया घोषित कर दिया। उन्होंने बताया, पूछताछ के दौरान अरुण ने चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि चोरी के पैसे उसके घर में रखे हैं। अरुण की तबियत बिगड़ने और उसकी मौत होने से पहले पुलिस ने उसके घर की तलाशी में 15 लाख रुपए बरामद कर लिए थे। पुलिस ने बताया कि अरुण पर शनिवार की रात थाने के मालखाना (थाने में वह कमरा जहां जब्त की गई वस्तुएं रखी जाती हैं) से नकदी चुराने का आरोप है।

## हिरासत में ली गईं प्रियंका, बाद में मिली आगरा जाने की अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आगरा** में बीते मंगलवार को पुलिस हिरासत में हुई सफाई कर्मचारी की मौत के बाद उसके परिवार से मिलने जा रहीं कांग्रेस महसचिव प्रियंका गांधी के काफिले को पुलिस ने लखनऊ में रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प भी हुई जिसके बाद पुलिस ने प्रियंका गांधी को हिरासत में ले लिया और पुलिस लाइन ले जाया गया। प्रियंका को हिरासत में लिए जाने के बाद लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया और धरने पर बैठ गए। कुछ समय तक हिरासत में रखे जाने के बाद प्रियंका वाड्रा को आगरा जाने की अनुमति दे दी गई। अनुमति मिलने के बाद वह प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, आचार्य प्रमोद कृष्णम और एमएलसी दीपक सिंह के साथ आगरा के लिए रवाना हो गईं।

## मुठभेड़ में चार आतंकी ढेर, एक जवान शहीद

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के उन दो कमांडरों सहित चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया जो प्रवासी मजदूरों की हत्या में शामिल थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शोपियां के दरगड़ में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए जबकि दो आतंकवादी कुलगाम जिले में मुठभेड़ में मारे गए। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह में अब तक 15 आतंकवादी मारे गए हैं। इस बीच शोपियां अभियान में एक सैनिक शहीद हो गए जबकि दो अन्य घायल हो गए। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने एक ट्वीट में कहा कि पुलिस और सेना ने कुलगाम में लश्कर के जिला कमांडर (गुलजार अहमद रेशी) और एक अन्य को मार गिराया जो 17 अक्टूबर को बिहार के दो गरीब मजदूरों की हत्या में शामिल थे। एक रक्षा प्रवक्ता के अनुसार, कुलगाम जिले में अशमुजी-देवसर सड़क पर दो आतंकवादियों की आवाजाही की सूचना मिलने के बाद बुधवार शाम को संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

# सरकार का साल के अंत तक समूची वयस्क आबादी के टीकाकरण का लक्ष्य

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने बुधवार को कहा कि देश में कोविड-19 रोधी टीकों की 99 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं और सरकार ने इस वर्ष के अंत तक देश की पूरी वयस्क आबादी का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा है। फिक्की के वार्षिक स्वास्थ्य सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत, वर्तमान में, भारत दुनिया में वैश्विक चिकित्सा उपकरणों के बाजार में अग्रणी देशों में से एक है। कोविड 19 से उत्पन्न चुनौतियों के बीच सफलता का विवरण देते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा, देश में कोविड-19 टीकों की 99 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं और सरकार ने इस वर्ष के अंत तक देश की पूरी वयस्क आबादी का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा है।

पवार ने अपने संबोधन में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने अधिकार प्राप्त समूहों, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ निकट सहयोग कायम करके कोविड-19 से निपटने में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए फिक्की की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत में सस्ती, सुलभ, सुरक्षित और आधुनिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने की हम पर एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, भारत सरकार ने संचारी और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और उन्मूलन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए विभिन्न राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू किए हैं।



चेन्नई में कोरोनारोधी टीका लगवाती महिला

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,259 | ↓ 456 | |
| निफ्टी | 18,266 | ↓ 152 | |
| सोना | 46,580 | | /10g |
| चांदी | 62,328 | | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीबीएसई परीक्षा केंद्र, शहर बदलने की अनुमति देगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10 वीं और 12 वीं कक्षाओं के उन छात्रों को अगले महीने से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा के टर्म-1 के लिए शहर के परीक्षा केंद्र में बदलाव के लिए अनुरोध करने की अनुमति होगी, जो उन शहरों में नहीं है जहां उन्होंने दाखिला लिया था। सीबीएसई ने बुधवार को यह घोषणा की। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, बोर्ड के यह संज्ञान में आया है कि कुछ छात्र अब भी उस शहर में नहीं है, जहां उन्होंने दाखिला लिया था। ये छात्र कहीं और रह रहे हैं। इस आलोक में उपयुक्त समय पर सीबीएसई छात्रों को सूचित करेगा कि वे परीक्षा केंद्र के शहर में बदलाव के लिए अपने संबद्ध स्कूलों से अनुरोध करें। भारद्वाज ने कहा, स्कूल अनुरोध को ऑनलाइन माध्यम से बोर्ड तक पहुंचाने के सीबीएसई के निर्देशों का पालन करेंगे।

# थल सेना ने चीन सीमा पर विमान रोधी तोपें तैनात की

**भाषा।** तवांग

**गोले** बरसाने की अपनी क्षमता को बढ़ाते हुए भारतीय थल सेना ने अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ऊंचे पर्वतों पर अच्छी खासी संख्या में उन्नत एल-70 विमान रोधी तोपें तैनात की हैं। वहां सेना की एम-777 होवित्जर और स्वीडिश बोफोर्स तोपें पहले से तैनात हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

दुर्गम क्षेत्र में 3.5 किमी की रेंज वाली विमान रोधी तोपों की तैनाती उन उपायों की शृंखला का हिस्सा है, जिसे थल सेना ने पूर्वी लद्दाख में 17 महीनों के गतिरोध के आलोक में पूर्वी क्षेत्र में 1300 किमी से अधिक लंबे एलएसी पर अभियानगत तैयारियों का मजबूत करने के लिए किया है। सेना ने वहां अच्छी खासी संख्या में एम-777 होवित्जर तोपें तैनात कर रखी हैं, जिन्हें तीन साल पहले हासिल किया गया था। किसी भी अकस्मात स्थिति से निपटने की तैयारियों के तहत, थल सेना की ईकाइयां प्रतिदिन आधार पर सैन्य अभ्यास कर रही है। इसमें समन्वित रक्षा स्थानिकता भी शामिल है, जो कि पैदल सेना, वायु रक्षा और तोपखाना सहित सेना की विभिन्न शाखाएं शामिल हैं।

सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उन्नत एल 70 तोप समूचे एलएसी पर अन्य कई प्रमुख संवेदनशील मोर्चे के अतिरिक्त अरूणाचल प्रदेश में कइ प्रमुख स्थानों पर करीब दो-तीन महीने पहले तैनात की गई थी और उनकी तैनाती से सेना के गोले बरसाने की क्षमता काफ बढ़ी है। आर्मी एयर डिफेंस की कैप्टन एस अब्बासी ने कहा, ये तोपें सभी मानवरहित वायु यान, मानवरहित लड़ाकू यान, हमलावर हलीकॉप्टर और आधुनिक विमान को गिरा सकती हैं।

# लखीमपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने जांच तेज करने को कहा

- अब 26 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच एक अंतहीन कहानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही, एक बार फिर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायालय को ऐसा लग रहा है कि राज्य पुलिस धीमी गति से काम कर रही है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि उप्र सरकार को अपनी इस छवि को बदलने की आवश्यकता है। न्यायालय ने राज्य सरकार को मजिस्ट्रेट के समक्ष गवाहों के बयान दर्ज कराने और गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा, हमें लगता है कि आप बहुत धीमी गति से काम कर रहे हैं, कृपया अपनी इस छवि को बदलिए। उसने कहा कि जांच अंतहीन कहानी नहीं बननी चाहिए। उसने अभियोजन पक्ष के 44 में से करीब 40 गवाहों के बयान आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज नहीं कराए जाने के मामले पर चिंता जताई। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा, कृपया उनसे धारा 164 के तहत बयान दर्ज करने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहिए। पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। सीआरपीसी की धारा 164 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज किए जाते हैं और उन्हें साक्ष्य माना जाता है। न्यायालय तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी में किसानों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों के मारे जाने के मामले में सुनवाई कर रही। न्यायालय को राज्य सरकार ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 44 में से चार गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। इस मामले में अब तक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीठ ने सुनवाई के दिन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का मामला उठाया और प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमने स्थिति रिपोर्ट के लिए कल रात एक बजे तक इंतजार किया, लेकिन हमें कुछ नहीं मिला।

राज्य सरकार की ओर से वकील गरिमा प्रसाद के साथ पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि स्थिति रिपोर्ट बुधवार को सीलबंद लिफाफे में दाखिल की गई है, क्योंकि ऐसा लगा था कि इसे केवल न्यायालय देख सकता है। पीठ ने कहा, नहीं, इसकी आवश्यकता नहीं थी और हमें यह अभी मिली है... हमने सीलबंद लिफाफे के संबंध में कभी कुछ नहीं कहा था। उसने मामले की शुक्रवार को सुनवाई करने का अनुरोध अस्वीकार कर दिया और अगली सुनवाई के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की। पीठ ने कहा, साल्वे जी, आपने कहा कि आपने (पुलिस ने) 44 गवाहों से पूछताछ की है और उनमें से चार गवाहों के बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत (न्यायिक मजिस्ट्रेट) के समक्ष दर्ज किए गए हैं। आपने अन्य गवाहों के बयान 164 के तहत दर्ज क्यों नहीं कराए। इसके बाद साल्वे ने पीठ से कहा कि इस संबंध में प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पहले इस बात को लेकर चिंता थी कि ऐसा प्रतीत हो रहा था कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ थोड़ी नरमी बरत रही है और अब उन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अब वे जेल में हैं। साल्वे ने कहा कि इस मामले में दो अपराध हुए हैं। पहला अपराध यह है कि आरोपियों ने किसानों को वाहन से कुचल दिया और दूसरी प्राथमिकी यह है कि किसानों को वाहन से कुचलने वाले आरोपियों में से तीन की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि दूसरी प्राथमिकी के संबंध में जांच थोड़ी मुश्किल है क्योंकि किसानों की भारी भीड़ के कारण यह पता लगाना मुश्किल है कि किसने क्या किया। पीठ ने कहा कि वह पहली प्राथमिकी के बारे में पूछ रही है और उसने आरोपियों की संख्या और जांच की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी थी। न्यायालय ने सवाल किया, आज, उनमें से कितने आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं और उनमें से कितने पुलिस हिरासत में हैं...क्योंकि उनसे पूछताछ किए बिना आपको कोई जानकारी नहीं मिल सकती। इसके जवाब में साल्वे ने कहा, कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनमें से चार पुलिस हिरासत में हैं और शेष छह को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू

## योजना 21 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2021 तक चलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना 21 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2021 तक लागू रहेगी। उपभोक्ता इस अवधि में योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। 30 नवम्बर तक उपभोक्ताओं को अपना बकाया जमा करना होगा।

श्रीकांत शर्मा ने बताया कि इस योजना में छोटे उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है और उन्हें सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। योजना के तहत घरेलू विद्युत पंखा (एलएमवी-1) एवं वाणिज्यिक उपभोक्ता (एलएमवी-2) के दो किलोवाट भार तक के छोटे उपभोक्ताओं तथा निजी नलकूप (एलएमवी-5) (समस्त विद्युत भार) वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। साथ ही दो किलोवाट तक के घरेलू विद्युत पंखा (एलएमवी-1) के छोटे उपभोक्ताओं को बकाया राशि में अधिकतम 6 किश्तों में जमा करने का भी विकल्प है। इसके अतिरिक्त घरेलू बत्ती पंखा (एलएमवी-1) के दो किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक (एलएमवी-2),के दो किलो से अधिक 5 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं का भी ध्यान रखते हुये उन्हें सरचार्ज राशि में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि छोटे एवं मध्यम घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं तथा किसानों के लिये अत्यन्त लाभकारी एवं सुविधा जनक योजना है। इस योजना के अन्तर्गत स्थाई रूप से विच्छेदित बकायेदारों के प्रकरण भी समाधान के लिए लिए जाएंगे साथ ही विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मामले भी समाधान भी हो सकेगा। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने सभ डिस्कामों को निर्देशित किया है कि योजना का लाभ उपरोक्त श्रेणी के प्रत्येक बिजली बकायेदार को मिले इसके लिये व्यापक अभियान चलाया जाए। सभी कार्मिक प्रतिदिन योजना की समीक्षा करें साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नियमित रूप से कैम्पों का आयोजन भी किया जाए।

## परिवहन निगम की आय बढ़ाने के लिए हर तौर-तरीके अपनाए जाएं: कटारिया

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण परिवहन निगम की आय में कमी आयी है। महामारी अब नियंत्रण में है। निगम की आय को बढ़ाने के लिए जितने तौर तरीके हैं उनको अपनाया जाय। उन्होंने कहा कि घाटे में चल रहे डिपो की 15 दिन में समीक्षा होनी चाहिए। यात्रियों का रोडवेज बसों के प्रति आकर्षण बढ़ेए इसलिए बसों एवं बस स्टैण्ड की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाय। दूसरे राज्यों को जाने वाली बसें अच्छी स्थिति में होनी चाहिएए जिससे कि यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो और इससे विभाग की छवि भी बदलेगी। परिवहन मंत्री आज परिवहन निगम के कार्यालय में निगम के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी क्षेत्रीय प्रबन्धक-सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक-सेवा प्रबन्धक को यह निर्देश दिये हैं कि कम से कम 50 प्रतिशत से अधिक लोडफैक्टर पर ही बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाय। बसों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी चालक को दी जाय और इसके लिए चालकों को अलग से इंसेंटिव देने का भी प्राविधान किया जाय। उन्होंने पायलेट प्रोजेक्ट के तौर यह कार्यक्रम तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अन्य राज्यों को जाने वाली बसों की समय समय पर चेकिंग दल द्वारा चेकिंग की जाय। साथ ही निगम के वर्कशाप की लगातार मॉनीटरिंग की जाय और यह सुनिश्चित किया जाय कि जो बसें वर्कशाप कार्यशाला में आ रही हैं, उन्हें समय से ठीक किया जाय। मंत्री ने कहा कि कम आय देने वाले क्षेत्रीय प्रबन्धकों-सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को तत्काल हटाया जाय तथा लाभ देने वाले क्षेत्रीय प्रबन्धक-सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परिवहन निगम की बसें प्रत्येक दशा में बस अड्डे से ही होकर जायें। ऐसा न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय।

# किसानों व मिलों के बीच संतुलन के लिए चीनी मिलों को सह उत्पाद पर देना होगा जोर

● बगास से बनी बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी की उठी मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**यूपी** में गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर चीनी मिलों की टकराहट को कम करने के लिए अब मिलों को चीनी के साथ-साथ सहवर्ती उत्पादों पर जोर देना होगा ताकि चीनी के भुगतान का लेकर संकट खड़ा न हो। साथ ही गन्ने की खोई से बनने वाले बिजली के दाम पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए क्योंकि यूपी में 2.80 रुपए प्रति यूनिट सरकार मिलों से बिजली खरीद रही है जबकि बिहार जैसे पड़ोसी राज्य बगास से बनी बिजली का दाम 6 रूपए से भी अधिक दे रहा है।

यह मुद्दे बुधवार को यूपी शुगर मिल कोजन एसोसिएशन की एजीएम में उठे। इस बैठक में उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, उप्र राज्य विद्युत पारेषण निगम लिमिटेड, उप्र स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर, यूपी शुगर फेडरेशन के एमडी रमाकांत, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद मोहन समेत कोजन से बिजली का निर्माण करने वाली निजी और सरकार चीनी मिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में कोजन से बनी बिजली की दर का मुद्दा प्रमुख रहा जिस पर सभी ने चिंता जताई। सरकार चीनी मिलों से 2.80 रूपए प्रति यूनिट के अनुसार बिजली क्रय कर रही है जबकि पहले यूपी में बगास से बनी बिजली के दाम 5.80 रूपए प्रति यूनिट थे जो बाद में कम कर दिए गए हैं। इसके अलावा मिलों ने बिजली उत्पादन के बाद उसके पारेषण को लेकर आ रही दिक्कतों को भी सामने रखा जिमसें पावर कारपोरेशन और उत्पादन निगम द्वारा कोई सिंगल विंडों सिस्टम न होने से मिलों को आ रही व्यावहारिक भी साझा की गई। इस पर यूपीएसएलडीसी के अधिकारियों ने कहा कि पावर कारपोरेशन द्वारा एक नोडल अधिकारी और एक टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है जिस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। शुगर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सीबी पटौदिया ने कहा कि बगास से बनने वाली बिजली के दाम अन्य राज्यों की तुलना में यूपी में काफी कम हैं। उप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग में प्रस्ताव दिया गया था कि कम से कम बगास के जो दाम हैं उसी के अनुसार कोजन इनर्जी के दाम निर्धारित किए जाएं ताकि किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान में कठिनाई न हो सके। प्रदेश सरकार से इस बारे में वार्ता चल रही है, हो सकता है कि कोई सकारात्मक हल निकल सके। बैठक को एमडी यूपी शुगर फेडरेशन रामाकांत, मुख्य अभियंता उप्र राज्य विद्युत पारेषण निगम अमलेंदू, यूपीएसएलडीसी के एचडी दुबे, शुगर एसोसिएशन के दीपक गुप्तारा, पंकज रस्तोगी सीईओ डालमिया समूह, समेत अन्य मिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## यूपी में एक साल के भीतर ट्रेट्रा पैक में मिलेगा गन्ने का रस

**लखनऊ।** बैठक में आए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने कहा कि बाजार मिलने वाले तमाम फ्रूट जूस उतने लाभप्रद्र नहीं होते जितने वह दर्शाते हैं। कोविड महामारी के बाद प्राकृतिक चिकित्सा की मांग बढ़ी है और हम इस बात पर शोध कर रहे है कि गन्ने का रस भी लोगों को बाजार में पैक किया हुआ मिले जो ताजा और स्वास्थ्य वर्धक हो, क्योंकि बाजारों में खुले में बिकने वाला गन्ने का पीना हर कोई चाहता है लेकिन साफ-सफाई के आभाव में लोग नहीं पीते हैं। उन्होंने जिस पर बाजार में कोल्ड ड्रिक की मार्केट है उसी प्रकार अगर मिलें गन्ने का रस भी बेचेंगी तो बाजार में अच्छा बिजनेस मिलेगा। इसके लिए संस्थान ने कई स्तर के शोध पूरे कर लिए हैं और उम्मीद है कि अगले एक साल के भीतर हम इसे बाजार में उतार सकेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में गन्ने मूल्य भूगतान को लेकर चीनी मिलों के पास संकट रहता है इसलिए अगर मिले इस प्रकार के सहवर्ती उत्पाद बनाएगी तो उन्हें भुगतान में कठिनाई नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि मिलों को एग्रो बिजनेस काम्पलेक्स के रूप में काम करना होगा। जिसमें एक्सपोर्ट, बैजरेज, मेडिसिन, कन्फ्रेक्शनरी सेक्टर में जरूरत के अनुसार चीनी का उत्पादन किया जा सके। मिलो को इको फ्रेंडली प्रोडक्ट का भी निर्माण करना होगा। इसमें बगास से बनने वाली डिस्पोजल क्राकरी, बगास से बनने वाली प्लाई, कैमिकल, खाद्य पदार्थो में उपयोग किए जाने वाला वनीला जैसे उत्पादों का निर्माण किया जाना आवश्यक है। देश के अन्य राज्यों में मिलों ने इस दिशा में उत्पादन भी शुरू कर दिया है। गन्ने की बगास से बायो गैस बनाने का काम भी चल रहा है। इससे मिलों को किसानों के गन्ना भुगतान का संकट पैदा नहीं होगा।

## प्रदेश में अब रक्षक ही भक्षक बन गए हैं: अनिल दुबे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने आगरा पुलिस की अभिरक्षा में वाल्मीकि जयंती के दिन वाल्मीकि समाज के युवक अरूण वाल्मीकि की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये कहा है कि इस घटना से यह साबित हो गया है कि प्रदेश में अब रक्षक ही भक्षक बन गये हैं। दुबे ने आगरा घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि जब खाकी के वेश में अपराध होंगे तो आम आदमी का खाकी से भरोसा उठ जायेगा। आखिर आगरा पुलिस क्या छुपाने की कोशिश कर रही है जिसकी वजह से एक निर्दोष की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी गयी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करते हुये पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ साथ मृतक के परिजनों को एक करोड़ रूपये की अर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की भी मांग की है।

## प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर तत्काल खोले जाएं गो-आश्रय स्थल: लक्ष्मी नारायण चौधरी

● पशुधन बीमा तथा किसान क्रेडिट कार्ड के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित किया जाय: पशुधन मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पशुधन** मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि पशुधन विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए समय से निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जाय। साथ ही कार्यक्रमों के लिए आवंटित बजट का शत प्रतिशत उपयोग भी सुनिश्चित करते हुए जनपदों को उपलब्ध कराई जा रही धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराया जाय। मण्डलीय अपर निदेशक विभागीय योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण करें अन्यथा योजनाओं की प्रगति में कमी होने पर वह भी उत्तरदायी होंगे। पशुधन मंत्री ने कहा कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक-एक गो-आश्रय स्थल खोले जाने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करायी जाय ताकि अधिक से अधिक संख्या में गोवंश का संरक्षण किया जा सके। पशुधन मंत्री बुधवार को पशुपालन निदेशालय में पशुधन विभाग की योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सहभागिता योजना एवं कुपोषित परिवार को उपलब्ध कराये गये गोवंश का समुचित अभिलेखीकरण कराया जाय और पशुधन बीमा के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित किया जाय। इसके अतिरिक्त महत्वाकांक्षी जनपदों में कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, किसान क्रेडिट कार्ड से पशुपालकों को लाभान्वित किया जाय।

## ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने के लिए गन्ना किसानों को मिला अन्तिम अवसर

**लखनऊ।** प्रदेश के गन्ना किसानों की सुविधा तथा किसानों की संख्या एवं सुझावों के दृष्टिगत ईआरपी की वेबसाइट पर ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की अन्तिम तिथि को 15 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2021 करते हुए एक और अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गयी थी, परन्तु अन्तिम तिथियों में रामनवमी एवं दशहरा आदि के अवकाश होने के कारण कुछ कृषक घोषणा पत्र भरने से वंचित रह गये। इन कृषकों की सुविधा एवं विभाग के टोल फ्री नम्बर पर गन्ना किसानों द्वारा किये जा रहे अनुरोध के दृष्टिगत गन्ना किसानों को घोषणा पत्र भरने के लिए अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए अन्तिम तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। प्रोजेक्ट के अन्तर्गत आसन्न पेराई सत्र 2021-22 हेतु गन्ना किसानों द्वारा सुविधा पूर्वक अपने घोषणा पत्र ऑनलाइन भरे जा रहे हैं।

## वाल्मीकि समाज का राष्ट्रीय विकास में योगदान प्रशंसनीय: अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यालय के डॉ लोहिया सभागार तथा लालबाग, लखनऊ स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तथा नमन कर सादगी के साथ वाल्मीकि जयंती मनाई।

अखिलेश यादव ने महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि वैदिक काल के महान ऋषियों में थे। वे संस्कृत भाषा के आदिकवि तथा महान काव्य रामायण के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा वाल्मीकि समाज का राष्ट्रीय विकास में योगदान प्रशंसनीय है। हमें संकल्प लेना होगा कि इस समाज का सम्मान बढ़ाना है। उन्हें राजनीति की मुख्यधारा में स्थान दिलाना है। श्री यादव ने आश्वस्त किया कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर वाल्मीकि समाज के साथ हो रहा अन्याय समाप्त होगा और उसे सभी वैधानिक अधिकार प्राप्त होंगे। श्री यादव ने भाजपा सरकार द्वारा वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश को रद्द किये जाने की भी आलोचना की। भाजपा को जनहित में कोई काम ही नहीं करना है। अब भाजपा सरकार को भी छुट्टी पर भेजना है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, ब्रह्माशंकर त्रिपाठी एवं अभिषेक मिश्र, डॉ राजपाल कश्यप तथा प्रदेश सचिव जुगल किशोर वाल्मीकि, विपिन मनोठिया बाल्मीकि, प्रदीप कुमार प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा तथा युवा नेता अतुल प्रधान, अनिल तिवारी, नंद किशोर वाल्मीकि, कुणाल वाल्मीकि, पुष्पा वाल्मीकि, राजू चौधरी, मनोज कुमार, विजय वाल्मीकि आदि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## भाजपा से जनतांत्रिक मूल्यों को भी खतरा: सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा चालाकी से भरी ऐसी पार्टी है जो साजिशें रचकर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाती है। संवैधानिक संस्थाओं को अपनी राजनीति के स्वार्थ में कमजोर करती है। इससे सावधान रहना है। इससे जनतांत्रिक मूल्यों को भी खतरा है। अब सन 2022 में जो चुनाव होने जा रहे हैं उसमें जनता के मौलिक अधिकारों को बचाने के लिए मजबूती से लड़ाई लड़नी होगी। अखिलेश यादव बुधवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ-फरेब के अलावा कोई सिद्धांत नहीं जानती है। अपने स्वार्थ के लिए राजनीति को प्रदूषित करने में उसे तनिक भी संकोच नहीं। अखिलेश ने कहाा कि कुशीनगर के एयरपोर्ट के उद्घाटन भी एक और तमाशा है। कुशीनगर एयरपोर्ट समाजवादी सरकार की देन है, भाजपा श्रेय लेने का चुनावी खेल, खेल रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने केन्द्र को प्रस्ताव भेजा, सन 2016 में 207 करोड़ का बजट जारी किया। वोट हथियाने के मकसद से बनने के एक साल बाद यह उद्घाटन हो रहा है। भाजपा नाम बदलने, रंग बदलने और झूठे दावे करने में सबको पीछे छोड़ गई है। जबकि शिलान्यास की एक ईंट तक भी इन्होंने नहीं लगाई, तब भी फीता काटने और अपने नाम की पट्टी लगाने पहुंच गए। चित्रकूट, मेरठ, आजमगढ़, सैफई, कुशीनगर और मुरादाबाद आदि में हवाई अड्डा बनाने और उनके विस्तार का काम समाजवादी सरकार में ही हुआ था। उनके काम को नकारने का कुप्रयास वे कर रहे हैं। प्रदेश के विकास में जिनका एक धेले का योगदान नहीं है। वास्तव में, भाजपा कितना भी झूठ बोले, अब जनता पर उसका कोई असर होने वाला नहीं है।

## रीता बहुगुणा जोशी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए कांग्रेस को धोखा दिया: आजमानी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी की ओर से बीते मंगलवार को दिए गए बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतीश आजमानी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा है कि केन्द्र में मंत्री बनना है तो आरएसएस का प्रचार कीजिए, जिसका कि आप जिन्दगी भर विरोध करती रहीं, गांधी परिवार या कांग्रेस का झूठा प्रचार करके नहीं।

कांग्रेस ने आपको क्या नहीं दिया, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, उत्तर प्रदेश कांग्रेस का दो बार प्रदेश अध्यक्ष बनाया, विधायक बनाया, लोकसभा का टिकट दिया, आपके भाई विजय बहुगुणा को उत्तराखण्ड का मुख्यमंत्री बनाया। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा यूपी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी महिलाओं को टिकट दिए जाने की घोषणा के बाद भाजपा सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी का बयान आया था कि प्रियंका गांधी महिलाओं को क्या मजबूत करेंगी वह पहले अपने को मजबूत करें।

**कार्यालय – नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर**

पत्रांक–2455/न0पा0 दिनांक–18.10.2021

**अल्पकालिक ई–टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को 15वां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक–08.11.2021 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 08.11.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**खलीलाबाद, संतकबीरनगर**

**कार्यालय – नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर**

पत्रांक–2456/न0पा0 दिनांक–18.10.2021

**अल्पकालिक ई–टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को 15वां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से आपूर्ति/स्थापना कार्य हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक–02.11.2021 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 02.11.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा जेम पोर्टल की वेबसाइट htt://Gem.gov.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**खलीलाबाद, संतकबीरनगर।**

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपना नाम पवन अग्रवाल से बदलकर पवन कुमार अग्रवाल रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पवन कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 ब्रिज किशोर अग्रवाल निवासी–118/185–ए, कौशलपुरी, कानपुर।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है, प्रधानाचार्य–1, लेक्चरर–3, पद की बी.बी.ए. कोर्स के लिए सम्पर्क करें ऑरस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बाराबंकी–225003, वेतन व योग्यता Dr. R.M.L.A.U. अयोध्या के अनुसार। अपना C.V. ईमेल करें aurousinfo@gmail.com पर।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस बनकर तैयार, अब लोकार्पण का इंतजार

● पीएमओ से डेट मिलते ही होगा भव्य उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे अब पूरी तरह बनकर तैयार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय मिलते ही नवंबर में एक भव्य कार्यक्रम के साथ इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। हालांकि लखनऊ से लेकर गाजीपुर के बीच की अभी जनता ने इस एक्सप्रेस-वे पर आवागमन शुरू कर दिया है। सुल्तानपुर से रोड से शुरू हुए इस एक्सप्रेस वे पर आपको चहल-कदमी दिखाई पड़ जाएगी। क्षेत्रीय गांव और कस्बों के लोग अपने साधनों से इस एक्सप्रेस-वे पर फर्राटा भरते दिखाई पड़ जाएंगे।

यूपीडा के मीडिया सलाहकार दुर्गेश उपाध्याय ने बताया कि जन सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है जो कि नवंबर में पूरा कर लिया जाएगा। इसमें पेट्रोल पंप से लेकर ढाबे और रेस्टोरेंट भी हैं। साथ ही एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जा रही है ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके। दरअसल सरकार ने इस ग्रीन फील्ड परियोजना का निर्माण पूर्वांचल के विकास के लिये सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, अमेठी और अयोध्या के अतिरिक्त आर्थिक रूप से कम विकसित जनपदों आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर को लखनऊ से जोड़ने के लिये किया गया है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सुल्तानपुर रोड पर स्थित ग्राम चांदसराय से शुरू होता है। अब अगर आप सुल्तानपुर रोड की तरफ निकलते हैं तो चांद सराय से बने ब्रिज के जरिए आप एक्सप्रेस-वे पर चढ़ सकते हैं। गोसाईगंज और आस-पास के गांव के लोग सुल्तानपरु, हैदरगढ़ जाने के लिए इस एक्सप्रेस-वे का मजा ले रहे हैं।

सड़क के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट भी विकसित की जा रही है। यह एक्सप्रेस-वे यूपी बिहार सीमा से 18 किमी पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर स्थित ग्राम हैदरिया पर समाप्त होगा एक्सप्रेसवे की लम्बाई 340.824 किमी है। एक्सप्रेसवे पर आपातकालीन स्थिति में भारतीय वायुसेना के लडाकू विमानों के लैण्डिग और टेक ऑफ भी हो सकेगा। सुल्तानपुर में इसके लिए हवाई पटटी का निर्माण किया गया है। इस एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर इंडस्ट्रीयल हब बनाने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना होने की स्थिति में घायलों को त्वरित उपचार एवं नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाने के लिए प्रत्येक पैकेजों में 2-2 कुल 16 एम्बुलेन्स की सुविधा मिलेगी । एक्सप्रेसवे से प्रदेश का पूर्वी क्षेत्र प्रदेश की राजधानी एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे व यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से देश की राजधानी से त्वरित एवं सुगम यातायात के कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे के प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन खपत में महत्वपूर्ण बचत एवं प्रदूषण नियंत्रण भी संभव हो सकेगा। एक्सप्रेसवे हैण्डलूम उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों, भण्डारण गृह मण्डी तथा दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा।

**कार्यालय : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अम्बेडकरनगर**

पत्रांक :–एस0एस0ए0/निविदा/1835/2021–22 दिनांक– 18–10–2021

**अति अल्प कालिक निविदा सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र० लखनऊ आदेश पत्रांक : सामु०सह0/विशेष प्रशिक्षण निर्देश/3431/2021–22 लखनऊ दिनांक 04 अक्टूबर 2021 एवं जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर की अनुमति दिनांक 13.10.2021 के क्रम में शैक्षिक सत्र 2021–22 में आउट आफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य प्रशिक्षणों में जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर अध्यापकों/प्रतिभागियों के लिए जलपान/भोजन आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 21.10.2021 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अम्बेडकरनगर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है, निविदा दिनांक 27.10.2021 को 2.00 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अम्बेडकरनगर में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा खोलते समय फर्मदाता स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है।

**(बी0पी0 सिंह)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**अम्बेडकरनगर।**

# वाराणसी के व्यायामशाला में युवती से सामूहिक दुराचार

## सुबह गली में खून से लथपथ मिली युवती

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**भेलूपुर** थाना क्षेत्र के खोजवां इलाके में स्थित कोलुआवीर व्यायामशाला के भीतर मंगलवार की रात में आधा दर्जन की संख्या में युवकों ने 35 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म कर दिया। लहूलुहान युवती किसी तरह व्यायाम शाला से निकलकर भागी। कुछ दूर पर एक घर के समीप जाकर युवती छिप गई। सुबह लोगों के सोकर उठने के बाद युवती को बिना वस्त्र और खून से लथपथ देख पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए युवती को वस्त्र पहनाया। व्यायामशाला के भीतर कई जगहों पर खून बिखरा पड़ा था। मौके पर एडीसीपी राजेश पांडेय एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार थाना प्रभारी रमाकांत दुबे के साथ पहुंचे। युवती को जिला अस्पताल भेजवाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खून को धुलवा दिया। एडीसीपी राजेश पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुष्कर्म का मामला लगता है। महिला बाहर की रहने वाली लग रही है। मन्दिर और व्यायाम शाला की देखरेख करने वाले विश्वनाथ ने बताया कि रात में 10 बजे दुकान बंद होने के बाद व्यायामशाला से लोग निकल जाते हैं। बताया कि छोटा गेट खुला रहता है, संभव है कि अंदर जाने के लिए उसी रास्ते का प्रयोग किया गया होगा। स्थानीय लोगों का कहना था कि सूचना देने के बाद भी क्षेत्रीय पार्षद तक मौके पर नहीं पहुंचे। घटना स्थल के अगल-बगल में रहने वाले लोगों की मानें तो देर रात एक मोटरसाइकिल से युवक - युवती गली में घुसते दिखे थे। घटनास्थल के अगल- बगल बस्ती होने के कारण किसी को आवाज सुनाई नहीं पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस के अनुसार खून रिसाव की वजहों की पड़ताल चिकित्सक कर रहे हैं। युवती बंगला भाषा बोल रही थी। घटना रात्रि एक बजे के बाद का बताया जा रहा है। वहीं अगल बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे से पुलिस को कुछ नहीं मिला।

### फोरेंसिक टीम को बिना बुलवाए पुलिस ने खून धुलवाया

वाराणसी। सरायनन्द खोजवां स्थित कोलुआवीर मन्दिर में युवती के साथ दुष्कर्म के बाद बिखरे खून को पुलिस ने बिना फोरेंसिक टीम से जांच कराए धुलवा दिया। बिना फोरेंसिक टीम से मौका मुआयना कराए खून धुलवाने को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। पुलिस ने निरमा पावडर डालकर फैले खून को धुलवा दिया। स्थानीय लोगों का कहना था कि शाम से लेकर देर रात तक व्यायाम शाला के भीतर शराबियों, गंजेड़ियों का जमावड़ा रहता है। इसकी शिकायत मन्दिर की देखरेख करने वाले कई बार खोजवां पुलिस चौकी पर कर चुके हैं लेकिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया।

## मऊ में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर किया प्रदर्शन

**संवाददाता**। मऊ

**जनपद** शाहजहांपुर कोर्ट परिसर में अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या की घटना को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। बार काउसिंल के आहवान पर बुधवार को दीवानी न्यायालय से लेकर विभिन्न तहसीलों के अधिवक्ताओं ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया।

एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के संदर्भ में मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्रक जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट आशुतोष राय को सौंपा। चेताया कि अगर अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया तो अधिवक्ता आरपार का आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

इसी क्रम में टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी शाहजहांपुर कोर्ट परिसर में अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या की घटना को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया।

# पीएम के आगमन की तैयारियों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**नगर** विकास एवं जनपद के प्रभारी मंत्री आशुतोष टंडन 'गोपाल' बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जनपद आगमन की तैयारियों की अधिकारियों से बिंदुवार विस्तार से जानकारी ली और कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री के आगमन से प्रस्थान तक के हर पहलुओं पर की गई व्यवस्था के बारे में विस्तार से मंत्री को अवगत कराया। बैठक में पुलिस कमिश्नर ए.सतीश गणेश, आईजी एस के भगत, एसपी ग्रामीण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, विद्युत, आपूर्ति, पंचायत, फायर व नगर निगम आदि विभागों ने अपने कार्यों की जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री की रुट व कार्यक्रम स्थल सहित पूरे समय कई लीक प्रूफ घेरो में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। रूट सहित कार्यक्रम स्थल पर फायर टेंडर, एंबुलेंस, रिजर्व हॉस्पिटल जन सुविधा हेतु शौचालय, पेयजल व्यवस्था, बेहतर सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति व जनसभा स्थल पर सादे ड्रेस में फोर्स की समुचित व्यवस्था रहेगी। बेहतर यातायात हेतु विशेष फोकस किया गया है। रूट सहित कार्यक्रम स्थल पर सेक्टर वाइज मजिस्ट्रेट, जिला स्तरीय अधिकारी लगाए गए हैं। श्री टंडन ने पूरे जनपद में बेहतर साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, अच्छी यातायात व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। जनसभा में आने वाले लोगों को यथा संभव सहूलियत रहे।



### पीएम की लम्बी उम्र के लिए किया गंगा में दुग्धाभिषेक

**वाराणसी**। वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर विश्वनाथ जोशी ब्राह्मण समिति के द्वारा मां गंगा का भव्य पूजन अभिषेक और अनुष्ठान किया गया। करोना कॉल के बाद विश्व शांति के लिए मां गंगा में किया गया दुग्ध अभिषेक 51 लीटर दूध से किया गया दुग्धाभिषेक। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' मौजूद रहे। मां गंगा से पीएम मोदी की लंबी उम्र की कामना करते हुए दुग्धाभिषेक किया गया। पीएम मोदी के 25 अक्टूबर के आगमन के सवाल पर कहा कि हमलोग पीएम मोदी की रैली को लेकर विशेष तैयारी कर रहे हैं, हर मुहल्ले से लोग रैली में शामिल होंगे।

## 76 फीसद पूरा हुआ कोरोना टीकाकरण का लक्ष्य

**सोनभद्र**। जनपद में कोरोना टीकाकरण की रफ्तार तेज हुई है। 13 लाख 86 हजार 228 निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 10 लाख 5477 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 76 फीसद है। जिसमें 8 लाख 8 हजार 756 को प्रथम डोज व एक लाख 96 हजार 721 को दूसरी डोज लगाई गई है। दिसंबर तक निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगा हुआ है। म्योरपुर ब्लाक में सबसे अधिक 2 लाख 24 हजार 608 लोगों को कोरोना टीका लगाया गया है, जबकि नगवां में सबसे कम 49 हजार 693 का टीकाकरण हुआ है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डा. नेम सिंह ने बताया कि टीकाकरण को रफ्तार देने के लिए समय-समय पर वृहद अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके अलावा ब्लाकवार निगरानी किया जा रहा है, जहां पर टीकाकरण की रफ्तार कम है वहां पर टीकाकरण अभियान को सक्रिय करके निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।

# विकास कार्यों से मिलने वाली खुशी ही अमृतः भूपेश चौबे

**संवाददाता**। सोनभद्र

### सोशल आडिट एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो योजनाओं के क्रियान्वयन में जन सहभागिता व जन जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

**सोशल** आडिट एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में जन सहभागिता पारदर्शिता तथा जन जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। उक्त बातें जिलाधिकारी सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित सोशल आडिट जनसुनवाई एवं जागरूकता कार्यक्रम सेमिनार में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने कही।

उन्होने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने पर उसे जो खुशी मिलती है वही अमृत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को शौच के लिए पहले सूर्य अस्त होने की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी परंतु मोदी जी की सरकार ने सत्ता में आने पर सर्वप्रथम देश भर में शौचालय बनवा कर इस कलंक को धोने का काम किया। सदर विधायक श्री चौबे ने कहा कि जनपद में जॉब कार्ड बनने के बाद लोगों को मिल रहा कार्य सुखद है। जनपद में मनरेगा से जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण सभ्यता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली नदियों के संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद समस्याओं का स्थाई निदान हुआ है।

उन्होंने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास कार्यों से मिलने वाली खुसी ही अमृत है । इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी ने सोशल ऑडिट प्रक्रिया पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए ग्रामीण स्तरीय कार्मिकों से उपेक्षा की गई कि योजनाओं के मार्ग निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें तथा समाज के वंचित एवं असहाय व्यक्तियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार शासकीय योजनाओं को लाभ अवश्य दिखाएं सोशल ऑडिट प्रक्रिया पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इससे योजना के क्रियान्वयन मे लोगों का विश्वास बढ़ता है तथा किसी प्रकार संशय नहीं रहता उपायुक्त श्रम रोजगार शेषनाथ चौहान ने कहा कि सोशल ऑडिट के समय अभिलेखों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए कार्यों के निरीक्षण के समय अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

## मिर्जापुर के विकास को लेकर अनुप्रिया ने रेल मंत्री से की मुलाकात

**मिर्जापुर**। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मिर्जापुर में इनलैंड कंटेनर डिपो के निर्माण को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। श्रीमती पटेल ने कहा कि मिर्जापुर में दिल्ली-हाबड़ा रूट पर स्थित मिर्जापुर रेलवे स्टेशन अथवा चुनार रेलवे स्टेशन पर इनलैंड कंटेनर डिपो के निर्माण के लिए हम प्रयास कर रहे हैं। निर्यात संवर्द्धन की दृष्टि से इनलैंड कंटेनर डिपो बेहद जरूरी है। इससे स्थानीय कारोबारियों और निर्यातकों को राहत मिलेगी। वाराणसी, मिर्जापुर, भदोही, चंदौलीए गाजीपुर, प्रयागराज और आसपास के जनपदों में चल रहे कालीन, दरी, कृषि उत्पाद, हैंडीक्रॉफ्ट इत्यादि उद्योगों से तैयार माल को अन्य राज्यों सहित विदेशों में निर्यात में सहूलियत होगी। वर्ष 2027-28 तक निर्यात दो ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

# मां दुधइयां देवी मंदिर में भंडारा व देवी जागरण का हुआ आयोजन

**संवाददाता**। बीजपुर (सोनभद्र)

**मंगलवार** को बीजपुर बाजार के प्रतिष्ठित समाजसेवी व व्यवसायी नाथीराम मंगला के तत्वावधान में स्थानीय ग्राम सभा के पुनर्वास प्रथम में स्थित सिद्धपीठ मां दुधइयां देवी मंदिर परिसर में सुंदर काण्ड का पाठ, विशाल भंडारा एवं भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार की सुबह मां दुधइयां देवी की पूजा अर्चना एवं हवन के पश्चात सुंदर काण्ड का पाठ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर से शुऊ होकर रात्रि आठ बजे तक चले भण्डारे में हजारों की तादात में शिरकत कर श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण करके पुण्य के भागीदार बने। लोगों की ऐसी मान्यता है कि मां दुधइयां देवी के दरबार में सच्चे दिल से मांगी गई मुराद पूरी होती है। नाथीराम मंगला उनकी धर्मपत्नी व उनके पुत्रद्वय विकास व अमित मंगला मां दुधइयां के अनन्य भक्तों में से एक हैं। रात्रि में ओबरा से आए हुए प्रसिद्ध देवी जागरण मण्डली के गायक व गायिका कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों का गायन किया गया। इस दौरान देवी देवताओं की निकाली गई झांकियां झांकियां श्रोताओं के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में मुख्यरूप से एसटीएससी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष राम नरेश पासवान मौजूद रहे।

### मंदिरों में महर्षि बाल्मीकि रामायण का हुआ पाठ

**सोनभद**। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जनपद में शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अभिषेक सिंह के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जनपद में स्थापित विभिन्न मंदिरों में महर्षि बाल्मीकि जयन्ती पूरे उत्साह उमंग के साथ मनायी गयी। श्री राम जानकी मंदिर नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज नगर पंचायत चुर्क घुरमा, नगर पंचायत घोरावल नगर पंचायत चोपन नगर पंचायत ओबरा आदि जनपद के विभिन्न नगर पंचायतों के मंदिरों में महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलन कर बाल्मीकि रामायण का पाठ भजन कीर्तन का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया एवं कोविड-19 के दिशा निर्देशों के अन्तर्गत मनायी गयी। इ

# विनोद बिंद सपा प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल

**संवाददाता**। चन्दौली

**विधानसभा** चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी की ओर से मंगलवार को प्रदेश कमेटी की सूची जारी हुई। जिसमें चंदौली जिले से एक मात्र नेता और मशहूर आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विनोद बिंद को प्रदेश कमेटी का सदस्य बनाया गया है । प्रदेश कमेटी की सूची जारी होने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई ।

प्रदेश कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर डॉण् विनोद बिंद ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो उनके ऊपर विश्वास जताया है उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करेंगे । उन्होंने कहा कि समाज के समस्त वर्ग को संगठन से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने कार्य करेंगे



विनोद ने कहा कि प्रदेश में 2022 में सपा की ही सरकार बने जिसके लिए पार्टी के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता तक लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं । बता दें की डॉ विनोद बिंद की छवि एक अच्छे राजनेता के अलावा एक अच्छे आर्थोपेडिक सर्जन के तौर पर भी है। जिनकी पकड़ प्रबुद्ध वर्ग के अलावा अपनी बिरादरी के मतदाता वर्ग पर भी है।

## सेना भर्ती के नाम पर युवाओं को ठगने वाले छह गिरफ्तार

**चंदौली**। सेना में फर्जी तरीके से भर्ती कराने वाला गिरोह मंगलवार को जनपद पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस ने गैंग के सरगना समेत छह अभियुक्तों को धर-दबोचा। उनके पास से पुलिस को भारी मात्रा में कूटरचित दस्तावेज, सेना की फर्जी मोहर, चेक बुक, पासबुक, एटीएम काड, आर्मी कैंटीन का स्मार्ट कार्ड व आर्मी की वर्दी मय किट, कार, मोटरसाइकिल, कम्प्यूटर सेट, नौ मोबाइल फोन, दो पिस्टल व कारतूस पुलिस के हाथ लगा है। उक्त मामले का एसपी अमित कुमार ने बुधवार को खुलासा किया गया है।

उन्होंने बताया कि जनपद में एक गिरोह भारतीय सेना में कूट रचित दस्तावेज के आधार पर नवयुवकों को धोखा देकर पांच लाख रुपये लेकर भर्ती कराने के कृत्य में लिप्त है।

# भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ ने आक्सीजन प्लांट का किया शुभारंभ

**संवाददाता**। चंदौली

**भारी** उद्योग मंत्री डा. महेन्द्रनाथ पांडेय ने संयुक्त जिला चिकित्सालय चकिया तथा पं. कमलापति त्रिपाठी जिला चिकित्सालय चन्दौली में आक्सीजन प्लांट का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा बहुओ को सम्मानित किया गया।

डा. पांडेय ने सर्वप्रथम संयुक्त जिला चिकित्सालय चकिया में स्थापित आक्सीजन प्लांट का शुभारंभ किया। 600 टन क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट ऑक्सफैम इंडिया कंपनी एवं ग्राम्या संस्थान द्वारा प्रदत्त किया गया है। इसके साथ ही यहां एक अदद 200 केवी जनरेटर भी संस्था के सहयोग से स्थापित है। इस ऑक्सीजन प्लांट की लागत लगभग



डेढ़ करोड़ है तथा इसके द्वारा 100 बेडों का ऑक्सीजन सपोर्ट दिया जाएगा। डा. पांडेय ने इसके लिए सामाजिक संस्थाओं को साधुवाद देते हुए कहा कि चंदौली आकांक्षी जनपद है। इसके विकास में सामाजिक संस्थाएं बढ़-चढ़कर आगे आएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार दोनों साथ मिलकर गरीबों के बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवास बनवाया गया है। साथ ही स्वच्छ शौचालयए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आदि लोक कल्याणकारी योजनाओं का वृहद स्तर पर लाभ दिया गया है।

# भाजपा सरकार की नींव छलावे पर टिकी हैः मनोज

**संवाददाता**। चंदौली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्ल्यू भाजपा सरकार को झूठी सरकार करार दिया। कहा कि सरकार ने स्वच्छता के नाम पर भ्रष्टाचार व लूट मचा रही है। जनपद को खुले में शौचमुक्त घोषित कर करोड़ों रुपये व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालयों के निर्माण पर लुटा गया है। इस लूट में भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिले के अफसर बराबर के भागीदार हैं। उन्होने कहा कि जनपद में एक भी ओडीएफ गांव नहीं है। यदि होता तो मेरे द्वारा ऐसे गांव का नाम बताने पर सवा लाख की पल्सर बाइक का ईनाम रखा गया था, जिसे न तो कोई आम पब्लिक लेने आया और ना ही सत्ता पक्ष के नेता व जनप्रतिनिधि ही। इससे यह साफजाहिर होता है कि भाजपा के लोग मंच से झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। लिहाजा बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ब्रह्मचारी दुबे से मुलाकात कर उन्हें ईनाम की पल्सर बाइक सौंपने का काम करूंगा। जिन्होंने विपक्ष की भूमिका निभाते हुए सरकार की नींव झूठ से हिलाने का काम किया है।

मनोज सिंह ने भाजपा सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को छलावा व झूठा करार देते हुए जनपद के किसी ऐसे गांव का नाम बताने पर पल्सर बाइक बतौर ईनाम देने की घोषणा कीए जो वास्तविक रूप से ओपीडी हो चुका हो। लेकिन उनकी दी गयी टाइमलाइन 20 अक्टूबर को पूरी होने के बाद जनपद से कोई भी व्यक्ति ऐसे किसी भी गांव का नाम बताने में नाकाम रहा, जो वास्तविक रूप से खुले में शौचमुक्त हो चुका हो।

# हिन्दू संगठनों ने बांग्लादेशी पीएम का पुतला फूंका

**संवाददाता**। वाराणसी

**बांग्लादेश** में हिन्दुओं के साथ जो हुआ है, उसने आम हिन्दू आक्रोशित है और इस्कॉन के मंदिर में जिस प्रकार साधुओं को घेर कर मारा, उससे पूरे विश्व में गुस्सा है। इसके विरोध में बुधवार को गोदौलिया चौराहे पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में मंदिर में हुई तोड़फोड़ और हिंसक घटनाओं के विरोध में बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की।

इसके साथ ही विश्व हिंदू परिषद ने चेतावनी भी दी कि अगर बांग्लादेश अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आएगा तो विश्व हिंदू परिषद बांग्लादेश कूच करने को बाध्य होगा। विश्व हिंदू परिषद की ओर से कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदू भाई-बहनों के साथ जघन्य अत्याचार किए जा रहे हैं। हिंदुओं के मठ-मंदिर को तोड़ा जा रहा है। दुर्गा माता के पंडाल में पत्थरबाजी के साथ जमकर तोड़फोड़ की गई। हिंदुओं की हत्या की गई और हिंदू बहनों के साथ दरिंदगी की गई है।

विश्व हिंदू परिषद आक्रोशित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करता है बांग्लादेश से जो हमारे



मैत्री संबंध चल रहे हैं, उनको तत्काल खत्म किया जाए। उसके साथ दुश्मन देश की तरह व्यवहार किया जाए।

इतना ही नहीं संयुक्त राष्ट्र संघ में भी बांग्लादेश के खिलाफ लिखा जाए और उसके ऊपर कार्रवाई की जाए। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के दौरान दुर्गा पंडालों में दुर्गा मूर्तियां तोड़ी गई व हिंदुओं के पर अत्याचार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही हिंदू बहू-बेटियों के साथ छेड़छाड़ तो अब वहां आम बात हो गई है। हिंदू देवी-देवताओं के मंदिर तोड़ने वालों और हिंदुओं की हत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाने की जरूरत है।

## ठेकेदारों ने धरना-प्रदर्शन कर छह सूत्रीय मांगपत्र दिया

**वाराणसी**। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल हेतु कम्पनियों को पूरे जनपद का एक साथ कार्य आवंटित करने से क्षुब्ध जल निगम ठेकेदार संघर्ष समिति के बैनर तले कार्यकारी अध्यक्ष सुदर्शन सिंह व कार्यकारी महामंत्री विनीत सिंह (मन्टू) के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में ठेकेदारों ने आज षष्ठम निर्माण खण्ड जल निगम नदेसर कार्यालय के प्रांगण में धरना-प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। ठेकेदारों का कहना है कि सरकार की गलत नीतियों के चलते जल निगम के लगभग 40 हजार ठेकेदार एवं उनसे जुड़े लाखों कुशल/अकुशल श्रमिक बेरोजगार हो गये हैं। जल जीवन मिशन के समस्त कार्य एलएण्डटी जैसी बड़ी कम्पनी को विभागीय दर से मात्र 0.14 प्रतिशत कम दर पर दे दिया गया है।

# नगर निगम और पालिकाओं में 28 से दीपावली मेले का आयोजन

**संवाददाता**। वाराणसी

**नगर** निगम और नगर पालिकाओं में अब 28 अक्टूबर से चार नवम्बर तक दीपावली मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले को आकर्षक रूप दिये जाने के लिये विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस बाबत मंत्री नगर विकास, आशुतोष टंडन ने जानकारी दी है।

दीपावली के अवसर पर पटरी दुकानदारों, स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों की बिकी हेतु अवसर उपलब्ध कराने के लिये नियोजित रूप से आकर्षक दीपावली मेले का आयोजन समस्त नगर निगमों एवं नगर पालिकाओं में कराये जाने विषयक निर्देश नगर विकास विभाग द्वारा निर्गत किये गये हैं।उक्त मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुये उत्तर प्रदेश के मंत्री नगर विकास आशुतोष टंडन द्वारा निदेशित किया गया कि मेले को आकर्षक रूप दिये जाने के लिये विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे कि मैजिक- शो, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली, स्थानीय लोक गायन, कौशल एवं कला का प्रदर्शन आदि कार्यक्रमों को मेले में आयोजित कराया जाये।

परम्परागत कला के साथ-साथ आधुनिक तकनीक आधारित मंचीय कला के प्रदर्शन जैसे कि लेजर-शो आदि भी मेले में आयाजित कराये जाएंगे। मेले में स्वच्छता सेल्फी/सेल्फी विथ ग्रेट लीडर्स तथा विभिन्न प्रकार के पोस्टर, स्लोगन आदि की प्रतियोगिता भी आयोजित करायी जायेगी। मेले में बच्चों के लिये आकर्षक झूले और आने वाले दर्शकों हेतु फूड स्टॉल भी होंगे।

मेले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लिये एक डेडीकेटेड पंजीकरण डेस्क भी लगायी जायेगी। साथ ही बैंकों के सहयोग से डिजिटल लेन-देन के विषयगत जानकारी दिये जाने के विषयगत स्टाल भी लगेगा।

मंत्री ने यह भी निर्देशित किया गया कि मेला स्थल पर कोविड एवं अन्य प्रकार के संक्रामक बीमारियों से बचाव की समुचित व्यवस्था भलीभांति सुनिश्चित की जाये। नगर निगम क्षेत्र में मेले के आयोजन हेतु यथावश्यक व्यवस्था संबंधित नगर आयुक्त द्वारा की जायेगी।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 अक्टूबर 2021



# उन्नाव में महर्षि वाल्मीकि को जानने समझने का इतिहास विधमान, जयंती पर किये गए याद

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने स्थानीय पन्नालाल हॉल में आदिकाल के कवि एवं भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनपद उन्नाव में इनकी जयन्ती मनाने का अलग ही महत्व है क्योंकि परियर स्थित जानकी कुण्ड से जुडा पौराणिक इतिहास से काफी कुछ जानने एवं उस पर अमल करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि इनके लिखे आदिकाव्य श्री रामायण संसार का सबसे पहला महाकाव्य माना गया है। इसलिए वाल्मीकि को आदिकवि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसारए इन्होंने कठिन तपस्या कर महर्षि पद प्राप्त किया था। आश्विन पूर्णिमा पर वाल्मीकि जयंती का पर्व मनाया जाता है। साधना पूरी करके जब ये बांबी जिसे वाल्मीकि कहते हैंए उससे बाहर निकले तो इनका नाम वाल्मीकि पड़ा। श्रीराम के संपूर्ण चरित्र का वर्णन बहुत ही आदर्श रूप में किया गया है। श्रीरामचरित मानस की चैपाइयों को सभी को पढना चाहिए हर श्लोक में बहुत ही आदर्श वचन होते है। सभी को श्री रामायण का अध्ययन करना चाहिए इससे मानसिक विकारों एवं जीवन की कठिनाईयों को दूर करने में मद्द मिलती है। सभी को श्री रामायण के चरित्र से सीख लेनी चाहिए। आपसी विवाद से दूर रहना चाहिये। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेलए अपर जिलाधिकारी राकेश सिंहए नगर मजिस्ट्रेट सुश्री विजेता सहित जिला स्तरीय अधिकारीगणों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर अपने.अपने विचार रखे।


## कार्यालय नगर पंचायत मऊ, जनपद–चित्रकूट

पत्र संख्या – 148/न0पं0मऊ/ई–निविदा/2021–22, दिनाक 20 अक्टूबर, 2021

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत नगर पंचायत मऊ जनपद चित्रकूट में 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत शासन द्वारा प्राप्त धनराशि से नगर में विकास कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डर निविदा दिनांक 21.10.2021 से 11.11.2021 तक समय दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 11.11.2021 को समय अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगी। इस सम्बन्ध में निविदा के प्रपत्रों में निविदा शुल्क व जमानत धनराशि को जमा करने के लिए टाउन फण्ड खाता संख्या– 40050347025 आई.एफ.एस.सी. कोड नं० SBIN0011205 में जमा की जा सकती है। निविदा डाले जाने सम्बन्धी सूचना http://etender.up.nic.in देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

(राम आशीष वर्मा)
अधिशाषी अधिकारी,
नगर पंचायत मऊ
जनपद चित्रकूट।

(नवदीप शुक्ला)
प्रशासक/उप जिलाधिकारी
नगर पंचायत मऊ
जनपद चित्रकूट।


# दुर्घटनाग्रस्त कार में मिली गैर प्रान्त की शराब, आबकारी और पुलिस पर उठे सवाल

- अवैध गैर प्रान्त की शराब पर ग्रामीणों ने साफ किये हाथ
- आगरा एक्सप्रेस वे का रास्ता गैर प्रान्त से शराब लाकर बेचने वालों के लिये बना मुफीद

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव

**बेहटा** मुजावर थाना क्षेत्र मे ग्राम गोरिया कला के निकट आगरा . लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आज दोपहर बाद लखनऊ की ओर तेज गति से जा रही अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार का दरवाजा खोला तो उसमें भारी मात्रा में गैर प्रांत की अंग्रेजी शराब से भरी पेटियां और बोतलें मिली। पुलिस ने घटना की सूचना आबकारी विभाग को दी। मौके पर पहुँची आबकारी पुलिस शराब से भरी कार बेहटा मुजावर थाने ले आयी। जहाँ शराब की बोतलों की गिनती की जा रही है। कयास लगाया जा रहा है कि आबकारी तथा पुलिस के संरक्षण में राजस्थान तथा हरियाणा प्रान्त में निर्मित मिलावटी अंग्रेजी शराब का गोरख धंधा राजधानी लखनऊ के आस पास बड़े पैमाने पर चल रहा है। बताते हैं कि लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे इस अवैध धंधे के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### आबकारी ने बताया गुडवर्क

दुर्घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर पहेल पुलिस फिर आबकारी ने पहुंची। लेकिन कागजी कार्यवाही में आबकारी विभाग द्वारा जारी प्रेसनोट में इसे गुड़वर्क बताया गया।जारी प्रेसनोट के अनुसार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6 बांगरमऊ राज लक्ष्मी व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 सफीपुर प्रमिला रावत तथा थाना बेहटा मुजावर के थानाध्यक्ष अमरनाथ सिंह मय स्टाफ के साथ संयुक्त कार्यवाही में एक मारुति स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से 653 पौवेए 194 अद्धे ब्रांड रॉयल स्टेज व नाईट ब्लू अवैध अंग्रेजी शराब जो हरियाणा राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य थी को वाहन सहित जब्त किया।

# पीआरवी कमांडर को जिंदा जलाने के प्रयास में चालक पर मुकदमा

**संवाददाता।** विजयीपुर (फतेहपुर)

**क्षेत्र** में तैनात डायल–112 पीआरवी 1182 मे 12 अक्टूबर को डीजल चोरी कर रहे चालक लाल विनोद सिंह को कमांडर राम नारायण दुबे ने रंगे हाथ पकड़ लिया था। जिसके बाद लाल विनोद सिंह ने कमांडर पर डीजल डाल माचिस से जिंदा जलाने का प्रयास किया था और जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद पीआरवी कमांडर की तहरीर पर मंगलवार किशनपुर पुलिस ने आरोपी हेड कांस्टेबल चालक लाल विनोद सिंह के विरोध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

क्षेत्र में तैनात डायल 112 पीआरवी नंबर 1182 बीते 12 अक्टूबर को देर रात क्षेत्र के रारी गांव की तरफ जा रही थी। तभी कमांडर राम नारायण दुबे, तीरथ सिंह के मकान के पास गाडी खड़ी करवा शौच के लिए चले गए चालक लाल विनोद सिंह व सहयोग फूलचंद्र गाड़ी में रुक गए। तभी चालक लाल विनोद सिंह ने एक अज्ञात व्यक्ति को बुलाकर पीआरवी से डीजल निकाल पिपिया मे देने लगे। तब तक कमांडर रामनरायण दुबे शौचक्रिया कर लौट आए। पिपिया में डीजल देते देखा तो डीजल देने का वीडियो बनाने लगे। जिसके बाद चालक ने साक्ष्य मिटाने के लिए डीजल भरी पिपिया कमांडर रामनरायण दुबे के ऊपर डाल दिया और माचिस लेकर जिंदा जलाने का प्रयास किया।

शोर शराबा सुन गांव के तीरथ सिंह व गेहूं काट रहे पंजाब के सरदार अवतार सिंह ने आकर कमांडर रामनरायण दुबे की जान बचाई। जिसके बाद चालक लाल विनोद सिंह ने जान से मारने की धमकी दे डाली। तब कमांडर ने तत्काल फतेहपुर पुलिस अधीक्षक थानाध्यक्ष किशनपुर और डायल 112 पर सूचित किया। इसके बाद किशनपुर थाना से तत्काल सब इंस्पेक्टर जिलेदार पाल मौके पर पहुंचे और चालक व कमांडर को थाने लाए। जिसकी जांच पुलिस अधीक्षक ने खागा सीओ जीडी मिश्रा से कराई थी।

# पिछड़ों के साथ धोखा कर रही भाजपा सरकारः रामआसरे

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**समाजवादी** पार्टी के विश्वकर्मा समाज संवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा नें भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजापा सरकार नें पिछड़ों क धोखा देनें का काम किया है। उन्हें रोजगार देनें की जगह उनको बेरोजगार बना रही है। उन्होंने कहा कि पिछडो का सम्मान केबल सपा में ही है इस लिए सभी सपा का प्रचार गाँव–गाँव करें जिससे आगामी विधान सभा चुनाव में सपा जीत हासिल कर सत्ता में आये और हमे हमारा सम्मान मिले।

शहर एक नवभारत सभा भवन में आयोजित सपा के संवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नें कहा कि बीजेपी सरकार चुनाव आते बीजेपी हमे हिन्दू बना देती है और जब सत्ता में आती है तो फिर फिर सम्मान नही देती है। उन्होंने कहा की बीजेपी नें पूरे प्रदेश को बर्बाद कर दिया। किसान, नौजवान, पिछड़े, दलित सभी परेशान है। जब सपा संरक्षक सूबे के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था। लेकिन केंद्र में बीजेपी सरकार नियम इतने सख्त कर दिए जिससे पिछड़ी जाति को नौकरी नही मिल पा रही। जिले अधिकतर जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक एक बड़ी जाति के हैं, जो पिछड़ी जाति के लोगों का शोषण करते है और उनकी बात नही सुनते।

बीजेपी सरकार नें किसी को भी जमीन नही दी जबकि सपा की सरकार थी तो भूमिहिनों को भूमि पट्टे के रूप में दी गयी थी। भाजपा नें भगवान विश्वकर्मा जयंती का अवकाश भी समाप्त कर दिया, जिससे समाज का अपमान हुआ। 2015 में सपा सरकार नें विश्व कर्मा समाज के लोगों को आईटीआई के प्रमाण पत्र वितरित किये थे। लेकिन केंद्र नें वह भी खत्म कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में पेट्रोल, गैस सिलेंडर के दाम आसमान पर हैं। लेकिन सरकार को नही दिख रहा है।

# डीएम ने की कल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**बुधवार** को कलेक्ट्रेट सभागार में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। प्रगति अच्छी न होने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 महेन्द्र जतारया ने टीकाकरण से संबंधित जानकारी दी। बताया कि अब वैक्सीनेशन सेन्टर पर द्वितीय डोज के लिए संख्या बढ़ रही है, परन्तु प्रथम डोज के लिए संख्या में कमी आयी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन के एक कार्ययोजना बना लें उसके अनुसार वैक्सीनेशन कराया जाए। इसके लिए सभी एसडीएम, बीडीओ, एडीओ पंचायत, एबीएसए, लेखपाल, प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि को लगाकर प्रत्येक दशा में प्रातः 8 बजे वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ करायेंगे। लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यूडीआईडी कार्ड के सम्बन्ध में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने जिलाधिकारी को बताया कि 18945 लक्ष्य के सापेक्ष 11224 का आनलाइन पंजीकरण हो गया है। अब 7724 दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड हेतु बचे हुए है। जिलाधिकारी ने चिन्हांकन कर यूडीआईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए। डा0 एपी वर्मा ने डेंगू के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 24 प्रकरण है, डेंगू के बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डा0 एके सिंह आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एपीओ ने बताए प्रधानों और सोशल आडिट टीम के कार्य

**पुखरायां, कानपुर देहात।** को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्षय में बुधवार को विकास खंड कार्यालय अमरौधा के सभागार में सोशल ऑडिट सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें चयनित सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम रोजगार सेवकों को कर्तव्यों के जागरूक रहने की चेतावनी दी गई। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सचिन सिंह ने बताया कि सोशल ऑडिट के द्वारा सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने में सहयोग मिलता है। सभी को सोशल ऑडिट में सहयोग करना चाहिए। ब्लॉक सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर प्रियंका दुबे ने सोशल ऑडिट की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिम्मेदारों के कर्तव्य और अधिकारों की याद दिलाई।


## कार्यालय जिला पंचायत, सोनभद्र।

### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

पत्रांक : 636/जि0पं0/नि0अनु0–ईटेण्डर/2021–22 दिनांक : 18 अक्टूबर, 2021

उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावली 2020 के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक उ0प्र0 शासन के आदेश सं0–4634/33–सेल/2021 दिनांक 05.10.2021 के अनुपालन में डी0पी0आर0सी0 मद अनुदान से प्राप्त ब्याज के सापेक्ष निम्नांकित कार्य कराये जाने हेतु जिला पंचायत सोनभद्र द्वारा दिनांक–29.10.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ई–टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित को जाती हैं। ई–निविदा आनलाइन दिनांक–22.10.2021 के पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक–29.10.2021 के पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ई–टेंडरिंग पोर्टल वेबसाइट etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी, जो आनलाईन etender.up.nic.in पर ही अपलोड/डाउनलोड/सबमिट किया जा सकेगा। आमंत्रित निविदाओं की तकनीकी बिड दिनाक–29.10.2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। वित्तीय बिड की सूचना पृथक से आनलाइन सूचित की जायेगी। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोधर धनराशि पृथक–पृथक राष्ट्रीय कृत बैंको की एफडीआर/डाकघर की एनएससी जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र के नाम से बन्धक होगा, तथा निविदा मूल्य का ड्राफ्ट राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा अपर मुख्य अधिकारी के पक्ष में पृथक–पृथक देय होगा, जिसकी स्कैन प्रतियाँ निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।

निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्टस/पे आर्डर्स की स्कैन प्रति अथवा प्रतिभूति प्रमाण पत्र विभाग के पक्ष में बन्धक कराने पर प्राप्त ट्रांजेक्शन नम्बर को निविदा के समय अपलोड किया जायेगा तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से जिला पंचायत कार्यालय को प्रस्तुत किये जायेंगे। निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्टस/पे आर्डर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत नहीं किये जाने पर निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी। रू0–100.00 स्टैम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र आनलाईन स्कैन करते हुए निविदा के साथ संलग्न करना होगा। बिना धरोहर धनराशि व निविदा मूल्य तथा अद्यतन चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र के निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा कार्यो की सूची etender.up.nic.in एवं sonbhadra.nic.in पर अपलोड है, जिसे निविदा डालने हेतु प्राप्त किया जा सकता है। किसी/सभी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। निविदा से सम्बंधित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत सोनभद्र से प्राप्त की जा सकती है।

(एस0पी0 पाण्डेय)
अभियन्ता
जिला पंचायत सोनभद्र।

(प्रदीप कुमार सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत सोनभद्र।

(राधिका पटेल)
अध्यक्ष
जिला पंचायत सोनभद्र।



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा।

पत्रांक : मु0चि0अ0/जन्म–मृत्यु/अनुभाग/विज्ञा0/2021/6292 दिनांक 11 अक्टूबर, 2021

| जन्म पंजीकरण के लाभ | | | मृत्यु पंजीकरण के लाभ |
|---|---|---|---|
| 1. स्कूल में प्रवेश हेतु<br>2. राशन कार्ड में शिशु का नाम बढ़ाने हेतु<br>3. बीमा पालिसी हेतु<br>4. ड्राईविंग लाईसेंस हेतु | 5. पासपोर्ट बनवाने हेतु<br>6. सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं में प्रवेश हेतु<br>7. मतदान का अधिकार एवं चुनाव उम्मीदवारी हेतु<br>8. स्वयं विवाह का अधिकार प्राप्त करने हेतु | 9. बाल विवाह एवं बच्चों अनैतिक व्यापार के विवादों के निपटाने हेतु<br>10. अन्य उद्देश्य जहां आयु प्रमाण की आवश्यकता है। | 1. मृत्यु तिथि का प्रमाण<br>2. उत्तराधिकार सिद्ध करने हेतु<br>3. सम्पत्ति, बीमा तथा सामाजिक सुरक्षा के लाभों पर दावा प्रमाणित करने हेतु |

- **जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है।**
- **जन्म–मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।**
- **जन्म–मृत्यु का पंजीकरण उसके घटित होने के स्थान पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) से करायें।**
- **जन्म का पंजीकरण बच्चों का अधिकार है।**

➢ **जन्म अथवा मृत्यु के 21 दिनों के अन्दर सूचना देने पर :–**
सूचना दाता द्वारा सूचना उपलब्ध कराये जाने पर रजिस्ट्रार द्वारा रजिस्ट्रीकरण के तत्काल बाद निःशुल्क जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

➢ **21 दिन के पश्चात परन्तु 30 दिनों के अन्दर सूचना देने पर :–**
सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रू0 2.00 (रुपया दो मात्र) विलम्ब शुल्क लेकर रजिस्ट्रीकरण किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र निर्गत किया जएगा।

➢ **31 दिन से 1 वर्ष के अन्दर सूचना देने पर :–**
सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा 5.00 (रु0 पांच मात्र) विलम्ब शुल्क तथा नोटरी (हलफनामा) के साथ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (शहरी) तथा जिला पंचायत राज अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र) की अनुमति से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्ट्रीकरण किया जाएगा।

➢ **1 वर्ष के बाद सूचना देने पर :–**
सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रु0 10.00 (रु0 दस मात्र) विलम्ब शुल्क तथा उपजिलाधिकारी (ए0डी0एस0) के लिखित आदेश पर जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

(डा0 करीम अख्तर कुरेशी)
उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मथुरा

(डा0 रचना गुप्ता)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मथुरा

(नितिन गौड)
आई.ए.एस.
मथुरा

(नवनीत सिंह चहल)
आई.ए.एस
मथुरा

सौजन्य से जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद–मथुरा।



**मध्याँचल विद्युत वितरण निगम लि0, उन्नाव अल्पकालिक ई–निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यो को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से ई–निविदायें दो भागों में अलग–अलग निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी/निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते ई–टेण्डरिंग की पोर्टल etender.up.nic.in वेबसाइट पर अवलोकित की जा सकती है। निविदा सूचना www.mvvnl.in पर भी अवलोकित की जा सकती है। सभी निविदाओं को अपलोड करने की अंतिम तिथि 02.11.2021 समय 17:00 बजे तक तथा प्रथम भाग खुलने की तिथि 03.11.2021 समय 14:00 बजे नियत है। निविदा में संशोधन, तिथि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन आदि की सूचना भी उक्त पोर्टल पर एवं वेबसाईट पर उपलब्ध करायी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बतायें एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न कार्यो के मध्य विभक्त करने/संशोधन /मात्रा को ±10% घटाने/बढाने करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **1. निविदा सं०–122/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 1800.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) नवसृजित प्रवर्तन दल, उन्नाव के कार्यालय में विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु 01 अदद कम्प्यूटर आपरेटर को उपलब्ध कराने का कार्य (1 वर्ष हेतु) **2. निविदा सं०–123/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 1800.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) एण्टी पावर थेफ्ट थाने के कार्यालय हेतु 01 अदद कम्प्यूटर आपरेटर को उपलब्ध कराने का कार्य (1 वर्ष हेतु) **3. निविदा सं०–124/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 2700.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) सहायक अभियन्ता (आई0टी0), विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव के विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु एक नग हल्के डीजल चालित वाणिज्यिक वाहन मय चालक उपलब्ध कराने का कार्य। (1 वर्ष हेतु) **4. निविदा सं०–125/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 2700.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, उन्नाव के उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड–प्रथम, उन्नाव हेतु 01 नग डीजल चालित वाणिज्यिक वाहन मय चालक उपलब्ध कराने का कार्य। (1 वर्ष हेतु) **5. निविदा सं०–126/वि0वि0मं0/उ0 /2021– 22** धरोहर धनराशि – रू0 1600.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180= 1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड– प्रथम, उन्नाव के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के परिसर के समीप स्थापित वितरण परिवर्तक के शिफ्टिंग का कार्य। (पूर्ण जमा योजना मद में) **6. निविदा सं०–127/वि0वि0मं0/उ0/ 2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 3700.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–पंचम, हसनगंज, उन्नाव के उपखण्ड हसनगंज के अन्तर्गत. भिन्न–भिन्न स्थानों पर 33 के0वी0, 11 के0वी० व एल0टी0 लाइनों के मरम्मत का आकस्मिक कार्य। (01 वर्ष हेतु) **7. निविदा सं०–128/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 3500.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–पंचम, हसनगंज, उन्नाव के उपखण्ड अजगैन के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न स्थानों पर 33 के0वी0, 11 के0वी0 व एल00टी0 लाइनों के मरम्मत का आकस्मिक कार्य। (01 वर्ष हेतु) **8. निविदा सं०–129/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 2800.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–पंचम, हसनगंज, उन्नाव के उपखण्ड मियागंज के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न स्थानों पर 33 के0वी0,11 के0०वी0 व एल0टी0 लाइनों के मरम्मत का आकस्मिक कार्य। (01 वर्ष हेतु) **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव।** पत्रांक–5446 दिनांक–20.10.2021 ''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें'' बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगाएं।


# बुखार पीड़ित मासूम बच्ची की हुई मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** विचित्र बुखार डेंगू का कहर जानलेवा साबित हो रहा है। नगर के मोहल्ला सधवाडा निवासी सौरभ राजपूत की 6 वर्षीय बेटी मन्नत को कुछ दिन पहले बुखार की शिकायत महसूस होते ही परिजन पड़ोस में एक प्राइवेट डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने मासूम के घरवालों से रक्त परीक्षण कराने के साथ ही कहीं बाहर ले जाकर उपचार कराने की सलाह दे। इलाज करने से मना कर दिया। परिजन बच्ची को लेकर सीएचसी पहुंचे। यहां रक्त परीक्षण में डेंगू का होना पाया गया। यहां से भी बच्ची को रेफर करते हुए बाहर ले जाकर ही उपचार कराने की सलाह दी गई। इस पर अस्पताल में घूम रहे कुछ दलालों ने नगर के पुलिया पुल गालिब पर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती करा दिया। इस अस्पताल में मासूम का दो दिन तक उपचार किया जाता रहा। इसके बाद हाथ खड़े कर दिए।

# संकिसा में बुद्ध महोत्सव के दौरान पथराव, जाम

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**संकिसा** में बौद्ध धर्मी व सनातन धर्मी पुलिस की लापरवाही के चलते आमने–सामने आ गया। जनपद पांच बार बार पथराव और वाहनों में तोड़फोड़ हुई। जिसके बाद भारी पुलिस बल पंहुचा। सनातन धर्मियों ने सड़क पर जाम लगा दिया।

दरअसल बुधवार को संकिसा विवादित स्तूप के पास बुद्ध महोत्सव पर दो दिवसीय बुद्ध महोत्सव का आयोजन चल रहा था। बीते दिन शुरू हुए बुद्ध महोत्सव का बुधवार को दूसरा दिन था। धम्मालोको बुद्ध बिहार संकिसा पर सुबह बौद्ध अनुयायी धम्मयात्रा लेकर धार्मिक स्थल पर पहुंचे। तभी विवादित टीले पर तकरीबन आधा सैकड़ा अराजक तत्व पंचशील झंडा लेकर चढ़ गये और टीले के ऊपर बने बिसारी देवी के मन्दिर पर लगा भगवा ध्वज हटा कर पंचशील ध्वज लगा दिया और मन्दिर को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह जानकारी जब सनातन धर्मियों को हुई तो हंगामा हो गया। बिसारी देवी के ऊपर बौद्ध धर्मियों द्वारा झंडा लगाने से दोनों समुदाय के अनुयायियों के आस्तीने खिच गयीं। कहा–सुनी से बात महाभारत तक आ गयी। दोनों पक्षों में जमकर पथराव शुरू हो गया। जिससे भगदड़ मच गयी । जिससे कई लोग चुटहिल भी हो गये। पथराव में खड़ी कई कारें भी क्षतिग्रस्त हो गयीं। आक्रोशित सनातन धर्मियों नें गाँव के निकट ही जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर सीओ सोहराब आलम, थानाध्यक्ष देवी प्रसाद गौतम आदि मौके पर आ गये। उन्होंने आक्रोशित सनातन धर्मियों से वार्ता शुरू की। पुलिस मामले को शांत करानें का प्रयास कर रही है।

# पौधरोपण का लक्ष्य करें शत–प्रतिशत पूराः डीएम

**संवाददाता।** उन्नाव

**जिलाधिकारी** रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पन्नालाल सभागार में जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। वर्ष 2021.22 में जनपद उन्नाव के समस्त विभागों द्वारा वर्षाकाल 2021 में निर्धारित तिथि के अन्तर्गत पौध रोपण की विभागावार लक्ष्य के सापेक्ष अब तक पूर्ति पर समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने प्रभागीय निदेशक समाजिक वानकी वन प्रभाग को निर्देश दिये कि वृक्षारोपण के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा किया जाए। जिन विभागों का लक्ष्य वृक्षारोपण हेतु निर्धारित किया गया है उन विभागों को निर्देश दिये हैं कि पौधरोपण का लक्ष्य पूरा करें। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि जो पौधे लगाये जा रहे हैं वे जीवित रहें।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश देते हुये कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों में मांगी गयी निर्धारित प्रारूप में सूचना समय से प्रभारी निदेशक समाजिक वानकीय वन प्रभाग को उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण 2022.23 में पर्यावरणए ग्रामविकासए पंचायतए राजस्वए आवास विकासए औद्योगिक विकासए नगर विकासए सिंचाईए रेशमए कृषिए पशुपालनए सहकारिताए उद्यानए विद्युतए माध्यमिकध्बेसिकध्उच्चध्प्राविधिक शिक्षाए श्रमए परिवहनए रेलवेए गृह आदि विभागों को वृक्षारोपण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। उन विभागों को वृक्षारोपण हेतु समय से स्थान निर्धारित करते हुये कार्ययोजना प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को समय से उपलब्ध कराये जाने को कहा गया है।

# हटाए गए झा, अवधेश कुमार निगम बने एसडीएम सदर

**फतेहपुर।** उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा को हटा दिया गया है। उनका नवीन तैनाती पद अतिरिक्त होगा। डिप्टी कलेक्टर अवशेष कुमार निगम को उपजिलाधिकारी सदर की बागडोर सौंपी गई है। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे के आदेश पर अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक द्वारा जारी आदेश में एक अन्य डिप्टी कलेक्टर नन्द प्रकाश मौर्य को अपर उप जिलाधिकारी (प्रथम) की जिम्मेंदारी सौंपी गई है। ऐसी संभावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि बहुतायत शिकायतों के चलते प्रमोद झा की कुर्सी गई है।

## जश्ने ईद की ईद है मिलादुन्नबी

**असोथर (फतेहपुर)।** जश्न ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम असोथर नगर पंचायत में कोविड नियमों का पालन करते हुए सकुशल संपन्न हुआ।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# डीएम ने होलागढ़ कैम्प की व्यवस्थाएं परखीं

● आपदा नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

संवाददाता। प्रयागराज

**जिलाधिकारी** संजय कुमार खत्री ने बुधवार को होलागढ़ विकास खण्ड में लाभार्थी परक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु आयोजित कैम्प का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का भ्रमण कर लाभान्वित किये गए लाभार्थियों का विवरण लिया। मुख्य अतिथि विधायक डा जमुना प्रसाद सरोज की अध्यक्षता में आयोजित कैम्प में कृषि विभाग द्वारा अपने विभागों से योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों का पंजीकरण भी कराया गया।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री।

कैम्प में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉल पर दिव्यांगजन प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान गोल्डेन कार्ड के आवेदन पत्र प्राप्त किये गये। श्रम विभाग द्वारा 90 दिनों का कार्य पंजीकरण एवं जॉब कार्ड धारकों का पंजीकरण समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धा पेंशन दिव्यांगजन पेंशन कृत्रिम अंग सहायक उपकरण निराश्रित पेंशन शादी अनुदान आवास योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास पंचायत विभाग द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र परिवार रजिस्टर की नकल स्वच्छ शौचालय आदि से सम्बंधित शौचालय प्राप्त किये गये। कृषि विभाग द्वारा कृषि संयंत्रों का वितरण एवं केसीसी ऋण वितरण मनरेगा विभाग द्वारा जॉब कार्ड वितरण आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरण एवं टीकाकरण का कैम्प लगाकर लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई की रस्म विधायक द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ जांचकर एक सप्ताह में करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में सरकार से सभी लोगो की अपेक्षा रहती है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना मनरेगा के सौ दिन रोजगार के लिए श्रम विभाग द्वारा बनाये जा रहे कार्ड का प्रमाण पत्र भी लाभार्थियों को वितरित किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख एवं कन्हैया लाल पाण्डेय खण्ड विकास अधिकारी इन्द्रजीत यादव उपस्थित रहे। डीएम ने आपदा नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन का अभियान एवं संचारी रोगो पर प्रभावी नियंत्रण के संदर्भ में समीक्षा की गयी। नोडल अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देशित किया कि सहायक नोडल प्रभारी सहायक चकबन्दी अधिकारी देवकांत पाण्डेय एवं विनय सिंह के माध्यम से ब्लाक वार वैक्सीनेशन के आवंटित लक्ष्य को समय के अंदर प्राप्त करें तथा सिंगल डोज एवं डबलडोज वैक्सीनेशन किये गये लाभार्थी की संख्या प्रत्येक दो घण्टे पर आपदा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराये साथ ही वैक्सीनेशन करने वाली टीमों से सतत सम्पर्क में रहकर वैक्सीनेशन के कार्य का सुपर विजन करें। इस कार्य में कोई लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। जिला मलेरिया अधिकारी एवं एसीएमओ टीकाकरण तीरथराज को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन अभियान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से ब्लाक वार आवंटित लक्ष्य को नियत अवधि 25 अक्टूबर 2021 तक प्रत्येक दशा में लक्ष्य प्राप्त करें। निरीक्षण के दौरान सहायक चकबन्दी अधिकारी देवकांत पाण्डेय एवं विनय सिंह उपस्थित रहे।

# शाहजहांपुर कांड के विरोध में कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

● बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ता संगठनों ने नहीं किया कार्य, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की उठाई मांग

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के आह्वान पर बुधवार को शाहजहांपुर कचहरी के भीतर अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में उच्च न्यायालय और जिला कचहरी के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। लगातार न्यायालयों के भीतर जिस तरह से अधिवक्ताओं की हत्याएं की जा रहीं उससे समूचा अधिवक्ता समाज डरा सहमा हुआ है। न्यायालय के भीतर अपराधी असलहा ले जाकर अधिवक्ताओं को अपना निशाना बना रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इसके विरोध में आज अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नही किया। सभी अधिवक्ता गेट के बाहर ही खड़े रहे।



विरोश प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

सभी कोर्ट रूम में बैठे न्यायमूर्तियों को कोर्ट से उठा दिया गया। जबकि तमाम वकील गेट के अंदर प्रवेश नही किया। उच्च न्यायालय के सभी गेटों के पास बार एसोसिएशन और तमाम संगठनों के पदाधिकारी बाहर खड़े रहे।

लॉयर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अशोक सिंह कलहंस और महासचिव मनीष द्विवेदी ने शाहजहांपुर जिला कचहरी में हुई घटना की घोर निंदा की है। इसके विरोध में अधिवक्ता आज हड़ताल पर रहे।वर्तमान परिस्थिति में अधिवक्ता समाज अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है। लॉयर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से मांग की है कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट उत्तर प्रदेश में तत्काल लागू किया जाए। शाहजहांपुर कचहरी में घटित घटना से अधिवक्ता समाज भयभीत हो गया है। उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के आह्वान पर लॉयर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस मौके पर कमलदेव पांडेयए रजनीश द्विवेदी विजय राय आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक संगठनों व व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ विधायक ने की बैठक

**अयोध्या।** मा. विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने 5वें दीपोत्सव के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों सदस्यों के साथ अयोध्या नगर क्षेत्र के विभिन्न चैराहो पार्को व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर दीपों को जलाकर भव्य एवं आकर्षक सजाटाइटिंग किये जाने के सम्बंध में बैठक की। जिलाधिकारी झा ने विगत दीपोत्सव के अवसर पर शहर के विभिन्न चैराहों पार्को व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों भवनों पर की गयी आकर्षक सजावटों लाइटिंग के तर्ज पर इस बार और भी दीपों को जलाकर लाइटिंग करकेए रंगोली आदि बनाकर भव्य एवं आकर्षक सजावट हेतु समस्त सामाजिक संगठनों एवं व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों सदस्यों से अपील की गयी। सभी सामाजिक संगठनों व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों सदस्यों द्वारा 5वें दीपोत्सव में आपेक्षित सहयोग प्रदान करने तथा



पिछली बार की तरह सभी की सहभागिता से धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ और भी भव्य रूप से दीपोत्सव आयोजन में सहयोग हेतु आश्वस्त किया। जिलाधिकारी नगर सलिल पटेल ने बताया कि विगत दीपोत्सव की भांति इस बार भी नगर के विभिन्न चैराहों भवनों स्थलों यथा सहादतगंज हनुमानगढ़ी गांधी पार्क डाकघर चैराहा पुष्पराज चैराहा जेसी पार्क सिविल लाइए रिकाबगंज चैराहा नियावां चैराहा अग्रसेन चैराहा गुदड़ी बाजार साकेत प्रेस तिराहा नाका मकबरा अग्रसेन चैक नाका दैनिक जागरण तिराहा आदि पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों की सहभागिता से दीपों को जलाकर रंगोली बनाकर तथा भव्य एवं आकर्षक सजावट लाइटिंग की जायेगी।

## विश्वसनीयता गुणवत्ता विरासत को बनाती है उत्साहवर्धक

**प्रयागराज।** त्यौहारों के मौसम को और आकर्षक बनाने के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा इनोवा क्रिस्टा लिमिटेड एडिशन पेश करने की घोषणा की है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एसोसिएट जनरल मैनेजर एजीएम सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग वीवाइजलाइन सिगामनी ने कहा इनोवा पेश किए जाने के समय से ही एमपीवी वर्ग में निर्विवाद रूप से अग्रणी रहा है। इस तरह यह हमारे प्रमुख उत्पादों में एक है। इसकी सौ खासियतों को लाने के लिए एक अभियान की योजना बनाई है। इनमें टेक्नालॉजी लक्जरी बेजोड़ आराम सुविधा की गुणवत्ता मजबूती और विश्वसनीयता शामिल है। इस तरह अपने वर्ग में यह अपनी सर्वोच्च स्थिति की पुष्टि करती है। हमेशा से यह कोशिश रही है कि अपने उत्पादों को लगातार अपग्रेड किया जाए और यह उभरती प्रवृत्तियों आवाजाही की जरूरतें और ग्राहकी प्राथमिकता के अनुसार हो। इसमें कई नई टेक्नालॉजी खासियतें हैं। जो गुणवत्ता मजबूती और विश्वसनीयता की इसकी मौजूदा विरासत को उत्साहवर्धक बनाती हैं।

# रोजगार मेले का किया गया आयोजन

संवादाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 26 अक्टूबर 2021 को प्रातः 10 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज अयोध्या में वृहद मण्डलीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्रों की विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियां भाग ले रही है। रोजगार मेले में हाईस्कूल से स्नातकोत्तर एवं आईटीआई डिप्लोमा तथा बीटेक पास अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य है प्रतिभाग कर सकते है। इस रोजगार मेले से लगभग 4000 या इससे अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों की उपस्थिति होने की संभावना है।

रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए एवं कोविड 19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग के अनुपालन कराने के लिए उप जिला मजिस्टेट सदर को रोजगार मेले में



आवश्यक व्यवस्था कराने क्षेत्राधिकारी नगर को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था कराने संयुक्त निदेशक राजकीय आईटीआई को मेले में आये अतिथियों का स्वागत एवं आवश्यक व्यवस्था कराने सहायक श्रमायुक्त को मेले में आये बेरोजगार अभ्यर्थियों के कार्यस्थल पर पंजीयन हेतु व्यवस्था करने प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई को रोजगार मेले में आये विभिन्न कम्पनियों के नियोजको को आवश्यक व्यवस्था एवं अपने कर्मचारियों की डियुटी लगाने अपर नगर आयुक्त नगर निगम को बेरोजगार अभ्यर्थियों के पेयजल उपलब्ध कराना एवं कमरो को सेनेटाइज करना एवं मुख्य चिकित्साधिकारी अयोध्या को रोजगार मेले में आये अभ्यर्थियों के दृष्टिगत कोविड 19 के अन्तर्गत डाक्टरों की एक टीम गठित कर आयोजन स्थल पर डियुटी लगाने के निर्देश दिये।

## क्विक न्यूज

### बजरंग दल ने फूंका प्रधानमंत्री शेख हसीना का पुतला

**प्रयागराज।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के राष्ट्रीय विरोध प्रदर्शन के क्रम में आज प्रयागराज में सैकड़ों कार्यकर्ता प्रांत कार्यालय एकत्रित हुए। जुलूस की शक्ल में हनुमान मंदिर सुभाष चौराहा होते हुए धरना स्थल पर पहुंचे कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लिए थे। जिसमें हिंदुओं पर हमले बंद करो बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद के नारे लिखे थे। उसके उपरांत एक सभा आयोजित हुई। जिसको संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं एवं उनके मान बिंदुओं पर जिहादियों द्वारा लगातार हमले किए जा रहे हैं। धर्म स्थलों पूजा पंडालों को तहस नहस किया गया। दुर्गा पूजा के दौरान 22 से ज्यादा जिलों में हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं। डेढ़ सौ से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडाल और इस्कॉन मंदिर आग के हवाले कर दिया गया। देवी देवताओं की मूर्तियां तोड़ी गई माताओं बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ हुआ बांग्लादेश सरकार आंखें बंद करके बैठी रही। हिंदू समाज पूरे दुनिया में शांति की कामना करता है और कहीं भी हिंसा की बात नहीं करता हम शांति का संदेश देते हैं लेकिन हमारे धैर्य सहनशीलता को कमजोरी ना समझे हम जवाब देना जानते हैं विश्व हिंदू परिषद पूरे दुनिया के हिंदुओं के माध्यम से ऐसा कृत्य करने वालों को चेतावनी देता है। अगर ऐसे अपनी घटनाएं न रूकी तो इसके परिणाम भुगतने को तैयार रहें। इसके उपरांत पदाधिकारियों ने भारत के राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसीएम द्वितीय को सौंपा। भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने की बात कही गई प्रांत उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने अपने विचार रखे। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौराहे पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का पुतला दहन किया। बांग्लादेश सरकार के खिलाफनारेबाजी की। जिसमें प्रमुख रुप से सुरेश अग्रवाल अमित पाठक लालमणि तिवारी विपिन गुप्ता अमरनाथ तिवारी पवन पांडे अमित सिंह अभिषेक पाठक विनोद दुबे महेंद्र मौर्य अविनाश सिंह रवि खतरा पुरुषोत्तम पांडे राजमणि मिश्रा विमल कुमार देशराज रवि तिवारी किशन जयसवाल आशुतोष तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री का गड्ढा मुक्त अभियान हुआ हवा-हवाई

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** टांडा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभा हरैया में जाने वाला रोड पूरी तरह से टूट कर जर्जर हो चुका है टूटी फूटी सड़कों पर स्थानीय नागरिक चलने को मजबूर है वही स्थानीय नागरिकों ने सड़क निर्माण कराने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत किया था लेकिन अभी तक शिकायत का समाधान नहीं हो पाया हैं वही लोगों का कहना है कि यह ग्रामीण अभियंत्रण योजना के अंतर्गत 10 वर्ष पूर्व इस सड़क का निर्माण हुआ था जिसकी मरम्मत अभी तक नहीं हुई है। टूटी हुई सड़क पर लोग आते जाते समय गिरकर चोटहिल भी हो चुके हैं वहीं चुनाव के समय में तमाम राजनीतिक पार्टियां वोट मांगते समय टूटी हुई सड़क की मरम्मत कराने का वादा करते हैं परंतु चुनाव खत्म होने के बाद क्षेत्र में कोई नहीं दिखाई पड़ता टूटी हुई सड़कों के निमाड़ के लिए ग्रामीण लालजी वर्मा हौसला प्रसाद रतीभान बर्मा धीरेंद्र कुमार उपाध्याय सहित लोगों ने इस सड़क को शीघ्र निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### समानता और मानवता को लेकर हो राष्ट्रीय बातचीत

**प्रयागराज।** समानता और मानवता को लेकर एक राष्ट्रीय बातचीत भी शुरू करेंगे। इस अध्ययन के लिए प्राथमिक शोध में फ्यूचर ब्रांड के प्रोपराइटरी स्टडी भारत दर्शन पर ध्यान देने के साथ ही दस केंद्रों के एक सौ साठ उत्तरदाताओं और बीस फोकस ग्रुप चर्चाओं सहित एड क्लीनिक्स शामिल थी। सोशल मीडिया के जरिए तीन सौ से ज्यादा लोगों से बात की गई। अध्ययन के लिए की गई पूछताछ के हिस्से के रूप में सभी स्टेक होल्डर्स जैसे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय विज्ञापनदाताओं एजेंसी और क्रिएटिव हेड्स जेंडर डोमेन एक्सपर्ट्स नीति निर्माताओं और एडवोकेसी समूहों से परामर्श किया गया। ब्रांड्स और विज्ञापन एजेंसियों को सकारात्मक तरीके से जेंडर संबंधी चित्रण को व्यवस्थित करने में मदद करने के लिए एडवर टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफइंडिया एएससीआई और फ्यूचर ब्रांड्स ने जेंडर नेक्स्ट अध्ययन जारी किया है। यह अध्ययन विज्ञापन में महिलाओं के चित्रण पर एक व्यापक कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टिवाला अध्ययन है। जेंडर नेक्स्ट की प्रमुख लेखिका लिपिका कुमारन के अनुसार सकारात्मक कदम उठाये गए हैं।

### शरद पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** शरद पूर्णिमा पर्व नगर क्षेत्र में श्रद्धा के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के प्रसिद्ध श्री गिरधर गोपाल मंदिर, श्री हनुमान गढ़ी, उदासीन आश्रम सहित विभिन्न मठ मंदिरों पर परम्परा के तहत मनाया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर लोगों ने सरयू स्नान कर भक्तिभाव पूर्वक भगवान विष्णु की आराधना कर आरती पूजन के साथ खीर का भोग लगाया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों के अलावा मंदिरों में अर्द्धरात्रि तक भजन-कीर्तन के उपरान्त खीर का प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा पर्व पर अर्द्धरात्रि में भगवान विष्णु अमृत की वर्षा करते हैं। इसी ध्येय से यह आयोजन परम्परागत ढंग से चला आ रहा है।

## सरल और सुगम प्रक्रिया अपनाए जाने की होगी जरूरत

**प्रयागराज।** नॉन लिंक्ड नॉन पाटिर्सिपेटिंग व्यक्तिगत लिमिटेड प्रीमियम सेविंग्स लाईफ इंश्योरेंस पॉलिसी जो भुगतान की छोटी प्रतिबद्धता के साथ पूरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। बैंक आफ बड़ोदा और यूनियन बैंक आफ इंडिया द्वारा प्रमोटेड इंडिया फस्ट लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड इंडियाफस्ट लाईफने आज इंडियाफस्ट लाईफसरल बचत बीमा प्लान प्रस्तुत किया। यह पूरे परिवार के लिए एक बचत एवं सुरक्षा कवर है। यह नॉन लिंक्ड नॉन पाटिर्सिपेटिंग व्यक्तिगत लिमिटेड प्रीमियम पॉलिसी पाँच या सात सालों के लिए छोटी अवधि तक भुगतान की सुविधा प्रदान करती है। यह आपको एवं आपके परिवार को 12 से 15 साल की सुरक्षा प्रदान करती है। इंडियाफस्ट लाईफइंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के डिप्टी सीईओ रुषभ गांधी ने कहा हमारी कस्टमरफस्ट की अवधारणा के अनुरूप हमें इंडिया फस्ट लाईफसरल बचत बीमा योजना लांच करने की खुशी है।

# नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज के वार्डों का अभी तक नहीं हो सका गठन

● नगर पंचायत कुमारगंज में शामिल गांव तक नहीं पहुंच पा रहे सफाईकर्मी

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र की नगर पंचायत कुमारगंज में अधिशासी अधिकारी की स्थायी रूप से तैनाती न होने से विकास कार्य ठप पड़े हैं। ईओ के लगातार न बैठने से विकास कार्यों की रूपरेखा नहीं बन पा रही है। रास्तों और नालों की साफसफाईए पेयजलए सड़क निर्माण आदि कार्य ठप पड़े हैं। नवसृजित नगर पंचायत के वार्डों का अभी तक नहीं हो सका



कुमारगंज नगर पंचायत के गठन के लगभग एक वर्ष हो चुके हैं। अभी तक यहां पर स्थायी रूप से अधिशासी अधिकारी की तैनाती न होने से विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। नगर पंचायत में अब तक मात्र सफाईकर्मी समेत मात्र 42 कर्मचारी ही लगाए गए हैं। सफाई कर्मियों की तैनाती तो हो गई है लेकिन सभी सफाई कर्मी नहीं आते जिसके चलते साफसफाई ठीक तरीके से नगर पंचायत क्षेत्र में नहीं हो पा रही है। भदरसा में तैनात ईओ लक्ष्मी चौरसिया को कुमारगंज नगरपंचायत का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। नगर पंचायत कुमारगंज मात्र एक बाबू अजय गुप्ता व एक कंप्यूटर ऑपरेटर के सहारे चल रहा है। बुधवार को दोपहर लगभग 12 00 बजे संवाददाता नगर पंचायत कार्यालय कुमारगंज पहुंचकर हकीकत की जानकारी चाहिए तो कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि ईओ व बड़े बाबू के पास मदरसा नगर पंचायत का भी चार्ज है जिसके चलते प्रतिदिन नहीं आते। सफाई कर्मियों के बारे में जब जानकारी चाही गई तो कार्यालय में मौजूद सफाई नायक विकास यादव ने बताया कि आज 30 सफाई कर्मी सफाई कार्य में सुबह से ही लगे हैं जब उनसे सफाई कर्मियों की गिनती कराया जाने लगा तो मात्र 24 सफाईकर्मी ही मौजूद मिले। अन्य जानकारियों के लिए जब प्रभारी ईओ कुमारगंज लक्ष्मी चौरसिया के मोबाइल नंबर से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपना फोन नहीं उठाया जिसके चलते वार्ता नहीं हो सकी।

# अमृत महोत्सव में सोशल आडिट सेमिनार का हुआ आयोजन

**अम्बेडकरनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सोशल आडिट जनसुनवाई एवं जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तर पर आज सोशल आडिट सेमिनार का आयोजन घनश्याम मीणा, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार अम्बेडकरनगर में आहुत की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए सोशल आडिट एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सोशल आडिट सभा की बैठक में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण करने के लिए जवाबदेह कर्मचारियों का उपस्थित होना आवश्यक है। इसी क्रम में वीरेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी द्वारा सोशल आडिट प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण



कार्यक्रम है जिससे मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का निदेशालय द्वारा रोस्टर प्राप्त होने पर आडिट कार्य कराया जाता है जिसमें पायी गयी कमियों को ब्लाक सभा की बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक आदि के समक्ष पढ़कर सुनाया जाता है तथा जनमानस की शिकायतों का त्वरित निस्तारण भी किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश प्रसाद परियोजना निदेशक, आर0पी0 मिश्र उपायुक्त (श्रम-रोजगार), ग्राम प्रधान, ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर, ब्लाक संसाधन व्यक्ति, सोशल आडिट टीम के सदस्य आदि उपस्थित रहें।

# अदालतों की सुरक्षा को लेकर हाईकोर्ट समेत सभी अदालतों में न्यायिक कार्य बाधित

● बार काउंसिल के आह्वान पर वकीलों ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

**प्रयागराज।** शाहजहांपुर जिला अदालत में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट समेत प्रयागराज की जिला अदालत और प्रदेश की सभी अदालतों में वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते न्यायिक काम पूरी तरह प्रभावित हुआ। हाईकोर्ट बार एसो. की एल्डर कमेटी ने बार काउंसिल के आह्वान पर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया था। अदालतें रोज की भांति बैठीं। वकीलों के कार्य बहिष्कार के अनुरोध पर न्यायमूर्ति कोर्ट से उठकर अपने अपने चैम्बरो में वापस चले गये। वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते प्रदेश के सुदूरवर्ती जिलों से आए वादकारियों को निराश होकर वापस जाना पड़ा। बार एसो. का चुनाव लड़ रहे कुछ वकीलों के अनुरोध को स्वीकार कर मुख्य न्यायाधीश राजेश बिन्दल की बेंच भी उठ गई। वकीलों के कार्य बहिष्कार के अनुरोध पर उठने से पहले चीफ जस्टिस ने कहा कि वकीलों का कार्य करने से बहिष्कार का निर्णय है न कि जजों का फैसला है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि मेरी अदालत में यदि कोई व्यक्तिगत रूप से खड़ा होकर बहस करता है तो अदालत उस वकील को सुनने से इन्कार नहीं कर सकती। बाद में चीफ जस्टिस की कोर्ट में उपस्थित वकीलों से कोर्ट से बाहर जाने के अनुरोध के बाद सभी वकील बाहर निकल आए। वकीलों की कोर्ट में गैर मौजूदगी के चलते चीफ जस्टिस ने सभी केसों में अगली तारीख लगा दी। शाहजहांपुर जिला कचहरी परिसर में वकील की हत्या तथा वकीलों की सुरक्षा कानून की मांग में बार काउंसिल के आह्वान पर इलाहाबाद एल्डर कमेटी ने 20 अक्टूबर को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया था। कमेटी ने मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया था कि अधिवक्ताओं की कोर्ट में गैर मौजूदगी के कारण प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए।

उप्र बार काउंसिल ने आपात बैठक कर अदालत में वकील की हत्या की घटना की निंदा की थी और वकीलों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। प्रदेशव्यापी विरोध कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया था। अधिवक्ता आर के ओझा अशोक कुमार सिंह, संतोष मिश्रा, एसी तिवारी, बी डी पांडेय सहित तमाम अधिवक्ताओं ने वकीलों की हड़ताल को सफल बनाने के लिए अदालतों से अनुरोध किया। यंग लायर्स एसो. के उपाध्यक्ष भानु देव पांडेय राजीव शुक्ला प्रशांत सिंह रिंकू नीरज द्विवेदी देश दीपक जी पी सिंह एन के चटर्जी शरद चंद्र मिश्र बैजंत मिश्र विनोद राय अखिलेश कुमार राय आर पी तिवारी ने अदालतों की सुरक्षा के लिए बायोमेट्रिक आईकार्ड बनाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की सरकार से मांग की है।

## अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत होकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** बीते सोमवार को जनपद शाहजहां पुर में कोर्ट के अंदर अधिवक्ता की गोली मार कर की गई हत्या के विरोध में टाण्डा तहसील के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रह कर एस डी एम अभिषेक पाठक को 2 सूत्रीय मांग पत्र दिया। अधिवक्ता संघ टाण्डा के महामंत्री शैलेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि बार काउंसिल के आवाहन पर न्यायिक कार्य से विरत रहकर मृतक अधिवक्ता की शोक सभा कर श्रधंजलि दी गयी और महामहिम राज्यपाल को संबोधित दो सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को दिया गया जिसमे हत्यारों को सख्त से सख्त सजा दी जाए और मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये मोआवजा दिया जाए और अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अविलम्ब बनाया जाए। संघ अध्यक्ष जवाहर लाल यादव, संयुक्त मंत्री हेलाल अशरफ, अजय प्रताप श्रीवास्तव,सुरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# हिन्दुओं पर हमले के विरोध में बांग्लादेश की पीएम का पुतला फूंका

**अयोध्या।** बंग्लादेश में हिन्दुओं पर जिहादियों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हिन्दू धर्मस्थलों, पूजा पांडालों को तहस नहस करने के पश्चात हिन्दू परिवारों पर लगातार आक्रमण हो रहे हैं। अकेले दुर्गापूजा के दौरान बांग्लादेश के 22 से ज्यादा जिलों से हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के 150 से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडाल और इस्कॉन मंदिर को आग के हवाले कर दिया गया। देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ दीं। हिंदुओं को मारा-पीटा गया। माताओं, बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इतना सब होने के पश्चात भी बांग्लादेश की सरकार आँख बंद करके बैठी है।

इन वीभत्स काण्डों को देखकर हिन्दुओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद बांग्लादेश सरकार से मांग करती है कि हिन्दुओं पर हो रहे आक्रमणों तथा अत्याचारों को रोकने हेतु कड़े कदम उठाए जाएं तथा माननीय राष्ट्रपति महोदय एवं प्रधानमंत्री से निवेदन करती है कि वे



बांग्लादेश में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं को रोकने हेतु उचित कदम उठाएं ।

पाकिस्तान और बांग्लादेश जहां हिंदुओं पर धार्मिक भेदभाव के चलते अत्याचार हो रहे हैं इससे भारतीय जन मानस उद्वेलित है। अयोध्या महानगर बजरंग दल के पदाधिकारियों ने संयोजक लाल योगेश प्रताप सिंह एवं अनमोल अर्श प्रताप राय के नेतृत्व में अयोध्या नए घाट पर आक्रोश प्रदर्शन करते हुये बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना एवं इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंका। प्रचार प्रसार प्रमुख डॉक्टर शैलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबादए शेख हसीना होश में आओ आदि नारे लगाते हुए बजरंग दल एवं विहिप के पदाधिकारियों ने माननीय गजेंद्र सिंह जी क्षेत्र संगठन मंत्री विहिप पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र लखनऊ एवं श्री चंद्रांशु जी महाराज के दिशा निर्देशन में माननीय राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन रेजिडेंट मजिस्ट्रेट को सौंपा। उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए श्री चंद्रांशु जी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में जिस तरह हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं वे किसी भी प्रकार से हम लोगों को बर्दाश्त नहीं है। बांग्ला देश की सरकार से हम मांग करते हैं कि वे शीघ्र अति शीघ्र बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं के जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए हिंदुओं के हुए नुकसान की भरपाई करें। विभाग अध्यक्ष विजय कुमार सिंह बंटी ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री हर प्रकार से सक्षम है और यदि बांग्लादेश में इस तरह का अत्याचार नहीं रुका तो हम बांग्लादेश के अत्याचारियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देंगे। विभाग मंत्री धीरेश्वर वर्मा ने कहा कि हम बांग्लादेश के हिंदुओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि पूरे विश्व के हिंदू उनके साथ हैं। जिला अध्यक्ष कौशिक प्रमाणिक के साथ संरक्षक रामजी मिश्रा, संगठन मंत्री रत्नेश सिंह, महानगर मंत्री अखिलेश वर्मा, सह मंत्री विवेक शुक्ला, मातृ शक्ति श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रतीक गुप्ताए कोषाध्यक्ष सुजय प्रताप सिंह, सत्संग प्रमुख अभिषेक सिंह राठौर, गौरक्षा रवि यादव, समरसता प्रमुख शिव कुमार मौर्य, सेवा प्रमुख अरुण मिश्राए बजरंग दल संयोजक मां अन्नपूर्णा प्रखंड राजवीर कसौधन एवं महेंद्र प्रताप के साथ बजरंग दल के सह संयोजक रोहित चौधरी प्रतीक सिंह, शिवांश तिवारी, अतुल विश्वकर्मा, आनंद पांडे, निशांत श्रीवास्तव, अंकित, अमन, संजीव गौतम, सुग्रीव सिंह तथा अजय तिवारी, आदि हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## राहत की बात

### कोविड से सुरक्षित बच्चे

**बिना** टीका लगे बहुसंख्य बच्चों में कोविड-19 के खिलाफ एंटीबाडी बनना उम्मीद की किरण है। हरियाणा में हुए तीसरे सीरो सर्वे के परिणाम राहत देने वाले हैं। इनमें राज्य की जनसंख्या के 76.3 प्रतिशत बच्चों में सार्सकोव-2 के खिलाफ एंटीबाडी पाई गईं। पिछले अगस्त में 8 प्रतिशत तथा अक्टूबर में 14.8 प्रतिशत की तुलना में यह बहुत तेज वृद्धि है। टीकाकृत लोगों में 81.6 प्रतिशत तथा गैर-टीकाकृत लोगों में 75.5 प्रतिशत सीरो-पाजिटिविटी पाई गई। शहरी हरियाणा में 78.1 प्रतिशत लोगों में एंटीबाडी पाई गई, जबकि ये 75.1 प्रतिशत ग्रामीणों में मौजूद थीं। हालांकि, सबसे अच्छी खबर बच्चों के बारे में है। सर्वेक्षण में 6-9 साल के बच्चों में सीरो पाजिटिविटी 69.8 प्रतिशत तथा 10-17 आयुवर्ग वाले बच्चों में 73.2 प्रतिशत थी। पहली बार बच्चों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया है। यह भी पहली बार स्थापित हुआ है कि 70 प्रतिशत से अधिक बच्चों में कोविड-19 एंटीबाडी हैं। यह खबर ऐसे समय राहत की बात है जब बच्चे जनसंख्या का वह हिस्सा हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है, जबकि देश लगभग 100 करोड़ टीके लगाने की स्थिति में पहुंच गया है। बच्चों के लिए टीके के अभी मानव परीक्षण चल रहे हैं। ऐसे में एक साल से अधिक समय बाद स्कूल खोलने का निर्णय महत्वपूर्ण है तथा अनेक राज्यों ने हिचक के साथ चरणों में स्कूल खोलने पर सहमति जताई है। अब भी माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने से हिचक रहे हैं। कुछ अन्य राज्य नवंबर में कक्षायें शुरू करने की योजना बना रहे हैं। स्कूल



प्रबंधन यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शिक्षक व गैर-शिक्षण कर्मचारी पूर्णत: टीकाकृत हों तथा संक्रमण के जोखिम से बचने के लिए सुरक्षा प्रोटोकालों का पूर्णत: पालन हो।

विदेशों में हुए हालिया सर्वेक्षणों ने बच्चों में संक्रमण का भय उचित ठहराया है। एमआईटी व हार्वर्ड में अस्पतालों की टीमों द्वारा किए अध्ययनों से पूरी तरह पुष्टि हुई है कि नवजात, बच्चे तथा किशोर समान रूप से कोविड-19 वायरस के प्रसार में सक्षम हैं। कोविड-19 संक्रमित बच्चों के अध्ययन में उन्होंने पाया कि लक्षणों व बिना लक्षणों वाले रोगियों में शुरुआत में संक्रमण का स्तर अधिक था। कुल मिला कर वाइरल लोड से छोटे बच्चों में बीमारी की गंभीरता का पता नहीं चलता है, हालांकि वे दूसरे लोगों को संक्रमित कर सकते हैं। लेकिन अनेक अध्ययनों में पाया गया है कि बहुत कम बच्चों में लक्षण थे और उनमें बीमारी होने की संभावना बहुत कम थी। इस संदर्भ में हरियाणा में बच्चों का सीरो सर्वेक्षण आश्वासन देने वाला है। हरियाणा सर्वेक्षण परिणामों के आधार पर सुरक्षित रूप से अनुमान लगाया जा सकता है कि स्वस्थ बच्चों के टीकाकरण की गति धीमी रख कर जोखिम वाली जनसंख्या के पूर्ण टीकाकरण पर ध्यान देना चाहिए जिनमें वृद्ध तथा वयस्क व अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चे शामिल हैं। हालांकि, दो वैक्सीनों को आपातकालीन प्रयोग की अनुमति-ईयूए मिल चुकी है, पर अभी यह स्पष्ट नहीं है कि देश में 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के लिए वैक्सीन कब उपलब्ध होगी। राष्ट्रीय कोविड-19 टास्क फोर्स के प्रमुख वी.के. पाल ने कहा था कि बच्चों के टीकाकरण पर अंतिम निर्णय वैज्ञानिक आधार तथा उनके लिए समुचित खूराकों की उपलब्धता के आधार पर लिया जाएगा।

# सैन्य इतिहास में 1971 का स्थान

**भारतीय सेना युद्ध डायरियों को पूरी तरह रिकार्ड नहीं करती है। इस कारण कुछ लोगों को तथ्यों से छेड़छाड़ कर उनको गलत ढंग से रखने का मौका मिल जाता है।**



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध के पचास साल बीतने पर बहुत शान और प्रसन्नता से इस महान भारतीय विजय की भू-रणनीति, टैक्टिक्स व नायकत्व की याद की जाती है। इसे 1000 साल के उन युद्धों में से एक बताया जाता है जिसमें युद्ध के मैदान में प्राप्त उपलब्धियों को वार्ता की मेज पर खो दिया गया। इस युद्ध ने पाकिस्तान की भौगोलिक विसंगति को ठीक कर दिया जो 1000 मील की दूरी पर दो अलग भागों में विभाजित था। स्वर्गीय राजनेता व लेखक जसवंत सिंह ने इस विजय को भूगोल द्वारा इतिहास से बदला लेना बताया था, जब शक्ति के प्रयोग से एक नया देश-बांग्लादेश बना था जो पहले पूर्वी पाकिस्तान था। यह बीसवीं शताब्दी का अंतिम निर्णायक युद्ध था, लेकिन यह भारत-पाकिस्तान दुश्मनी के मुख्य कारण का समाधान नहीं कर सका था जो जम्मू कश्मीर के बजाय पाकिस्तानी सेना का शत्रुतापूर्ण व्यवहार है।

पिछली शताब्दी में विश्व युद्धों को छोड़ कर निर्णायक अंतर-राज्य युद्ध का कोई स्पष्ट उदाहरण नहीं है। लेकिन राज्यों के भीतर हुए टकरावों ने भी नतीजे दिखाए हैं। भारत में खालिस्तान आंदोलन को समाप्त करना एक विरल सफलता थी। अफगानिस्तान पर तालिबान का पहली बार कब्जा भी इसी श्रेणी में आता है। चेकोस्लोवाकिया का शांतिपूर्ण ढंग से चेक गणराज्य व स्लोवाकिया में विभाजन एक खास घटना थी। इक्कीसवीं शताब्दी में भी अनेक आंतरिक टकरावों का समाधान बल प्रयोग से हुआ है। श्रीलंका में लिट्टे की पराजय तथा हाल ही में अफगानिस्तान में तालिबान की पुन: विजय इनके उदाहरण हैं। सैनिक सफलताओं का एक और प्रकार रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जे, चीन द्वारा दक्षिण चीन सागर में टापुओं पर कब्जे तथा पूर्वी लद्दाख में चीन द्वारा



घुसपैठ के लिए सैन्य बल का प्रयोग है। युद्ध तथा शांति की अनुपस्थिति के बीच स्पेस रक्षा करने वालों के लिए दुविधा पैदा करता है। वर्तमान समय में साइबर युद्ध तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से युद्ध के बारे में विचारकों तथा सैनिकों को टकराव के बारे में व्यापक रूप से विचार करना होगा। इससे एक ओर तो युद्ध की प्रकृति तथा चरित्र बदला है, वहीं युद्ध के सिद्धान्त भी काफी सीमा तक बदल गए हैं तथा इनके नतीजे प्रदर्शित करने के मामले में तकनीक का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है।

अतीत के युद्धों तथा आंतरिक टकरावों को दुहराया नहीं जा सकता है। इस दृष्टिकोण से बांग्लादेश के लिए युद्ध को देखा जा सकता है। तैयारी के लिए दस महीने का समय, हवाई क्षेत्र में वर्चस्व तथा मुक्ति वाहिनी की सहायता कुछ ऐसे तत्व हैं जिनको पुन: दुहराया नहीं जा सकता है। यही स्थिति सोवियत संघ द्वारा प्रदान राजनीतिक संरक्षण की है जिसने दो बार वीटो प्रयोग कर यह सुनिश्चित किया कि भारत को युद्ध जीतने तथा पाकिस्तानी शत्रुता को कुचलने का अवसर मिले। इसका परिणाम पाकिस्तान का पूर्णत: भारतीय शर्तों पर पूर्ण आत्मसमर्पण था। युद्ध में चर्चा का विषय यह है कि क्या ढाका ही युद्ध का अंतिम लक्ष्य था। विभिन्न ऐतिहासिक विवरणों की जांच से स्पष्ट है कि शुरुआत में ढाका अंतिम लक्ष्य नहीं था, बल्कि पूर्वी सेना के लिए कम महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया था। दोनों पक्षों द्वारा सशक्तीकरण व खोजी तरीकों ने युद्ध में बड़ी भूमिका निभाई। जीओसी 16 पाकिस्तानी तोपखाना डिवीजन के मेजर जनरल नजीर हुसेन शाह अमेरिका में फोर्ट लीविनवर्थ के छात्र रह चुके थे। वे एक बटालियन को दो भागों में बांट देते थे और इसी प्रकार भारतीय सैन्य बलों ने व्यापक मोर्चे पर काम किया। मैं चाहता हूं कि समारोही आयोजनों में पैदल सेना की उल्लेखनीय लड़ाइयों पर ज्यादा ध्यान दिया जाए जो पीरगंज, हिल्ली, सिल्हट व अखौरा, आदि स्थानों पर हुई थीं। उदाहरण के लिए, पीरगंज में 2-5 गोरखा राइफल्स द्वारा रास्ता बंद करने पर पाकिस्तान की 16 पैदल सेना डिवीजन को विभाजित होकर काराटोया नदी पार कर हिल्ली में अपनी रक्षा मजबूत करनी पड़ी थी।

यह युद्ध का पहला बड़ा मोड़ था जो बोगरा और ढाका की ओर बढ़ रहा था तथा उसने पाकिस्तान के 16वें पैदल सेना डिवीजन को तोड़ दिया था। इसी प्रकार 4-5 गोरखा राइफल्स ने भारत की पहली हेलीबार्न कार्रवाई की थी तथा आधी बटालियन ने 15 दिसंबर को ढाका में आत्मसमर्पण के एक दिन पहले दो पाकिस्तानी ब्रिगेडों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया था। इसके पहले उन्होंने पहली बार अटग्राम में खामोश 'खुखरी' हमला किया था। हालांकि, ब्रिटिश गोरखाओं ने पहली बार इंडोनेशिया में इसका सम्मानजनक प्रयोग किया था। इन संक्षिप्त व तेज लड़ाइयों ने युद्ध जल्दी समाप्त करने में योगदान के साथ पैदल सेना को युद्ध नायक के रूप में स्थापित किया।

1971 युद्ध के बाद वाली पीढ़ियों को प्रतिरोध के मामलों पर उपदेश देने के लिए बुलाने के बजाय इन कार्रवाइयों में भाग ले चुके अधिकारियों को आमंत्रित करना ज्यादा लाभदायक होगा।

भारत को 1971 में पाकिस्तान पर विजय का उत्सव जरूर मनाना चाहिए, पर इसके साथ ही उसे छोटी इकाइयों के युद्ध पर अवश्य ध्यान देना चाहिए जिनका भावी युद्धों में बेहतर उपयोग हो सकता है। कारगिल का सीमित युद्ध भी पैदल सेना के शास्त्रीय प्रदर्शन का उदाहरण है जिसमें छोटी इकाइयों ने युद्ध कर पाकिस्तानी घुसपैठियों को बाहर निकाला जो एलओसी के इस पार आ गए थे। दु:ख की बात है कि 1962 के युद्ध तथा श्रीलंका में भारतीय शांति सेना-आईपीकेएफ के युद्ध की घटनाओं को श्रृंखलाबद्ध किया गया है, पर राजनीतिक कारणों से इनको जारी नहीं किया गया है। भारतीय सेना की यह बुरी आदत है कि वह युद्ध डायरियों को पूरी तरह व ईमानदारी से दर्ज नहीं करती है।

इससे युद्ध में भाग लेने वाले लोगों को व्यक्तिगत रूप से तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने तथा ऐसी घटनाओं को गढ़ने का मौका मिल जाता है जिससे उनका व्यक्तिगत नायकत्व सिद्ध हो सके। सामान्य रूप से मीडिया तथा खासकर सोशल मीडिया ने तथ्यों की पुष्टि किए बिना इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है।

जीवनियां तथा आत्मकथायें, खासकर इस दृष्टिकोण से विवादास्पद हो सकती हैं क्योंकि वे रेजीमेंट के इतिहास से आगे जाकर इकाइयों व व्यक्तियों की भूमिका दर्ज करती हैं। हालांकि, कोई रेजीमेंटल इतिहास न होने पर भी कुछ लेखक अपना कद बढ़ाने का यथासंभव प्रयास अवश्य करते हैं। ऐसे में अतीत के सभी युद्धों के बारे में लेखों को रक्षा मंत्रालय के इतिहास विभाग द्वारा जांचा जाना चाहिए तथा लेखकों को एक प्रमाणपत्र लेना चाहिए कि उन्होंने आधिकारिक रिकार्डों में दर्ज सामग्री का उपयोग नहीं किया है। हालांकि, पूर्वी लद्दाख में पीएलए की घुसपैठ तथा एलएसी में परिवर्तन के बारे में घटनाक्रम स्पष्ट नहीं है, पर इसके बावजूद सरकार को 1971 में युद्ध के मैदान में भारत की बड़ी सफलता को एक परिवर्तनकारी महान विजय के रूप में याद रखना चाहिए।

# भले काम के लिए बुरे बैंकों का गठन




**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)

भारत का पहली बार सरकार द्वारा प्रायोजित 'बैड बैंक' अब वास्तविकता के करीब है। इस साल की शुरुआत में केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री की घोषणा के बाद, विभिन्न चरणों में विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की पूरी तरह से प्रावधानित तनावग्रस्त संपत्तियों का अधिग्रहण करने के लिए एक राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एनएआरसीएल) की स्थापना की गई है।

इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कम्पनी लिमिटेड (आईडीआरसीएल) नामक एक अन्य संस्था तब बैंकों को वापस भुगतान करने के लिए इन तनावग्रस्त संपत्तियों को बाजार में बेच देगी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पास दोनों (क्रमश: 51 और 49 प्रतिशत) के कुल शेयरों का लगभग आधा हिस्सा होगा, जिसमें निजी क्षेत्र भी हितधारक होंगे। शुरुआती निवेश करीब 6,000 करोड़ रुपये का होगा।

एनएआरसीएल 15 प्रतिशत नकद देकर संकटग्रस्त संपत्तियों को बैंकों से छूट पर खरीदेगा; शेष 85 प्रतिशत के लिए, वे बैंकों को सुरक्षा रसीदें जैसे डिबेंचर, बांड आदि जारी करेंगे। पिछले महीने सरकार ने एनएआरसीएल को 30,600 करोड़ रुपये देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी, यदि बिक्री के परिणामस्वरूप इसे कवर करने के लिए नुकसान होता है, तो सुरक्षा रसीदों को लागू करने के लिए गारंटी के रूप में, लेकिन गारंटी पांच साल से अधिक वैध नहीं होगी। समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कुछ प्रोत्साहन में निर्माण; एनएआरसीएल द्वारा भुगतान किया जाने वाला गारंटी शुल्क भी धीरे-धीरे बढ़ेगा। चूंकि गारंटी सरकार के लिए आकस्मिक देयता है, इसलिए केंद्र के लिए कोई तत्काल वित्तीय प्रभाव या नकद व्यय नहीं होगा।

अतीत से विरासत के रूप में विरासत में मिली, आंशिक रूप से 2008 के आर्थिक मंदी के परिणाम के रूप में और आंशिक रूप से क्रोनी कैपिटलिज्म के कारण जिसने कई पीएसबी को प्रासंगिक परियोजना प्रस्तावों की लाभप्रदता के उचित मूल्यांकन के बिना ऋण देने के लिए मजबूर किया, जिसके कारण इनमें से कई परियोजनाएं या तो कर सकती थीं ऋणों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न करने में असमर्थ या सक्षम नहीं थे, एनपीए बढ़ने लगे। 2016 के बाद से, जब आरबीआई ने बैंकों पर नियंत्रण कड़ा कर दिया और उन्हें अपनी बैलेंस शीट साफ करने के लिए मजबूर




किया, एनपीए को उनकी बैलेंस शीट में लिखा या पहचाना जाना था। इससे उनका पूंजी आधार समाप्त हो गया और वे नए सिरे से उधार देने में असमर्थ हो गए और उनकी लाभप्रदता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। लगभग 4,541 कॉरपोरेट्स को अब तक कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (ष्टढ्ढक्रक्क) में शामिल किया गया है, केवल 1,745 ष्टढ्ढक्रक्क ने प्रक्रिया पूरी की है, या तो समाधान योजनाएँ प्रस्तुत कर रहे हैं या परिसमापन के साथ समाप्त हो रहे हैं। आईबीसी, जो अब पांच साल पुराना है और जिसे कोविद संकट के दौरान निलंबित कर दिया गया था, एक ओवरहाल के कारण है, जिसमें एमएसएमई के लिए प्री-पैक भी शामिल है, जिसे बाद में अन्य कंपनियों तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे आईबीसी के बाहर ऋ्रण समाधान तंत्र की अनुमति मिलती है। मौजूदा प्रक्रियाओं को अन्य तंत्रों से अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता है, और यहीं पर बैंड बैंक फिट बैठता है।

बैड बैंक कोई नया विचार नहीं है - वे 1980 के दशक से अस्तित्व में हैं, लेकिन पूर्वी एशियाई मुद्रा संकट और 2008 के सबप्राइम संकट ने अमेरिका, स्वीडन, फिनलैंड, बेल्जियम, मलेशिया, दक्षिण सहित कई देशों को खराब बैंक स्थापित करने के लिए मजबूर किया। कोरिया, चीन या इंडोनेशिया, लेकिन भारत में सरकार द्वारा प्रायोजित बैड बैंक के विचार को पहले कभी नहीं आजमाया गया, हालांकि कई निजी संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियां हैं जो उप-इष्टतम रूप से काम कर रही हैं।

यह एक और बड़ा संस्थागत सुधार है और इसका श्रेय सरकार को दिया जाना चाहिए। यह काम करेगा या नहीं, यह तो समय ही बता सकता है। जबकि इसे कई देशों में सफलता मिली है, चीन में वे संघर्ष कर रहे हैं, और एवरग्रांडे के पतन से स्थिति और खराब होने की संभावना है। किसी भी मामले में, एआरसी एक स्थायी तंत्र नहीं हो सकता है, वास्तव में इसका एक सूर्यास्त खंड है जो इसे पांच से आठ वर्षों के भीतर समाप्त करने की अनुमति देता है।

बैंकिंग सुधार सरकार का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है जो 4-आर रणनीति - मान्यता, संकल्प, पुनर्पूंजीकरण और सुधार के साथ आया था। मान्यता के बाद, एनपीए की मात्रा का निर्धारण योजनाबद्ध तरीके से शुरू हुआ और बैंकों ने धीरे-धीरे अपने बकाया की वसूली शुरू कर दी। 2018 में, सार्वजनिक क्षेत्र के 21 में से सिर्फ दो बैंक ही मुनाफे में थे। लेकिन 2021 में केवल दो बैंकों (पंजाब एंड सिंध बैंक और सेंट्रल बैंक) ने घाटे की सूचना दी। सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार ने कई छोटे पीएसबी को बड़े लोगों के साथ विलय कर दिया है, और अब उनकी कुल संख्या 12 हो गई है। बैंकों की दबावग्रस्त आस्तियों से संभावित खरीदार खोजने के अलावा कई समस्याएं हैं। संपत्ति का मूल्यांकन एक है, जो नुकसान का निर्धारण करेगा। वास्तव में, कुछ आलोचना की गई है कि सरकार वास्तव में निजी उद्यमों के नुकसान की गारंटी दे रही है और पीएसबी, एनएआरसीएल और आईडीआरसीएल दोनों के शेयरधारक होने के नाते, वास्तव में अपनी स्वयं की तनावग्रस्त संपत्ति खरीद रहे होंगे। अब तक, भारतीय अनुभव ने निजी एआरसी पर आईबीसी के माध्यम से समाधान को प्राथमिकता दी है, जिनकी कम पूंजी आवश्यकता केवल 100 करोड़ रुपये है।

एआरसी के लिए नियामक वातावरण जो 2000 के दशक में उभरने के बाद से व्यावहारिक रूप से स्थिर रहा है, उसे भी ओवरहाल की आवश्यकता है। स्ट्रेस्ड एसेट्स जल्द ही गायब नहीं होंगे, और हमें ऐसे संस्थानों को स्ट्रेस्ड एसेट्स को अवशोषित करने में मदद करने में सक्षम बनाने की जरूरत है। ऋ्रण की पर्याप्त आपूर्ति और सभी के लिए समान अवसर पैदा किए बिना अर्थव्यवस्था का विकास नहीं हो सकता है।

## आप की बात

### सेना का साहसी राहत कार्य

**इस** साल देश के विभिन्न राज्यों में अच्छी बारिश हुई है। लेकिन कुछ राज्यों में अधिक बारिश हुई। इससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ और साथ ही कृषि को भी नुकसान हुआ। ऐसी स्थिति में कई बेघर हुए। देश के कई राज्यों में मानसून खत्म हो गया है। लेकिन उत्तराखंड और केरल यह दो राज्य अपवाद हैं। इन राज्यों में अक्टूबर में भी मूसलाधार बारिश हो रही है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। उत्तराखंड राज्य पहाड़ों से घिरा हुआ है। यहां सबसे ज्यादा भूस्खलन होता है। इससे बचाव कार्य में भी बाधा आती है। नतीजतन, दूरदराज के इलाकों में लोगों को मदद करने के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उत्तराखंड, केरल में बाढ़ में फंसे कई लोगों को भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के जवानों ने सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय सेना के जवान भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। उनका राहत कार्य आज भी जारी है। भारतीय वायुसेना उन जगहों पर पहुच रही है जहां पैदल मदद करना संभव नहीं है। आतंकवादी संकट हो या प्राकृतिक आपदा, भारत की तीनों सेनाएं लोगों की मदद के लिए तैयार हैं। उनका बचाव कार्य कितना तेज और सटीक है। यह मीडिया के माध्यम से देश को पता चल रहा है।

- **जयेश राणे**, मुंबई

### आयातित तेल बनाम वैकल्पिक ऊर्जा

**तेल** की बढ़ती कीमतों से आम जनता परेशान है। क्योंकि वैश्विक बाजार में तेल की कीमत वर्ष 2016 की तुलना में तीन गुना हो गई है। बढ़ती महंगाई को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आयातित तेल पर निर्भरता कम करके इसे 50 प्रतिशत पर लाने की बात की थी। वैकल्पिक ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों का उपयोग करके कम ऊर्जा से उत्तम जीवन जी सकते हैं। कम ऊर्जा से हम बाइक, फ्रिज,और् सोलर पैनल से पानी गर्म कर सकते हैं। ऊर्जा की खपत बढ़ाने के स्थान पर कम ऊर्जा में उच्च जीवन स्तर प्राप्त करने के उपाय खोजना चाहिये। इससे ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में मदद मिलेगी। जिसके कारण सूखा, बाढ़ ,तूफान आदि समस्याये पैदा हो रही है। जिससे सारी दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। हमारे देश में कोरोना महामारी के कारण लोगो की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। बढ़ती पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों से आमजनता परेशान और सरकार को कोस रही है। सरकार को जनता के हित मे रसोई गैस और डीजल की कीमतों को नियन्त्रित करना चाहिये। क्योंकि आमजनता इन्ही दो चीजों का प्रयोग सबसे ज्यादा करती है। वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोतों का उपयोग कर आयातित तेल की निर्भरता से बचा जा सकता है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### घाटी में कत्लेआम

**घाटी** में एक बार पुन: नब्बे के दशक जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। जब आतंकियों का निशाना बने कश्मीरी पंडितों को दहशत में अपना घर छोड़ना पड़ा था। धारा 370 हटने के बाद एक बार फिर सरकार द्वारा इनके पुनर्वास की योजना बनाने, तथा सेना द्वारा आतंकियों पर निरंतर प्रहार से आतंकी संगठन तिलमिला गए हैं। भारतीय सेना के आगे लाचार दहशतगर्द अब छुप कर निर्दोष लोगों की हत्यायें कर दहशत का माहौल बनाना चाहते हैं। बीते दिनों एक स्कूल के अध्यापकों की धर्म पूछ कर हत्या की गई। आज कश्मीरी हिंदुओं सिक्खों एवं प्रवासी मजदूरों का इनके द्वारा कत्ल किया जा रहा है। पूरे जम्मू कश्मीर में पांच लाख से अधिक प्रवासी मजदूर काम करते हैं। लेकिन आतंकियों के इस कुकृत्य से उन्हें जम्मू कश्मीर से पलायन करना पड़ रहा है। यदि परिस्थिति यथावत बनी रही तो जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। लेकिन दुर्भाग्य की बात ये है कि कश्मीर की स्थिति पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली महबूबा और तमाम अलगाववादी नेताओं की आंखों में मोतियाबिंद छा गया है।

- **शिवेंद्र यादव,** कुशीनगर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**तेजस्वी** यादव ने गठबंधन समझौते का उल्लंघन किया। उन्होंने हमारे गढ़ कुशेश्वर अस्थान की एक सीट की हमारी मांग को खारिज कर दिया।

- **भक्त चरण दास**
बिहार कांग्रेस प्रभारी



**अमेरिका** जॉर्जिया को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में महत्व देता है और जॉर्जिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए हमारा समर्थन अटूट है।

- **लॉयड ऑस्टिन**
अमेरिकी रक्षा मंत्री



**भारत** और बांग्लादेश की दोस्ती बहुत पुरानी है। कट्टरपंथियों या किसी अन्य ताकत को इन संबंधों को नष्ट करने नहीं देना चाहिए।

- **विप्लब कुमार देब**
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री

वकीलों की हुई हत्याओं को लेकर आक्रोश

# अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

● अदालत में सुरक्षा-व्यवस्था की उठाई मांग, शाहजहांपुर के मृत वकील के परिजनों को मिले मुआवजा, मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र प्रेषित किया


सीतापुर-प्रदर्शन करते अधिवक्तागण

संवाददाता। सीतापुर

**बरेली सहित** शाहजहांपुर हुई वकीलों की हत्याओं को लेकर सीतापुर के अधिवक्ताओं में आक्रोश है, उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने की बात कही। बुधवार को कलेक्टेऊट पहुंचकर बार अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में एडीएम को मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक मांग पत्र सौंपा जिसमें मृतक अधिवक्ताओं के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा व एक सरकारी नौकरी मिलने की मांग रखी है। कलेक्टेऊट परिसर में पहुंचे अधिवक्ताओं नारेबाजी करते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब न्यायालय के अंदर आदमी सुरक्षित नहीं है तो भला आम नागरिक कैसे अपने आप को सुरक्षित महसूस करेगा। ज्ञापन में उपाध्यक्ष संजय सिंह, नजीर अहमद, राजेन्द्र भट्ट, विजय अवस्थी, दिनेश चन्द्र, सुनील सिंह गौर, विवेक, संजय सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कारों की भिड़ंत ने किया शराब फैक्ट्री का राजफाश

● खैराबाद इलाके में संचालित की जा रही थी महमूदाबाद पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम ने किया भंडाफोड़

● भारी तादाद में शराब अल्कोहल, स्टीकर व अन्य सामग्री बरामद, चार अभियुक्त मौके से गिरफ्तार चार हो गए फरार

संवाददाता। सीतापुर


महमूदाबाद-पुलिस द्वारा बरामद अवैध शराब

**यूपी के** सीतापुर में सड़क हादसे में दो कारों की भिड़ंत ने अवैध शराब की फैक्ट्री का राजफाश कर दिया। आपको सुनकर भले थोड़ा अजीब लग रहा हो लेकिन सच यही है। दरअसल, बीते शनिवार को महमूदाबाद-गोडैचा मार्ग पर दो कारों की आमने-सामने भिडंत हुई थी। भिडंत में एक कार का चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस को तलाशी के दौरान कार से एक दर्जन देशी शराब की पेटियां बरामद हुई थीं। पुलिस ने उसी दिशा में तफ्तीश आगे बढ़ाती गई और अवैध शराब फैक्ट्री तक जा पहुंची। यहां बनाई जाने वाली अवैध शराब सीतापुर के अलावा पड़ोसी जिलों लखनऊ, बहराइच, हरदोई, लखीमपुर में बड़े पैमाने पर बेची जा रही थी। छापेमारी के दौरान चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जबकि चार अभियुक्त फरार होने में कामयाब रहे। मौके से भारी मात्रा में अपमिश्रित शराब और इसे बनाने में उपयोग किए जाने वाली सामग्री बरामद की गई है। यह अवैध शराब की फैक्ट्री सीतापुर के खैराबाद इलाके में शरफापुर निवासी विमलेश कुमार यादव के घर पर संचालित की जा रही थी। महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है। एएसपी दक्षिणी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि महमूदाबाद सीओ रविशंकर प्रसाद, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस और स्वाट टीम द्वारा छापेमारी के दौरान विमलेश यादव के साथ उसके साथी विकास जायसवाल उर्फ गोलू पुत्र रोहित जायसवाल निवासी शेरापुर थाना महमूदाबाद, अवधेश वर्मा पुत्र रामलोटन निवासी दिबियापुर थाना सदरपुर, शैलेन्द्र राठौर पुत्र गजराज राठौर निवासी रामपुर निजामपुर थाना खैराबाद को मौके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को 50 लीटर के 41 कैन, जिसमें 35 कैन में 1750 लीटर अपमिश्रित शराब, 4 कैन में 200 लीटर एल्कोहल तथा 2 कैन में एल्होकल व पानी मिश्रित रूप में बरामद हुआ है। एक 20 लीटर पिपिया में शराब को रंग देने के लिये 08 लीटर अपमिश्रित कलर, 52 हजार स्टीकर, 10 हजार क्यू आर कोड, 59 हजार शीशी के ढक्कन सहित अन्य उपकरण और सामग्री बरामद हुई है। एएसपी ने बताया कि सभी अभियुक्तों के विरूद्ध थाना महमूदाबाद में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

## मत्स्य पालन के लिए तालाबों का आवंटन

**गोला गोकरननाथ खीरी।** तहसील परिसर में तहसीलदार की उपस्थिति में देर शाम 2 ग्राम पंचायतों में स्थित मत्स्य तालाबों के पट्टों का आवंटन किया गया। तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता की मौजूदगी में ग्राम पंचायत ककलापुर और रायपुर घुंसी में स्थित तालाबों का पट्टा आवंटन मत्स्य पालकों को किया गया। ककलापुर के तालाब का आवंटन एक लाख 10 हजार की नीलामी पर समाप्त हुआ। वही ग्राम रायपुर घुंसी के तालाब की नीलामी 40 हजार में की गई। तालाबों के पट्टा आवंटन के लिए कुल 88 फाइलें आई थी। बताते हैं कि 5 फाइलें नीलामी हेतु निकाली गई थी जिनमें मात्र दो फाइलों का आवंटन हो सका शेष फाइलें आगामी तारीखों के लिए रख दी गई। मछुआ समुदाय के लोगों का कहना है कि राजस्व महकमे की घोर लापरवाही के कारण 3 माह विलंब से 2 ग्राम पंचायतों के तालाबों का आवंटन हुआ है जबकि शेष ग्राम पंचायतों के मछुआ समुदाय के लोग अभी नीलामी का इंतजार कर ही रहे हैं।

# रेउसा क्षेत्र में बाढ़ में बह गए दो युवक

● तेज बहाव में युवक बहा, साथी ने तैरकर बचाई जान

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**रेउसा थाना** क्षेत्र में बसंतपुर गांव के पास सड़क पर बह रहे पानी के तेज बहाव में साइकिल से जा रहे दो युवकों में से एक युवक तेज बहाव में बह गया। वही साथी युवक ने तैर कर अपनी जान बचा ली। पहाड़ों पर हुई बारिश के चलते बैराजों से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से रेउसा क्षेत्र के गोलोक कोंडर में में बाढ़ आ गई है। सड़कों पर तेज पानी बह रहा है वही बसंतपुर रेउसा मार्ग पर भगत सिकडोहर गांव के पास पुलिया पर अपने मामा के साथ जा रहा एक युवक अचानक तेज बहाव में बह गया। ग्रामीणों के द्वारा शव की तलाश की जा रही है मौके पर पीएसी के गोताखोर भी आए हैं। और वह लोग तलाश कर रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी बिसवां सुशील कुमार एडिशनल एसपी डॉ राजीव दीक्षित, उपजिलाधिकारी विसवां व थाना रेउसा की पुलिस मौके पर मौजूद। बुधवार की सुबह अरविंद कुमार उम्र 25 वर्ष पुत्र रामप्रवेश यादव निवासी सिकड़िया थाना रेउसा अपने मामा पंकज व हरिपाल के साथ मुंशी पुरवा गौलोक कोंडर जा रहा था। बसंतपुर गांव के पास पुलिया पर तेज बहाव में उसके मामा हरिपाल द्वारा रोका गया जिसके बावजूद पंकज व अरविंद नहीं माने और पैदल सड़क पार करने लगे। अचानक कटी पुलिया के पास तेज बहाव में अरविंद और पंकज बहने लगे तेज बहाव में पंकज तैरना जानता था उसने तैर कर अपनी जान बचा ली लेकिन भांजा अरविंद तेज बहाव में बह गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना रेउसा पुलिस द्वारा पीएसी गोताखोरों को बुलाकर शव की तलाश कराई जा रही है।

विश्व आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस पर विशेष

# क्या आपके नमक में आयोडीन है, नहीं तो खाने में करें शामिल: सीएमओ

संवाददाता। सीतापुर

पायनियर विशेष

**क्या आपके** नमक में आयोडीन है...? यह वाक्य भले ही किसी विज्ञापन फिल्म का हो, लेकिन आज जरूरत है कि इसे हम सब अपने जीवन का मूलमंत्र बन लें। शरीर में आयोडीन की कमी को दूर करने के लिए हमें अपने दैनिक खानपान में आयोडीन का प्रयोग करना होगा। ऐसा करके हम न सिर्फ खुद को बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी कई बीमारियों से बचा कर स्वस्थ बना सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु गैरोला ने बताया कि आयोडीन एक महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है जो थायराइड हार्मोन के उत्पादन और गर्भाशय विकास के लिए आवश्यक है। आयोडीन की कमी वाली महिलाओं में थायरॉयड कार्य प्रणाली बाधित होती है, जिसका असर उनके प्रजनन स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आयोडीन की कमी गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क के विकास को अवरूद्ध कर देती है। आयोडीन की कमी से हाइपोथायरायडिज्म सबसे आम समस्याओं में से एक है। आयोडीन की कमी से बच्चों का मानसिक विकास कमजोर होता है, उर्जा में कमी आती है, जल्द थकान आती है। आयोडीन की कमी से गूंगा-बहरा, घेंघा रोग होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

**किस उम्र में कितनी लें आयोडीन-** आयोडीन की कमी से बच्चों में कई तरह की बीमारियों के होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। इन बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है कि 11 माह तक के बच्चे को प्रतिदिन 50 माइक्रो ग्राम, पांच साल तक की उम्र के बच्चे को प्रतिदिन 90 माइक्रो ग्राम, 6-12 साल तक के बच्चे के लिए 120 माइक्रो ग्राम और 12 साल से अधिक की आयु के लिए 150 माइक्रो ग्राम आयोडीन का सेवन करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन 220 माइक्रोग्राम और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को प्रतिदिन 290 माइक्रोग्राम आयोडीन का सेवन करना चाहिए। आयोडीन से शरीर स्वस्थ और दिमाग चुस्त बनता है, कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होती है।

**नमक के आयोडीनिकीकरण की योजना-** केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1954 में प्रोफेसर वी. रामालिंगास्वामी द्वारा अनुसंधान कराया जिससे पता चला कि घेघा रोग भारत में सभी राज्यों में व्याप्त है। जिसके बाद सरकार ने वर्ष 1962 में राष्ट्रीय घेघा नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया। वर्ष 1988 में खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम में संशोधन करके उसमें इस नियम को शामिल किया गया कि उत्पादन स्तर पर नमक में आयोडीन की मात्रा 30 पी.पी.एम. व फुटकर बिक्री के 15 पी.पी.एम. से कम नहीं होनी चाहिए। वर्ष 1992 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय घेघा नियन्त्रण कार्यक्रम का नाम बदलकर राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम रख दिया।

**आयोडीन के प्रमुख स्रोत-** आयोडीन का सबसे सामान्य स्रोत नमक है। इसके अलावा शकरकंद, प्याज, पालक, केला, दूध, दही पनीर, दालों, अनाज, मांस, अंडा, समुद्री मछली आदि खाद्य पदार्थों में आयोडीन होता है। इनका सेवन शरीर में आयोडीन की कमी को दूर करता है।

## क्विक न्यूज

### बंग्लादेश में हो रहे अत्याचारों को लेकर विहिप ने पुतला फूंका

**बरेली ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर बर्बर अत्याचारों को रोक उन्हें सुरक्षा ए न्याय व मुआवजा दिलाने की मांग करते हुए विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री रमा शंकर के नेतृत्व में इस्लामिक आतंकबाद का पुतला राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया मांग की हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान ए अफगानिस्तान व बंग्लादेश में वहाँ बचे अल्पसंख्यक हिन्दू सिखों के विरुद्ध जघन्य अत्याचारों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा । गत एक सप्ताह में बंग्लादेश में तो हद ही हो गई । वहाँ ना हिंदूओं की जान बचाई जा सकी ना उनकी बहिन बेटियों की इज्जत ए ना माँ दुर्गा पूजा के मंडप बचे और ना ही हिन्दू मंदिर मंदिरों में जबरन घुसकर भगवान की मूर्तियों को खंडित करना ए उनको बड़ी ही बेरहमी से तोड़ना ए छोटी छोटी बच्चियों से बलात्कार ए हत्या ए लूटपाट ए आगजनी जैसा कोई भी कुकृत्य इस्लामिक जिहादियों ने नहीं छोड़ा । जब से अफगानिस्तान पर बर्बर तालिबान का शासन हुआ है अन्य पड़ोसी देशों में भी जिहादी आतंकियों के आक्रमण लगातार बढ़े हैं । अकेले दुर्गापूजा के दौरान बांग्लादेश के 22 से ज्यादा जिलों में हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं । हिंदुओं के 150 से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडाल अपवित्र कर तहस . नहस कर दिए गए । चाहे नोआखली का इस्कॉन मंदिर हो या ढाका का ढाकेश्वरी मंदिर ए बंदरबन का लामा हरी मंदिर हो या चाँदपुर का श्रीराम कृष्ण मिशन आश्रम चौमुहानी का रामठाकुर आश्रम हो या चौक बाजार का करुणामई काली मंदिर ए और या फिर कुउरीग्राम के सात अन्य मंदिर ये सूची बड़ी लंबी है । कितने ही घरों ए दुकानों व धर्मस्थलों में हिंसा आगजनी व लूटपाट का नंगा नाच हुआ ए कुछ कहा नहीं जा सकता । 10.12 हिन्दू अपनी जान गंवा चुके । देवी . देवताओं की मूर्तिया तोड़ दीं हिंदुओं को मारा-पीटा गया । माताओं बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ हो दी । रहा है । इतना सब होने के पश्चात भी बांग्लादेश की सरकार आँख बंद करके बैठी है ।

### महिला की नदी में डूब कर मौत

**बरेली।** बेटी की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल में शामिल होकर घर लौट रही एक महिला नदी में डूब गई। उसकी लाश को नदी से निकालकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। नवाबगंज थाने के गांव बरौर निवासी किरण देवी पत्नी राजीव कुमार कल शाम नवाबगंज में बहने वाली बहगुल नदी में डूबने से मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि किरण देवी की बेटी नवाबगंज निवासी कृष्णा देवी कि कल दिन में मौत हो गई थी स जिसकी सूचना मिलने पर किरण देवी बेटी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उसकी ससुराल गई थी। जहां से वापस अपने घर लौटते समय बहगुल नदी के किनारे चल रही किरण देवी का पैर अचानक फिसल गया और वह नदी में पैर जा गिरी स बहस गहरे पानी में डूब गई। पास के खेतों में मौजूद लोगों ने उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनी तो तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे पानी से निकालने की कोशिश की। लेकिन वह सफल नहीं हुए तब घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से किरण देवी की लाश को पानी से निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### राहुल कुमार विश्वकर्मा बने एसडीएम संडीला

**संडीला (हरदोई)।** राहुल कुमार विश्वकर्मा ने एसडीएम संडीला के पद का पदभार गृहण कर लिया है इसके पूर्व यहां लगभत तीन वर्ष से तैनात रहे एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव का अयोध्या ट्रांफर हो गया।

### विधानसभा उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल का हुआ भव्य स्वागत


नितिन अग्रवाल का स्वागत करते भाजपा नेतागण

**संडीला(हरदोई)।** नव निर्वाचित विधानसभा उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल का हरदोई जाते हुए संडीला पहुंचने पर उनका कई जगह स्वागत किया गया। जनपद के कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल के सुपुत्र एवं हरदोई सदर से विद्येयक नितिन अग्रवाल विधानसभा उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद पहली बार जब संडीला पहुंचे तो उनका कई स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। आरपी पैलेस पर क्षेत्रीय विद्येयक राजकुमार अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्व ब्लाक प्रमुख कंवुर वीरेन्द्र सिंह, संजय जायसवाल, विनोद द्विवेदी, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य अतुल तिवारी, सुरेश द्विवेदी, प्रेमप्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, विशुनदयाल शुक्ला, लोकेश कुमार सैनी आदि ने उनको फूलों से लादकर उनका स्वागत किया। इसके बाद बालामऊ पहुंचने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। मीडियाकर्मियों से चलते चलते बात करते हुए उन्होंनें कहा कि हरदोई वासियों के आर्शीवाद के बदौलत उनको यह पद मिला और वे उनके इस कर्ज को जनपद में विकास की योजनाओं को लागू कराकर अदा करेंगे।

### एसडीएम को दी गई भावपूर्ण विदाई


निवर्तमान एसडीएम को विदाई देते तहसील के कर्मचारी

**संडीला(हरदोई)।** लगभग तीन वर्ष के अपने बेहतरीन कार्यकाल के बाद अयोध्या के लिए स्थानांत्रित एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव को समारोह पूर्वक भावपूर्ण विदाई दी गयी। तहसील सभागार में आयोजित विदाई समारोह में नायब तहसीलदार भीमचन्द्र, लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष सत्यपाल समेत तहसील के कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर बधाई दी और उनके कार्यकाल के उनके कार्य एवं व्यवहार की भूरि भूरि प्रशंसा की। क्रमचारियों की तरफसे उन्हें प्रतीक चिह्न भी दिया गया। इस मौके पर उन्होंनें मशहूर गीत ''बीते हुए लम्हों की कसक साथ तो होगी'' गा कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव को संडीला प्रेस क्लब पर भी स्थानीय पत्रकारों द्वारा भावपूर्ण विदाई देते हुए उनके पत्रकारों के प्रति सहयोग एवं सामंजसपूर्ण व्यवहार की भूरि भूरि सराहना की गयी। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार वीपी सिंह, प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रभात अस्थाना समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

### घर से गए प्रौढ़ का शव तालाब में उतराता मिला

**संडीला (हरदोई)।** घर से गए एक प्रौढ़ व्यक्ति का शव दूसरे दिन तालाब में तैरता हुआ मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम कुरौंध निवासी 35 वर्षीय राजेश पुत्र मैकू घर से शाम के समय निकला और फिर वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन उसका शव गांव से बाहर तालाब में तैरता देखकर लोगों ने घरवालों को सूचित किया। घरवाले मौके पर पहुंचे और इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# नदी के बहाव में डूबीं दो नावें, एक की मौत, 16 लोग थे सवार

संवाददाता। खमरिया-खीरी





**ईसानगर क्षेत्र** में नदी पार धान की फसलें देखने जा रही ग्रामीणों से भरी दो नावें ईसानगर इलाके में डूबकर लापता हो गई। दोनों नावों पर सोलह ग्रामीण सवार थे। जिसमें एक ग्रामीण की डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएम अरविंद चौरसिया, एसपी विजय ढुल समेत प्रशासनिक अमला मौके पर जा पहुँचा। हालांकि घाघरा के तेज बहाव से असफल हुई एनडीआरएफ की टीम के बाद जिला प्रशासन ने नदी के बीच धार में फंसे ग्रामीणों को हेलिकॉप्टर की मदद से निकाल लिया है।

भारी बरसात के बाद नदियों में डिस्चार्ज किए गए पौने पांच लाख क्यूसिक पानी के जारी अलर्ट से बेखबर ईसानगर इलाके के गांव मिर्जापुर निवासी सुंदर, त्रमोहन, अशोक ढोढे , दीपू , सुरेंद्र , राजेन्द्र, कृपा दयाल, मुरारी, रामप्रसाद, रंगेश, श्रीकिशन, कौशल, विक्रम, ब्रजेश व राजू बुधवार की सुबह करीब दस बजे गांव के समीप अलग अलग दो नावों में एक मे 9 लोग व दूसरी नाव में सात लोग बैठकर नदी पार अपनी धान की फसलों को देखने जा रहे थे।तभी कुछ देर बाद गांव में अचानक कोहराम मच गया। गांव में किसी ग्रामीण ने आकर सूचना दी कि नाव पर सवार होकर नदी पार गए ग्रामीणों की नाव तेज धार में पलट गई है। ग्रामीणों ने आनन फानन में इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस समेत तहसील प्रशासन को दी।जिसपर डीएम अरविंद चौरसिया, एसपी विजय ढुल, एसडीएम धौरहरा रेनू समेत ईसानगर इंस्पेक्टर राजकरन शर्मा व तहसील प्रशासन मौके पर पहुंच गया। इधर डीएम अरविंद चौरसिया ने नदी में लापता हुए ग्रामीणों की खोजबीन के लिए स्टीमर से एनडीआरएफ की टीम को रवाना किया। लेकिन तेज बहाव होने के कारण टीम नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन नही चला पाई। इसी बीच सूचना मिली कि कुछ ग्रामीण घटनास्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर गौरा झबरा गांव के समीप बीच नदी के एक टापू पर बैठे हुए है।जिसपर डीएम ने बरेली से हेलीकाप्टर मंगवाकर टापू पर फंसे पंद्रह जीवित व एक मृतक कुल 16 लोगो को निकाल लिया है।तहसीलदार धौरहरा संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि नाव में सवार ग्रामीणों में सुंदर (55) पुत्र गयाप्रसाद निवासी मिर्जापुर की मौत हो गई थी।कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू हुए ग्रामीणों को प्रशासन ने मेडिकल के लिए भेज दिया है। जबकि मृतक सुंदर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी थी।

**बाल बाल बचे मछुआरे:** बनबसा बांध से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से ईसानगर क्षेत्र में शारदा नदी किनारे तंम्बू लगाकर मछलियों का शिकार कर रहे मछुआरे डूबने से बाल बाल बचे। अचानक इनके तंम्बू में पानी का तेज बहाव आने से जैसे ही इनकी नींद खुली तो सभी सहम गए। मछुआरे अनिल कुमारए जयपाल व बिल्ला निवासी लुधौनी ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 12 बजे उफनाई नदी का पानी उनके तंम्बू व आस पास आ गया। जिसको देख वह तीनों तैरकर किसी तरह पड़ोस में बने बंधे तक पहुचकर अपने आप को बचाने में कामयाब रहे। इस दौरान तीनों मछुआरे अपनी नाव व डूब चुके मछली पकड़ने वाले जालएकपड़े व अन्य सामान को पानी मे ही छोड़ना पड़ गया।

**क्या अधिकारियों ने ग्रामीणों को नहीं किया था अलर्ट:** बनबसा बांध से छोड़े गए लाखों क्युसेक पानी की जानकारी पाकर जिला अधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया के द्वारा पूरे जिले में हाई अलर्ट घोषित करने के बाद भी तहसील क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों ने गांव के ग्रामीणों को अलर्ट नहीं कर सके। जिसके चलते बनबसा बांध से छोड़ा गया लाखों क्युसेक पानी मंगलवार को देर रात क्षेत्रों में पहुचने के बावजूद भी बुधवार को ग्रामीण नाव पर सवार होकर नदी में चले गए जिसका खामियाजा ग्रामीणों को अपने एक साथी को गवाना पड़ गया।

## जिला पंचायत सदस्य सुरेश चंद्र पुष्कर को एमएलसी साहब ने अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**मितौली खीरी।** पिपरझला एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह ने बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। सोनू पटेल के मकान पर कल्लिया रामपुर में बैठक की बैठक में मौजूद भाजपा जिला पंचायत सदस्य सुरेश चंद्र पुष्कर को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में अपने वोटरों से भेंट वार्ता की एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह ने जिला पंचायत सदस्य सुरेश चंद्र पुष्कर के कार्यों की सराहना की। इसके बाद वह लखीमपुर खीरी मुस्तफाबाद के लिए रवाना हो गए। एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह को लखनऊ से सीतापुर काजी कमालपुर होकर लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद कबीरधाम को बाल्मीकि जयंती के महोत्सव में शामिल होना था। इसी बीच कल्लिया रामपुर में अपने मित्र मास्टर सोनू पटेल के मकान पर बैठक की। बैठक में मौजूद रहे भाजपा सेक्टर सह संयोजक रुपेश मिश्रा संगम सिंह विमल सिंह पिपरझला सचिन पटेल खंता राहुल पटेल सत्रोहन गौतम सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**निघासन-खीरी।** बीते दो दिन पूर्व शाहजहांपुर में न्यायालय परिसर में वकील की दिनदहाड़े गोली मारकर हुई हत्या को लेकर निघासन के वकीलों ने बैठक कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। बुधवार को तहसील अधिवक्ता संघ भवन में अध्यक्ष सुबोध कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई ।बैठक में बीते 18 अक्टूबर को जनपद शाहजहांपुर के न्यायालय परिसर में दिनदहाड़े गोली मारकर वकील भूपेंद्र सिंह की गई हत्या की घोर निंदा करतें हुए दु:ख जताया।और बैठक में लिए गए निर्णय के बाद अध्यक्ष सुबोध पांडेयए मंत्री सर्वेश मिश्रा के साथ वकीलों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम ओपी गुप्ता को सौंपा है।ज्ञापन के माध्यम से मांग करतें हुए कहा कि वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जायए मृतक वकील भूपेन्द्र सिंह के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता व एक आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाय।इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों के न्यायालय परिसर में असलहे लेकर प्रवेश करने वालों पर रोक लगाई जाय और प्रवेश से पहले जांच की व्यवस्था की जाय। इस दौरान वीपी रुहेला, रमेश शर्मा, दिनेश वर्मा, ब्रह्मप्रकाश, राकेश शुक्ला, युगुल किशोर, जितेंद्र सिंह, लव तिवारी, चन्द्रकेश, विवेक, भानुप्रताप, राकेश वैश्य व राजू गिरि सहित तमाम वकील मौजूद रहे।

# पानी की धारा में बहा रपटा पुल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**भीरा पलिया** शारदा नदी का रेलवे और यात्री पुल के बीच बांध टूट गया। शारदा नदी का पानी पलिया की तरफ जा रहा है। लगातार तीन दिनों से हो रही बरसात और बनबसा बैराज से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से पीलीभीत के ट्रांस शारदा क्षेत्र सहित लखीमपुर खीरी के संपूर्ण नगर पलिया भीरा में शारदा तथा सुहेली व मुहाना नदियों की पलिया शहर की चीनी मिल में लगभग 5 फुट से ऊपर पानी लबालब भर गया वही ढाखिन इंदिरा नगर सुभाषचन्द्र नगर कॉलोनी की सडको पर दो से तीन फिट पानी बह रहा है। इससे शहर के निचले इलाके तथा पलिया सहित देहात में बाढ़ के पानी ने पूरी तरह तबाही मचा रखी है। प्रशासन की सुविधाएं होने के बावजूद भी अनबोले पशु व जनता पूरी तरह से बाढ़ के पानी से पीड़ित है। वहीं दूसरी तरफ भीरा पलिया के मध्य कचनारा दौलतपुर के पास रेल लाइन से टकराकर पानी बह रहा है जिससे रेल लाइन को भी खतरा हो सकता है। वही रेल विभाग ने रेल लाइन की मरम्मत पर कर्मी तैनात कर रेल लाइन को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया है। यदि कहीं रेल लाइन के पास रेल ट्रैक को कोई नुकसान होता है तो तो भीरा थाना क्षेत्र के शारदा की तलहटी में बसे सैकड़ों गांवों के वजूद को बचाना बहुत बड़ी समस्या होगा।

## भाजपा नेता ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**पलिया कला खीरी।** क्षेत्र में बाढ़ ग्रस्त लोगों के बीच पानी में चलकर पहुंचे भाजपा नेता रवि गुप्ता शासन प्रशासन की तरफसे हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस संकट के समय में हम और हमारी पूरी सरकार सभी पलिया विधानसभा एवं क्षेत्र वासियों के साथ में है। कहा कि ईश्वर की कृपा वह सरकार की मदद से जल्द ही इस संकट से उभरेगा क्षेत्र लोगों को भोजन की व्यवस्था भी कराई जाएगी। जिलाधिकारी डाण्अरविंद कुमार चौरसिया ने पलिया प्रशासन को किया अलर्ट और लोगों से ऊंचे स्थान पर जाने को किया अपील। शारदा नदी उफान के चलते पलिया शहर मे 2 से 3 फिट पानी कपूर चौराहाए माल गोदाम रोडए गोल्डन फ्लावर स्कूल और सिंह पैलेस के आस.पास मेन रोड पर चल रहा है और शाम तक 1 से 2 फीट पानी और पहुंचने का अनुमान है। भीरा रोड पर अतरिया रेल क्रासिंग के आगे से शारदा पुल तक पानी का हो रहा है तेज बहाव। रास्ता पुर्ण रूप से हुवा बाधित पलिया शहर के गावँ अतरिया, श्रीनगर, सरखना सहित चीनी मिल कालोनी, रेलवे कॉलोनी व सुभाष नगर ढाकिन पूरी तरह से जलमग्न हो गई।

# विहिप ने सदर चौराहे पर आतंक का पुतला फूंका

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**विश्व हिंदू** परिषद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सदर चौराहे पर बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और हिंदुओं पर हो रहे आतंकवादी अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सदर चौराहे पर आतंक का पुतला दहन करके एक ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित सौंपा है।

जानकारी के अनुसार विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री हरिद्वार वाजपेई के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सदर चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए आतंक का पुतला दहन किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित उप जिला अधिकारी की उपस्थिति में एलआईयू इंस्पेक्टर को सौंपा है। सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर जिहादियों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हिंदू धर्म स्थलोंए पूजा पंडालों को तहस.नहस करने का काम किया जा रहा है। हिंदुओं को मारपीट कर प्रताड़ित किया जा रहा है। माताओं और बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ज्ञापन में भारत सरकार से अपील की गई है कि बांग्लादेश सरकार पर तत्काल दबाव बनाकर हिंदुओं के विरुद्ध इन दमनकारी कार्यों पर रोक लगवाने का काम करें। इस मौके पर बालकृष्ण गुप्ता, गोपाल कृष्ण शुक्ला, दिनेश तिवारी, डॉ सौरभ दीक्षित, अखिलेश योगी, अमित पांडे, राजन शुक्ला, आचार्य अवधेश मिश्र, अनुराग गुप्ता, आकाश अवस्थी, पिंटू मिश्रा, रामजी गुप्ता, अनुराग सिंह, अभिनव दीक्षित सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तपोभूमि के कण-कण में विराजमान हैं श्रीराम: डीएम

● धूमधाम से मनाई गई महर्षि बाल्मीकि की जयंती

संवाददाता। चित्रकूट



**आदिकवि महर्षि** वाल्मीकि की जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर लालापुर आश्रम में दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास, महर्षि बाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास, निर्मोही अखाड़ा के महंत शिवराम दास, नांदी हनुमान जी के महंत महेंद्र दास, बड़ा मठ के महंत वरुण प्रपन्नाचार्य, तुलसी गुफा के महंत मोहित दास तथा जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की उपस्थिति में विधिवत पूजन अर्चन के साथ आदिकवि बाल्मीकि की मूर्ति प्रतिष्ठा की गई।

बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि आज महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीक आदिकवि का प्रकटोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सौभाग्य की बात है कि हम उनकी तपोस्थली पर पहुंचकर दर्शन पूजन कर रहे हैं। वाल्मीकि आश्रम के महंत जी ने इस मंदिर की सुंदरता के लिए काफी बढ़ाने का कार्य किया है। इस पर्वत व आश्रम पर आकर सुखद की अनुभूति होती है। भगवान को पाना कठिन भी है और आसान भी है। भगवान विभिन्न रूपों में समय-समय पर आते हैं। भगवान की ही प्रेरणा से बाल्मीकि जी ने रामायण लिखी थी। इसी श्रंखला के आधार पर रामचरितमानस भी लिखी गई है। कहा कि हमें शिक्षक व गुरु अच्छे रास्तों पर चलने को बताते हैं। भगवान चारों तरफ जन-जन क्षण क्षण कण कण पर विराजमान है। उन्होंने कहा कि इस बाल्मीकि आश्रम का सरकारी विकास पर प्रशासन कटिबद्ध माननीय मुख्यमंत्री जी भी यहां पर आए और उन्होंने यहां का काफी विकास कराया है और आगे आने वाले समय में भी इस पवित्र क्षेत्र का विकास होगा।

**आप लोग इस स्थान की पवित्रता बनाए रखें:** दिगंबर अखाड़ा के महंत जगजीवन दास जी ने कहा कि आज महर्षि वाल्मीकि तपस्थली में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महर्षि बाल्मीकि जी ने ही श्री राम जी को चित्रकूट में निवास करने का आदेश दिया था। राजा दशरथ के पुत्र श्रीराम को अयोध्या में काफी सुविधाएं होने के बावजूद यहां पर वह आए इसमें बाल्मीकि जी ने कहा कि भगवान राम का अवतरण ही इस इस लोक को भय मुक्त बनाना था। भगवान श्री राम के पुत्र लव कुश का भी लालन-पालन इस तपस्थली पर हुआ। यहीं पर बाल्मीकि जी ने तपस्या किया और बाल्मीकि रामायण लिखी। महर्षि वाल्मीकि जी तुलसीदास जी के रूप में भी अवतण लेकर रामचरितमानस की रचना की है। बाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास ने बाल्मीकि तपोस्थली कि इस पर्वत श्रंखला में आए हुए सभी साधु संतों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह भगवान श्रीराम का मुख्य केंद्र बिंदु है। जब वह यहां पर 14 वर्ष के वनवास पर आए थे तो इसी मार्ग से चलकर चित्रकूट में उन्होंने समय बिताया और बाल्मीकि जी से उन्होंने आशीर्वाद लिया।

# राष्ट्रऋषि नानाजी के 105 वे जन्मदिवस पर त्रिदिवसीय शरदोत्सव का शुभारंभ

● लोक संगीत मांगणियार व गायक मनोज तिवारी के गायन ने अनूठी छटा विखेरी

संवाददाता। चित्रकूट


कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**दीनदयाल** शोध संस्थान एवं चित्रकूट क्षेत्र की जनता जनार्दन के सहयोग से शरद पूर्णिमा के अवसर पर पारम्परिक एवं समकालीन कलाओं पर केन्द्रित त्रिदिवसीय शरदोत्सव का आयोजन 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस का शुभारम्भ वर्चुअली रूप में यूट्यूब एवं फेसबुक लाइव के माध्यम से राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के 105वें जन्मदिवस शरद पूर्णिमा पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन के साथ विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर हुआ।

पारम्परिक नृत्य एवं गायिकी केन्द्रित समारोह शरदोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर कार्यक्रम की भूमिका दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन द्वारा रखी गई। उसके बाद प्रख्यात भोजपुरी गायक श्री मनोज तिवारी ने अपने भजन के माध्यम से मंच की कमान संभाली। शुभारम्भ बनारस की प्रसिद्ध संगीतमयी रामलीला से हुआ। बनारस की उस नृत्य नाटिका का नाम चित्रकूट ही था, जिसमें तीन नृत्य रूपों में भरतनाट्यम एवं कत्थक आदि के मिश्रण के साथ संगीतमय रामलीला का मंचन बनारस के कलाकारों द्वारा किया गया। उसके बाद राजस्थान का सुप्रसिद्ध मांगणियार गायन की प्रस्तुति रही। मरू भूमि का पारम्परिक एवं मीठा संगीत मांगणियार राजस्थान की एक जाति है जो भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आख्यानों को गाँव-गाँव जाकर गाते हैं और भिक्षा प्राप्त करते हैं।

प्रथम दिवस की सांस्कृतिक संध्या के दौरान जाने माने भजन गायक श्री मनोज तिवारी ने संचालन के साथ साथ अपने भोजपुरी अंदाज में गीतों की अनूठी छटा विखेरी। मनोज तिवारी ने कहा कि मुझे प्रत्यक्ष रूप में चित्रकूट में नाना जी से मिलकर उनका आशीर्वाद मिला था, आज उनके जन्मदिवस पर अपने शब्दों से उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी मौका मिल रहा है। उन्होंने अपने भजन कबीरा जब हम पैदा हुए, तब जग हंसे हम रोए! ऐसी करनी कर चलो कि हम हंसे जग रोए! चंदरिया जीनी रे जीनी, चदरिया जीनी रे जीनी भजन से नाना जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

प्रथम दिवस की सांस्कृतिक संध्या का आभार व्यक्त करते हुए दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि लोक संस्कृति, लोककलाओं और अन्य लोक विधाओं को सुरक्षित रखा जा सके इसी उद्देश्य से शरदोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस प्रयास में चित्रकूट क्षेत्र की जनता जनार्दन के सहयोग से दीनदयाल शोध संस्थान का यह आयोजन पारम्परिक सांस्कृतिक कलाओं को मंच प्रदान कर उसे गौरवान्वित कर क्षेत्रीय लोगों को आनंद और सुख प्रदान करते हुए सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का माध्यम है। '

शरदोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या को टीकमगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक पंडित पवन तिवारी की भजन संध्या तथा मयूर एवं कृष्ण गीत नृत्य की प्रस्तुति हुई। इस दौरान शरद पूर्णिमा एवं नाना जी के जन्म दिवस के अवसर पर खीर प्रसादी का भी वितरण किया गया।

# एएसपी ने लिया न्यायालय की सुरक्षा का गहन जायजा

संवाददाता। चित्रकूट


जायजा लेते अपर एसपी

**पुलिस अधीक्षक** धवल जायसवाल के निर्देश पर एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय ने जिला न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। राजापुर पुलिस ने तीन लोगों को भैंसों को क्रूरता पूर्वक ले जाते गिरफ्तार किया है। मऊ पुलिस ने चोरी के सिलेंडरों समेत तीन लोगों को दबोचा है।

बुधवार को एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय ने जिला न्यायालय में ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को चेककर मुश्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। उन्होंने डाग स्क्वायड व एलआईयू की संयुक्त टीम से न्यायालय परिसर में संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। जांच में प्रभारी न्यायालय सुरक्षा धर्मराज यादव, कोतवाल राजीव सिंह, प्रभारी एलआईयू आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में राजापुर थाना के दरोगा सूबेदार बिन्द की टीम ने अमन सिंह पुत्र रामबहादुर निवासी कालका रोड फतेहपुर, अकरम पुत्र शहीद निवासी फतेहपुर व महताब पुत्र निहालुद्दीन निवासी बाकरगंज फतेहपुर को यूपी 78एटी- 0428 वाहन में 18 अदद भैंस क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाते गिरफ्तार कर क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेजा है। मऊ थाने के थानाध्यक्ष गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस टीम ने गैस गोदाम में चोरी करने वाले अमितेन्द्र मिश्रा पुत्र सुन्दरलाल निवासी मऊ, अनिल पुत्र रमेशचन्द्र निवासी सुरौंधा, आशीष उर्फ भीम पुत्र मतई केवट व अनुराग उर्फ बड़्का पुत्र कुबेर केवट निवासी मटियारा को चोरी के 18 कामर्सियल भरे सिलेंडर समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# वकीलों ने हत्या के विरोध में जताया गहरा रोष

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगतनारायण पाण्डेय व सचिव मान सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र जिलाधिकारी को सौंपकर कहा कि शाहजहांपुर कोर्ट परिसर में भूपेन्द्र प्रताप सिंह एड की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इससे वकीलों में खासा रोष है। मृतक आश्रितों को पचास लाख रुपये व सरकारी नौकरी देने की मांग के साथ अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को असलहा लेकर कचहरी परिसर में प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। बुधवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगतनारायण पाण्डेय एड व सचिव मान सिंह एड ने सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र जिलाधिकारी को सौंपकर कहा कि शाहजहांपुर कोर्ट परिसर में भूपेन्द्र सिंह एड की गोली मारकर हत्या से वकीलों में रोष है। आये दिन वकीलों का उत्पीडन एवं हत्यायें हो रही हैं। बार एसोसिएशन ने बैठक कर कचहरी परिसर शाहजहांपुर में पुलिस की कार्यवाही पर रोष जताते हुए मुख्यमंत्री से मांग किया कि हत्या की जांच अपने स्तर से कराकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये। मृतक आश्रितों को पचास लाख रुपये व एक सरकारी नौकरी देकर अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को असलहा लेकर कचहरी परिसर में आने पर रोक लगाई जाये। इस मौके पर गया प्रसाद पाण्डेय एड, रुद्र प्रसाद मिश्र एड, निर्भयराम एड, रामप्रकाश मिश्र एड समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### महिया खास में बैंडबाजों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**जालौन (उरई)।** क्षेत्रीय ग्राम महिया खास में हुल्की माता मंदिर परिसर में होने वाले 11 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की शुरूआत बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुई। बैंड-बाजा के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा का गांव के विभिन्न मंदिरों से होकर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर समापन हुआ। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम महिया खास में हुल्की माता मंदिर परिसर में सात दिवसीय 11 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन महामंडलेश्वर निर्भयदास त्यागीजी महाराज के निर्देशन में किया जा रहा है। महायज्ञ की शुरूआत बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुई। यज्ञ स्थल परिसर में शुभ मुहूर्त में सैंकड़ों की संख्या में महिला, पुरूष भक्त एकत्रित हुए। मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से मंत्रोच्चार के बीच यजमानों ने कलश का पूजन किया। बाद में 251 महिलाओं ने कलश में जल भरकर उसे श्रद्धा के साथ सिर पर रखा। पीली साड़ी में महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए आगे बढ़ी तो भक्ति की बयार बहने लगी। बैंड बाजों की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर श्रृद्धालु झूम रहे थे। श्रृद्धालु 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो' नारे लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा गांव के चामुंडा मंदिर, पुराने मंदिर, शिव मंदिर समेत सभी मंदिरों से होकर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। पं. रमा शास्त्री ने कथा का प्रवचन किया। कलश यात्रा में सोनू सिकारवर, करुणा सेंगर, गायत्री सेंगर, प्रेमकुंवर, रेखा, मातेश्वरी आदि भक्तों ने भाग लिया।

### सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोग घायल हुए हैं, जिनमें पांच को ईलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। सड़क दुर्घटना में वारिस अहमद व हुसैन अली निवासी मौदहा बीती देर शाम बाइक द्वारा बड़े चौराहे की ओर से आ रहे थे, तभी बैंक ऑफबड़ौदा के समीप गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने पर बाइक सहित दोनों लोग सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें राहगीरों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरी घटना में राहुल निवासी फतेहपुर अपने रिश्तेदारी में मौदहा आया हुआ था और जब वह जाने के लिए निकला तभी मकरांव गांव के पास हाईवे किनारे बैठे अन्ना मवेशियों से टकरा जाने पर अपना संतुलन खो बैठा और सड़क पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे भी राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगली घटना में राजा बाबू निवासी बिवांर बीती देर रात बाइक से अपने गांव वापस लौट रहा था तभी शायर गांव के पास गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने से वह सड़क पर ही गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से सरकार में भर्ती कराया गया। इसी तरह अब्दुल वाहिद निवासी मौदहा बीती देर शाम अज्ञात वाहन से टकरा जाने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर आज दोपहर बाद मौदहा कपसा मार्ग के बजरंग धाम मंदिर के निकट दो बाइकें आमने सामने भिड़ गईं जिससे बाइक सवार 4 लोग घायल हो गए।

# रपटे में बहे युवक का चौबीस घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं


शव की खोजबीन करते पीएसी के जवान

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कस्बे से सटकर बह रहे बड़ेरी नाले का रपटा पार करते समय मंगलवार की शाम बहे युवक का बाढ़ राहत दल के जवानों व गोताखोरों द्वारा नाले के पानी में चौवीस घंटे तलाशने के बाद युवक का कोई पता नहीं चल सका है। उप जिला अधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मौके पर मौजूद रहे।नगर के छिमौली मार्ग स्थित कांशी राम कॉलोनी निवासी जहीर अहमद 34 वर्ष पुत्र सईद अहमद मंगलवार की शाम नगर बड़ेरी नाले का रास्ता पारकर अपने घर आ रहा था, तभी पानी के तेज बहाव के चलते वह संतुलन बिगड़ने से पानी में समा गया। आसपास मौजूद लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। इधर सूचना मिलने कोतवाली पुलिस पर तत्काल मौके पर पहुंच स्थानीय गोताखोरों की मदद से नाले के पानी में देर रात तक जहीर को तलशवाया जिसमें सफलता नहीं मिल सकी। बुधवार की सुबह उप जिला अधिकारी राजेश चौरसिया व पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह घटनास्थल पर पहुंच गये, जहां उन्होंने बाढ़ राहत दल के जवानों व गोताखोरों की मदद से नाले के पानी में जहीर तलाश शुरू करायी। फिलहाल बुधवार की शाम तक जहीर का कुछ पता नहीं चल सका है।

# बिना फिटनेस ही कई सालों से सड़कों पर फर्राटा भर रही हैं 113 रोडवेज की बसें

● एआरटीओ ने शासन को लिखा कड़ा पत्र, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा


विनोद शुक्ला। हमीरपुर

**हमीरपुर जिले** में राठ व हमीरपुर डिपों की डेढ़ सौ रोडवेज की बसों में 113 अनफिट बसे विना जांच के ही सड़क में फर्राटे भर रही है,जिससे न केवल प्रदूषण सेहत के लिये प्रदूषण बाट रही है बल्कि जीवन मौत से खिलवाड़ भी कर रही है। एआरटीओ ने इस मामले की लिखित जानकारी रोडवेज के प्रबंध निदेशक को दे दी है। परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी( एआरटीओ) प्रशासन आरपी सिंह ने बताया कि जिले में हमीरपुर व राठ रोडवेज डिपों में 150 बसो का बेड़ा है जिसमे राठ डिपो में 88 व हमीरपुर में 62 बसे संचालित है, शासनादेश के अनुसार जो रोडबेज बसे आठ साल के ऊपर रोड में चल चुकी है उनको फिटनेस प्रमाण पत्र एआरटीओ दफ्तर से हर साल लेना अनिवार्य होता है जो बसे आठ साल के नीचे है उनको फिटनेस दो साल में कराना अनिवार्य होता है एआरटीओ दफ्तर में आरआई अश्वनी पाल की नियुक्ति प्रदूषण को रोकने व वाहनों की फिटनेस को लेकर ही की गयी है ताकि वाहन प्रदूषण न फैला सके और उन्हे सड़क दुर्घटना से बचाया जा सके मगर हमीरपुर व राठ रोडवेज डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) विभाग को कई पत्र लिखने के बाद बसो को फिटनेस नही कराया है जिससे बसे सड़को में कच्चा धुआ फेककर न केवल प्रदूषण को बढ़ावा दे रही है बल्कि हर हमेशा सड़क दुर्घटना का भय रहता है। एआरटीओ ने बताया कि इस मामले की जानकारी दो मर्तवा हमीरपुर के एआरएम अकील अहमद खान व राठ डिपो के एआरएम के साथ साथ विभागीय एमडी को भी दे चुके है, मगर रोडवेज के एआरएम के कानों में कोई जू नही रेग रहा है। यही कारण है कि इन दिनों रोडवेज बसो का सड़क दुर्घटनाएं की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। मजे की बात तो यह है कि फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर सड़को पर दौड रही रोडवेज बसों के लिये आज तक विभाग के किसी उच्चाधिकारी ने भी कोई चिंता नही की है जिससे मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि रोडवेज बसों ने कोरोना काल में प्रवासियो को गैर प्रांत से लाने में एक अहम भूमिका निभायी थी लिहाजा उच्चाधिकारियों ने विभाग पर कोई शिकंजा नही कसा है मगर अभी तक मामला लंबित होने पर फिर चर्चा में आ गया है।

**क्या कहते है हमीरपुर व राठ डिपो के एआरएम:** इस मामले में हमीरपुर डिपो के एआरएम अकील अहमद खान का कहना है कि कोरोना काल के कारण बसों की फिटनेस नही हो पायी थी अब कार्यवाही शुरु कर दी गयी है। अभिलेख तैयार कराये जा रहे है बहुत जल्द ही बसो का फिटनेस करा लिया जायेगा। वही राठ डिपो के एआरएम राजकुमार का कहनाहै कि उनके डिपो में 88 बसो का बेड़ा है जिसमे आधी बसों का चालान ट्राफिक पुलिस ने यातायात उल्लंघन मे कर दिया है इन बसों का चालान निकलवाकर पैसा जमा कराया जा रहा है वही कई बसो का एसएलडी की बैध्यता समाप्त हो गयी है उसकी भी कार्यवाही पूरी की जा रही है जैसे ही यह कार्यवाही पूरी हो जायेगी वैसे ही बसों का फिटनेस करा लिया जायेगा। विभागीय कर्मी कार्यवाही के लिये पूरी कोशिश से लगे है।

# अमन हत्याकांड ने पकड़ा तूल परिजन सड़क पर मांग रहे इंसाफ





**बांदा।** जनपद में अमन हत्याकांड विकराल रूप लेता जा रहा है पुलिस का रवैया ठीक ना होने के कारण अब यह घटना जन आंदोलन का रूप ले रही है। आज सैकड़ों लोग नाबालिका मृतक की मां के साथ अशोक लाट चौराहे से प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी बांदा के पास पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन दिया उसमें सिविल पुलिस से विश्वास उठने की बात कही और कहा कि इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। आरोप लगाया गया कि स्थानीय पुलिस और कुछ सत्ताधारी पक्ष के सफेदपोश भी मिले हुए हैं। अमन त्रिपाठी की मौत का मामला जन आंदोलन में बदलाए अमन की मां सैकड़ों लोगों के साथ अपने बेटे को न्याय दिलाने के लिए पहुंची जिलाधिकारी कार्यालयए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपाए 13वर्षीय अमन की मां ने कहा बांदा पुलिस पर नहीं है उन्हें भरोसाए उच्च स्तरीय जांच की मांग कीए लगातार मिल रही धमकियों से भयभीत है पीड़ित परिवारण जनपद में कानून व्यवस्था एकदम ध्वस्त हो चुकी है कोई भी किसी तरह का न्याय मिलने की उम्मीद इस परिवार को नहीं है क्योंकि कातिल बहुत ही पावरफुल है 11 तारीख की घटना आज 19 तारीख हो गई पुलिस के शहर कोतवाल अन्य अधिकारी गण यह सुनने को तैयार ही नहीं है कि यह कत्ल है उनका कहना है कि यह मात्र आत्महत्या है जबकि 11 तारीख को कातिलों ने अपने बर्थडे पार्टी पर अमन को बुलाया था और प्लानिंग के तहत उसे पहले शराब वगैरह पिलाकर चेहरे पर तेजाब डालकर चलाया फिर उसका कत्ल किया फिर उसे नदी पर फेंक दीया और उसका मोबाइल स्विच ऑफ करके झील के पुरवा के पास फेंक दिया मोटरसाइकिल कहीं खड़ी कर दी फिर बड़े आश्चर्य की बात है कपड़े दीपू ढाबा अतर्रा रोड पर फेंकी गई और उसके बाद इन सभी कातिलों ने दीप ढाबे में खाना भी खाया यह सब देखने के बाद भी पुलिस के मानने को तैयार नहीं की कत्ल हुआ है कब लोगों ने किया है आज भी अज्ञात में वह मुकदमा लिखे थे लेकिन परिजन और ब्राह्मण समाज ने आईजी चित्रकूट धाम मंडल के सत्यनारायण को एक प्रार्थना पत्र देकर पुलिस की अत्याचार का उल्लेख किया जिस पर आज थाना कोतवाली ने मृतक की मां को जबरदस्त तरीके से धमकाया जिसका वीडियो उन्हीं के परिजनों ने बनाया और हीला हवाली करते हुए प्रभारी ने धारा 302 तब्दील कर दिया मानो बच्चों के लापता होने के बाद लेकिन कातिलों को फिर तो छोड़ दिया और कहा कि कोई साथ अभी उपलब्ध नहीं है यह कातिल नहीं है जब समुचित साक्स आएंगे तब कातिलों को आदर सम्मान के साथ जेल भेजा जाएगा।

# बांदा में चल रहा धर्म परिवर्तन का खेल

● हिंदू लड़के को मुसलमान बना करा दी शादी

संवाददाता। बांदा



**उत्तर प्रदेश** के बांदा में धर्म परिवर्तन का कार्य जोरों से चल रहा है बांदा सिटी में एक हिंदू परिवार के लड़के को मुसलमान धर्म स्वीकार करा कर मुस्लिम लड़की से शादी करने का मामला सामने आया है पुलिस अधीक्षक बांदा के पास पप्पू सैनी नाम के व्यक्ति ने एक प्रार्थना पत्र दिया है उसने बताया है कि मेरे पुत्र विवेक सैनी को किस तरह से बहला.फुसला कर मुस्लिम धर्म स्वीकार करा कर शादी करा ली है और उसका नाम मोह मद राजू रख दिया है यहां पर इस कार्य को एक वकील द्वारा किया जाता है वही सारे कागजात तैयार करता है शादी का कार्ड छप आता है और काजी का भी इंतजाम करता है रजिस्ट्रेशन का नंबर भी देता है इसका रजिस्ट्रेशन नंबर 89 आप लेकिन 91 हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सनी जलालपुर में भी लगभग एक दर्जन परिवार के लोगों को मुस्लिम धर्म स्वीकार करा दिया है क्योंकि यह हथौरा मदरसे के ठीक बगल में है वहां भी ऐसी जानकारी आई है कि एक व्यक्ति है जिसे मुस्लिम धर्म स्वीकार कराने हेतु दबाव बनाया जा रहा है और उसके उसी गांव में कई साथी मुस्लिम धर्म स्वीकार कर चुके हैं अपना नाम बदल चुके हैं धर्म परिवर्तन कर चुके हैं। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष श्री बेदी जी ने लालपुर छनेरा पहुंचकर जिस व्यक्ति को जबरदस्ती मुस्लिम बनाने का दबाव बना रहे मौलवी को थाना देहात कोतवाली ने आज गिर तार कर लिया इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद की टीम दल बल के साथ और प्रशासन के साथ उस गांव में पहुंची एक हिंदू परिवार को 10 वर्ष पहले मुस्लिम धर्म स्वीकार कराया गया था और भी कई दर्जन लोग मुस्लिम धर्म स्वीकार कर चुके हैं पलानी तहसील मे निषाद परिवार के डॉक्टर मोतीलाल ने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया है और वह दिल्ली में ओखला एरिया में मुस्लिम धर्म के लिए कार्य करते हैं तमाम लोगों को मोटिवेट करते रहते हैं अपने परिजनों को भी मुस्लिम धर्म प्रकार कराते रहते हैं धर्म परिवर्तन के लिए इन्होंने देहात कोतवाली रोड पर एक आश्रम बना रखा है जहां पर लोगों को कुरान के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें मुस्लिम धर्म स्वीकार करने हेतु लालच दिया जाता जय हिंदी में कुरान छुपा कर लोगों को तक पहुंचाते हैं गांव में काफी इसका तेजी से प्रचार.प्रसार चल रहा है सुखी विदेशों से जो फंडिंग होती है गरीब हिंदू परिवारों को लालच देकर कुछ धन देकर धर्म स्वीकार कराने का कार्य किया जा रहा है और फिर अपने अन्य कार्य कराए जाते हैं। यह पहले हिन्दू था लेकिन शादी के बाद गनी बन गया अर्थात मुसलमान हो गया जब की मां आज भी हिन्दू है।

## साथी की हत्या पर अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार

**जालौन ( उरई )।** अधिवक्ताओं की सुरक्षा को बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोशियन ने कार्य बहिष्कार किया तथा अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र देकर सुरक्षा की मांग की है। बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसियेशन के महासचिव भूपेंद्र कुमार लिटौरिया ने अपने साथी अधिवक्ताओं के एसडीएम अशोक कुमार को राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र सौंपा। जिसमें विधि व्यवसायी अधिवक्ता बन्धुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने हेतु एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाने की मांग के साथ शाहजहांपुर न्यायालय परिसर में हुई घटना की घोर निन्दा की। अधिवक्ताओं ने मृतक अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह के परिजनों को शासन से 50 लाख रुपए मुवायजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की भी मांग की इस मौके पर उमेश चन्द्र दीक्षित, योगेश चन्द्र त्रिपाठी , संतोष कुमार यादव, जेपी श्रीवास्तव, सलीम बेग मिर्जा, राघवेन्द्र सिंह निरंजन, शैलेन्द्र श्रीवास्तव एड, बृजमोहन कुशवाहा, प्रदीप कुमार सक्सेना, हर्षित राय उपस्थित रहे।

# घर में घुसा मगरमच्छ

● पुलिस व वन विभाग ने पकड़ा



**कोटरा (जालौन)।** मंगलवार की रात्रि में बस्ती के समीप डैम से निकलकर एक मगरमच्छ बस्ती में आ पहुंचा जहां लोगों ने जैसे ही मगरमच्छ को देखा तो लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में लोगों ने उसे पकड़कर बांध लिया। लेकिन मगरमच्छ रस्सी के बंधनों तो तोड़कर एक व्यक्ति के घर में घुस गया। घटना की जानकारी रात्रि में ही लोगों ने थाना पुलिस के साथ ही वन विभाग को दी गयी। जिस पर प्रात: 6 बजे वन विभाग की टीम कस्बा कोटरा के मोहल्ला नरसिंह निवासी नगर पंचायत सदस्य मान सिंह यादव के घर में घुसे मगरमच्छ को काफी प्रयास के बाद पकड़कर बांध लिया बाद में नगर पंचायत की गाड़ी में लादकर अपने साथ ले गयी। बस्ती में मगरमच्छ घुसने से पूरी रात्रि मोहल्ले में हड़कंप मचा रहा। इससे पूर्व मगरमच्छ कई बेजुवानों को अपना शिकार बना चुके हैं। लेकिन अभी तक किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। लोगों का कहना था बस्ती के समीप डैम में कई और मगरमच्छ काफी समय से अपना आशियाना बनाये हुये हैं। जिससे बस्ती के लोगों में डर का माहौल बना रहता है।

# झूठ के नाव पर सवार हैं प्रियंका: दिनेश

**संवाददाता।** रायबरेली



**एमएलसी दिनेश** प्रताप सिंह ने जिला पंचायत में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रियंका वाड्रा द्वारा प्रेस वार्ता करके विधानसभा में महिलाओं को 40 प्रतिशत हिस्सेदारी देने की बात कह कर सस्ती लोकप्रियता पाने की घोषणा की है जिसकी मैं दिना करता हूँ। यदि श्रीमती वाड्रा सचमुच महिलाओं को उनका हक देना चाहती है तो खुद श्रीमती प्रियंका वाड्रा को चाहिए कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद या उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद गांधी परिवार से बाहर किसी महिला को बना कर दिखाये। निष्चित तौर पर उत्तर प्रदेष की आधी आबादी उनकी बात पर यकीन कर सकती है। देश में कांग्रेस के कितने प्रदेष अध्यक्ष महिलाये है। देष के जिन प्रांतो में कांग्रेस की सरकार है वहाॅ कितनी महिलाओं को मुख्यमंत्री बनाया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली सहित उत्तर प्रदेष के 75 जनपदों में कितने महिला अध्यक्ष कांग्रेस की है। यदि इन महिलाओं को भागेदारी नहीं दे सकती है तो महिलाओं को 40 प्रतिषत आरक्षण देना एक पुलिंदा मात्र है।विधानसभा के चुनाव में पूरा उत्तर प्रदेश इनके झूठ से परिचित हो जायेगा। जिस प्रकार से प्रेस वार्ता में झूठ बोला कि महिलाओं को 40 प्रतिषत टिकट देंगे। एमएलसी ने कहा कि इसी प्रकार बनारस में प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि नवरात्र के चौथे दिन का व्रत है। इस तरह के झूठ की नाव पर सवार होकर प्रियंका गांधी को कभी मंजिल नहीं मिल सकती।

## महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार ने जयंती मनाई

**महाराजगंज रायबरेली।।** कस्बा स्थित महावीर स्टेट महराजगंज में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार ने उनकी जयंती मनाई प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने महर्षि वाल्मीकि के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि प्राचीन काल से ही भारत में योगी तथा ज्ञानी ऋषि-मुनियों का डेरा रहा है, महापुरुषों ने अपने ज्ञान तथा विद्या से लोगों में संस्कृति को जीवित रखा जो आज भी समाज में अलौकिक स्थान प्राप्त करता है, महर्षि बनने के पूर्व इनका नाम रत्नाकर था इनका जन्म तो ऋषि कुल में हुआ था बाल्यावस्था में एक भीलनी उठा ले गई थी अत: इनका पालन-पोषण जंगल में रहने वाली जाति में हुआ यह अपने परिवार के पालन पोषण हेतु लोगों को लूटते थे एक बार नारद मुनि जंगल में मिले उन्हें रत्नाकर ने बंदी बनाया नारद जी ने पूछा कि यह पाप कर्म आप करते हो क्या इसमें आपका परिवार भी भागीदार है, परिवार के पाप कर्म में भागीदार ना होने से इन्हें अपने किए पर पछतावा हुआ तथा इन्होंने ईश्वर भक्ति करने का मन बनाया घोर तप किया उनके शरीर में दीमक ने बांबी बना ली जिससे इनका नाम वाल्मीकि पड़ा ईश्वर की प्रेरणा से इन्होंने भगवान राम के चरित्र को रामायण महाकाव्य संस्कृत में रचना की इन्हे संस्कृत के प्रथम श्लोक निर्माता भी कहा जाता है, इस मौके पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यालय स्टाफमौजूद रहा।

# खाद न मिलने से किसानों के सामने खड़ा हुआ संकट, कैसे करें फसलों की बुवाई

**संवाददाता।** लालगंज रायबरेली

● सरकार की गलत नीतियों व कालाबाजारी के चलते बाजार से गायब हुई डीएपी

**सरकार के** लाख दावों के बावजूद किसानो को खाद नही मिल पा रही है। बुआई के समय सरकारी समितियों से गायब खाद को लेकर किसान परेषान है। निजी दुकानो में भी खाद की उपलब्धता न होने से फसलो की बुआई पर संकट खड़ा हो गया है। अनेक समस्याओं से ग्रसित किसानो के लिये खाद को लेकर एक बडा संकट खडा हो गया है। बारिस से चौपट हुई फसलो से किसान अभी उबर ही नही पाये थे कि खाद को लेकर एक नयी समस्या उतपन्न हो गई। क्षेत्र की सभी सरकारी समितियों से खाद गायब है। अधिकांष निजी दुकानो में खाद नही है। जिनके पास उपलब्ध है वे मंहगी दामों पर चोरी छिपे बेच रहे है। खाद न होने व कालाबाजारी से किसान पस्त हो गया है। तिलहन के साथ गेंहू की बुआई का समय नजदीक आ गया है। लेकिन डीएपी समेंत अन्य आवष्यक खाद बाजार से गायब है। इस सम्बन्ध में किसान धनेंष प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार फसलो की बुआई के समय पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने का दावा करती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग ही रहती है। खाद के लिये किसान हर बार परेषान रहता है। दिनभर घूमने व क्षेत्र की दुकानो के चक्कर काटने के बाद भी खाद नही मिल पा रही है। बेहंटा कलां गांव के किसान अंनत विजय सिंह ने बताया कि सरकार की नीतियां ही किसान के खिलाफ है। किसानो के अनाज की कीमत नही बढ रही जबकि खाद व अन्य खेतोपयोगी सामानो की कीमतो में लगातार इजाफा किया जा रहा है। जिससे किसानो की कमर टूटती जा रही है। किसान अपनी लागत का भी सामान नही नही उपजा पा रहे है। यदि यही हाल रहा तो किसानो के खेत बिना बोआई के ही रह जायेगे। क्षेत्रीय किसानो ने सरकार से समितियों में अविलम्ब खाद उपलब्ध कराने की अपील की है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अमेठी में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

● मन्दिरों में आयोजित हुआ रामायण पाठ और भजन-कीर्तन

**संवाददाता।** अमेठी



वाल्मीकि जयंती पर भजन कीर्तन

**शासन के** निर्देशानुसार आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकी जी की जयन्ती जनपद में भव्य रूप में मनाई गई। इस अवसर जनपद में कई आयोजन किये गए। श्रीरामए हनुमान जी के मंदिरों में दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ ही रामायण का पाठ हुआ। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि थे उन्होंने विश्व प्रसिद्ध कालजई कृति रामायण महाकाव्य की रचना श्री राम के जीवन काल में की जो विश्व के आदि ग्रंथ के रूप में आज भी पूज्यनीय है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्योंए मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्योंए सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार. प्रसार व जन सामान्य को इससे जोड़ने के लिए महर्षि वाल्मीकिए श्री रामए हनुमान जी से संबंधित मंदिरों पर दीप प्रज्वलनए दीपदान के साथ साथ अनवरत 8 घंटेए12 घंटेए 24 घंटे का वाल्मीकि रामायण का पाठ कराया गया हैए उन्होंने बताया कि जनपद में हनुमान मंदिर उल्टा गढ़ा माफी श्री राम जानकी मंदिर सब्जी मंडी मुसाफिरखानाए श्री राम मंदिर इंडोगल्फए हनुमानगढ़ी रामगंजए भरतगंज थाना पीपरपुरए देवीपाटन मंदिर कस्बा अमेठीए हनुमानगढ़ी तिलोई सहित अन्य मंदिरों में बाल्मीकि रामायण का पाठ कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के चयनित मंदिरों पर नोडल अधिकारियों को नामित कर ड्यूटी लगाई गई है तथा जनपद के प्रत्येक तहसीलों में चयनित मंदिरों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

# राम विलाप देख भावुक हुए दर्शक

**संवाददाता।** तिलोई अमेठी

**तिलोई ब्लाक** क्षेत्र के सेमरौता गांव का दशहरा अपने आप मे विशेष महत्व रखता है जहाँ गांव के ग्रामीणों द्वारा राम लीला का मनमोहक मंचन किया जाता है।दूर दूर से लोग इस दशहरा मेले का आनंद उठाने के लिए आते है ।

इस दशहरा मेले का अपना एक ऐतिहासिक महत्व भी है लगभग 80 वर्ष पुराने इस मेले के सभी पात्रों का चयन गांव के प्रतिभावान युवाओं द्वारा ही मंचन होता है।लीला की शुरुआत सीताहरण से होकर रावण बध पर समाप्त होती है जिसमे राम रावण युद्ध मेघनाद लक्ष्मण युद्ध एवम मेघनाद द्वारा लक्ष्मण को शक्ति बाण मार कर मूर्छित कर देने की लीला का मनमोहक एवम सजीव वर्णन प्रस्तुत किया जाता है ।लक्ष्मण मूर्छा के दौरान हनुमानजी द्वारा लंका से सुषेण बैद्य को लेकर आना एवम उनके परामर्श पर हिमालय पर्वत पर बूटी लाने जाना जैसी लीला की



रामलीला का मंचन करते हुए कलाकार

मनमोहक प्रस्तुति से लोग मंत्र मुग्ध हो जाते है।इस अवसर पर जानकी बाजपेई देवी शरण कल्लू यादव लोले बाजपेई वेद प्रकाश सीता शरण सुशील पांडेय शिव शंकर गुप्ता गोपी बाजपेयी हिमांशु एबाल कृष्ण त्रिपाठी शिवम शुभम दुर्गेश पाल कर्ण कुमार बाजपेई मनीष बाजपेई घिसियावन यादव आदि ने मेले में पात्रों का अभिनय किया एवम दूर दराज से आये जन समुदाय ने मेले का लुत्फ उठाया।

## डिवाइडर से टकराई कार, ड्राइवर समेत छह घायल

**बछरावां रायबरेली** । गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के छह लोग उस वक्त हादसे का शिकार हो गए जब उनकी मारुति इर्टिगा कार डीएल2 सी ए वी9758 बाइक सवार को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गई कार में सवार छह लोगों शबनम पांडे पत्नी गौरव पांडे (35 वर्ष), नीलम मिश्रा पत्नी मोहन मिश्रा, शिवानी मिश्रा पुत्री मोहन, शुभ पुत्र गौरव पांडे, राधा कृष्ण पांडे तथा डॉ0 पीयूष कौल में से तीन की हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया तथा शेष तीन को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार सवार परिवार रायबरेली में किसी गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। तभी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदनगंज और शेरी के बीच में एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई ।

## क्विक न्यूज

### हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र भेजे शांति सेना: विहिप

**श्रावस्ती।** इकौना . विहिप कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश मे हो रहे हिन्दुओ के नरसंहार को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ को हस्तक्षेप हस्त्रक्षेप करने को कहा है। विहिप ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौपकर मांग की है कि बांग्लादेश मे हिन्दू अल्पसं यक की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ से शांति सेना भेजने की मांग रखी है। बांग्लादेश में पूजा पंडालों मे हमला कर मूर्तियों को तोड़ना महिलाओं पर अत्याचार हिंदुओं की लगातार हो रही हत्या को लेकर विहिप के विभाग मंत्री अजय जायसवाल ने कहा कि हमारा हिन्दू समाज बहुत आहत है। बांग्लादेश के इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचारों की तुलना केवल नाजियों की बर्बरता से की है। कोषाध्यक्ष संजय आर्य ने कहा कि विहिप भारत सरकार से अपील करती है कि वह बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर हिंदुओ की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस मुद्दे को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं ने एसडीएम आरण् पीण् चौधरी को पांच सूत्रीये ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर सतेश्वर तिवारी अजय वर्मा जीतेंद्र सोनी अरुण कांथ्रा प्रमोद जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### शाहजहांपुर में वकील की हत्या को लेकर आक्रोशित अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे विरत

**श्रावस्ती।** इकौना . इकौना तहसील में बुधवार को अधिवक्ता संघ शाहजहांपुर के न्यायालय परिसर मे दिनदहाड़े हुई वकील की हत्या से आहत सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने मु यमंत्री उत्तर प्रदेश को को ज्ञापन भेज एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र ने तहसील परिसर मे वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि वकील न्याय प्रक्रिया का अभिन्न अंग है लेकिन सुरक्षा के अभाव मे प्रायः अराजक तत्वों के हमलों का शिकार बन जाता है। महामंत्री श्रीधर द्विवेदी ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की अधिवक्ताओं ने मु यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम इकौना आर पी चौधरी को सौंपा जिसमे वकीलों व उनके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष कानून बनाने की मांग की गयी है। इस मौके पर राम कुमार शुक्ला ए पी मिश्र हुकुम चंद्र त्रिपाठी संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिविर लगाकर वितरित किया तिलहन बीज

**तिलोई अमेठी** । भारत सरकार कृषि विभाग द्वारा तिलहन सरसों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को नि:शुल्क बीज वितरण का किया है।सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के चिलौली गांव में कृषि विभाग द्वारा किसानों को नि:शुल्क तिलहन बीज सरसों का वितरण किया गया। सिंहपुर राजकीय बीज भंडार प्रभारी डा पवन वर्मा एवम जनपदीय सलाहकार खाद्य सुरक्षा मिशन अशोक कुमार दुबे ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत किसानों को सरसो मिनी कीट वितरण करते हुए कहा कि किसानों को तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा नि:शुल्क बीज वितरण किया गया है। इस मौके पर प्रगतिशील किसान राम कुमार मिश्रा शिवकरन त्रिवेदी अनन्त कुमार पाण्डेय राजेन्द्र पाण्डेय त्रिभुवन दत्त त्रिवेदी ग्रामप्रधान शंकर देव साहू इत्यादि किसान मौजूद रहे।

### न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में महर्षि बाल्मीकि की जयंती मनाई गई



**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में आदिकवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी सहित हेड मिस्ट्रेस अग्रवाल एवं सभी षिक्षक-षिक्षिकाओं ने महान तपस्वी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण किये। इस मौके पर विद्यालय उद्यान को ही महर्षि बाल्मीकि की तपस्थली का रूप दिया गया। यह सम्पूर्ण झांकी इतनी आकर्षक एवं मनमोहक थी कि देखने वाले लोग भी एकटक देखते रह गये। झांकी को आकर्षक रूप देने में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, अजय मिश्रा, सुप्रिया अवस्थी, पूनम सिंह एवं सृष्टि पान्डया ने अहम भूमिका निभाई। विराट यादव कक्षा 5 को महर्षि बाल्मीकि का जीवन्त रूप दिया गया। विद्यालय की हिन्दी षिक्षिका साधना मिश्रा जी ने बच्चों को महर्षि के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंग सुनाए।जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने बच्चों के लिए अपने सम्बोधन में कहा कि महापुरूषों की जयंती या त्योहारों के सेलिब्रेषन हमें उनके सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ-साथ प्रेरणा भी देते है। बाल्मीकि रचित रामायण जीवन-दर्षन है। यह पारिवारिक सम्बन्धों के अतिरिक्त धर्म, राजनीति तथा कर्तव्यों का बोध कराती है। आप सभी को बाल्मीकि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के नितिन सिंह, मायाकान्त दीक्षित, प्रमान्षु श्रीवास्तव, रमाषंकरपाठक, आदित्य मिश्रा सहित अन्य षिक्षक-षिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गाँजा और अवैध शस्त्र सहित दो शातिर अपराधी गिरफ्तार'

**छतोह,रायबरेली।** थाना क्षेत्र में शान्ति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये सक्रिय नसीराबाद थाने के उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम दास मय हमराही का.चन्द्रकान्त, का. ज्ञानेन्द्र सिंह और का.त्रिलोक चन्द्र बुधवार की सुबह गतिशील थे।वाहन चेकिंग के दौरान उन्होंने दो शातिर अपराधियों को 700 ग्राम गाँजा तथा अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस द्वारा दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को संबंधित धाराओं के तहत जेल भेज दिया गयाबुधवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे नसीराबाद कस्बे की लाला बाजार में पूरे सेवकी मोड़ के समीप पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी तभी वहाँ दो युवक अपने वाहन से पहुँचे।पुलिस के रोकने पर वे भागने लगे लेकिन पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को दबोच लियाजामा तलाशी पर पुलिस ने पकड़े गए नफीस उर्फ लाखन पुत्र सिराज निवासी ग्राम चकताहिरपुर मजरे बेंहटा मुर्तुजा, कोतवाली जायस, जनपद अमेठी के पास से 700 ग्राम अवैध गाँजा व दूसरे अभियुक्त सुशील पासी पुत्र छत्रपाल, निवासी पूरे दुकान मजरे बेढौना, थाना नसीराबाद के पास से 01 अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया।दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी नसीराबाद दयानन्द तिवारी ने बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नसीराबाद में कई अपराधिक मामले पहले से भी दर्ज हैं।

# बछरावां के ऐतिहासिक दशहरा मेले में हुआ रावण दहन

● असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक

**संवाददाता।** बछरावां रायबरेली




**असत्य पर** सत्य की जीत का प्रतीक बछरावां का ऐतिहासिक 87 वां दशहरा मेला में राम लीला के मंचन के पश्चात रामचंद्र जी ने रावण दहन किया। उक्त दशहरा मेले में कमेटी अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्रबंधक शशीकांत मिश्रा ने अपनी देखरेख में कार्य संपादित कराए। नगर के सभी सभासद मेला कमेटी में मंत्री हैं उन्होंने भी अपना पूरा सहयोग दिया। बछरावां का मेला अपनी ऐतिहासिक विरासत व लोक कला को संजोए हुए है। न्यू हिंदू मुस्लिम रामलीला कमेटी के डायरेक्टर मोहम्मद आलिम के निर्देशन में कलाकार अपनी अभिनय का प्रदर्शन करते हैं। यहां पर अभिनय का प्रबंधन न्यू हिंदू मुस्लिम रामलीला अभिनय कमेटी के प्रबंधक सतीश सिंह उर्फ गुरुजी के द्वारा होता है जो पूर्ण रूप से तत्परता से अपना काम करते हैं वही अध्यक्ष दुर्गेश शुक्ला द्वारा मंचन का प्रबंध किया जाता है। यहां के ही नागरिक मेले के अभिनय में हिस्सा लेते हैं। रावण दहन के समय उपजिलाधिकारी सविता यादव व क्षेत्राधिकारी महाराजगंज मौजूद रहे। विशेषता यह मेला भी रेलवे लाइन के किनारे लगता है लेकिन बहुत सावधानी से पुलिस प्रशासन ने बरती कोई भी रेलवे लाइन पर नहीं था। मेले में अभिनय व रावण दहन के पश्चात नगर परिसर में राम, लक्ष्मण, सीता भरत शत्रुघ्न व हनुमान जी की आकर्षक व सुंदर झांकी निकाली गई। जिसका नगर के मुख्य मार्गों में बारात का स्वागत निम्न स्थानों पर किया गया। वार्ड नंबर 9 तरबूज मंडी में बारात का स्वागत दशहरा मेला कमेटी के मंत्री एवं वार्ड सभासद शकील मंसूरी द्वारा किया गया। वार्ड नंबर 6 अखिलेश मिश्रा की दुकान के पास दशहरा मेला कमेटी के मंत्री एवं वार्ड सभासद राम किशोर चौधरी द्वारा बारात का स्वागत किया गया। वार्ड नंबर 3 पवित्र राजा देवन स्थल पर दशहरा मेला कमेटी के मंत्री एवं वार्ड सभासद ज्ञान सिंह द्वारा बारात का स्वागत किया गया। वार्ड नंबर 4 कूटी चौराहे पर दशहरा मेला कमेटी के मंत्री एवं वार्ड सभासद सतीश पासवान द्वारा बारात का स्वागत किया गया। वार्ड नंबर 9 ननकऊ होटल के सामने दशहरा मेला कमेटी के प्रबंधक शशिकांत मिश्रा द्वारा बारात का स्वागत किया गया। गुड मंडी वार्ड नंबर 11 में न्यू हिंदू मुस्लिम रामलीला अभिनय कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भूमंडल शुक्ला द्वारा बारात का स्वागत किया गया। वार्ड नंबर 8 आदि नगर लखनऊ रोड पर दशहरा मेला कमेटी के मंत्री एवं वार्ड सभासद सुधीर सिंह द्वारा बारात का स्वागत किया गया वार्ड नंबर 5 बुद्ध प्रतिमा तिराहे लखनऊ रोड पर दशहरा मेला कमेटी के मंत्री एवं वार्ड सभासद कुंवर वीरभान सिंह द्वारा बारात का स्वागत किया गया। बछरावां का ऐतिहासिक दशहरा मेला विजयदशमी के दिन ना होकर शरद पूर्णिमा के दिन ही होता है इसका भी अपना एक इतिहास है क्षेत्र कि हजारों की संख्या में जनता मेले का लुफ्त उठाने के लिए मौजूद रहती है पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी की वजह से सकुशल रावण दहन झांकी निकाली गई

## दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**लालगंज रायबरेली।** एक सप्ताह पूर्व दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनो ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर आवष्यक कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है। डलमऊ थाना क्षेत्र के खपुरा ताल निवासी दयाराम 62 पुत्र अध्योध्या बीती 13 अक्टूबर को अपनी पुत्री की ससुराल बरस गांव जा रहा था तभी रायबरेली मार्ग को पार करते समय अनियंत्रित लोडर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। आनन-फानन उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। कई दिनो के इलाज के बाद भी उसकी हालत में सुधार न होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। कई दिनो तक लखनऊ में इलाज के बाद भी तबियत में सुधार नही मिलने पर परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# भाजपा सरकार में किसान, नौजवान और आमजन हैं परेशान: रत्ना पाण्डेय

## कांग्रेस नेत्री ने पूरे डिहवा में खोला जनसम्पर्क कार्यालय, चलाएंगी अभियान

**संवाददाता।** लालगंज रायबरेली

**केंद्र व प्रदेष** सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई अपने चरम पर है। आमजनमानस को दो जून की रोटी के लाले पड रहे है लेकिन सरकार आंखो में पट्टी बांधकर लोगो को लूटने का कार्य कर रही है। पूरे डिहवा मजरे दतौली गांव में कांग्रेस कार्यकत्री रत्ना पाण्डेय ने अपने कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर उक्त विचार प्रकट करते हुए कहा कि जिस प्रकार चुनावो में भाजपा सरकारो ने जनता से वायदे किये थे इस समय ठीक उसके विपरीत हो रह है। आम आदमी महंगाई से परेषान है, किसान काले कानूनो के खिलाफआंदोलन कर रहा है जबकि युवा बेरोजगारी को लेकर आंदोलन कर रहा है। महिला उत्पीडन की घटनायें अब आम बात हो गयी है। विरोध करने पर फर्जी मुकदमें लादने के साथ पीडितो को ही जेल भेजा जा रहा है। हाईकोर्ट की अधिवक्ता रत्ना पाण्डेय ने सरकार के उत्पीडन के खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में रहकर वह प्रियंका गांधी के महिला उत्थान घोषणा से वह अति उत्साहित है। प्रियंका के नेतृत्व में चुनाव लडकर भविष्य में कांग्रेस सरकार बनायेगी और सभी का सम्मान व विकास किया जायेगा। श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि सरकार की गलत नीतयों के खिलाफ केवल कांग्रेस ही मैदान में है। सपा व बसपा केवल कमरो में बैठकर योजनायें बना रही है। इस मौके पर कोरोना वारियर्स को सम्मानित भी किया गया।

## खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम आज

**अमेठी।** जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देनेए इसके प्रति जागरूकता लाने और इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में जनपद के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों ए30 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 213 हेल्थ वेलनेस सेंटर पर 21 अक्टूबर को खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि जनपद में अप्रैल 2021 से 20 अक्टूबर तक अंतरा के 2053 आईयूसीडी.6049ईसीपी 1058 नसबंदी.159 कंडोम 1858 75 छाया 9587 माला एन 28419 पीपीआईयूसीडी 1840 का लोगो ने लाभ उठाया है । उन्होंने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन की जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाना है।

# फल उत्पादकों को वितरित किये गये खाद्य प्रसंस्करण के उपकरण

**श्रावस्ती।** कृषि भवन भिनगा में उप कृषि निदेशक कमल कटियार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में किसान बायोटेक हब योजना के अन्तर्गत जनपद के प्रगतिशील कृषक फलोत्पादकों कृषकों को वैल्यू एडीशन करके अपनी आय बढाने के उद्देश्य से फल प्रसंस्करण के यंत्र प्रदान किये गये। उप कृषि निदेशक ने बताया है कि जनपद में बडे पैमाने पर केले की खेती की जाती है। जनपद के कृषकों द्वारा केले को केवल पकाकर खाने के उद्देश्य से थोक में बेच दिया जाता है। इसी प्रकार जनपद में पैदा होने वाले अमरूद आम बेर केला इत्यादि फलों को जैसे.तैसे बेच दिया जाता है जिससे उनकी पहुंच सीधे उपभोक्ताओं तक न होने के कारण उत्पादकों को अधिक आय नहीं हो पाती है। उत्पादित फलों को यदि प्रसंस्कृत कर लिया जाये तो बाइ प्रोडक्ट सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाकर अधिक आय अर्जित की जा




सकती है। इसके लिए आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या की ओर से कृषि विज्ञान केन्द्र में चल रहे किसान वायोटेक हब् योजनान्तर्गत कृषकों को यंत्र नि:शुल्क उपलब्ध कराये गये। इस क्रम में लाभार्थी रणवीर सिंह परसाडेहरिया सीताराम कनौजिया लवेदपुर व दिवाकर मिश्रा शाहपुर कठौतिया विकास खण्ड गिलौला को केला चिप्स मेकर फ्रूट क्रेशर तथा जैम जैली बनाने वाली मशीन पैकिंग मशीन फ्रूट पल्परदिया गया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ0 आरपीएस रघुवंश वैज्ञानिक डॉ0 एपीएस दोहरे डॉ0 उमेश बाबू व परियोजना सहायक धर्मवीर सिंह व उपस्थित रहे।

# यादगार होगा 'मिनी ओलम्पिक'

**● बस्ती के 'सांसद महाकुंभ खेल' में 20 हजार से अधिक देश और प्रदेश सहित स्थानीय खिलाड़ी भाग लेंगे**

संवाददाता। बस्ती

**13 से 20** नवंबर तक होने वाले सांसद महाकुंभ खेल को बस्ती का मिनी ओलम्पिक रुप देने में स्थानीय सांसद हरीश द्विवेदी की टीम लगी हुई है। इस महाकुंभ खेल को यादगार बनाने के लिए समाज के सभी वर्गो का सहयोग और समर्थन के लिए टीम रात-दिन एक किए हुए है। इसमें सहसंयोजक नितिश शर्मा की भूमिका काफी सार्थक मानी जा रही है। कहीं कोई कमी न रह जाए इसके लिए कई समितियां बनाई गई है। इस महाकुभं खेल को भारत सरकार का युवा खेल मंत्रालय भी मान्यता दे चुका है। इसे लेकर बुद्यवार को आयुक्त सभागार में सांसद, कमिश्नर गोविंदराजू एनएस, आईजी अनिल कुमार राय, डीएम सौम्या अग्रवाल और एसपी आशीष श्रीवास्तव की ओर से सामूहिक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। सांसद ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह गैर राजनैतिक है। समाज और प्रशासन के सहयोग से आयोजन किया जाने की मंशा है। बताया कि पीएम मोदी की प्रेरणा से इस खेल को व्यापक रुप दिया जा रहा है। किसी भी व्यक्ति से कोई भी चंदा नहीं लिया जाएगा, अलबता अगर कोई क्राउड फंडिगं के जरिए सहयोग देना चाहता है, तो उसका स्वागत होगा। बताया कि इस आयोजन का महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, कि पहले 10 से 15 हजार खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना थी, मगर अब यह संख्या बढ़कर 20 हजार से अधिक हो गई। पंजीकरण शुरु हो चुका है। इस अवसर पर खेल को पोस्टर लांच हुआ।

सांसद ने बताया कि इस आयोजन का प्रमोट करने के लिए एक दिन रैली निकाली जाएगी, एक दिन मानव श्रृखंला बनाया जाएगा, एक दिन मशाल जुलूस निकाली जाएगी और धनतेरस के दिन दीप प्रज्वलित किया जाएगा। बताया कि इस आयोजन में सीएम और भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार के कई मंत्री भाग लेंगे। देश के जाने माने खिलाड़ियों का संदेश भरा एक वीडियो भी जारी होगा। खेल का लाइव प्रसारण होगा। बताया कि इस खेल के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों के लिए अपनी पहचान बनाने के लिए बड़ा प्लेट फार्म साबित होगा। इस अवसर पर खेल के सहसंयोजक नितिश शर्मा, अनूप खरे, जगदीश शुक्ल, सत्येंद्र सिंह उर्फ भेलू, आदित्य श्रीवास्तव, आकाश शुक्ल, केके दूबे, बृजभूषण पांडेय, वैभव पांडेय, परिपूर्णानंद पांडेय, भावेश पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।



# 'किसान सम्मान निधि' का लाभ ले रही भूमिहीन महिला

**● महिला के नाम एक इंच जमीन नहीं फिर भी पिछले डेढ़ साल से मिल रहा धन**

**●साक्ष्य और शपथ-पत्र के साथ डीएम से की गई शिकायत**

**●रहने वाली महिला कड़सरी मिश्र की और खतौनी लगा दिया चिलवनिया का**

संवाददाता। बस्ती

**एक दिन पहले** 'पायनियर' में कुदरहा ब्लॉक के ग्राम कड़सरी मिश्र में गिरजा देवी पत्नी श्रवण कुमार नामक महिला के द्वारा 'जवानी में ही ले रही बुढ़ापे का पेंशन' शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई। दूसरे दिन फिर उसी महिला के द्वारा फर्जी खतौनी लगाकर किसान सम्मान निधि का लाभ लेने का मामला सामने आया। शपथ-पत्र और साक्ष्य के साथ की गई शिकायत में चंद्रेश चौधरी ने कहा कि मूलत: महिला ग्राम कड़सरी मिश्र की रहने वाली है, मगर उसने किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए अपने आपको ग्राम चिलवनिया का निवासी बताया और फर्जी खतौनी भी लगाया, जबकि इस महिला के नाम एक इंच भी जमीन नहीं है। चोरी न पकड़ी जाए इस लिए आधार कार्ड के स्थान पर राशन कार्ड लगा दिया। शपथ-पत्र में महिला और उनके पति के खिलाफविधिक कार्रवाई के साथ धन की वसूली की मांग की गई है।

वैसे देखा जाए तो जिले में हजारों अपात्र किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं, सत्यापन में लगभग दस हजार से अधिक अपात्रों का नाम भारत सरकार की वेबसाइड से खारिज हो चुका है। अपात्रों को किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के पीछे सत्यापन करने वाली टीम को जिम्मेदार माना जा रहा है, सवाल उठ रहे हैं, कि जिस व्यक्ति या महिला के नाम एक भी इंच जमीन नहीं हैं, आखिर ऐसे लोगों को कैसे किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है, और सबसे बड़ा सवाल जब यह नियम है, कि पहचान के रुप में आधार कार्ड लगाना अनिवार्य है, तो कैसे राशन कार्ड लगाकर लाभ लिया जा रहा है, जाहिर सी बात है, कि कहीं न कहीं खामियां और लालच छिपी हुई हैं, तभी तो भूमिहीन को भी भूमि का मालिक बना दिया जाता है।

# करोड़ों के कारोबारी को दे दिया पीएम आवास

**● शानदार कोठी, दो ट्रक, दो कार और बिल्डिगं मैटेरियल के मालिक की पत्नी को मिला आवास**






संवाददाता। भानपुर/बस्ती

**प्रधानमंत्री आवास** योजना शहरी को बर्बाद करने में डूडा के अधिकारी से लेकर जेई लगे हुए है। चार जेई के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बावजूद भी न तो जेई सुधर रहे हैं, और डूडा के अधिकारी को ही होश आ रहा है। करोड़ों का कारोबार करने और शानदार कोठी, टक, कार और बिल्डिगं मैटेरिएल के मालिक की पत्नी को आवास की स्वीकृति देने से पहले डूडा के पीओ, जेई, डीसी और सीएलटीसी ने यह नहीं सोचा कि जिसे वह आवास का लाभ दे रहे हैं, वह महिला उसके लिए पात्र हैं, कि नहीं है। कमीशन के लालच में कोठी वालों तक को आवास दे दिया। इतना ही नहीं आवास आवंटित तो कोपा में किया गया, और बनाया भानपुर के स्टेट बैंक के बगल में। पहली किश्त के रुप में 50 हजार की धनराशि जारी भी कर दी गई, दूसरी किश्त के लिए जीओ टैग भी कर दिया। इस खेल में भानपुर तहसील के तहसीलदार की भूमिका भी सामने आ रही है, क्यों कि आवास आंवटन में उनका भी हस्ताक्षर होता है।वहीं डूडा के प्रभारी पीओ उपजिलाधिकारी आशाराम वर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में हैं, और उन्होंने इसकी जांच के लिए जेई को नामित किया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी, बताया एसडीएम भानपुर को भी तहसीलदार को लेकर लिखा जाएगा।

नगर पंचायत भानपुर के कोपा निवासिनी सीमा सिंह पत्नी सुजीत सिंह के नाम प्रघानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास आंवटित हुआ। पहली बात कोपा में इनकी एक शानदार कोठी हैं, और कोठी के बाहर शानदार चार पहिया वाहन खड़ी रहती है। इतना ही नहीं इनके पति के नाम उखड़ा में एक बिल्डिगं मैटेरियल की बड़ी सी दुकान है। टक भी है। दूसरी खास बात आवास एलाट तो कोपा के लिए हुआ, मगर न जाने कैसे निर्माण भानपुर में हो रहा है, इतना ही नहीं दूसरी किश्त के लिए भानपुर में निर्मित्त आवास का जीओ टैग भी जेई के द्वारा कर दिया गया। शिकायतकर्त्ता की माने तो भानपुर नगर पंचायत में कुल लगभग 750 आवास के लाभार्थियों का चयन हुआ, जिसमें लगभग 600 को पहली किश्त जारी कर दी गई, इनमें आधे से अधिक अपात्रों को पचास हजार तक लेकर आवास दिए गएं है। इस मामले में डीएम सौम्या अग्रवाल पहले ही दो जेई के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा चुकी है। हालत यह है कि कमीशन को लेकर कार्यालय में हुए मारपीट के मामले में चार जेई के खिलाफ एक दूसरे पक्ष की ओर से मुकदमा भी दर्ज करा चुके है।

# राम जानकी मंदिर में मनाया गया महर्षि बाल्मीकि जयंती

**संतकबीरनगर।** श्रीराम जानकी मंदिर खलीलाबाद में बुधवार को महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती पूरे उत्साह, उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर राज्यमंत्री श्रीराम चौहान एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, सीडीओ सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, पीडी डीआरडीए दुर्गा दत्त शुक्ल, ई0ओ0 खलीलाबाद सुरेश कुमार मौर्या ने महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीराम चौहान ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती 20 अक्टूबर को वर्तमान प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार की सभ्यता और संस्कृति में है कि यह अपने महापुरूषों की जयन्ती मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने महर्षि बाल्मिकी जयंती पर जनपदवासियों को बधाई संदेश दिया है।



दीप प्रज्जवलित करते राज्यमंत्री

## क्विक न्यूज

### करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत

**संतकबीरनगर।** करंट की चपेट में आने से बालिका गम्भीर रूप से घायल हो गयी। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए बालिका को लेकर जिला अस्पताल ले गए। जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका थाना कोतवाली खलीलाबाद के मोहल्ला तितौवा की निवासिनी हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 11 वर्षीय आयुषी पुत्री घनश्याम निवासी तितौवा थाना कोतवाली खलीलाबाद घर में अपनी बहन के साथ खेल रही थी। उसी बीच मोटर के पास विद्युत तार से करंट लगने के कारण वह अचेट अवस्था में हो गयी। परिजन आयुषी के पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। जहां चिकित्सक ने बालिका को संयुक्त जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। उसके बाद परिजन बालिका को लेकर जिला अस्पताल गए। जहां चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बालिका को मृत घोषित कर दिया।

### फसल के नुकसान की सूचना 72 घंटे के अन्दर दर्ज कराएं

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपद के किसान भाईयों से अपील की है कि असामयिक वर्षा एवं तेज हवा के कारण जिन किसान भाईयों के फसल में नुकसान हुआ तथा जिन्होंने अपनी फसल का बीमा कराया है वह अपनी फसल के नुकसान की शिकायत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत टोल फ्री नम्बर-18008896868 अथवा जनपद के नामित बीमा कम्पनी युनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंश कम्पनी के टोल फ्री नम्बर-18002005142 पर फसल क्षति के 72 घण्टें मे दर्ज करवा दें। जिससे फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके अतिरिक्त कृषक बन्धु विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी/अधिकारी/फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि तथा विकास खण्ड स्तर पर स्थापित राजकीय कृषि बीज भण्डार अथवा कृषि भवन में अपने फसल की नुकसान की सूचना 72 घण्टें की अन्दर उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों भी यदि किसी प्रकार से फसल की क्षति होती है तो कृषक बंन्धु 72 घण्टें के अन्दर सूचना उपरोक्तानुसार उपलब्ध करा दें।

### हफ्तों बाद भी पुल मरम्मत का काम नहीं हुआ पूरा

**करनैलगंज (गोंडा)।** गोण्डा जरवल फोरलेन स्थित सरयू नदी पर बना कटराघाट पुल क्षतिग्रस्त हुए हफ्तों बीत गये। लेकिन मरम्मत का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। जिससे भारी वाहनों के आवागमन पर ग्रहण लगा हुआ है। राहत की बात यह है कि पुल से छोटे चार पहिया वाहनों के आवगमन को जारी रखा गया है। पुल पर काम कर रहे लोगों ने बताया कि अभी तक पुल के अन्य हिस्सों की मरम्मत हो रही थी। पुल के सभी ज्वाइंटरों को बदला गया है। अब क्षतिग्रस्त हिस्से के कंटीलीवर सर्पोट के स्थान पर लोहे के स्टूल व बीमों का सर्पोट दिया जा रहा है। इस कार्य में अभी लगभग 15 दिनों का और वक्त लग सकता है। इससे पहले विभाग का दावा था कि अधिकतम 15 दिनों में पुल को दुरूस्त कर आवागमन शुरू कर दिया जायेगा। पुल पर चल रहे काम को लेकर भी अब लोग सवालिया निशान लगाने लगे है। क्योंकि काम की गति काफी धीमी है। अब कयास लगाया जा रहा है कि अगले महीने के प्रथम सप्ताह में पुल को पुनः सभी वाहनों के लिये खोल दिया जाय। अभी भी पुल के मरम्मत में दो सप्ताह का समय लग सकता है।

### संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ आज

**करनैलगंज (गोंडा)।** नगर के श्रीराम लीला भवन गुडाही बाजार में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार से होगा और 27 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलेगा। जिसमें गुरुवार को कलश यात्रा से भागवत कथा की शुरुआत होगी और पूर्णाहुति एवं भंडारा 28 अक्टूबर को होगा। यह संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव करनैलगंज नगर के गुडाही बाजार में स्थित श्रीराम लीला भवन में किया जा रहा है। इसमें कथावाचक वृंदावन धाम से आए आचार्य विमल शुक्ला द्वारा किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्व.डॉक्टर सांवल प्रसाद सिंह की पत्नी सुशीला सिंह द्वारा आयोजित किया गया है।

### सांसद इं. प्रवीण के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल डीआरएम से मिला

**संतकबीरनगर।** सांसद इं0 प्रवीण निषाद के साथ खलीलाबाद शहर का प्रतिनिधिमण्डल पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक से भेंट कर मुखलिसपुर अण्डरपास निर्माण कराये जाने के बिन्दु को रखते हुए शीघ्र कार्य शुरू कराये जाने की बात को रखा। इस सम्बन्ध में पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ने प्रतिनिधिमण्डल में उपस्थित व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सर्वदानन्द पाण्डेय, भाजपा युवा नेता सुधांशु सिंह, प्रतिष्ठित व्यवसायी महेश गुप्ता के समस्याओं को सरलता पूर्वक सुने इसका निदान प्रतिनिधिमण्डल ने सिर्फअण्डरपास निर्माण को रखा है। हलाकि ने आश्वासन दिया है कि समस्या का निराकरण कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में सांसद इं0 प्रवीण निषाद को भारत सरकार को पत्र लिखने का आग्रह किया है। पूर्वोत्तर रेलवे डीआरएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में उन्हें पूर्व से जानकारी है जिसके निरीक्षण के लिए उन्होने अधीनस्थ अधिकारियों से जानकारी लेकर डिटेल भी प्राप्त किया है। यथाशीघ्र भारत सरकार से आदेश मिलने के बाद समस्या का निदान कराया जायेगा। इस दौरान बहादुर, विन्नू सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### जर्जर स्कूलों के भवनों का होगा ध्वस्तीरकण

**गोंडा।** जर्जर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की नीलामी कराकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाय तथा जिन विद्यालयों की नीलामी नहीं हुई है, उनका मूल्यांकन कराकर एक सप्ताह के अन्दर नीलामी कराकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाय। यह निर्देश जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कलेक्ट्रेट सभागार में जर्जर प्राथमिक विद्यालयों के भवनों के ध्वस्तीकरण एवं नीलामी की समीक्षा में दिए हैं।समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले में जांचोपरान्त कुल 565 विद्यालय जर्जर पाए गए हैं जिनमें आयोजित 58 विद्यालयों के मुख्य भवन, 292 अतिरिक्त कक्षा कक्ष, 120 शौचालय तथा स्टोर रूम किचन व अन्य कक्ष शामिल हैं। जिलाधिकारी ने ब्लाकवार जर्जर भवनों की नीलामी व ध्वस्तीकरण की समीक्षा की तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जर्जर भवनों का सत्यापन तकनीकी टीम के साथ संयुक्त रूप से कर लें तथा ध्वस्तीकरण के लिए अवशेष जर्जर भवनों का मूल्यांकन पुनः कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि तकनीकी टीम में लोक निर्माण विभाग, आरईडी तथा लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारियों को भी शामिल किया जाय।

### नवीन बने एसडीएम सदर



**संतकबीरनगर।** अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने देर शाम उपजिलाधिकारी सदर का चार्ज दिया है। एसडीएम सदर रहे राजनारायण त्रिपाठी का गैर जनपद स्थानान्तरण होने से पद रिक्त रहा। नवीन श्रीवास्तव को एसडीएम सदर बनाया गया।

# बंधों के किनारे गांव में पहुंचे डीएम और एसपी, ग्रामीणों से की मुलाकात

**● परखीं आश्रय स्थल की व्यवस्थाएं**

संवाददाता। संतकबीरनगर



ग्रामीणो से वार्ता करती जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी श्रीमती** दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रुप से थाना धनघटा अंतर्गत हैंसर ब्लाक के अंतर्गत नदी व बंधों के किनारे स्थित गांवों के ग्राम प्रधानों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ श्रीमती सावित्री देवी महिला महाविद्यालय टिघरा मोर औराडाड़ में गोष्ठी किया गया। गोष्ठी के दौरान ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों से बताया गया कि विगत दिनों में चक्रवात से भारी बारिश होने के कारण नदियों में भारी मात्रा में जल को छोड़ा जा रहा है, जिससे कि नदियों व बंधों के किनारे स्थित गांवों में बाढ़ आने की संभावना हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा नदियों व बंधों के किनारे स्थित गांवों का भ्रमण कर ग्रामवासियों से गांव को छोड़कर प्रशासन द्वारा बनाये गये आश्रय स्थल पर समय से जाने व सुरक्षित रहने का आग्रह किया गया व पुलिस/प्रशासन की तरफसे हरसंभव मदद का भरोसा दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा नदियों/बंधो के किनारे स्थित गांवों में लोगों को हरसंभव सहायता पहुंचाने एवं राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात तुर्कवलिया बाँध का मौका मोआईना किया गया व बांध के अतिसंवेदन तथा संवेदनशील स्थानों के बारे में जानकारी लेते हुए बांध की सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

# विधायक ने 'एएमए' को बताया अयोग्य अधिकारी

**● विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने जिला पंचायत के अपरमुख्य अधिकारी को बताया अयोग्य**

**●कहा- अनुभवहीन होने से विकास पर पड़ रहा प्रभाव**

संवाददाता। बस्ती

**अपनी बेबाक** बयानों के कारण नियमित चर्चा में रहने वाले रुधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को यह लिखकर सनसनी फैला दी कि, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी एक अयोग्य अधिकारी है। इनके अयोग्य होने का प्रभाव विकास कार्यो पर पर पड़ रहा है। विधायक ने एएमए को अनुभवहीन करार देते हुए इनके स्थान पर संतकबीरनगर के एएमए अशोक कुमार मद्धेशिया को बस्ती का एएमए बनाए जाने की अपील मुख्यमंत्री से की है। विधायक के इस पत्र की गंभीरता को देखते हुए अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने डीएम बस्ती से स्थानान्तरण के मामले में स्पष्ट आख्या शासन को उपलब्ध कराने को लिखा है।

जानकारों की मानें तो शायद यह पहली बार है, जब किसी माननीय ने किसी अधिकारी को यह कहते हुए अयोग्य करार दे दिया, कि इनके पास काम करने का अनुभव नहीं हैं, और जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। विधायक यह मामला उठाकर एक तरह से एएमए पर सीधे तौर पर कटाक्ष किया गया है। अब सवाल उठ रहा है कि अगर एएमए अयोग्य है, तो फिर उनके कार्यकाल में कराए गए कार्य और किए गए, भुगतान की जांच भी होनी चाहिए। जिस तरह विधायक ने मुख्यमंत्री से संतकबीरनगर के एएमए के कार्यो की तारीफकरते हुए उन्हें बस्ती का एएमए बनाए जाने की सिफारिश की है, उसके कई मायने निकाले जारहे है। बहुत कम लोगों को पता होगा कि एएमए विकास मिश्र असली एएमए नहीं हैं, बल्कि इनका वास्तविक पद कार्यधिकारी का है, इन्हें एएमए का प्रभार दिया गया है। बहरहाल अगर विधायक की मंशा पूरी हो गई, तो वाकई में विकास कार्यो में तेजी आएगी। जिसका अभी तक अभाव बताया गया। कहा जा रहा है, कि एएमए के अनुभवहीन होने का लाभ सबसे अधिक ठेकेदारों और पिछले जिला पंचायत अध्यक्ष की टीम को मिला। यही कारण है, कि हर्रैया के विधायक अजय सिंह जिला पंचायत के पूर्व के कार्यकाल में करोड़ों रुपये के लागत की सड़क गायब होने और फर्जी भुगतान होने का आरोप लगाकर जांच कराने की मांग कर चुके है। वैसे भी पिछले पांच सालों में जिला पंचायत के एक भी कार्य की जांच नहीं हुई, जबकि इस बीच लगभग दो अरब रुपये का कार्य और भुगतान हो चुका है।

# खाद की कालाबाजारी पर हो कार्रवाई

संवाददाता। गोंडा



**जिलाधिकारी** मार्कण्डेय शाही ने बताया है कि शासन से कृषकों को उर्वरकों की बिक्री जोत-बही, खतौनी में अंकित कृषि भूमि एवं फसल की संस्तुतियों के आधार पर किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कृषकों को उनकी जोत ध् कृषि भूमि के आधार पर ही नियमित रूप से फसल की संस्तुतियों के अनुरूप उर्वरकों का वितरण एवं बिक्री सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि रबी फसलों की बुवाई के समय फसल वेसल-ड्रेसिंग में मुख्यतया फास्फेटिक उर्वरकों यथा डीएप, एनपीके एवं एसएसपी उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है, जिससे वर्तमान में फास्फेटिक उर्वरकों की मांग अधिक होती है। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया है कि प्रत्येक कृषकों को उसके द्वारा उगाई जाने वाली फसल की निर्धारित संस्तुतियों के अनुसार फास्फेटिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में ससमय उपलब्ध हो। कृषकों को समय से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा इसका नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। कृषकों को उर्वरकों की बिक्री करते समय उनकी जोत-बही, खतौनी देखकर उसमें अंकित कृषित भूमि एवं उगाई जाने वाली फसल की निर्धारित संस्तुतियों के अनुसार पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित की जाए। उर्वरक विक्रेताओं द्वारा अपने विक्रय केन्द्रों पर उर्वरक बिक्री करते समय उर्वरकों का वितरण विक्रय रजिस्टर पर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विवरण में क्रेता कृषक की जोत-बही, खतौनी एवं बोई जाने वाली फसल का विवरण भी अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। शासनादेश के अनुसार जनपद में प्राप्त होने वाली उर्वरकों का सुगमतापूर्वक कृषकों की मॉग व आवश्यकता के अनुरूप वितरण किए जाने हेतु सहकारिता विभाग के साधन सहकारी समितियों एवं अन्य सहकारी संस्थाओं तथा निजी क्षेत्र के प्रत्येक उर्वरक बिक्री केन्द्र पर उर्वरक की बिक्री की सतत् निगरानी किए जाने हेतु कृषि सहित सहकारिता, ग्राम्य विकास विभाग एवं यथावश्यक अन्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की बिक्री केन्द्रों पर केन्द्रवार ड्यूटी लगाई जाए।

# प्रधान ने लगाया हर्रैया के बीडीओ पर कमीशन मांगने का आरोप

**पहले तो पीडी ने कहा नहीं मिला पत्र, बाद में कार्रवाई करने से ही इंकार कर दिया**

**बस्ती।** हर्रैया एवं विक्रमजोत के बीडीओ संजय नायक की मुसीबतें कम होने के बजाए और बढ़ती जा रही है। चार दिन पहले विक्रमजोत के ग्राम पूरे दीवान में फर्जी भुगतान के मामले में इन्हें नोटिस जारी हो चुका हैं, इससे पहले कुदरहा में बीडीओ के रहते इनके खिलाफ पंचायत सेक्रेटरी सहित अन्य के द्वारा कई गंभीर आरोप लगाए जा चुके हैं। मगर हर बार जांच के दायरे में आने के बाद भी यह विकास भवन के अधिकारियों की मेहरबानी से बचते आ रहें है। अब इन पर हर्रैया विकास खंड के तेजतर्रार प्रधान रोशन अली ने बीडीओ पर यह आरोप लगाकर सबको हैरान कर दिया कि ब्लॉक में हर काम के लिए कमीशन का रेट फिक्सड हैं, जो प्रधान कमीशन नहीं देता उसकी कार्ययोजना को तब तक रददी की टोकरी में डाल दिया जाता है, जब तक प्रधान कमीशन नहीं दे देता। पीडी को लिखे पत्र में प्रधान ने स्पष्ट लिखा है कि बीडीओ कच्चे काम का आठ और पक्के काम का दस फीसद कमीशन मांगते हैं। लिखा कि बीडीओ ने उन्हें विशाल शर्मा नामक व्यक्ति के पास भेज दिया, और वह व्यक्ति आठ फीसद कार्य की मंजूरी के लिए मांग रहा था। प्रधान ने बताया कि जब उन्होंने कमीशन देने से इंकार कर दिया तो उनके ग्राम पंचायत के सारे कार्यो को पेंडिगं में डाल दिया। इस सबंध में सीडीओ की मौजूदगी में पीडी कमलेश सोनी ने पहले तो कहा कि उन्हें पत्र ही नहीं मिला, मगर बाद में कहा पत्र तो मिला है, मगर कमीशन मांगने का आरोप नहीं लगाया गया, जब पीडी को पत्र दिखाया गया तो गुस्से में कहने लगे कि जो लिखना हो लिखिए। एक तरह से पीडी ने कार्रवाई करने से पहले ही बीडीओ को क्लीन चिट दे दिया। पीडी ने प्रधान के पत्र को जेब में रखते हुए कह दिया कि उन्हें कोई पत्र नहीं मिला। बीडीओ संजय नायक से जब सीयूजी 9454464721 पर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया तो अन्य दिनों की तरह आज भी कोई रिस्पांस नहीं दिया।

भदावल कला के ग्राम प्रधान रोशन अली का कहना है, कि वह चाहते हैं कि उनके ग्राम पंचायत का विकास हो, मगर अधिकारी ही नहीं चाहते कि ग्रामों का विकास हो, उन्हें विकास से अधिक कमीशन की चिंता रहती है। कहते हैं कि हैरानी होती है, कि बीडीओ को किसी का डर ही नहीं रह गया।

# रोहित का अर्द्धशतक, भारत ने आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** दुबई



**रोहित** शर्मा के अर्द्धशतक से भारत ने बुधवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने दूसरे अभ्यास मैच में भी आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड को हराने वाले भारत ने आस्ट्रेलिया के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रिटायर्ड आउट होने से पहले रोहित शर्मा की 41 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन की पारी के अलावा लोकेश राहुल (39) के साथ उनकी पहले विकेट की 68 और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 38) के साथ दूसरे विकेट की 59 रन की साझेदारी की मदद से 17.5 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (57), मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 41) और ग्लेन मैक्सवेल (37) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 152 रन बनाए थे।

स्मिथ ने मैक्सवेल के साथ चौथे विकेट के लिए 61 और स्टोइनिस के साथ पांचवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 48 की पारी में सात चौके जड़े जबकि स्टोइनिस ने 25 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा। भारत अब टी20 विश्व कप के सुपर 12 के अपने पहले मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान से भिड़ेगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को राहुल और रोहित ने अच्छी शुरुआत दिलाई। राहुल ने मिशेल स्टार्क पर चौका जड़ने के बाद एश्टन एगर का स्वागत छक्के के साथ किया। रोहित ने भी पैट कमिंस के दो ओवर में तीन चौके मारे। भारत ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 42 रन बनाए। राहुल ने लेग स्पिनर एडम जंपा पर दो छक्कों के साथ सातवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। राहुल हालांकि एगर पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहरा गए और डेविड वार्नर ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। राहुल ने 31 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और दो चौके मारे। सूर्यकुमार यादव ने एगर पर चौके से खाता खोला और फिर मार्श की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। रोहित ने भी मार्श और ग्लेन मैक्सवेल पर छक्के जड़े जिससे भारत ने 13वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। रोहित ने स्टोइनिस पर चौके के साथ 36 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रोहित और सूर्यकुमार दोनों ने 15वें ओवर में कमिंस पर छक्के जड़े। भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 26 रन की दरकार थी। रोहित इसी समय रिटायर्ड आउट होकर वापस चले गए लेकिन सूर्यकुमार और हार्दिक पंड्या (नाबाद 14) ने आसानी से भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 11 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दूसरे ओवर में खराब फॉर्म में जूझ रहे डेविड वार्नर (01) और मिशेल मार्श (00) को लगातार गेंदों में पवेलियन भेजा। अश्विन ने वार्नर को पगबाधा करने के बाद मार्श को कप्तानी की भूमिका निभा रहे रोहित शर्मा के हाथों पहली स्लिप में कैच कराया। कप्तान आरोन फिंच (08) ने भुवनेश्वर कुमार पर चौका जड़ा लेकिन रविंद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा कर दिया। स्मिथ और मैक्सवेल ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने पावरप्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 34 रन तक पहुंचाया। मैक्सवेल ने जडेजा पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि स्मिथ ने भी बाएं हाथ के इस स्पिनर के अलावा लेग स्पिनर राहुल चाहर पर भी बाउंड्री जड़ी। भारत के नियमित कप्तान विराट कोहली ने भी इस बीच दो ओवर गेंदबाजी की। आस्ट्रेलिया के रनों का अर्धशतक 10वें ओवर में पूरा हुआ। चाहर ने मैक्सवेल को बोल्ड करके स्मिथ के साथ उनकी 61 रन की साझेदारी का अंत किया। स्टोइनिस ने कोहली और वरूण चक्रवर्ती पर चौके जड़े। आस्ट्रेलिया के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। स्मिथ ने 17वें ओवर में शार्दुल ठाकुर पर लगातार तीन चौके जड़े और फिर दो रन के साथ 41 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। स्टोइनिस ने मोर्चा संभालते हुए 19वें ओवर में चक्रवर्ती की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। अंतिम ओवर में भुवनेश्वर ने स्मिथ को रोहित के हाथों कैच कराया। स्मिथ और स्टोइनिस की पारियों की बदौलत आस्ट्रेलिया की टीम अंतिम चार ओवर में 50 रन जोड़ने में सफल रही। भारत की ओर अश्विन ने आठ रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि भुवनेश्वर, जडेजा और चाहर ने एक-एक विकेट हासिल किया।

# नीदरलैंड को हराकर नामीबिया सुपर 12 की दौड़ में बरकरार



**भाषा।** अबुधाबी

**नामीबिया** ने डेविस विसे के ताबड़तोड़ 66 रन और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (32) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 93 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप ए मैच में अपने से उंची रैंकिंग की नीदरलैंड को छह गेंद रहते छह विकेट से हरा दिया। पदार्पण कर रही नामीबिया की पहले दौर के मैच में यह पहली जीत थी। अनुभवी विसे दक्षिण अफ्रीका के लिए भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, उन्होंने 40 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और पांच छक्के जमाए। उनका यह पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक है, उनकी इस पारी ने कुछ ही मिनट में मैच का पासा ही पलट दिया। नामीबिया ने नौ ओवर में 52 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन 36 साल के विसे ने अकेले दम पर नीदरलैंड को 19 ओवर में हराने में मदद की। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान पीटर सीलार पर छक्का लगाकर महज 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने नीदरलैंड के स्पिनरों पर गगनदाई छक्के जमाए।

कप्तान इरास्मस (22 गेंद में चार चौके और एक छक्का) के अलावा अंत में जेजे स्मिट ने आठ गेंद में नाबाद 14 रन बनाए। स्मिट ने 19वें ओवर की अंतिम दो गेंद पर दो चौके लगाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से नामीबिया सुपर 12 चरण की दौड़ में बनी हुई है और पहले दौर के अंतिम मैच में उन्हें इसके लिए आयरलैंड को हराना होगा। शुरूआती मैच में नामीबिया को श्रीलंका ने हराया था। नीदरलैंड अब अपने दोनों मैच गंवा चुका है और उसके अगले चरण में पहुंचने की संभावना काफी कम है। इससे पहले सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडोड (70) के लगातार दूसरे अर्धशतक और कोलिन एकरमैन (35) के साथ 82 रन की साझेदारी से नीदरलैंड ने चार विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पिछले मैच में आयरलैंड के खिलाफ 51 रन की पारी खेलने वाले ओडोड ने गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन जुटाए। उनकी 57 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्का शामिल था। विकेट पर स्ट्रोक लगाना आसान नहीं था और उनके सलामी जोड़ीदार स्टीफन मेबर्ग (17) गेंद के अनुसार रन बनाकर खुश थे। जान फ्राइलिंक की गेंद को उंचा खेलने के प्रयास में मेबर्ग प्वांइट पर बार्ड को कैच देकर आउट हो गए। नीदरलैंड की टीम को रोल्फ वान डर मर्व (06) से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह तेज गेंदबाज डेविड विसे की गेंद पर सस्ते में आउट हो गए। हालांकि एकरमैन ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया। ओडोड ने अपना अर्धशतक स्पिनर बर्नार्ड स्कोल्ट्ज की गेंद पर कवर क्षेत्र में बाउंड्री लगाकर पूरा किया। इस शॉट से 14वें ओवर में टीम के 100 रन भी पूरे हुए। तेज गेंदबाज जेजे स्मिट ने स्लॉग ओवरों में अपनी सटीक गेंदों से प्रभावित किया जिससे नीदरलैंड के बल्लेबाज आसानी से रन नहीं जुटा पा रहे थे। विसे ने भी कसी गेंदबाजी जारी रखी।

## क्विक न्यूज

### प्रणवी उर्स ने एक शॉट की बढ़त बनाई

**पंचकुला।** युवा गोल्फर प्रणवी उर्स ने बुधवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 11वें चरण के पहले दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। इस तरह प्रणवी ने अमनदीप ड्राल पर एक शॉट की बढ़त बना ली। प्रणवी ने चार बर्डी और एक बोगी की जबकि पिछले हफ्ते की विजेता अमनदीप ने चार बर्डी की, पर पहले और 10वें होल में दो बोगी कर बैठी। सेहर अटवाल ने एक अंडर 71 का कार्ड खेला।

### आडवाणी ने लगातार पांचवीं जीत दर्ज की

**मुंबई।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने जीत का क्रम जारी रखते हुए जीएससी विश्व स्नूकर क्वालीफायर के राउंड रोबिन मैच मे लक्ष्मण रावत को 4-2 से हराकर लगातार पांचवी जीत दर्ज की। यह क्वालीफायर भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) का राष्ट्रीय चयन टूर्नामेंट है। विज्ञप्ति के अनुसार आडवाणी ने रावत को 61-67, 67-19, 84-23, 65-48, 43-75 और 68-31 से शिकस्त दी। चयन टूर्नामेंट मे यह आडवाणी की लगातार पांचवी जीत है और अब उन्हें राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य मेहता के खिलाफ खेलना है। इससे पहले आदित्य ने पांचवे दौर के मुकाबले में लक्ष्मण को 4-3 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। आदित्य को तीसरे दौर मे ध्वज हारिया के खिलाफ 2-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। महिला वाई कैंप वर्ग मे तमिलनाडु की वर्षा संजीव और अनुपमा रामचंद्रन ने पांचवें दौर के मुकाबले मे सीधे तीन फ्रेम मे जीत दर्ज की।

### राजस्थान यूनाईटेड ने मदन महाराज को 2-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया

**बेंगलुरू।** राजस्थान यूनाईटेड एफसी ने अंत मे दो गोल करके बुधवार को यहां आई लीग क्वालीफायर के अंतिम राउंड में मदन महाराज एफसी को 2-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उसके लिए सुरग छेत्री ने 88वें मिनट मे पहला गोल किया जबकि दूसरा गोल इंजुरी टाइम (90+5) में हरप्रीत ने दागा। अपने दोनों मैच जीतकर छह अंक से राजस्थान की टीम आई लीग स्थान हासिल करने के लिए शीर्ष स्थान पर है जबकि केंक्रे एफसी उससे पीछे है जिसके चार अंक है।

### अभय शर्मा भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच के पद के लिए आवेदन करने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** भारत ए, भारत अंडर-19 और राष्ट्रीय महिला टीम के साथ काम कर चुके पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा निवर्तमान कोच आर श्रीधर की जगह लेने के लिए सीनियर पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के पद के उम्मीदवार के रूप में उभरे है। श्रीधर का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है और 52 साल के अभय भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के पद के लिए आवेदन करने की तैयारी मे है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, वह जल्द ही इस पद के लिए आवदेन करेगा। आवेदन करने की समयसीमा तीन नवंबर को खत्म हो रही है। दिल्ली, रेलवे और राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए 89 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले अभय 2016 में जिंबाब्वे दौरे पर गई भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच थे। उसी साल वह भारतीय टीम के साथ अमेरिका और वेस्टइंडीज दौरे पर भी गए थे। ब्रिटेन दौरे के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित भारतीय महिला क्रिकेटरों ने अभय के काम की सराहना की थी लेकिन इसके बाद आस्ट्रेलिया दौरे के लिए उन्हे बदल दिया गया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 13 रन से हराया

**भाषा।** अबुधाबी



**जोस** बटलर के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्क वुड और आदिल राशिद की प्रभावी गेंदबाजी से इंग्लैंड ने बुधवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने दूसरे अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हरा दिया।

बटलर ने 51 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 73 रन बनाए जिससे इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 163 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। जॉनी बेयरस्टो (21 गेंद में 30 रन) और सैम बिलिंग्स (17 गेंद में नाबाद 27) ने भी उपयोगी पारियां खेली। न्यूजीलैंड की ओर से लेग स्पिनर ईश सोढ़ी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में मार्टिन गुप्टिल की 20 गेंद में 41 रन की पारी के बावजूद 19.2 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। इंग्लैंड की तरफ से वुड ने 23 रन देकर चार जबकि राशिद ने 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड की टीम एक समय नौवें ओवर में दो विकेट पर 81 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में लग रही थी लेकिन इसके बाद टीम ने 22 रन पर सात विकेट गंवा दिए और उसका स्कोर नौ विकेट पर 103 रन हो गया। सोढ़ी (नाबाद 25) और टोड एस्टल (16) ने अंतिम विकेट के लिए 47 रन जोड़कर न्यूजीलैंड के हार के अंतर को कम किया। क्रिस वोक्स (31 रन पर एक विकेट) ने एस्टल को बोल्ड करके इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड को पहले अभ्यास मैच में भारत के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था लेकिन दूसरे मैच में जीत के साथ उसने टी20 विश्व की तैयारी का अच्छा नजारा पेश किया। न्यूजीलैंड ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों के खिलाफ अपने अभ्यास मैच गंवाए।

# पैटिनसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**मेलबर्न (भाषा)।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया क्योंकि उन्हें लगता है कि फिटनेस से जुड़े मसलों के कारण वह एशेज श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। पैटिनसन अभी 31 वर्ष के हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया की तरफ से 21 टेस्ट और 15 वनडे खेले हैं। वह घरेलू क्रिकेट में विक्टोरिया की तरफ से खेलना जारी रखेंगे। पैटिनसन हाल में विक्टोरिया के ट्रायल मैच में चोटिल हो गए थे। उनके घुटने में चोट लगी है। क्रिकेट.काम.एयू के अनुसार पैटिनसन ने कहा, सत्र से पहले मैं वास्तव में एशेज के लिए दावा पेश करना चाहता था लेकिन आगामी सत्र के लिए मैं जैसी तैयारी चाहता था, मेरी तैयारियां वैसी नहीं रही। उन्होंने कहा, अगर मैं एशेज का हिस्सा होता तो मुझे स्वयं से और अपने साथियों के साथ न्याय करना पड़ता। मैं उस स्थिति में नहीं पड़ना चाहता हूं जहां मुझे अपने शरीर से जूझना पड़े। यह मेरे और मेरी टीम के लिए अच्छा नहीं होता। पैटिनसन ने कहा, यह जानते हुए कि मैं अब केवल तीन या चार साल क्रिकेट खेल सकता हूं, मुझे लगा कि उच्च स्तर पर खेलने के बजाय मुझे विक्टोरिया की तरफ से खेलने, इंग्लैंड में कुछ मैच खेलने और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने पर ध्यान देना चाहिए।



# लक्ष्य डेनमार्क ओपन के दूसरे दौर में, साइना हारी

**भाषा।** ओडन्से

**युवा** लक्ष्य सेन ने हमवतन भारतीय सौरभ वर्मा को सीधे गेम में हराकर बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन साइना नेहवाल को हार का सामना करना पड़ा। पिछले रविवार को डच ओपन में उप विजेता रहे लक्ष्य ने एकतरफा मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन सौरभ को 26 मिनट में 21-9 21-7 से हराया।

ट्रायल में एकमात्र मैच हारने के बाद सुदिरमन कप और थॉमस कप फाइनल की टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे अल्मोड़ा के 20 साल के लक्ष्य की भिड़ंत अगले दौर में दूसरे वरीय और ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से होने की उम्मीद है। ग्रोइन में चोट के कारण उबेर कप फाइनल मैच के बीच से हटने वाली लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहले दौर में जापान की दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने पहले दौर में 21-16 21-14 से हराया।

भारत के युगल खिलाड़ियों ने भी निराश किया और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी तथा अश्विनी पोनप्पा के अलावा कोई विरोधी जोड़ियों को टक्कर नहीं दे पाया। सात्विक और अश्विनी को भी हालांकि कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद मिश्रित युगल में फेंग यान झी और ड्यू युइ की चीन की जोड़ी के खिलाफ 17-21 21-14 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। महिला युगल में मेघना जक्कमपुडी और पूर्विशा एस राम को निता वायोलिना मारवाह और पुत्री सेकाह की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 8-21 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी और एन सिक्की रेड्डी की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी को ली सोही और शिन स्युंगचान की कोरिया की दूसरी वरीय जोड़ी के हाथों 17-21 13-21 से हार मिली।

# भारतीय मुक्केबाजी टीम विश्व चैंपियनशिप के लिए बेलग्रेड रवाना

**भाषा।** नई दिल्ली



**दीपक** कुमार, शिव थापा और संजीत जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व चैंपियनिशप के लिए बुधवार को रवाना हो गई।

भारत ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के लिए 13 सदस्यीय टीम भेजी है जो टोक्यो ओलंपिक के लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर अधिक से अधिक पदक बटोरने का प्रयास करेगी। इन खिलाड़ियों में थापा को पहले भी विश्व चैंपियनशिप में खेलने का अनुभव है। उन्होंने 2015 में इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। मुक्केबाजों की सहायता के लिए हाई परफोरमेन्स निदेशक सैंटियागो नीवा, मुख्य कोच नरेंदर राणा और सहायक कोच एल देवेंद्रो सिंह आदि भी टीम के साथ गए हैं।

नीवा का यह भारतीय टीम के साथ आखिरी टूर्नामेंट होगा, क्योंकि टोक्यो ओलंपिक के खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने लंबी अवधि तक उनकी सेवाएं नहीं लेने का फैसला किया था। टोक्यो ओलंपिक के बाद मुक्केबाज पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मुक्केबाजों को हालांकि तैयारियों के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला है। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद अभ्यास शिविर में केवल 10 दिन बिताए। टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले पांच मुक्केबाजों को टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि उन्होंने मामूली चोटों या अभ्यास की कमी के कारण राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था। इनमें अमित पंघाल (51 किग्रा) भी शामिल हैं। विश्व चैंपियनशिप में 105 देशों के 600 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे जिसमें स्वर्ण पदक विजेता को 100,000 डालर की इनामी राशि मिलेगी।

**टीम**

गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक कुमार (51 किग्रा), आकाश (54 किग्रा), रोहित मोर (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), आकाश (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), सुमित (75 किग्रा)), सचिन कुमार (80 किग्रा), लक्ष्य (86 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा)।

# मेस्सी के दो गोल से पीएसजी ने लीपजिग को 3-2 से हराया



**एपी।** पेरिस

**लियोनेल** मेस्सी के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीपजिग को 3-2 से हराया। मेस्सी ने मंगलवार को खेले गए मैच में 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इससे पहले काइलन एमबापे ने पीएसजी की तरफ से नौवें मिनट में गोल किया था। आंद्रे सिल्वा ने हालांकि 28वें मिनट में लीपजिग को बराबरी दिला दी थी जबकि नोर्डी मुकीले ने 57वें मिनट में उसे आगे कर दिया था। यह 34वां अवसर है जबकि मेस्सी ने चैंपियन्स लीग में कम से कम दो गोल किए। वह इस टूर्नामेंट में अब तक 123 गोल कर चुके हैं और क्रिस्टियानो रोनाल्डो (137 गोल) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में अल्जीरिया के विंगर रियाद मेहरेज के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने क्लब ब्रगे को 5-। से करारी शिकस्त दी।

### सलाह के दो गोल से लिवरपूल ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड।** मोहम्मद सलाह के दो गोल की बदौलत लिवरपूल ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के एक रोमांचक मैच में मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-2 से हराया। मैच में एक समय लग रहा था कि एंटोनी ग्रीजमैन नायक बनकर उभरेंगे लेकिन उन्हें 52वें मिनट में लाल कार्ड देखना पड़ा जिसके कारण एटलेटिको को दूसरे हॉफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल ने इसका पूरा फायदा उठाकर जीत दर्ज की। सलाह ने आठवें मिनट में लिवरपूल को शुरुआती बढ़त दिलाई जबकि नेबी कीता ने 13वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। ग्रीजमैन ने इसके बाद 20वें और 34वें मिनट में गोल करके एटलेटिको को बराबरी दिला दी, लेकिन राबर्टो फर्मिनो के सिर पर उनका पांव लगने से उन्हें लाल कार्ड मिल गया। लिवरपूल ने इसका फायदा उठाया और उसे 78वें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे सलाह ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। इस जीत से लिवरपूल ग्रुप बी में तीन मैचों में नौ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। वह एटलेटिको से पांच अंक आगे है। पोर्टो और एटलेटिको के समान अंक हैं। पोर्टो ने एक अन्य मैच में एसी मिलान को ।-0 से हराया।

### विनीसियस के दो गोल से रीयाल मैड्रिड ने शख्तार को 5-0 से शिकस्त दी

**कीव (यूक्रेन)।** विनीसियस जूनियर ने अकेले दम पर एक गोल करने के अलावा कुल दो गोल दागे जिससे रीयाल मैड्रिड ने शख्तार दोनेस्क को 5-0 से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना अभियान वापस पटरी पर लौटाया। पिछले मैच में शेरिफ से हारने वाली रीयाल की टीम ने शख्तार के कप्तान सर्गेई क्रिस्तोव के आत्मघाती गोल से 37वें मिनट में बढ़त बनाई। विनीसियस ने दूसरे हाफ में 51वें और 56वें मिनट में गोल किए जबकि ब्राजील के रोड्रिगो ने 64वें मिनट में चौथा गोल दागा। करीम बेंजेमा ने इंजुरी टाइम में मार्को एसेनसियो के क्रास को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 किया। इस जीत से 13 बार का यूरोपीय चैंपियन मैड्रिड ग्रुप डी में छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर बना हुआ है। शेरिफ के भी छह अंक हैं लेकिन वह दोनों टीमों के बीच मैच में जीत के कारण शीर्ष पर है। शेरिफ को एक अन्य मैच में इंटर मिलान ने 3-। से हराया। इंटर की यह पहली जीत है जिससे वह तीसरे स्थान पर है। इस बीच ग्रुप सी में अजॉक्स ने डोर्टमंड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं। डोर्टमंड छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। ग्रुप के एक अन्य मैच में स्पोर्टिंग लिस्बन ने बेसिकतास को 4-। से पराजित किया।

# भारत अंडर-23 फुटबॉल टीम एशियाई कप क्वालीफायर्स के लिए रवाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** अंडर-23 फुटबॉल टीम एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) अंडर-23 एशियाई कप में भाग लेने के लिए बुधवार को दुबई रवाना हो गई। भारत की 23 सदस्यीय टीम और सहयोगी स्टाफ बेंगलुरू से रवाना हुए जहां टीम पिछले दो दिनों से अभ्यास कर रही थी। भारत को ग्रुप ई में ओमान, यूएई और किर्गीज गणराज्य के साथ रखा गया है। उसका पहला मैच 24 अक्टूबर को ओमान से होगा।

भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा, हर देश में प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं जो पहले से ही अपने देशों के लिए सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं। हमारे पास भी ऐसे खिलाड़ी हैं। लेकिन हमें इस टीम में सही संतुलन तैयार करने की जरूरत है। वर्तमान टीम में शामिल सुरेश सिंह, लालंगमाविया राल्ते, रहीम अली और धीरज सिंह सैफ चैंपियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि आकाश मिश्रा, अमरजीत सिंह और नरेंद्र गहलोत अतीत में स्टिमक की देखरेख में राष्ट्रीय टीम से खेल चुके हैं। भारतीय टीम गुरुवार को पहले अभ्यास सत्र में भाग लेगी।

**टीम**

**गोलकीपर:** धीरज सिंह, प्रभुसुखान सिंह गिल, मोहम्मद नवाज।
**रक्षापंक्ति:** नरेंद्र गहलोत, एलेक्स साजी, होर्मिपम रुइवा, आशीष राय, सुमित राठी, आकाश मिश्रा।
**मध्यपंक्ति:** सुरेश सिंह, अमरजीत सिंह, लालेंगमाविया, जैकसन सिंह, दीपक टांगरी, राहुल केपी, कोमल थाटल, निखिल राज, ब्राइस मिरांडा, प्रिंसटन रेबेलो।
**अग्रिम पंक्ति:** विक्रम प्रताप सिंह, रहीम अली, रोहित दानू, अनिकेत जाधव।

# शार्क का विज्ञान

**इस महीने भयावह रूप से भयावह व खतरनाक रूप से अनुप्राणित पशु शिकायत कॉलम पर, इलियट कॉनर ने कहानियों से शार्क विज्ञान को पृथक किया।**



**प्रिय एंथिया,**

जब शार्क किसी व्यक्ति को काटती है, तो इसे शातिर हमला कहा जाता है। जब कोई व्यक्ति शार्क को काटता है, तो उसे डिनर, फिन सूप या मछली और चिप्स कहते हैं। उस गलत ब्रांडिंग के लिए मैं किसे दोषी ठहरा सकता हूं? और ये फिन-स्वादिष्ट जीव कब सार्वजनिक दुश्मन नंबर एक बन गए? क्या नारियल अधिक लोगों को नहीं मारते? एलओएल- टूथी टिम मैकटूथफेस

**हैलो टूथी,**

क्या सवाल है! मेरे दोगुने दोस्त, आपके द्वारा मारा गया एक सच्चा दोहरा मापदंड। सबसे समझदार और सरल शब्दों में, मनुष्य शार्क को धमकाते हैं - एक ऐसी स्थिति जिसमें आप निस्संदेह आपके जैसे नाम के अभ्यस्त हैं। उस ने कहा, बैली शायद ही कभी पीड़ितों को चुनते हैं जो अपना सिर काट सकते हैं (मैं कल्पना नहीं कर सकता क्यों) इसलिए इसी कारण से, हमें अपने मूल अपराधी और उनके कारण को शार्क बुलियों की लाइन-अप से चुनने के लिए थोड़ा गहरा खोदना चाहिए समय के माध्यम से। यहां इस मामले पर मेरे दो सेंट, जूरी के लिए मेरे सबूत हैं ...

हम मनुष्य साधारण प्राणी हैं; हमने 99 प्रतिशत जानवरों के बारे में नहीं सुना है और स्पष्ट रूप से एक बंदर के गधे के बारे में नहीं बताते हैं। ये बदसूरत कृमि छिपकली और घिनौने उबाऊ स्पंज की पसंद हैं, शायद ही कभी हमारे लिए उन पर निर्णय पारित करने के लिए पर्याप्त ध्यान दिया गया हो। या वास्तव में उनका नामकरण करने में अधिक समय व्यतीत करें, जैसा कि आप बता सकते हैं।

एक प्रतिशत जीव जो बने रहते हैं, सुर्खियों में छा जाते हैं और तीन वर्गों में आते हैं - प्यारा, करिश्माई और डरावना। लगता है कि शार्क कहाँ उतरती है? नुकीले, नुकीले दांतों की अधिकता उन्हें क्यूटनेस स्कोर को फ्लॉप करते हुए देखती है, बल्कि दोहराए जाने वाले पानी के नीचे की दौड़ दौड़ने से करिश्माई दस्तक देती है, लेकिन बिना पलक झपकाए मृत-आंखों का घूरना डरावना पैमाने पर शीर्ष अंक हासिल करता है। खौफनाक और घातक एक अच्छा कॉम्बो नहीं है।

सांप, मकड़ी, बिच्छू, शार्क - सभी खौफनाक हैं, सभी घातक हैं, सभी इंसानों से नफरत करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई आदमी के विपरीत, जिसके जननांग को छह महीने में दो बार जहरीली मकड़ियों ने काट लिया था, यह कोई संयोग नहीं है। इसलिए जबकि फ्लावरपॉट, लॉनमूवर और नारियल प्रत्येक शार्क की तुलना में अधिक लोगों को मारते हैं, इन तीनों में से कोई भी डराने के लिए पर्याप्त (या पर्याप्त जीवित) नहीं है। और लॉनमूवर द्वारा मौत के अलावा, जो गन्दा हो सकता है, शार्क द्वारा खाया जाना जाने का एक कम आकर्षक तरीका है। यह सुर्खियां बटोरता है, जबकि फ्लावरपॉट से होने वाली मौतें नहीं होती हैं।

यह चीजों का दार्शनिक पक्ष है। अनजाने







में, यह प्रेस और मानव स्वभाव के अलावा किसी भी स्पष्ट उम्मीदवार को दोष देने की पेशकश नहीं करता है। उनमें से एक की अपने सेंसर संपादकों की बदौलत अखबार के कॉलम में आलोचना करना काफी कठिन है। दूसरा व्यर्थ, संकीर्णतावादी, भावनात्मक रूप से असुरक्षित, बेवकूफ, बदसूरत पाठकों को अपमानित किए बिना आलोचना करना भी उतना ही कठिन है।

स्टीव स्पीलबर्ग, महाकाव्य जॉज़ के निर्माता के बारे में क्या, जिसने एक पीढ़ी को भयभीत किया और चार सीक्वल फिल्मों को थोड़ा अधिक बजट शार्क मॉडल के साथ शुरू किया? निश्चित रूप से वह दोष नाव पर जगह पाने का हकदार है? शायद। लेकिन स्पीलबर्ग ने जो कहानी बताई वह मटावन मैन-ईटर नामक एक शार्क की सच्ची थी, जो 30 मिनट के अंतराल में 3 अलग-अलग लोगों को मारने में कामयाब रही और 1916 में कई हफ्तों तक अमेरिकी पूर्वी तट को त्रस्त किया। महान निर्देशक ने केवल कहानी का नाटक किया पहली शार्क सेलिब्रिटी की और एक क्लासिक बनाया।

आप इयान फ्लेमिंग को भी दोष दे सकते हैं जिन्होंने जेम्स बॉन्ड को भूखे बैल शार्क से भरे पूल के साथ पागलों से लड़ते हुए अस्तित्व में लिखा था। या आधुनिक फिल्म निर्माताओं को ज़ॉम्बी शार्क का आविष्कार करने और विलुप्त हो चुकी विशाल शार्क प्रजातियों को उनके वास्तविक आकार से दस गुना तक पुनर्जीवित करने के लिए दोषी ठहराते हैं। उन भाले-मछुआरों को दोष दें जो बड़े-बड़े हापून के साथ प्राणियों का पीछा करते हैं और फिर शिकायत करते हैं जब उनका शिकार मेजों को मोड़ देता है। आलोचक क्रूज दोषी अपराधियों से भरा हुआ है - संक्षेप में, हमें एक बड़ी नाव की आवश्यकता है।


मैं खुद अंग्रेजी भाषा को दोष दे रहा हूं। क्योंकि जब तक हम यह नहीं जानते कि %शार्क% शब्द वास्तव में कहां से आया है, कोई भी विकल्प अच्छा नहीं है। यह डच शब्द स्कर्क से लिया गया है जिसका अर्थ है खलनायक, या आगे ग्रीक शब्द करचारोस से जिसका अर्थ है तेज दांत। यह सैक्सन शब्द सीयरन से आया हो सकता है जिसका अर्थ है टुकड़े टुकड़े करना। लेकिन किसी भी तरह से, अगर आप अपने पालतू कुत्ते को मीथूक या रिपर कहना शुरू करते हैं, तो क्या आप अभी भी आगंतुकों से उसके पेट को रगड़ने की उम्मीद करेंगे?

मानो या न मानो, शार्क के दांत स्लग से कम होते हैं। हालांकि, स्लग दांत कुछ छोटे होते हैं। और 420 मिलियन वर्ष के वंश के साथ, शार्क स्लग और बाकी सब कुछ लेकिन पेड़ों के बहुत पहले की भविष्यवाणी करती हैं। वास्तव में लंबे दांत वाले। यह शायद निशान के सबसे करीब है कि मनुष्य शार्क को क्यों धमकाते हैं - क्योंकि वे सबसे सफल शिकारी हैं जो विकास ने पैदा किए हैं, और हम उनसे खतरा महसूस करते हैं। यहां तक कि एक अवरुद्ध नाक और एक बुरी ठंड के साथ एक आंखों पर पट्टी वाला शार्क भी आपको सार्वजनिक पूल के दूर से शिकार कर सकता है। उस क्षमता ने उन्हें पूरे इतिहास में लोगों से एक डरपोक सम्मान अर्जित किया है।

पूरे इतिहास में, कई संस्कृतियों में, लोगों ने माना है कि जानवरों को खाने से आपको उनकी कुछ शक्ति और जीवन शक्ति मिलती है। एशियाई परंपरा इसे जारी रखती है, और विशेष रूप से चीनी व्यंजन। शार्क फिन सूप के लिए हर साल 100 मिलियन शार्क मारे जाते हैं क्योंकि अमीर इसे एक स्टेटस सिंबल के रूप में देखते हैं और कई अभी भी मानते हैं कि इसमें औषधीय गुण हैं। अंत में, चार बड़े पैमाने पर विलुप्त होने के बाद, 500-विषम शार्क प्रजातियों को परेशान करने के लिए सफलता वापस आ गई है। हम उनसे डरते हैं इसलिए हम उन्हें खाते हैं, और कभी-कभी वे वापस काट लेते हैं।

हाल ही में, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा है कि उसका मीडिया अब 'शार्क अटैक' शब्द का उपयोग नहीं करेगा। शार्क के साथ 'नकारात्मक मुठभेड़ों' की संख्या में वृद्धि जारी रहने के बावजूद ऐसी घटनाओं को अब से नकारात्मक मुठभेड़ों के रूप में संदर्भित किया जाएगा। समुद्र के तापमान में बदलाव और तेजी से बढ़ती तटीय आबादी शार्क और लोगों को अधिक बार संपर्क में ला रही है, जिससे इन तेज-दांतेदार क्रिटर्स की पहले से ही अस्थिर सार्वजनिक छवि पर दबाव पड़ रहा है। क्या यह नई शार्क-अनुकूल ब्रांडिंग पकड़ लेगी और फैल जाएगी? यह बताना जल्दबाजी होगी। लेकिन एक बात निश्चित है - मैं भविष्य में घातक फूलों के गमलों से कहीं अधिक सावधान रहने वाला हूँ।

**(लेखक एक वन्यजीव देखभालकर्ता, प्रकृतिवादी, शोधकर्ता, लेखक, वैज्ञानिक, एनिमलसेंस पॉडकास्ट के मेजबान और एक टेडएक्स स्पीकर हैं।)**



# एक असाधारण मनोरंजन

**आदित्य चोपड़ा** और सिद्धार्थ आनंद ने वॉर में दर्शकों के लिए एक दृश्य दावत दी और ऐसा लग रहा है कि निर्माता-निर्देशक कॉम्बो अपनी अगली पेशकश पठान के साथ दृश्य असाधारण में एक नया बेंचमार्क बनाने जा रहे हैं। हम सुनते हैं कि पठान के सुपरस्टार शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण

## पठान के लिए एक गाने की शूटिंग के लिए शाहरुख-दीपिका मलोर्का गए

के लिए मंच तैयार है - स्पेन में मलोरका के सबसे महंगे और उत्तम यात्रा स्थलों में से एक में सेट किए गए सबसे विद्युतीकरण गीतों में से एक को शूट करने के लिए।

"उद्देश्य पठान को एक दृश्य तमाशा बनाना है जिसे पहले किसी ने नहीं देखा है और सिड आनंद और वाईआरएफ इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पठान टीम स्पेन जा रही है, जहां वे कैडिज़, एक आश्चर्यजनक बंदरगाह शहर, और यूरोप के सबसे सुरम्य पहाड़ी शहरों में से एक, वेजेर डी ला फ्रोंटेरा जैसे भव्य गंतव्य में शूटिंग करेंगे। टीम के 10 से 31 अक्टूबर तक यूरोप में होने की सूचना है।"

चूंकि इन जगहों पर बॉलीवुड की किसी भी अन्य फिल्म की शूटिंग नहीं हुई है, इसलिए अधिकांश दर्शक, जो इन खूबसूरत जगहों पर नहीं गए हैं, उन्हें पहली बार देखेंगे। दृष्टिगत रूप से ये सेटिंग्स फिल्म में भव्यता और भव्यता को जोड़ देंगी।

"जब आपके पास देश के दो सबसे बड़े सुपरस्टार होते हैं, तो आपको पहले की तरह एक दृश्य असाधारण बनाना होता है और निर्माता पठान में उनकी जोड़ी के साथ न्याय करना चाहते हैं। यह एक सनसनीखेज शूट होगा, कम से कम कहने के लिए", एक स्रोत ने बताया।

# उपयोगकर्ता के अनुकूल मॉडल का विकास

**अनुपम विजयवर्गीय चर्चा करते हैं कि कैसे छोटे व्यवसाय अपने डेटा को मोबाइल-प्रथम रूप में डिजीटलीकृत कर रहे हैं**

जब मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण अपनाने वाली कंपनियों की बात आती है, तो वे अनिवार्य रूप से अपने व्यवसाय मॉडल को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए आकार दे रही हैं। और क्यों नहीं? भारत में स्मार्टफोन का प्रवेश अनुपात 2020 में 54 प्रतिशत था, और 2040 तक इसके 96 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। देश भर में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग से, वे लगभग हर चीज, खाना ऑर्डर करने से लेकर अपने व्यवसाय और व्यक्तिगत डेटा को प्रबंधित करने तक, के लिए जाना-माना उपकरण बन गए हैं।

मोबाइल फोन भविष्य हैं। छोटे व्यवसाय अपने डेटा प्रबंधन मॉडल को पहले मोबाइल में स्थानांतरित कर रहे हैं, और इसके कारण सरल हैं - सदैव उपलब्धता और कम खर्च।

मोबाइल-प्रथम डेटा प्रबंधन उपयोग के विभिन्न मामले इस प्रकार हैं :



### ग्राहक प्रबंधन

अब यह स्वाभाविक बात है कि उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने से व्यवसायों को ग्राहक-जुड़ाव में सुधार करने में मदद मिलेगी। समझ का विश्लेषण करने के लिए, छोटे व्यवसाय के मालिकों को कुछ नाम रखने के लिए जनसांख्यिकी, लिंग, आयु और व्यवहार जैसे ग्राहक डेटा एकत्र करने की आवश्यकता होती है। वर्तमान में ग्राहक डेटा को प्रबंधित करने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण सीआरएम (ग्राहक संबंध प्रबंधन) पोर्टल है।

हालांकि, अधिकांश सीआरएम महंगे हैं और छोटे व्यवसाय इस अतिरिक्त खर्च से बचना चाहेंगे। इसके अलावा, वे डेस्कटॉप-अनुकूलित हैं। चूंकि बिक्री प्रतिनिधि हमेशा चलती रहती हैं, इसलिए इसे मैन्युअल रूप से लिखना और बाद में सीआरएम पर अपलोड करना एक कुशल विकल्प नहीं हो सकता है। ग्राहक विवरण जोड़ने, संपादित करने और पहुंच बनाने के लिए मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण बहुत आसान होगा।

इसके अलावा, व्यवसायों को अपने कर्मचारियों को सीआरएम का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षित करने में बहुत समय लगाना पड़ सकता है क्योंकि ऐसे पोर्टलों के लिए शिक्षण की अवस्था बहुत कठिन हो सकती है। इसलिए, कुछ सौ के कम ग्राहक-आधार वाले छोटे व्यवसायों के लिए सीआरएम व्यवहारिक नहीं हैं।

नवोन्मेष और तकनीकी प्रगति से, कंपनियां बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान कर रही हैं, अच्छा उपयोगकर्ता जुड़ाव बनाए रख रही हैं। उनमें से कई कंपनियों ने मोबाइल सीआरएम का रुख कर लिया है, जो स्प्रैडशीट्स पर काम करता है।

### वित्त प्रबंधन

वित्तीय प्रबंधन सफल होने के मुख्य तरीकों में से एक है, खासकर यदि छोटे व्यवसायों की बात करें। वित्त का प्रभावी प्रबंधन व्यवसाय-मालिकों को बेहतर वित्तीय भविष्य बनाने में मदद करता है, और उन्हें बाजार में बनाए रखता है।

नकदी प्रवाह प्रबंधन से लेकर आय और व्यय तक, व्यवसायों को हर चीज की गणना करनी होती है। कई कंपनियां समझदारी के साथ उभरने के लिए ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) टूल का उपयोग करती हैं। हालांकि, ऐसे उत्पादों के लिए आमतौर पर सॉफ्टवेयर विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है और छोटे व्यवसायों के लिए इसकी रिकॉर्डिंग करना मुश्किल हो सकता है।

इन उपकरणों को चलते-फिरते संचालित नहीं किया जा सकता है, और केवल सीमित संख्या में उपयोगकर्ताओं को ही समायोजित किया जा सकता है। इसलिए, कई छोटी कंपनियों ने उपयोग में आसान स्प्रेडशीट टूल का उपयोग करना शुरू कर दिया। वे न केवल मोबाइल के अनुकूल हैं, बल्कि कई सहयोगी भी उन पर एक साथ काम कर सकते हैं। मोबाइल-आधारित टूल से, छोटे व्यवसाय बदलते डेटाबेस को जानने के लिए कुछ कर्मचारियों को कंप्यूटर के सामने रखने की आवश्यकता समाप्त कर सकते हैं। मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण व्यवसायों की चौबीसों घंटे उपलब्धता को सक्षम बनाता है।

### कर्मचारी प्रबंधन

डिजिटल उपकरण जीवन को आसान बनाने के लिए बनाए गए हैं। और चूंकि आज हर किसी की जेब में स्मार्टफोन है, इसलिए कर्मचारी प्रबंधन सॉफ्टवेयर ऐसे मुख्य समाधान हैं जिनका उपयोग कंपनियां करती हैं।

उपस्थिति से लेकर कर्मचारी पर घंटों नजर रखने तक, कई प्रबंधकों के पास तत्काल निरीक्षण करने तक की पहुंच होनी चाहिए। और मोबाइल-फर्स्ट अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम बस यही करता है।

कई कंपनियां स्प्रैडशीट टूल का उपयोग कर रही हैं जो एक साथ कई हितधारकों के लिए सुलभ हो सकते हैं, इस प्रकार, कर्मचारी प्रबंधन से जुड़े समय, प्रयास और लागत को बड़े पैमाने पर कम कर सकती हैं।

### सूची प्रबंधन

इन्वेंटरी को बड़े गोदामों में प्रबंधित किया जाता है जहां नियमित अपडेट करने के लिए कंप्यूटर तक पहुंचना मुश्किल होता है।

ये सिस्टम अप्रभावी हैं और आपके काम को बढ़ाते हैं। उनके साथ, कागज रहित रहना असंभव है, और श्रम पर निर्भरता भी बढ़ जाती है। इसके अलावा, इन्वेंट्री देखना और संपादित करना प्रतिबंधित होता है क्योंकि इसे चलते-फिरते एक्सेस करना संभव नहीं है।

मोबाइल-प्रथम इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली कर्मचारियों -नियोक्ताओं को एक केंद्रीकृत क्लाउड-आधारित प्रणाली में स्टॉक मूल्य जोड़ने, संपादित करने और प्रबंधित करने का अवसर देती है। कर्मचारी अपने हाथों में स्मार्टफोन लेकर गोदाम के चारों ओर घूमते हुए डेटा को सीधे स्प्रेडशीट-आधारित टूल में दर्ज कर सकते हैं।

### निष्कर्ष

लागत में कटौती और उत्पादकता बढ़ाने से लेकर अधिक लाभ और प्रभावी कर्मचारी प्रबंधन तक, यह किसी भी कंपनी के टिके रहने और फलने-फूलने की मूल चेकलिस्ट है। हालांकि, यह सब करना और बड़ी कंपनियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना छोटी कंपनियों के लिए एक और कठिन काम है।मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण का उपयोग करके डेटा प्रबंधन को डिजिटल बनाना एक क्रांतिकारी प्रक्रिया है जो छोटे व्यवसायों को प्रतिस्पर्धा में बने रहने में सक्षम बनाएगी। आज के समय में, कंपनी को संभालने के लिए गतिशीलता को एक प्रमुख रणनीति माना जाना चाहिए - चाहे वह विभिन्न प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना हो या प्रभावी समय प्रबंधन करना हो। कुल मिलाकर, मोबाइल-फर्स्ट रणनीति अपनाने से छोटे व्यवसाय के मालिक अपने व्यवसाय को बदलने और इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल और अधिक कुशल बनाने में सक्षम होंगे।

**(लेखक मोबाइल एप्लीकेशन -लियो के सह-संस्थापक और सीईओ हैं)**



# फिट होने का मतलब हमेशा स्वस्थ होना नहीं है

**आंतरिक और बाहरी फिटनेस के बीच अंतर बता रहे हैं डॉ. मोहित गर्ग**

फिटनेस आजकल चर्चा का विषय है और हम एक ऐसे युग में रहते हैं जहां हर कोई फिट रहना चाहता है। फिट रहने और स्वस्थ वजन बनाए रखने के अलावा, बहुत सारे भारतीय सुगठित मांसपेशियों व दुबले सिक्स-पैक हासिल करने के मकसद से जिम जा रहे हैं। इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध जानकारी होने से, लोग विभिन्न प्रकार के आहार भी अपना रहे हैं। उत्प्रेरक के बतौर कार्य करने के लिए, आपके फोन पर विभिन्न फिटनेस ऐप, फिटनेस बैंड, हेल्थ स्टार्ट-अप और अन्य प्रौद्योगिकियों का बाजार मौजूद है।



हालांकि, सिर्फ इसलिए कि कोई बाहर से फिट दिखता है, तो क्या इसका मतलब यह है कि वह व्यक्ति अंदर से भी स्वस्थ है? फिटनेस और स्वास्थ्य, हालांकि निकटता से जुड़े हुए हैं और अक्सर समानार्थी के बतौर उपयोग किए जाते हैं, मगर उन्हें समान मानने का भ्रम नहीं पालना चाहिए। अगर आप फिट हैं तो भी आप स्वस्थ नहीं हो सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक व सामाजिक कल्याण की स्थिति के रूप में परिभाषित करता है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति के रूप में।

पतला और मांसल शरीर दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ है। हालांकि, यदि व्यक्ति अपने शरीर को बनाए रखने के लिए एक अनुशासित व्यायाम व्यवस्था के साथ बहुत सारे अस्वास्थ्यकर भोजन और कैलोरी जला रहा है, या लगातार धूम्रपान करने वाला है या बहुत ज्यादा शराब का सेवन कर रहा है, तो यह अच्छे स्वास्थ्य का संकेतक नहीं है।

अत्यधिक व्यायाम भी शरीर के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि इससे संभावित कार्डियक लयताल बिगड़ने या अचानक कार्डियक अरेस्ट के अलावा चोट, थकावट, अवसाद और चिंता हो सकती है।

तो कितनी बार कसरत करनी चाहिए? अध्ययनों से पता चला है कि रोज 30 मिनट की मध्यम एरोबिक शारीरिक गतिविधि, सप्ताह में एक दिन के अवकाश के साथ हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट का मध्यम व्यायाम या हर हफ्ते कम से कम 75 मिनट का जोरदार व्यायाम आदर्श है। मध्यम एरोबिक व्यायाम में तेज चलना या तैराकी जैसी गतिविधियां शामिल हैं। जोरदार एरोबिक व्यायाम में दौड़ना और एरोबिक नृत्य जैसी गतिविधियां शामिल हैं। शक्ति प्रशिक्षण में वजन मशीनों का उपयोग करना, अपने शरीर का वजन उठाना, या रॉक क्लाइम्बिंग या ट्रेकिंग जैसी गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं।

यहां तक कि हृदय रोग के पुराने रोगियों के लिए भी नियमित व्यायाम अत्यंत महत्वपूर्ण है। हृदय -मांसपेशियों को मजबूत बनाने के अलावा, यह रोगियों को सीने में दर्द या अन्य लक्षणों के बिना अधिक सक्रिय होने में भी मदद कर सकता है। व्यायाम रक्तचाप को कम करने, रक्त में कोलेस्ट्रॉल- स्तर को घटाने, रक्त शर्करा नियंत्रित करने और वजन कम करने में मदद करता है, जिससे हृदय रोग से जुड़े अधिकांश प्रमुख जोखिम कारकों को नियंत्रित किया जा सकता है।

नियमित शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ स्वस्थ हृदय के लिए पोषण अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ भोजन विकल्प आपके हृदय रोग, दिल के दौरे और हृदयाघात का जोखिम कम कर सकते हैं, साथ ही भोजन से संबंधित जोखिम वाले कारक जैसे मोटापा, उच्च रक्तचाप और अनियंत्रित मधुमेह को भी। यदि कोई स्वस्थ आहार की योजना बना रहा है, तो उसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट और बीज खाने चाहिए जिनमें संतृप्त वसा और सोडियम कम होता है। इसके अलावा, अस्वास्थ्यकर भोजन में कटौती करना उन आवश्यक कार्यों में से एक है जिसे करने की आवश्यकता होगी क्योंकि वे कई प्रकार के परिरक्षकों, अतिरिक्त शर्करा से भरे होते हैं और उनमें नमक की मात्रा अधिक होती हैं। स्वस्थ आहार के साथ नियमित व्यायाम दिनचर्या हृदय रोग होने के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकती है।

**- (लेखक ग्लोबल हॉस्पिटल, मुंबई में दुर्घटना व आपातकालीन विभाग के सलाहकार और प्रमुख हैं।)**